छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 5 नवम्बर 2023

वर्ष - 65 | अंक - 201 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

भ्रामक विचार को आगे बढ़ाती है भाजपा : कांग्रेस पृष्ठ 2

मड़ई
- छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य म नवाचार पृष्ठ 6

- भारत का विजय रथ रोकना दक्षिण अफ्रीका के लिए नहीं होगा आसान
- भारत के खिलाफ मैच से अफगानिस्तान को थोड़ा आत्मविश्वास मिला : जोनाथन ट्रॉट पृष्ठ 8

देश विदेश
- हमास ने एम्बुलेंस में छिपाकर अपने लड़ाकों को मिस्र भेजने की कोशिश की थी
- आईडीएफ ने हमास की कई सुरंगों को नष्ट किया
- पाकिस्तान में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में नौ आतंकवादी ढेर पृष्ठ 7

सार संक्षेप

401 रन बनाने के बावजूद हारा न्यूजीलैंड

बेंगलुरु। किस्मत पाकिस्तान का साथ दे रही है। न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र (108) के शानदार शतक और कप्तान केन विलियम्सन की 95 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में शनिवार को छह विकेट पर 401 रन का विशाल स्कोर बनाया, लेकिन बारिश के चलते पाकिस्तान डकवर्थ लुइस नियम के तहत मैच जीतने में सफल रहा और उसने सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें कायम रखीं।

राममंदिर उद्घाटन को भव्य बनाने की तैयारी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अयोध्या में हो रहे राममंदिर उद्घाटन को भव्य बनाने की तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। भाजपा के साथ ही संघ और उसके आनुषंगिक संगठन भी इस काम में जुट गए हैं। इसका संदेश देश भर में देने और माहैल को राममय बनाने के लिए संघ ने देश भर में अक्षत वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया है।

कांग्रेस सरकारों के खिलाफ मोदी कर रहे साजिश : सिंघवी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पार्टी की सरकारें बहुत लोकप्रिय है और इससे घबरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दोनों राज्यों की सरकारों पर निशाना साधते हुए उनके मुख्यमंत्रियों की छवि खराब करने की साजिश शुरु कर दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब भी कोई चुनाव सामने होता है तो श्री मोदी भाजपा के लिए ईडी या आईटी विभाग को अपना मुख्य हथियार बनाना शुरु कर देते हैं।

जयशंकर ने इजरायली विदेश मंत्री कोहेन से की बातचीत

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन से बातचीत की और मौजूदा स्थिति के बारे में इजरायली आकलन को साझा करने के लिए उनकी सराहना की। डा. जयशंकर ने आतंकवाद का मुकाबला करने, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के पालन और दो देशों के बीच समाधान के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

पूर्व विधायक विजय मिश्रा को 15 साल की सजा

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के पूर्व विधायक विजय मिश्रा को एक सिंगर के साथ कई बार दुष्कर्म के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट ने 15 साल की सजा सुनाई है। न्यायमूर्ति सुबोध सिंह की कोर्ट ने दोषी विजय मिश्रा पर 1,10,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। विजय मिश्रा, भदोही की ज्ञानपुर सीट से सपा के टिकट पर तीन बार और निषाद पार्टी के टिकट पर एक बार विधायक रह चुका है।

देश की 80 करोड़ गरीब जनता को आगामी 5 वर्षों तक मुफ्त मिलता रहेगा अनाज : मोदी

छग की कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिये, भाजपा एक-एक पाई का लेगी हिसाब

- छग को भाजपा ने ही बनाया, भाजपा ही संवारेगी
- भाजपा की संभागीय सभा में जुटे हजारों समर्थक

दुर्ग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां रविशंकर स्टेडियम में भाजपा की आयोजित संभागस्तरीय आमसभा को संबोधित करते हुए बीपीएल कार्डधारियों के लिये चलाई जा रही अन्नधन योजना को आगामी पांच वर्ष तक देशभर में जारी रखने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल से शुरू की गई 35 किलो अनाज मुफ्त दिये जाने वाली योजना आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मैं गरीब का बेटा हूं और गरीबों के कल्याण के लिये ही सोचता व काम करता हूं। कांग्रेस वाले गरीबों से घृणा करते है ये केवल अमीरों को ही लाभ पहुंचाने की योजना बनाते है। उन्होंने महादेव एप का उल्लेख करते हुए कहा कि ये लोग अब महादेव का भी अपमान करने लगे है। श्री मोदी ने कांग्रेस को 30 टका कमीशन खोरी, और तरह तरह के घोटालों की सरकार निरूपित करते हुए सवाल उठाया कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार बताये कि दुबई में बैठे सट्टेबाजों से उसके क्या संबंध है ? प्रधानमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाइये हम छत्तीसगढ़ को लूटने वालों को छोड़ेंगें नहीं। प्रधानमंत्री के रविशंकर स्टेडियम के मंच पर पहुंचने के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव और प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने स्वागत भाषण के रूप में यहां की राजनीतिक परिस्थितियों की जानकारी दी तथा जनता से भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की।

रविशंकर स्टेडियम के विशाल प्रांगण में आज दुर्ग संभाग के 16 विधानसभा क्षेत्रों से पार्टी के प्रत्याशी व उनके समर्थक पूरे लाव लश्कर के साथ पहुंचे थे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष दोनों ही थे। सभी के हाथ में पार्टी का झंडा था। लोग रविशंकर स्टेडियम में विभिन्न मार्गो से जत्थे के जत्थे पैदल ही पहुंच रहे थे। जगह जगह उनके पास के साथ ही साथ रखे सामानों की भी चेकिंग की जा रही थी। स्टेडियम परिसर ही नहीं पूरे मार्गो को भी भाजपा ध्वज से सजाकर शहर को भगवामय बना दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 बजकर 40 मिनट पर सभास्थल मंच पर पहुंचे। सीमित तौर पर स्वागत की औपचारिकता पूरी की गई और 1 बजकर 45 मिनट पर श्री मोदी ने अपना उद्बोधन मेरे परिवारजनों, मै पहले भी बहुत बार दुर्ग आया हूं। यहां आकर मुझे काफी ऊर्जा मिलती है से शुरू किया। लगभग एक घंटे का उद्बोधन उन्होंने युवाओं से एक संकल्प व शपथ दिलाते हुए कहा कि आप लोग जब अपने गांव जाओं तो व हर घर में जाना और मोदी का संदेश घर घर पहुंचाते हुए बड़ो बुजुर्गो को मेरा प्रणाम पहुंचाना।

प्रधानमंत्री ने भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के जारी चुनावी घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने अपने घोषणा पत्र में युवाओं व महिलाओं को प्राथमिकता दी है। हम जो कहते है करते है। छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया है और भाजपा ही छत्तीसगढ़ को संवारने की गारंटी देती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर तरह तरह से हमले करते हुए इसे घपलों, घोटालों, कमीश्नखोरी की सरकार बताया और कहा कि यहां पूरे छत्तीसगढ़ में गूंज रहा है कि आवत है छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आवत है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

विधायिका कोर्ट के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती : सीजेआई चंद्रचूड़

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि विधायिका अदालत के फैसले में खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है, लेकिन उसे सीधे खारिज नहीं कर सकती है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि न्यायाधीश इस बात पर ध्यान नहीं देते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज क्या कहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की निर्वाचित शाखा तथा न्यायपालिका में यही फर्क है। उन्होंने कहा, 'इसकी एक सीमा है कि अदालत का फैसला आने पर विधायिका क्या कर सकती है और क्या नहीं कर सकती है। अगर किसी विशेष मुद्दे पर फैसला दिया जाता है और इसमें कानून में खामी का जिक्र किया जाता है तो विधायिका उस खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है।'

72 हजार मुकदमों का समाधान किया-सीजेआई ने कहा, 'विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम फैसले को खारिज करते हैं। विधायिका किसी भी अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है।' उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीश मुकदमों का फैसला करते समय संवैधानिक नैतिकता को ध्यान में रखते हैं, न कि सामाजिक नैतिकता को। इस साल कम से कम 72 हजार मुकदमों का समाधान किया है और अभी डेढ़ महीना बाकी है। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका में प्रवेश स्तर पर संरचनात्मक बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि यदि समान अवसर उपलब्ध होंगे तो अधिक महिलाएं न्यायपालिका में आएंगी।

कांग्रेस अपना वादा पूरा करती है, किसानों का कर्ज होगा माफ : राहुल

भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है वनवासी शब्द को कांग्रेस मिटा देगी

जगदलपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी आज विशेष विमान से जगदलपुर पहुंचे और सीधे स्थानीय लाल बाग में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो वादा करती है उसे पूरा करती है कांग्रेस ने किसानों का ऋण माफ किया आदिवासियों को वन भूमि का पट्टा दिया। पेसा कानून के तहत नियम बनाया और बिना ग्राम सभा के अनुमति के किसी को भी आदिवासी के जमीन अधिग्रहण का अधिकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जल जंगल जमीन पर आदिवासियों का ही अधिकार है। भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है वनवासी शब्द को कांग्रेस मिटा देगी। हजारों की संख्या में उपस्थित भीड़ ने राहुल गांधी के भाषण को सुना, लेकिन राहुल गांधी जी के भाषण में केवल आदिवासी वनवासी का विषय ही प्रमुख रहा।

उन्होंने कहा कि भाजपाई आदिवासियों को वनवासी कहते है। जैसे जानवर जंगल में रहते है वैसे वनवासी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

कांग्रेस करती है धोखाधड़ी, विकास से कोई लेना देना नहीं : योगी

भानुप्रतापपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के फायर ब्रांड नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी जनसभा भानुप्रतापपुर में हुई। उनका स्वागत उनके समर्थकों ने जय श्री राम के नारे के साथ किया। आम जनता इतना उत्साहित दिखे की हेलीकॉप्टर की आवाज सुनते ही अपने अपने मोबाइल फोन निकालकर फोटो वीडियो शूट करने लगे। सभा स्थल में मुख्य रूप से सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, महावीर सिंह राठौर, भाजपा प्रत्याशी गौतम उइके भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लटिया, बृजेश चौहान, पूर्व विधायक सुमित्रा मरसकोले, पिंकी शिवराज शाह, राजा राम तोड़म, शालिनी राजपूत, हेमेंद्र बंटी ठाकुर, परमानन्द तेता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भानुप्रतापपुर के हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्र्ष्टाचार करने वालों को बक्सा नही जाता भ्र्ष्टाचार से बनाए गए मकान पर बुलडोजर चलाया जाता है और वशूली भी किया जाता है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में भ्र्ष्टाचार चरम पर है उनके एक साथी ने बिहार में चारा घोटाला किया था। उन्होंने छत्तीसगढ़ में गोबर घोटाला किया है यह उनकी प्रकृति है कांग्रेस सरकार यहां की जनता के साथ धोखाधड़ी कर रही है इन्हें विकास से कोई लेना-देना नहीं है। यह कांग्रेस सरकार किसानों पर शोषण करती है किसानों पर अत्याचार करती है अपमान करती है इस सरकार को एक भी क्षण रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की इस व्यवस्था में ये अधिकार आपके हाथों में है, अगर आपने सत्ता सौंपी है, तो कान पकड़ कर उसको सत्त्ता से बाहर भी करिए। अगर आपके हकों का घात किसी ने किया है तो इसी कांग्रेस ने किया है। ये कांग्रेस की प्रवत्ति है यही है झूठ बोलना बहकाना।सीएम योगी ने आगे कहा कि, एक-एक कर सत्त्ता हड़प लेना और जब सत्त्ता प्राप्त हो जाए तो प्राप्त हो जाने वाली सत्ता को भ्रष्टाचार का अड्डा बना देना। आज भाइयों बहनों यही तो हम कहने के लिए आएं हैं ये सरकार छत्तीसगढ़ में रामनवमी के दिन लाठी चार्ज ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

भाजपा का घोषणा पत्र महिलाओं, किसानों और आदिवासियों के सम्मान के लिए समर्पित : मांडविया

जगदलपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी मनसुख मांडविया ने शनिवार को शाम 4 बजे होटल अविनाश इंटरनेशनल में आयोजित पत्रवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्रमहिलाओं के सम्मान, किसानों,आदिवासियों के सम्मान के लिए समर्पित है।

उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि किसानों से 21 चिंटल प्रति एकड़ ,3100 रुपए समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। देश की महिला सशक्तिकरण के लिए महतारीवंदन योजना प्रति विवाहिता महिला के खाते में ?12000 प्रतिवर्ष,युवा सीपीएससी परीक्षा देते है,नौकरी नहीं मिलता,भाई भतीजावाद को नौकरी दिया जाता है।1 लाख नौकरी दी जाएगी, पीएम आवास 18 लाख को वंचित किया।बीजेपी सरकार बनाने के बाद हर गरीब को मकान।तेंदू पट्टा खरीदी 3दिन की जगह 15दिन खरीदी,4000 बोनस,चरणपदुका योजना चालू,भूमिहीन किसान को 10000 दिया जयेगा।10लाख तक आयुष्मान योजना।जनौषधि केंद्र। 10000 से अधिक चल रहा है।20प्रतिशत कमिशन 3 लाख की सहायता। नेशनल कैपिटल रीजन,रानी दुर्गावती योजना बालिका सशक्तिकरण के लिए कन्या 18 वर्ष का होने पर उसे डेढ़ ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

नेपाल में भूकंप से मरने वालों की संख्या 157 हुई

शुक्रवार देर रात को 6.4 तीव्रता का आया था भूकंप

काठमांडू, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। नेपाल में शुक्रवार रात करीब 11 बजकर 32 मिनट पर 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, अब तक 157 लोग मारे जा चुके हैं। सैकड़ों घरों के नुकसान की भी खबर है। हालांकि इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं आया है। भूकंप का केंद्र काठमांडू से 331 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में 10 किमी जमीन के नीचे था। जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिले में भूकंप का असर सबसे ज्यादा देखा गया। यहां अब तक 105 और 38 लोगों की मौत हो चुकी है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड हालात का जायजा लेने जाजरकोट पहुंच चुके हैं। नेपाल की सरकार ने दोनों जगहों पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के लिए लगभग 6 करोड़ 30 लाख नेपाली रुपए का फंड जारी किया है। इसमें पश्चिम रुकुम और जाजरकोट को 3-3 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

भारत में भी देखने को मिला असर-भूकंप का असर भारत में भी देखने को मिला। दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और बिहार की राजधानी पटना में

भाजपा मुझसे डरी हुई है इसलिए कर रही बदनाम : भूपेश बघेल

- मोदी पर आरोप लगाने वाले भाजपा में शामिल होने पा साफ सुथरे हो जाते हैं

रायपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। ईडी के आरोपों पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा मुझसे सबसे ज्यादा डरी हुई है और इसी वजह से वे मुझपर आरोप लगाकर मुझे बदनाम करना चाहते हैं। हिमंता बिसवा सरमा और अजित पवार पर आप (भाजपा) आरोप लगाते थे लेकिन जब वह आपकी पार्टी में आ जाते हैं तो सब मोदी वॉशिंग पाउडर से धुलकर साफ सुथरे हो जाते हैं।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग सीधी लड़ाई लड़ नहीं सकते हैं। वो ईडी और आई टी के माध्यम से चुनाव लड़ रहे हैं। कल भाजपा का दो घोषणा पत्र जारी हुआ, एक जो भारतीय जनता पार्टी के लेटर हेड पर था। दूसरा घोषणा पत्र शाम को जारी हुआ वो अंग्रेजी में था और ईडी के लेटर पैड पर था। दो घोषणाएं उनकी हुई है। पीएम मोदी के दुबई कनेक्शन के आरोपों पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, मैं आपसे पूछना चाहता हूं दुबई के लोगों से आपके क्या संबंध हैं। क्यों लुक आउट नोटिस जारी होने के बाद गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। ये गिरफ्तारी करने की जिम्मेदारी भारत सरकार की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

राजनीति

खड़गे ने नीतीश से की बात, गठबंधन के प्रति प्रतिबद्धता जताई

गठबंधन को लेकर खड़गे ने खत्म की नीतीश की नाराजगी!

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन को लेकर नीतीश कुमार के नाराजगी वाले बयान के बाद कांग्रेस फिर से सक्रिय हो गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हालात को संभालने के लिए नीतीश से बात की और गठबंधन को लेकर पूरी प्रतिबद्धता जताई।

साथ ही भरोसा दिया कि पांच राज्यों के चुनाव के बाद कांग्रेस सहयोगियों से बात कर गठबंधन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी। सूत्रों का कहना है कि खड़गे ने फोन पर नीतीश कुमार से बात कर उनकी नाराजगी खत्म करने की कोशिश की और गठबंधन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की।

इंडिया गठबंधन बनने से पहले नीतीश कुमार ने ही पूरे देश में ममता बनर्जी से लेकर शरद पवार, स्टालिन, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव सहित तमाम क्षेत्रीय दलों के क्षत्रपों को साधने की पहल की थी। लेकिन हाल के दिनों में गठबंधन आगे बढ़ाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। इंडिया गठबंधन के सहयोगी नेताओं के बीच आपसी विचार-विमर्श का सिलसिला भी ठप पड़ा हुआ है। जिसके चलते नीतीश कुमार नाराज बताए जा रहे हैं और शुक्रवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ' रैली में कांग्रेस को कोसकर उन्होंने इसका इजहार भी कर दिया। उनका कहना था कि सभी विपक्षी नेता कांग्रेस को विपक्षी गठबंधन में आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को गठबंधन की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहाकि कांग्रेस पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में व्यस्त है और इंडिया गठबंधन को मजबूत करने के लिए कोई चर्चा नहीं की जा रही है। वहीं विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ सीटों का तालमेल भी नहीं किया।जिसके चलते सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल अपनी चुनावी सभाओं में भाजपा के साथ ही कांग्रेस पर भी हमला कर रहे हैं। ऐसी में इंडिया गठबंधन को लेकर भ्रामक स्थिति पैदा हो गई है। हालांकि खड़गे ने नीतीश कुमार को आश्वासन दिया है कि चुनाव बाद सहयोगियों के साथ मिल बैठकर आम राय से गठबंधन को मजबूत करने के लिए काम किया जाएगा।





- चुनाव बाद गठबंधन के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी कांग्रेस पार्टी

देश

उवाच "न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से मराठा समुदाय के पिछड़ेपन को साबित करने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे और निर्धारित अवधि के भीतर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग से व्यापक, त्रुटि रहित डेटा एकत्र किया जाएगा।

-देवेन्द्र फड़नवीस, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	29.0	20.0
मुंबई	33.0	27.0
कोलकाता	27.0	24.0
चेन्नई	28.0	26.0

भ्रामक विचार को आगे बढ़ाती है भाजपा : कांगेस

भाजपा पर लगाया देश की विविधता व एकता को नुकसान पहुंचाने का आरोप

- समान नागरिक संहिता एक भूतिया धारणा : शशि थरूर
- मिजोरम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट देने का किया आग्रह

आइजोल, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार को मिजोरम के लोगों से अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए सात नवम्बर के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट देने का आग्रह किया। थरूर ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव भारत की आत्मा को बचाने के लिए है। भारत का मूल विचार खतरे में है। नफरत की राजनीति को खत्म करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि मिजोरम के लोगों के लिए उनकी संस्कृतियों और धर्म की रक्षा करने का मामला है, क्योंकि कांग्रेस एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है जो भारत की विविधता में एकता की रक्षा करने का संकल्प लेती है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा मतभेदों को स्वीकार किया है। कांग्रेस ने हमेशा भारत की विविधता में विश्वास किया है। भारतीय जनता पार्टी एक धर्म और संस्कृति की धारणा के आधार पर भ्रामक विचार को आगे बढ़ाती है। हमें यह याद रखने की जरूरत है कि एकरूपता एकता नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों को यह भी याद रखना होगा कि कुछ ही महीनों में हम लोकसभा चुनाव का सामना करेंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि समान नागरिक संहिता एक भूतिया धारणा है। भाजपा ने संहिता का कोई मसौदा किसी के साथ साझा नहीं किया है। किसी ने भी कोई मसौदा नहीं देखा है और हम ऐसे किसी भी कानून का समर्थन नहीं कर सकते हैं, जो देश के कई अल्पसंख्यकों और जनजातियों की संस्कृति और प्रथाओं को खतरे में डालता है। एकता का मतलब एकरूपता नहीं है।

जेडपीएम मिजोरम में भाजपा के लिए प्रवेश द्वार

थरूर ने जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) पर भी आरोप लगाया और कहा कि यह मिजोरम में भाजपा के लिए प्रवेश द्वार है। गौरतलब है कि जेडपीएम राज्य में एक उभरती हुई तीसरी राजनैतिक ताकत है। उन्होंने कहा कि क्षितिज पर एक नई पार्टी है, लेकिन वास्तव में कोई नहीं जानता कि ये लोग कौन हैं और वे कैसे शासन करेंगे। उनके पीछे कौन है उन्हें वित्त पोषण कौन कर रहा है। जेडपीएम के लिए वोट पिछले दरवाजे से भाजपा के लिए वोट होगा। उन्होंने कहा इस समय में एक आजमाई हुई और परखी हुई पार्टी को वोट देना बेहतर है, जो आपको जानता है और आपकी जरूरतों को समझती है। एक ऐसी पार्टी जिसके पीछे कोई अज्ञात छाया नहीं छिपी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी राज्य में रोजगार पैदा करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जहां युवा बेरोजगारी लगभग 23 प्रतिशत है जो बहुत अधिक और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जीवन की बुनियादी गरिमा सुनिश्चित करने के लिए विधवाओं और दिव्यांगों को 2000 रुपए का मासिक वजीफा प्रदान करने का भी वादा करती है। उन्होंने कहा कि हम प्रति परिवार 15 लाख रुपये का कैशलेस बीमा स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करेंगे। मिजोरम में देश में कैंसर की प्रति व्यक्ति दर सबसे अधिक है और कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के लिए अतिरिक्त पांच करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के तहत भ्रष्टाचार बढ़ गया है, जो पारदर्शिता सूचकांक में आसानी से दिखाई देता है। जो व्यापारियों और करदाताओं के साक्षात्कार पर आधारित है। भाजपा जांच एजेंसियों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर रही है। उल्लेखनीय है कि थरूर के अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी और जयराम रमेश मिजोरम में प्रचार कर चुके हैं। उधर, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपना दौरा रद्द कर दिया है।

सत्ता में आए तो नहीं बनेंगे एनडीए या इंडिया का हिस्सा : लालदुहोमा

आइजोल। मिजोरम के प्रमुख विपक्षी दल जोरम पीपल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा ने दो टूक कहा है कि उनकी पार्टी दिल्ली के दखल से दूर रहना चाहती है। केंद्र के नियंत्रण से मुक्त क्षेत्रीय दल के तौर पर पहचान बरकरार रखने के लिए वह कांग्रेस और भाजपा दूरी रखेगी। लालदुहोमा ने कहा कि पार्टी विधानसभा चुनाव में जीतकर सत्ता हासिल करने की स्थिति में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) या विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा नहीं बनेगी। 73 वर्षीय जेडपीएम नेता ने कहा, हम अपनी प्रतिष्ठा बनाए रखना चाहते हैं और दिल्ली के नियंत्रण में नहीं रहना चाहते। हां, केंद्र के साथ अच्छे संबंध बनाकर जरूर रहेंगे। लालदुहोमा ने यह दावा भी किया कि महज पांच साल पहले ही गठित अपेक्षाकृत युवा पार्टी जेडपीएम अपनी नई शासन प्रणाली नीति के साथ विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने को लेकर आश्वस्त है और राज्य में दशकों पुरानी राजनीति को खत्म करने की उम्मीद कर रही है।

हेलीकॉप्टर छोड़ पैदल वोट मांगते नजर आएंगे भाजपा के दिग्गज

जनता, कार्यकर्ता व नेताओं के बीच दूरी कम करना उद्देश्य

नई दिल्ली,4 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार अब धीरे-धीरे जोर पकड़ने लगा है। पीएम मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ तक मैदान में उतर गए हैं। लेकिन पार्टी ने प्रचार के दौरान अपने शीर्ष नेताओं को लग्जरी दौरों से दूर रहने की सलाह दी है। पार्टी ने स्थानीय और केंद्रीय नेताओं से कहा है कि वे किसी भी क्षेत्र में प्रचार के लिए जाएं, तो एक बार हेलीकाप्टर का उपयोग करें, इसके बाद सड़क मार्ग से ही प्रचार करें। प्रचार में हवाई यात्रा कम करें। सड़क मार्ग से अधिक से अधिक दूरी तय करें। रास्ते में रथ सभा और जनसभा करें। बीच-बीच में अपने रथ में स्थानीय कार्यकर्ताओं और आम लोगों को भी बिठा लें, ताकि उनमें आत्मीयता व नजदीकी का भाव आए।

दरअसल, पार्टी को स्थानीय स्तर पर फीडबैक मिला है कि पिछले कुछ वर्षों में जनता, कार्यकर्ता और नेताओं के बीच दूरी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। नेता हेलीकॉप्टर से उतरते हैं, भाषण देते हैं और लौट जाते हैं। इससे सकारात्मक भाव कम आता है और नकारात्मक विचार अधिक आते हैं। भाजपा ने जो रणनीति बनाई है, इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनाव प्रचार में एक दिन में सड़क मार्ग से 60 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। इसमें वह 41 किलोमीटर रथ पर चलेंगे। इस दौरान चार जनसभाएं और चार रथ सभाएं करेंगे। बीच-बीच में आम लोगों का स्वागत भी स्वीकार करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री शाह 11, 12 और 13 नवम्बर को भी चुनावी रैली करेंगे। गृहमंत्री शाह करैरा तक तो हेलीकॉप्टर से आएंगे, लेकिन वहां से पिछोर तक सड़क मार्ग का ही उपयोग करेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एक दिन में 65 किलोमीटर सड़क मार्ग से यात्रा करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी शुक्रवार को मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार किया, तो वह भी सड़क मार्ग से ही ज्यादा दूरी तय करते रहे। उन्होंने शुक्रवार को 118 किलोमीटर की रथ यात्रा की। प्रधानमंत्री मोदी प्रचार के आखिरी दिन इंदौर में रोड शो कर सकते हैं। प्रदेश में प्रचार के लिए सबसे ज्यादा डिमांड मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की है।

वे हर दिन 7 से 9 सभाएं करेंगे। मुख्यमंत्री 150 सीट कवर करेंगे। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 7, 8 और 14 नवम्बर सहित कुल 10 जनसभा करेंगे। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा 8 को खंडवा और 9 को राजगढ़ में रहेंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 5 नवंबर को उदयपुरा और दमोह जाएंगे।

सार संक्षेप

छत्तीसगढ़ में भाजपा नेता की हत्या

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में माओवादी नक्सली संगठन के सदस्यों ने नारायणपुर जिले के भारतीय जनता पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष को प्रचार के दौरान गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार नारायणपुर जिले के भाजपा के कार्यवाहक अध्यक्ष रतन दुबे चुनाव प्रचार के लिए ग्राम कौशलनार गए थे, जहां इनके नेतृत्व में एक रैली निकाली गई थी। अचानक नक्सलियों ने हवाई फायरिंग की इससे रतन दुबे जान बचाने के लिए भाग रहे थे, उन्हें गोली लगी। कार्यकर्ता उन्हें नारायणपुर लेकर आ रहे थे कि रास्ते में उनकी मौत हो गई।

प्रत्याशी को स्टार प्रचारक के वाहन में बैठने पर खर्च जुड़ेगा

मुरैना। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रचार के लिए आने वाले स्टार प्रचारक के वाहन में बैठने पर पचास प्रतिशत वाहन का खर्चा अब प्रत्याशी के खर्चे में जुड़ेंगें। आधिकारिक जानकारी के अनुसार व्यय प्रेक्षक आलोक शर्मा और विजय कुमार मंगला ने यहां बताया कि चुनाव प्रचार के लिए आने वाले स्टार प्रचारक के वाहन में बैठने पर अब 50 प्रतिशत वाहन का खर्चा प्रत्याशी के खर्चे में जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव में प्रत्याशियों के व्यय खर्चा की निगरानी किया जा रहा है। स्टार प्रचारक के हेलीकॉप्टर या वाहन को प्रत्याशी साझा करता है तो उस पर टीम पैनी नजर रखेगी। जिससे कि चुनाव आयोग का आदेश प्रभावित न हो।

कैमरे की नजर में रहेंगे पचास प्रतिशत मतदान केंद्र

कोटा। राजस्थान के कोटा जिले में होने वाले विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि कोटा जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्र में 1455 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 728 मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग के जरिए कैमरे से पैनी निगाह रखी जाएगी।

शाह के दौरे के कारण तोमर के चुनाव कार्यक्रम निरस्त

मुरैना। केंद्रीय मंत्री अमित शाह व राजनाथ सिंह के मध्य प्रदेश प्रवास के चलते मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के अपनी विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। पार्टी की जिला इकाई की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शाह के शिवपुरी, श्योपुर व ग्वालियर में कार्यक्रम होने के कारण केंद्रीय मंत्री तोमर के दिमनी विधानसभा के सारे कार्यक्रम निरस्त हो गए हैं।

कोन्यापल्ली वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में केसीआर ने की पूजा-अर्चना

कोयापल्ली, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री केसीआर ने अपना नामांकन पत्र अपने पसंदीदा देवता कोन्यापल्ली श्रीवेंकटेश्वर स्वामी के समक्ष रखकर पूजा की। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव शनिवार को कोन्यापल्ली में भगवान श्रीवेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करने पहुंचे। मुख्यमंत्री केसीआर का मंदिर के पुजारियों ने पूर्णकुंभ के साथ स्वागत किया। सबसे पहले मुख्यमंत्री ने मंदिर की परिक्रमा कर ध्वजदंड बांधकर मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने नामांकन दस्तावेज मंदिर के पुजारियों को प्रस्तुत किए। इन दस्तावेजों को मूलविरट्टू में रखा गया और मुख्यमंत्री केसीआर के गोत्र, नाम और संकल्प के साथ पूजा की गई। पुजारियों ने केसीआर के हाथों में कंगन पहनाए और तीर्थ प्रसाद दिया। उन्होंने वेदशिर्वचनम का पाठ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री केसीआर ने मंदिर परिसर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की उपस्थिति में नामांकन पत्र पर हस्ताक्षर किए। पूजा करने के बाद मंदिर से बाहर निकलने पर मुख्यमंत्री केसीआर को महिलाओं ने विजय तिलक लगाया। उन्होंने केसीआर जिंदाबाद, हैट-ट्रिक सीएम और बीआरएस जिंदाबाद के नारे लगाए।

उन्होंने मुख्यमंत्री केसीआर की प्रशंसा करते हुए उन पर गुलाब के फूल बरसाए और कहा कि केसीआर की जीत निश्चित है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री केसीआर के साथ मंत्री हरीश राव, सांसद जोगिनापल्ली संतोष कुमार, रंजीत रेड्डी, बीआरएस नेता श्रवण रेड्डी और अन्य लोग शामिल हुए।

लोकतंत्र के पर्व पर दौड़ा सिंगरौली

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया अपना नाम

सिंगरौली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। मप्र की ऊर्जाधानी कही जाने वाली सिंगरौली ने शनिवार को अपना नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। लोकतंत्र के पर्व को मनाते हुए सिंगरौली जिला प्रशासन ने सिंगरौली रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया था। जहां सात सौ से ज्यादा ग्राम पंचायत और दो नगर परिषद तथा नगर निगम क्षेत्र मिलाकर कुल 79 हजार लोग इस लोकतंत्र दौड़ में शामिल रहे।

अलग-अलग क्षेत्र में एक साथ हुई इस दौड़ ने नया कीर्तिमान हासिल किया है और सिंगरौली जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया है। जिला पंचायत के सीईओ गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस दौड़ के आयोजन को लेकर पूरी तरह से तैयारी की गई थी। उम्मीद थी सिंगरौली वासी ज्यादा से ज्यादा शामिल होकर इस दौड़ को रिकॉर्ड में तब्दील करेंगे और ऐसा ही हुआ। सिंगरौली के लिए यह बहुत बड़ी बात है। उसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस दौड़ को देखकर लगा कि इस बार का जो विधानसभा चुनाव है, उसमें जिले भर में 75 प्रतिशत से ज्यादा का मतदान अवश्य होगा।

लोकतंत्र के पर्व पर आयोजित हुए 'सिंगरौली रन फॉर डेमोक्रेसी' कार्यक्रम में सिंगरौली जिले के सात सौ से अधिक ग्राम पंचायत और दो नगर परिषद क्षेत्र तथा नगर निगम क्षेत्र मिलकर 79 हजार लोग एक साथ एक समय पर दौड़े। जिला पंचायत के सीईओ गजेंद्र सिंह नागेश ने बताया कि जितनी उम्मीद की जा रही थी, उससे कहीं ज्यादा लोग इस लोकतंत्र की दौड़ में शामिल हुए।

सिंगरौली ने अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया। इसके लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित होने का सौभाग्य सिंगरौली को प्राप्त हो पाया।

बुजुर्ग, महिला व युवाओं में दिखा अनोखा उत्साह

सिंगरौली जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित लोकतंत्र के पर्व को मनाने के लिए लोकतंत्र की दौड़ में बुजुर्ग वर्ग, महिला वर्ग, युवा वर्ग और स्कूली कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान उनमें काफी उत्साह देखने को मिला। सभी ने जिला प्रशासन की इस पहल को और इस कार्यक्रम के आयोजन को सराहा और लोगों तक संदेश और अपील देने की कोशिश की। इस बार आने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए भी कहा। लोकतंत्र की इस दौड़ में शामिल लोगों ने अपनी राय पेश की।

हेमामालिनी की जगह कंगना रानौत लड़ सकती हैं मथुरा से लोस चुनाव

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। वैसे लोकसभा चुनाव में अभी तकरीबन 6 माह का समय बाकी है। लेकिन टिकटों को लेकर राजनीतिक दलों की माथापच्ची शुरू हो चुकी है। टिकट के दावेदार भी पूरी तरह सक्रिय हो चुके हैं। राजनीतिक दल उम्मीदवारों को लेकर अपने-अपने स्तर से आंतरिक सर्वे भी करा रहे हैं। इस बीच भाजपा की तरफ से मथुरा लोकसभा सीट के लिए एक नया नाम सामने आया है। चर्चा है कि इस बार भाजपा यहां से हेमामालिनी की जगह फिल्म इंडस्टी से ही ताल्लुक रखने वाली कंगना रानौत को मैदान में उतार सकती है। माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व इस बार हेमामालिनी की जगह किसी दूसरे मजबूत उम्मीदवार को मैदान में उतार सकती है। हालांकि टिकट दावेदारों में हेमामालिनी सहित मथुरा के मौजूदा विधायक श्रीकांत शर्मा व कई अन्य लोग भी हैं। लेकिन इस कडी में अब एक नया नाम कंगना रानौत का भी जुड़ गया है।

उन्होंने इसका संकेत देते हुए खुद कहा है कि भगवान कृष्ण की कृपा रही तो वें लोकसभा चुनाव जरूर लडेंगी। हालांकि अभी यह शुरुआती दौर की खबर है। लेंकिन इतना तय है कि हेमामालिनी को अगर हटाया गया तो उनकी जगह उसी स्तर के किसी ग्लैमरस शख्सियत को ही मैदान में उतारा जाएगा और वह नाम कंगना रानौत का भी हो सकता है।

पार्टी ने 75 सीटों को जीतने का रखा है लक्ष्य

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, इस बार उत्तर प्रदेश में पार्टी ने कम से कम 75 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है। ऐसे में जिन मौजूदा सांसदों की उम्र 75 साल से ज्यादा हो गई है और उनकी राजनीतिक सक्रियता व लोकप्रियता में कमी आई है,पार्टी उनका टिकट काटकर नए उम्मीदवार को मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। ऐसी ही चर्चा मथुरा लोकसभा सीट को लेकर भी है।

राजा सिंह ने हैदराबाद के गोशामहल से नामांकन किया दाखिल

हैदराबाद, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार राजा सिंह ने 30 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। सिंह बाइक रैली के जरिए एबिड्स स्थित जीएचएमसी कार्यालय गए और रिटर्निंग अधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले राजा सिंह ने डूलपेट में आकाश पुरी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सिंह के नामांकन दाखिल करने के सिलसिले में आयोजित बाइक रैली में हिस्सा लिया। इससे पहले 2018 में, राजा सिंह भारत राष्ट्र समिति के उम्मीदवार प्रेम सिंह राठौड़ को हराकर 17,734 वोटों के अंतर के साथ गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र से तेलंगाना विधानसभा के लिए फिर से चुने गए थे। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ टिप्पणी के लिए उन्हें पिछले साल अगस्त में भाजपा द्वारा निलंबित कर दिया गया था। पार्टी की केंद्रीय अनुशासन समिति ने पिछले महीने उनका निलंबन रद्द कर दिया और उन्हें एक बार फिर गोशामहल विस क्षेत्र से मैदान में उतारा। फायरब्रांड नेता सिंह अकेले भाजपा उम्मीदवार थे, जिन्होंने 2018 में विस चुनाव जीता और पार्टी के बाकी उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा।

भाजपा ने की कांग्रेस की नकल करने की कोशिश

भाजपा के घोषणा पत्र पर कांग्रेस ने कसा तंज

रायपुर,4 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस पर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाते हुए कहा कि घोषणा पत्र भाजपा कांग्रेस की नकल करने की कोशिश की है। इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी को घेरने की कोशिश की है।

आनंद शुक्ला ने धान खरीदी को लेकर भाजपा पर तंज कसा है। सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि यह भूपेश बघेल की उपलब्धि है कि धान पर बोनस का विरोध करने वाले धान की कीमत 3100 करने की बात कर रहे है, जो लोग 2100 बोलकर नहीं दिए, 300 बोनस नहीं दिए, जो लोग 15 क्विंटल नहीं खरीदने का निर्णय लिए थे वे अब 21 क्विंटल खरीदने की बात कर रहे। यह भूपेश बघेल की उपलब्धि है। उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि बीजेपी घोषणा तो कर रहे, लेकिन इस पर जनता भरोसा नहीं करेगी। मोदी की गारंटी की कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने कह कि जो मोदी 15 लाख देने का वायदा भूल गए। 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा भूल गए। 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा भूल गए। किसानों की आय दुगुनी करने के वायदे तो आज तक पूरे नहीं हुए उनकी क्या गारंटी है। दिग्विजय सिंह की सरकार ने बनाया था। भूपेश सरकार संवार रही। जो हम 5 साल से कर रहे है, भाजपा उसको करना चाह रही है। वह हमारे पिच पर खेलने को मजबूर हुई। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा वोट लेने के लिए फिर किसानों को ठगना चाहती।

राजनीति *मध्य प्रदेश में 70 के फेर से बदलती रही है सरकार*

प्रदेश की 230 सीटों पर 2533 प्रत्याशी आजमा रहे अपना भाग्य

नई दिल्ली,4 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में नामांकन वापसी के बाद मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों की स्थिति साफ हो गई है। इस बार प्रदेश की 230 सीटों पर करीब 2533 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। 30 अक्टूबर तक 4359 नामांकन पर्चे दाखिल किए गए थे। यानी 58 प्रतिशत नामांकन आखिरी पड़ाव तक रहेंगे।

बीते बीस सालों के नामांकन के आंकड़े बहुत कुछ कहते हैं। ट्रेंड देखें तो पता चलता है कि जब भी 30 प्रतिशत से कम नामांकन वापस लिए गए तब सत्ताधारी दल को नुकसान पहुंचा है। बीस साल पहले 2003 में हुए चुनाव से पहले प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी। 2003 में 3057 नामांकन पर्चे भरे गए थे। नाम वापसी की तारीख के बाद 2171 उम्मीदवार मैदान में थे। यानी करीब 29 प्रतिशत नामांकन पर्चे वापस लिए गए। इसे यूं भी कह सकते हैं कि 71 प्रतिशत उम्मीदवार मतदान में डटे रहे। जब परिणाम आए तो कांग्रेस की सरकार बदल गई और भाजपा सत्ता में आ गई। बात करें 2008 के चुनावों की तो इस चुनाव में 4576 नामांकन भरे गए। नाम वापसी और संवीक्षा के बाद 3179 प्रत्याशी बचे थे। मतलब करीब 69 प्रतिशत प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा।

- अब तक 42 प्रतिशत नामांकन हुए वापस

यानी 30 प्रतिशत से ज्यादा नामांकन वापस ले लिए गए। नतीजे में भाजपा की सत्ता कायम रही। वहीं 2013 में भी लगभग ऐसी ही स्थिति रही। 2013 में 3741 नामांकन दाखिल किए गए थे. इसमें से 2483 उम्मीदवार आखिरी वक्त तक मैदान में थे। यहां भी करीब 69 प्रतिशत उम्मीदवार डटे रहे। 30 फीसदी से अधिक नामांकन वापस खींच लिए गए। इस बार भी भाजपा ही सत्ता पर काबिज रही थी। 2018 के चुनाव में फिर नामांकन के आंकड़े भी 2003 जैसे दिखे। इस इलेक्शन में 3948 नामांकन भरे गए थे, निर्धारित समय के बाद 2899 उम्मीदवार किला लड़ाने के लिए मैदान में थे। यानी 73 प्रतिशत उम्मीदवार मतदान तक पहुंचे। इस बार भी सिर्फ 27 प्रतिशत नामांकन वापस लिए गए। यानी सत्ता को नुकसान पहुंचाने वाले आंकड़े। परिणाम जब आए तो सरकार बदल गई।

उठापटक के बाद ही सही कांग्रेस ने सरकार बना ली। हालांकि ये सरकार 15 महीने ही चल सकी। इस बार के चुनाव में 30 अक्टूबर तक 4359 नामांकन भरे गए। ये बीते 20 सालों में सबसे ज्यादा रहे। नाम वापसी के बाद 2533 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। यानी 42 प्रतिशन नामांकन पर्चे वापस ले लिए गए। अब 17 नवम्बर को मतदान होना हैं। 3 दिसंबर को परिणाम आएंगे। तब पता चलेगा कि इस बार ये ट्रेंड कितना सही साबित होता है।

बीते 20 सालों में चार चुनाव हुए, इसमें गौर करें तो पता चलता है कि कांग्रेस ने कभी पूरी 230 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा। 2003 में 229 सीटें, 2208 में 228, 2008 में 229 तो 2013 के चुनाव में 229 सीटों पर कांग्रेस मैदान में थी।



साहित्य

पृथ्वीराज कपूर

जिनकी इंसानियत और दरियादिली के कई क़िस्से हैं मक़बूल

पृथ्वीराज कपूर 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं।साल 1943 में जब मुंबई में इप्टा की दागबेल डली, तो वो उससे जुड़ गये। पृथ्वीराज कपूर मुंबई इप्टा के ऑनरेरी प्रेसीडेंट भी रहे। बंगाल में जब भयानक अकाल पड़ा, तो इप्टा ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिए, देश भर में नाटकों के कई शो किये। ताकि चंदा इकट्ठा किया जा सके। रेबा रॉय चौधरी जो इप्टा की एक अहम साथी थीं, उन्होंने अपनी आत्मकथा में मुंबई के उस वाक़िआत का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है, जिसमें पृथ्वीराज कपूर अकाल पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये थे।

■ ज़ाहिद ख़ान

भारतीय सिनेमा में पृथ्वीराज उस बेमिसाल शख़्सियत का नाम है, जिनकी शानदार अदाकारी के साथ—साथ उनकी बेजोड़ इंसानियत और बेपनाह दरियादिली के भी कई क़िस्से मक़बूल हैं। पृथ्वीराज कपूर जब कामयाबी के उरूज पर थे, तब उन्होंने बॉम्बे में एक ट्रैवलिंग थियेटर कंपनी के तौर पर 'पृथ्वी थियेटर' की क़ायमगी की। इस ग्रुप का मोटो था 'कला देश के लिए'। 'पृथ्वी थियेटर' के मार्फ़त देश के छोटे-बड़े शहरों में उन्होंने ढाई हज़ार से ज़्यादा नाटकों का मंचन किया। पृथ्वी थियेटर में तक़रीबन डेढ़ सौ लोग शामिल थे। तीन घंटे का शो खत्म होने के बाद, पृथ्वीराज कपूर गेट पर झोला लेकर खड़े हो जाते थे, ताकि शो देखकर आ रहे दर्शक उसमें अपने दिल से कुछ मदद करें। शो के ज़रिए जो पैसा इकट्ठा होता, उससे उन्होंने एक 'वर्कर फंड' बनाया था। जो 'पृथ्वी थिएटर' में काम करने वाले कलाकारों, टैक्नीशियनों और कर्मचारियों की मदद के काम आता था। बीसवीं सदी का चौथा दशक मुल्क की सियासत में बड़ा उथल—पुथल भरा और निर्णायक दौर था। अंग्रेज़ हुकूमत ने जब भारत पर अपनी गिरफ़्त कमजोर होती देखी, तो उसने देश के दो बड़े समुदायों हिंदू और मुस्लिम की एकता को तोड़ने के लिए उनके बीच मतभेद बढ़ाना शुरू कर दिए। ताकि ये दोनों क़ौमें आपस में भिड़ी रहें और वे आराम से उन पर हुकूमत करते रहें। पृथ्वीराज कपूर ने 'पृथ्वी थियेटर' के ज़रिए उस वक़्त जो ड्रामे 'दीवार', 'पठान', 'गद्दार' और 'आहुति' का मंचन किया, वे राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने वाले थे। उन्होंने अपने इन नाटकों के माध्यम से देशवासियों में जहां एकता का पाठ पढ़ाया, वहीं अंग्रेज़ हुकूमत की चालबाजियों की तरफ़ भी इशारा किया। देश की आज़ादी के लिए उन्हें बेदार किया।

पृथ्वीराज कपूर 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। साल 1943 में जब मुंबई में इप्टा की दागबेल डली, तो वो उससे जुड़ गये। पृथ्वीराज कपूर मुंबई इप्टा के ऑनरेरी प्रेसीडेंट भी रहे। बंगाल में जब भयानक अकाल पड़ा, तो इप्टा ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिए, देश भर में नाटकों के कई शो किये। ताकि चंदा इकट्ठा किया जा सके। रेबा रॉय चौधरी जो इप्टा की एक अहम साथी थीं, उन्होंने अपनी आत्मकथा में मुंबई के उस वाक़िआत का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है, जिसमें पृथ्वीराज कपूर अकाल पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये थे। '1944 में चर्चगेट रेलवे स्टेशन के पास मराठी सेंटेनरी के अहाते के विशाल आंगन में मंच बनाकर हमने 'वॉयस ऑफ़ बंगाल' का प्रदर्शन किया। पहले 'है..है..जापान' गीत के साथ डांस, फिर हारीन चट्टोपाध्याय का डांस 'दही बेचने वाला...' उसके बाद हमने उनका गीत गाया 'सूर्य अस्त हो गया गगन मस्त हो गया।' एक के बाद एक गीत और नृत्य चल रहे हैं। दर्शक दीर्घा में फ़िल्मी दुनिया की बड़ी-बड़ी हस्तियां बैठी हैं-पृथ्वीराज कपूर अपनी बीवी के साथ। जयराज, बनमाला, वी शांताराम और शोभना समर्थ वगैरह। मंच पर गीत चल रहा है 'सुनो हिन्द के रहने वाले..' अचानक पृथ्वीराज कपूर मंच पर आकर माइक पर ऐलान करते हैं कि, 'हमें बंगाल के अकाल पीड़ितों की मदद के लिए कुछ करना चाहिए।' फिर वे अपने सर की टोपी हाथ में लेकर, दर्शकों के बीच पहुंच गए और अपने बॉलीवुड के सभी साथियों के साथ बीस हज़ार रुपए बतौर चंदा इकट्ठा करके हमे दे गए।'

पृथ्वीराज कपूर के बारे में ऐसे कई क़िस्से मशहूर हैं, जब उन्होंने अपने साथी कलाकारों या जूनियर कलाकारों की आगे बढ़कर मदद की। अदाकारा दुर्गा खोटे ने अपनी आत्मकथा में इस बात का तफ़्सील से ब्यौरा दिया है कि किस तरह से उन्होंने अपने मामूली कर्मचारी को प्लेग की अफ़वाहों के बीच, कंधे पर रखकर उसे अस्पताल पहुंचाया। यहीं नहीं वे उस वक़्त तक अस्पताल में रहे, जब तक कि वह कर्मचारी सेहतमंद नहीं हो गया। लेखक, गीतकार विश्वामित्र आदिल को अस्थमा की बीमारी थी, सड़क पर उड़ने वाली धूल उन्हें परेशान कर डालती थी। पृथ्वीराज कपूर को जब यह बात मालूम चली, तो उन्होंने यह रोज़ाना का मामूल बना लिया कि सुबह-सुबह सड़क पर पानी का छिड़काव करवाते। ताकि धूल न उड़े। पृथ्वीराज कपूर की दरियादिली और इंसानियत के कई क़िस्सों का ज़िक्र शौकत आज़मी ने अपनी आत्मकथा 'याद की रहगुज़र' में किया है। शौकत आज़मी जब उनके नाटकों में रिहर्सल के लिए जाती, तो उन्होंने छोटी बच्ची शबाना के लिए बाक़ायदा एक आया का बंदोबस्त किया। ताकि शौकत अपनी रिहर्सल बिना चिंता के कर सकें। पृथ्वीराज कपूर अपनी पूरी टीम के साथ ही खाना खाते और उन्हीं के साथ इकट्ठा रहते। उन्हीं के साथ सोते। अपनी टीम के साथ उनका एक सा बर्ताव होता। अपने साथियों के दुखों और परेशानियों में वे हर दम उनके साथ खड़े रहते।

पृथ्वीराज कपूर का अदब और अदीबों से भी बड़ा लगाव था। ख़ास तौर पर वे जोश मलीहाबादी की शख़्सियत और शायरी के शैदाई थे। अदीब, जर्नलिस्ट हमीद अख़्तर ने अपनी एक किताब 'आशनाईयां क्या—क्या' में जोश मलीहाबादी का एक बहुत अच्छा ख़ाका लिखा है, इस ख़ाके में जोश के बहाने पृथ्वीराज कपूर का किरदार भी क्या ख़ूब सामने आया है। साल 1946 में हिंदी सिनेमा से जुड़े रहे हमीद अख़्तर लिखते हैं कि पृथ्वीराज कपूर नये लोगों को अक्सर ये सीख देते रहते थे कि ''अगर अच्छे अदाकार बनना चाहते हो और मकालमों की अदायगी में कमाल हासिल करने की आरज़ू है, तो जोश को पढ़ो।'' वो ख़ुद भी सैट पर वक़्तन-फ़वक़्तन जोश के अशआर गुनगुनाते रहते थे।' मुंबई में क़याम के दौरान एक वक़्त ऐसा भी आया, जब जोश मलीहाबादी को काफ़ी परेशानी थी। उन पर कुछ क़र्ज़ था, जिसी वजह से वे काफ़ी परेशान थे। हमीद अख़्तर ने पृथ्वीराज कपूर को जोश साहब की हालत-ए-ज़ार से आगह किया।

बहरहाल आगे का क़िस्सा उन्हीं की जुबानी, ख़ैर शायर-ए-इंक़लाब के हालात सुनके पृथ्वीराज ख़ासा रंजीदा हुआ। उस ज़माने में वो ग़ालिबन सबसे ज़्यादा मुआवजा लेने वाला अदाकार था। फ़िल्मों के अलावा 'पृथ्वी थिएटर' से उसे माक़ूल आमदनी होती थी। पृथ्वीराज ने जोश साहब की रूदाद सुनने के बाद उनसे फ़रमाया, आपसे दरख़्वास्त है कि आज से आप अपने आप को 'पृथ्वी थिएटर' से जुड़ा हुआ समझें। आप पर यहां आकर बैठने की कोई पाबंदी नहीं है। न ही लिखने-लिखाने के सिलसिले में हमारी कोई शर्त है। बस, आपका जो जी चाहे और जब चाहे आप पृथ्वी थिएटर के लिए नज़्म या नस्र जो मुनासिब समझें, लिखकर हमें नवाज़ दिया करें।''

इसके बाद उसने एक लिफ़ाफा दोनों हाथों में पकड़कर जोश साहब को पेश करते हुए कहा, ''ये पहले महीने का एडवांस है। हम आपकी बड़ी हैसियत के मुताबिक़ तो अदायगी नहीं कर सकते, ताहम ये हक़ीर मुआवजा आपको हर माह मिलता रहेगा।''

थोड़ी देर वहां बैठने के बाद हम टैक्सी के ज़रिए, वापस रवाना हुए। जोश साहब ने लिफ़ाफ़ा मुझे थमाता हुआ कहा, ''देखो, कितने हैं ?''

मैंने गिना, तो उसमें पन्द्रह सौ रुपए थे। जो उस ज़माने में बड़ी रकम थी। जिस कंपनी में मैं और साहिर मुलाज़िम थे, वहां साहिर को उन दिनों गाने लिखने की तनख़्वाह चार सौ रुपए और मुझे मकालमा-नवेसी की मुआवजा साड़े तीन सौ रुपए मिलता था।

बहरहाल, कुछ अरसे के बाद जब हमीद अख़्तर, जोश मलीहाबादी से मिले तो उन्होंने उनसे पूछा, 'पृथ्वीराज से बंबई में उनका निभाह कैसा रहा ? पृथ्वीराज के साथ उनका वक़्त कैसा गुज़रा ?, उसने अपना वादा निभाया भी या नहीं ? वगैरह-वगैरह।' 'भई क्या ख़ूब आदमी है वो।' जोश बोले, 'हमको दस माह तक बराबर पन्द्रह सौ रुपए हर माह भिजवाता रहा और हमने एक लफ़्ज़ भी उसको लिखकर नहीं दिया।'

पुस्तक समीक्षा

जगमग भारत के अंधेरों की शिनाख्त

■ कुमार मुकुल

'जगमग अंधेरे में लोकतंत्र' कवि, पत्रकार रोहित कौशिक के आलेखों का संग्रह है। इन आलेखों के संपादित अंश कई अखबारों में प्रकाशित हुए हैं। अखबारों में स्थान सीमित होता है लेकिन पुस्तक में इन आलेखों को पढ़ने पर सम्पूर्ण विश्लेषण हमारे सामने प्रकट हो जाता है। जैसा कि शीर्षक से जाहिर है पुस्तक में वर्तमान समय के अंधेरों की शिनाख्त है। यह पारंपरिक अंधेरा नहीं है बल्कि राजनीति और व्यवस्था द्वारा फैलाए जा रहे प्रचार की चकाचौंध से पैदा दृष्टिहीनता है।

पुस्तक के तीन खंड हैं। पहला खंड गांधी पर केंद्रित आलेखों का है। गांधी एक दौर के प्रतीक हैं। उन्हें व्यक्ति से ज्यादा एक दौर के रूप में देखने पर ही हमें कुछ हासिल हो सकता है। आजादी के आंदोलन का जो दौर रहा है गांधी उसके प्रतीक हैं। इस माने में गांधी, नेहरू, पटेल, सुभाष, अंबेडकर, सरहदी गांधी आदि को मिलाकर ही इस दौर की चर्चा हो सकती है। इन नेताओं के अंतरविरोधों को जानकर सचेत होना सही है पर उन्हें एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करना आजादी के दौर की विरासत को कमजोर करना है। नेहरू, पटेल, अंबेडकर आदि को अलग-अलग दिशाओं में खींचकर हम कुछ प्राप्त नहीं कर सकते। रोहित कौशिक अपने आलेखों में इसी दृष्टि को जाहिर करने की कोशिश करते हैं। कुछ शक्तियों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत गांधी को लेकर अनेक भ्रान्तियां फैलाई गई है। ये आलेख एक तरफ इन भ्रान्तियों को दूर करने का काम करते हैं तो दूसरी तरफ नई पीढ़ी में गांधी को समझने की दृष्टि भी विकसित करते हैं। निश्चित रूप से इस दौर में गांधी की प्रासंगिकता और बढ़ गई है।

पुस्तक : जगमग अंधेरे में लोकतंत्र
लेखक : रोहित कौशिक
प्रकाशक : सहज प्रकाशन, मुजफ्फरनगर
मूल्य : 250 रुपये

पुस्तक के दूसरे भाग में समसामयिक विषयों पर टिप्पणियां हैं। यह पुस्तक का मुख्य खंड है। इसमें धर्म और जाति को लेकर बढ़ती कूपमंडूकता से आरंभ कर तमाम तात्कालिक मुद्दों पर प्रकाश डालने की कोशिश की गई है। इस खंड में लेखक ने आज के समय में एक लोकतांत्रिक देश के रूप में भारतीय समाज की कुछ मूलभूत समस्याओं की ओर हमारा ध्यान दिलाया है। इन समस्याओं के रहते किसी भी शासन व्यवस्था को जनहितकारी व्यवस्था नहीं माना जा सकता। जैसे अभिव्यक्ति पर अंकुश का सवाल है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसका आदर्श होता है, जिसकी ओर उसे लगातार चलते रहना होता है। इस स्वतंत्रता के बिना लोकतांत्रिक देश होने का दावा बस दिखावा रह जाता है। धर्म या जाति के नाम पर हमारे मुल्क में तमाम तरह की अभिव्यक्ति को बाधित किया जाता रहा है। पत्रकारिता की गरिमा को बचाने का सवाल भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सवाल का ही हिस्सा है। इस खंड में और भी कई महत्त्वपूर्ण विषयों को उठाया गया है जैसे फर्जी किताबों का धंधा, रैगिंग की बीमारी, लैगिंक भेदभावा आदि। किसान आन्दोलन के प्रतिरोधी स्वर को कुंद करने के लिए जिस सरकार ने किसानों को ही पंजाब का किसान और उत्तर प्रदेश का किसान जैसे खेमों में या धनी किसान और गरीब किसान के बीच बांटने की कोशिश की, वह लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। संसद के 90 फीसदी सदस्य करोड़पति हैं। यह सवाल क्यों नहीं उठता कि कोई करोड़पति बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व किस तरह कर सकता है भला ? पर यह सवाल उठाया गया कि पंजाब के किसानों का आन्दोलन वहां के समृद्ध और बड़े किसानों का आन्दोलन है। राहुल, प्रियंका, मोदी, योगी, अखिलेश, जयंत आदि की राजनीति का विश्लेषण भी है इन आलेखों में। इसके साथ मुसलमान, किसान और पत्रकारिता के लिए बुरे होते जाते इस वक्त की पहचान भी है।

पुस्तक का तीसरा भाग देश-दुनिया की कुछ शख्सियतों पर केंद्रित है। जिनमें कवियों के कवि शमशेर, अंबेडकर, भगत सिंह, ओम प्रकाश वाल्मीकि से लेकर स्टीफन हॉकिंग और विष्णु प्रभाकर तक पर केंद्रित आलेख हैं। यह देखकर खुशी हुई कि इस खंड के पहले आलेख में रोहित कौशिक ने अपने जनपद के कवि शमशेर बहादुर सिंह को याद किया है। इस खंड का दूसरा आलेख अंबेडकर पर है। रोहित कौशिक का कहना सही है कि हमें अंबेडकर की मूर्तियों पर राजनीति करने से आगे बढ़कर उनके विचारों पर बात करनी चाहिए। इसी तरह आज के युवा को भगत सिंह के आदर्शों व विचारों के आईने में खुद को देखना चाहिए। कुल मिलाकर नए पाठक के लिए पुस्तक उत्प्रेरक की तरह है। इससे गुजरकर वे आगे की विचारसरणियों में जाने को प्रेरित होंगे।

कहानी

बनफूल

अमला

-एक-

अमला को आज देखने आनेवाले हैं। पात्र का नाम है अरुण। नाम सुनते ही अमला के दिल में मानो अरुण आभा छिटक गयी। कल्पना में उसने कितनी छवियाँ ही न बना डाली। सुन्दर, सुशील, बलिष्ठ, माथे पर करीने से काढ़ी गयी मांग। कुर्ता पहने हुए- सुन्दर सुपुरुष।

अरुण का भाई वरूण उसे देखने आया। वह उसे ओट से देखकर सोचने लगी- 'मेरा देवर।'

लड़की देखना हो गया। लड़की पसन्द आयी। यह सुनकर अमला की खुशी का ठिकाना न रहा। रात उसने ढेरों सपने बुन डाले।

लेकिन शादी नही हुई- दहेज की रकम पर बात अटक गयी।

-दो-

फिर कुछ दिनों के बाद अमला को देखने आए। इस बार लड़का स्वयं आया। नाम हेमचन्द। इस बार अमला ने छिपकर ओट से देखा, बेश शान्त सुन्दर चेहरा- गोरा रंग- घुंघराले बाल- सुनहरी फ्रेम कर चश्मा- बहुत ही खूबसूरत।

फिर अमला का मन धीरे-धीरे इस नए आगन्तुक की ओर बढ़ गया।

कितनी ही बातें सोचने लगी वह।

इस बार दहेज पर तो बात बनी, लेकिन लड़की पसन्द नहीं हुई।

-तीन-

अंत में लड़की पसन्द भी हुई- दहेज पर सी बात बनी- शादी भी हुई। पात्र हैं विश्वेश्वर बाबू। मोटे काले गोल-मटोल हृष्ट-पुष्ट सज्जन, बी.ए. पास, सरकारी दफ्तर में नौकरी करते हैं।

अमला के साथ जब उनकी शुभदृष्टी हुई, तब पता नही क्यों, कैसी एक ममता से अमला का सारा हृदय भर गया। ऐसा शान्त, शिष्ट निरीह पति पाकर अमला मुग्ध हो गयी।

अमला सुखी है।

(अनुवाद : जयदीप शेखर)

अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए

■ गोपालदास 'नीरज'

अब तो मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए।
जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए।

जिसकी ख़ुशबू से महक जाय पड़ोसी का भी घर
फूल इस क़िस्म का हर सिम्त खिलाया जाए।

आग बहती है यहाँ गंगा में झेलम में भी
कोई बतलाए कहाँ जाके नहाया जाए।

प्यार का ख़ून हुआ क्यों ये समझने के लिए
हर अँधेरे को उजाले में बुलाया जाए।

मेरे दुख-दर्द का तुझ पर हो असर कुछ ऐसा
मैं रहूँ भूखा तो तुझसे भी न खाया जाए।

जिस्म दो होके भी दिल एक हों अपने ऐसे
मेरा आँसू तेरी पलकों से उठाया जाए।

गीत उन्मन है, ग़ज़ल चुप है, रूबाई है दुखी
ऐसे माहौल में 'नीरज' को बुलाया जाए।

हाना

दिखे म साग असन, उठे म बाघ असन।
दिखे में कोमल नरम अउ अंदर ले बघवा असन कड़क, कठोर मनखे बर ये हाना ल केहे जाथे।

शब्द अरथ

1. चेमरहू- चेमरहा, कड़ापन
2. चेर- आम के गुठली के ऊपर बने कवच, निंदा चुगली करने वाला
3. चेलिक- वयस्क, युवा
4. चैली- मकान आदि के निर्माण में बांस और लकड़ी बनाया हुआ सीढ़ी
5.चैन- आराम, शांति
6. चोंगरी- मछली पकड़ने के लिए बांस की सींकों से बनाया गया जाल
7. चोंगी- बीड़ी
8. चोता- पशुओं द्वारा त्यागा जाने वाला गोबर की मात्रा
9. चोभी- अंकुरण, सब्बल से जमीन में किया हुआ गड्ढा
10.चोरइया- चोरी करने वाला।

बाढ़त बाजार

बजार बहुत बाढ़ गे हावय। चारो डाहर सिरिफ बजार दिखथे। घर तो दिखबे नई करय। पहिली छोटे से हटरी सरिख बजार लगय। सब जिनिस मिलय। गांव मन म छोटे-छोटे कपड़ा के, मिठाई के, बरतन के दुकान राहय। सब खरीदारी हो जाये। गांव के बजार म साग-भाजी अउ पूजा के समान तक मिल जाये। कस्बा म घलो वइसने रहिस हे। सब जिनिस मिल जाये फेर दुकान मन म थोरिक रौनक राहय।

शहर म तो बहुत रौनक राहय फेर कस्बा ले बड़े शहर रहिस हे। कुछ फैंसी अउ उपराहा जिनिस घलो मिल जाये। कुम्हार घर के दीया आ जाय अउ बजार ले कपसा। सियान मन बाती बना-बना के रखयं घलो अउ दूसरो बर बना देवयं।

धीरे-धीरे ये बजार ह बस्ती ऊपर कब्जा करना शुरु कर दिस। अब तो मोहल्ला-मोहल्ला म दुकान खुले ले लगगे। शहर के दायरा बाढ़े ले लगगे। धीरे-धीरे आज ये होगे हावय के बस्ती के बस्ती बजार बनगे हावय। बाहिर म दुकान अउ भीतरी म घर। रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, बलौदाबाजार सब जगह के बजार के भीतरी म घर हावय। अब हर जिनिस के दुकान खुलगे हावय। अब बड़े-बड़े मिठाई के दुकान, कपड़ा के दुकान, बरतन के दुकान, लोहा, जरमन, कांच सबके अलग-अलग दुकान खुलगे हावय। एक नहीं लाइन से कई ठन दुकान हावय। अब तो शहर म देवारी के समय म धान के बाली,मोर पंख तो मिलबे करथे। आमा, पान, दूबी अउ करिया माटी घलो मिलथे। पोनी, लाई, कमल के फूल तो मिलबे करय।

आज एक नवा बात दिखथे के दूसर राज्य के देखा देखी इहां पूजा के जिनिस बदलत हावय। बाबा मन के तरह-तरह के टोटका ल आजमाये जाथे। बजार ह सब टोटका ले भी भरे हावय। सजावट के समान घलो मिलथे। आजकल कलकत्ता ले डिजाइनर दीया घलो मिलथे। हमर कुम्हार मन के दीया ह सिरिफ कुछ जगह में ही मिलथे। अब तो दुकान अउ मॉल में भी डिजाइनर दीया मिलथे। अच्छा डिजाइन अउ रंगीन होय के कारण सबके ध्यान जाथे। दस रुपिया के एक ठन दीया मिल जथे।

अब तो घानी के तेल या कोवा तेल के दीया कोनो नई बारय। सब समझदार होगे हावंय अउ बजार म पइसा घलो हावय। बने बनाये बत्ती मिलथे। सब पूजा के समान पैक हो के मिल जथे। बजार म अइसना कोनो जिनिस नइये जेन नइ मिलय। जब माटी बेचावत हावय तक अउ कखरो बात नइ करना चाही। कपड़ा, बरतन, जेवर, इलेक्ट्रॉनिकस के दुकान छाये हावय। अब बजार ज्यादा अउ बस्ती के घर कमती होगे हावय। कालोनी मन म घलो दुकान खुलगे हावय। एक मेला लगथे। हाथकरघा के तो पूरा भारत एक जगह म आ जथे। कोन से समान नइ मिलय। हर जगह के फूल, चीनी मिट्टी के बरतन, काश्मीर के कपड़ा ले लेके दक्षिण के पोचमपल्ली तक मिल जथे। रंगोली पहिली तिहार के बेरा म मिलय अब तो बारहों महिना मिल जाथे। अब बड़े-बड़े ठप्पा आगे हावय गोल-गोल डिजाइन दस मिनट म बना ले।

आज जरुरत हे त पइसा के, बस नोट ले के जावव अउ चाऊंर पिसान ले लेके दूबी तक खरीद के ले आवव। पूरा दुनिया मुट्ठी म आगे हावय।

सुधा वर्मा

संदर्भ 21वीं सदी

छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य म नवाचार

नवाचार के विषय म आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के विचार एकदम सटीक अउ विषयानुरूप हे- बुद्धिमान आदमी अपन एक पैर म खड़े रहिथे अउ दूसर ले चलथे। खड़े पैर परम्परा हे अउ चलत पैर आधुनिकता। आघू बढ़ना हे त एक पैर ला खड़े रखनाच्च परही। एही आधुनिकता नवाचार हे। ये संदर्भ म एक खाना पकईया अनपढ़ महिला के अपन गोसाईन करा गोठ-बात के उदाहरण देना प्रासंगिक होही। ओहा का बोलत हे तेला देखव अउ गुनव-

मोर लइका ह यू ट्यूब अउ गूगल म सर्च करके पिक्चर ला निकाल लेथे दीदी! मैं तो मोबाईल म ए पिक्चर ला देख डरे हंव।

दाई तो पढ़े-लिखे नि हे, फेर अपन लइका ले सीखे शब्द- यू-ट्यूब, गूगल, सर्च, पिक्चर, मोबाईल मन-ला बउरत हे। लइका आधुनिकता के प्रतीक हे अउ दाई परम्परा के। आधुनिकता अउ परम्परा के कतका अद्भुत समन्वय होथे एला ए उदाहरण ले समझे जा सकत हे। अवइया बेरा म हमर लइका मन जौन शब्द ला लेके छत्तीसगढ़ी बोलहीं, वोही हमर मातृभाषा होही-वोही छत्तीसगढ़ी होही। अगर हमन शब्द ला बिगाड़ के लिखबो, जैसे- सरच, मुबाईल, कम्पोटर, परधानमंतरी (प्रधानमंत्री), रास्टरपति (राष्ट्रपति) आदि। त ओला हिन्दी अउ अंग्रेज़ी स्कूल म पढ़ईया नवा पीढ़ी के लइका का स्वीकार कर पाही? हिन्दी,अंग्रेज़ी अउ आन भाषा के जनोपयोगी शब्द मन के टांग तोड़ के छत्तीसगढ़ीकरण करे के उदिम छत्तीसगढ़ी भाषा के सत्यानाश करत हे। छत्तीसगढ़ी म अपभ्रंश लेखन नासूर के घाव बन गेहे। एला यदि नि छोड़बो त छत्तीसगढ़ी भाषा संकट म पर जाही- ओहा खतम हो जाही। छत्तीसगढ़ी भाषा ही नंदा जाही त ओमे का खाक नवाचार करबो?

सन् 2015 म एक स्थानीय अखबार के साप्ताहिक छत्तीसगढ़ी पृष्ठ म एक आलेख छपे रहिस, ओकर केवल दू लाइन ला देखव-

'रायगर के नगर निगम म सरपरथम नागरीक के रउप मधु किन्नर ह बहुमत ले जीते हावय अब छत्तीसगढ म नवा इतहास बना दारीस। जोन हर ये सिदध करत हावय की...'

उपर के वाक्य के कुल 29 शब्द म 7 अपभ्रंश शब्द! अइसने लिखे म का नवा पीढ़ी के लइका ओला पढ़ पाही या स्वीकार कर पाही? वास्तव म ए वाक्य ला ए तरा लिखना रिहिस-

'रायगढ़ के नगर-निगम म सर्वप्रथम नागरिक के रूप म मधु किन्नर ह बहुमत ले जीत के अब छत्तीसगढ़ म नवा इतिहास बना दारिस, जौन हर ए सिद्ध करत हावय कि ...'

भाषा अउ मंदिर के कपाट ला कभू भी बन्द नि रखना चाही। ओकर खुला रहना श्रेयकर अउ समृद्धकर होथे। आन भाषा के आगत शब्द मन-ला या तकनीकी शब्द मन-ला, संज्ञा शब्द ला यथारूप ही लेना चाही। जैसे-

अंग्रेजी- डाक्टर, कम्पाउन्डर, स्वेटर, स्कूटर, नर्स।
अरबी- अमीर, गरीब, किस्सा, कुर्सी, किताब।
पश्तो- पटाखा, तहस-नहस, गटागट, गड़बड़, हड़बड़ी।
फारसी- कबूतर, कुश्ती, खरगोश, चश्मा, चरखा, दुकान, पलंग, मुर्गा।
संज्ञा- सरस्वती, लक्ष्मी, दुर्गा, प्रधानमंत्री, शर्मा, वर्मा, शुक्ल, राजभाषा आयोग।

> जेन मन ला अभी छत्तीसगढ़ी के पढ़इया-गुनइया मन बिलकुल भी तबज्जो नि देवत हें! अपभ्रंश लेखन बाबत पं नंदकिशोर तिवारी जी के मंतब्य इहां बिलकुल सही बइठत हे कि अपभ्रंश लेखन अल्पजीवी होथे अउ सड़े-गले के बाद एही ह दीर्घजीवी साहित्य के खातू-माटी बनथे। वस्तुतः छत्तीसगढ़ी साहित्य म अपभ्रंश लेखन के बढ़वार के एक कारण छत्तीसगढ़ी लेखन म देवनागरी के 13 वर्ण के बहिष्कार घलो रहिस।

22 जुलाई 2018 के दिन ह छत्तीसगढ़ी भाषा के लेखन बर टर्निंग प्वाइंट कहे जा सकत हे। एही दिन छत्तीसगढ़ी के विशेषज्ञ विद्वान मन के उपस्थित म छत्तीसगढ़ी के मानकीकरण बर बिलासपुर म आयोजित छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के प्रांतीय संगोष्ठी म गहन विचार-विमर्श के बाद भाषाविद् डॉ चित्तरंजन कर एक ठिन प्रस्ताव रखिस-

'छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा 11 जुलाई 2008 के अधिसूचित राजभाषा (संशोधन) अधिनियम 2007 (धारा 2) के संशोधन के अनुरूप छत्तीसगढ़ी भाषा के मानकीकरण बर देवनागरी लिपि (ओखर 52 वर्ण मन) ल यथा-रूप अंगीकृत किये जाही जेला केन्द्र सरकार ह हिन्दी भाषा बर अंगीकृत करे हे।'

उक्त संगोष्ठी म तत्कालीन अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक, सचिव डॉ सुरेन्द्र दुबे, भाषाविद् डॉ चित्तरंजन कर, डॉ विजय कुमार सिन्हा, डॉ सोमनाथ यादव, डॉ बलदाऊ प्रसाद निर्मलकर, डॉ विनोद कुमार वर्मा, अरुण कुमार निगम, डॉ शैल चन्द्रा, सरला शर्मा, शकुन्तला शर्मा मन अपन शोध आलेख पढ़िन। संगोष्ठी के संयोजक डॉ विनोद कुमार वर्मा रिहिन। संगोष्ठी म छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचल ले आय शताधिक साहित्यकार मन भाग लिन अउ देवनागरी के 52 वर्ण के स्वीकार्यता बाबत अपन सहमति प्रदान करिन। संगोष्ठी के पांच बरस बाद अंततोगत्वा ए संगोष्ठी के व्याख्यान अउ प्रस्ताव ला 'छत्तीसगढ़ी के मानकीकरण : मार्गदर्शिका' ग्रंथ के रूप म छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ह प्रकाशित करिस अउ 28 नवंबर 2022 के विमोचन करिस। ए ग्रंथ के संपादन व्याकरणविद् डॉ विनोद कुमार वर्मा करिन। छत्तीसगढ़ी भाषा म नवाचार के दिशा म ए संगोष्ठी ह मील के पत्थर साबित होही। वास्तव म छत्तीसगढ़ी म अपभ्रंश लेखन नवाचार म सबले बड़े बाधा रिहिस, जेन-हर 21वीं सदी के तीसरा दशक आत-आत अब लगभग खतम हो गय हे या 5-10 प्रतिशत साहित्यकार मन ही अभी अपभ्रंश भाषा के प्रयोग करत हें, जेन मन ला अभी छत्तीसगढ़ी के पढ़इया-गुनइया मन बिलकुल भी तबज्जो नि देवत हें! अपभ्रंश लेखन बाबत पं नंदकिशोर तिवारी जी के मंतब्य इहां बिलकुल सही बइठत हे कि अपभ्रंश लेखन अल्पजीवी होथे अउ सड़े-गले के बाद एही ह दीर्घजीवी साहित्य के खातू-माटी बनथे। वस्तुत: छत्तीसगढ़ी साहित्य म अपभ्रंश लेखन के बढ़वार के एक कारण छत्तीसगढ़ी लेखन म देवनागरी के 13 वर्ण के बहिष्कार घलो रहिस। 21 वीं सदी के तीसरा दशक आत-आत अब लेखक अउ कवि मन देवनागरी के हिन्दी बर अंगीकृत पूरा 52 वर्ण के प्रयोग छत्तीसगढ़ी लेखन म करत हें अउ हिन्दी के छत्तीसगढ़ीकरण करे के उदिम बिलकुल भी नि करत हें।

छत्तीसगढ़ी भाषा म नवाचार के दिशा म काम करइया अखबार, आकाशवाणी, वाट्सएप समूह,साहित्यकार आदि मन के सूत्र रूप म जानकारी देवत हौं-

अखबार- अभी वर्तमान म चार हिन्दी अखबार मन सप्ताह म एक दिन, एक पृष्ठ म छत्तीसगढ़ी साहित्य ला छापत हें। सुधा वर्मा द्वारा संपादित मड़ई (देशबन्धु), डॉ एस एस ध्रुव द्वारा संपादित झाँपी (लोकसदन)अउ डॉ दीनदयाल साहू द्वारा संपादित चौपाल (हरिभूमि) छत्तीसगढ़ी साहित्य म नवाचार ला बढ़ावा देवत हें, देवनागरी लिपि के 52 वर्ण के प्रयोग करत हें अउ अपभ्रंश छत्तीसगढ़ी साहित्य के प्रकाशन नि करत हें, जबकि एक अखबार अपभ्रंश लेखन ला अभी भी बढ़ावा देवत हे।

आकाशवाणी- नवाचार के दिशा म आकाशवाणी के भूमिका नमनीय हे। रायपुर आकाशवाणी के 'मोर भुइयां' (संपादक- श्याम वर्मा), आकाशवाणी बिलासपुर के 'भुइयां के बोली' (संपादक- महेन्द्र साहू), छत्तीसगढ़ी समाचार, छत्तीसगढी लोकगीत आदि के माध्यम ले छत्तीसगढी साहित्य म नवाचार ल बढ़ावा देवत हें।

छत्तीसगढ़ी लोकाक्षर वाट्सएप समूह- ये समूह 15 जून 2020 के भाषाविद् डॉ सुधीर शर्मा द्वारा बनाये गइस। समूह म अभी 213 साहित्यकार मन जुड़े हें। समूह म निरंतर नवाचार लेखन के काम होवत हे अउ गद्य के संग पद्य साहित्य के कोठी हा निरंतर भरत हे। समूह के एडमिन साहित्यकार अरुण कुमार निगम हें। ये समूह लेखन म छत्तीसगढ़ी के 52 वर्ण के प्रयोग करत हे। एक तरह से कहि सकत हन कि छत्तीसगढ़ी साहित्य म नवाचार ला बढ़ावा देहे के सबसे जादा काम एही समूह करत हे। समूह ले जुड़े साहित्यकार मन विषयानुरूप स्वतंत्र रूप-से लेखन करथें। समूह म शामिल होय के कोई सदस्यता शुल्क नि हे।

विमर्श के साथ प्रकाशित साहित्य- वसन्ती वर्मा कृत काव्य संग्रह 'मोर अंगना के फूल' (2012) विमर्श के साथ प्रकाशित छत्तीसगढी काव्य संग्रह के प्रथम कृति माने गे हे। ये काव्य संग्रह के विमर्श लेखक डॉ विनोद कुमार वर्मा हें।

संप्रति, छत्तीसगढ़ी साहित्य म नवाचार के दिशा म अनेक साहित्यकार मन के योगदान अप्रतिम हे, जेमा सुधा वर्मा, डॉ सत्यभामा आडिल, सरला शर्मा, शकुन्तला शर्मा, सुशील भोले, डॉ परदेशीराम वर्मा, अरुण कुमार निगम, चोवाराम वर्मा बादल, रामनाथ साहू सहित शताधिक साहित्यकार शामिल हें। सबो के उल्लेख करना इहाँ संभव नि हे।

-डॉ विनोद कुमार वर्मा
व्याकरणविद्,कहानीकार, समीक्षक
बिलासपुर

गोंदली के ज्ञान

> **गोंदली किथे- तुमला सुरता कराय बर हाथ जोर के कहत निकले हवं के अइसने कहवइया हाथ जोरे-जोरे तुंहर तिर लुहुर-टुपुर करत अवइया हे। तुम समझ लव इही मनखे मन तुंहर आंखी म आँसू लनइया आय। में पूछेंव- त लुकाये काबर रेहे? गोंदली किथे- चुनाव घोषणा के पाछू जनता तिर ओधियइया अऊ चार बछर तक लुकाय मनखे के सुरता कराय बर। लुका-छुपी देखावत रेहेंव।**

बहुत दिन पाछू एक झन संगवारी मोर घर आय रिहिस। मेंहा ओकर स्वागत म भजिया बनाय बर केहेंव। मोर सुवारी हा बाबू ला बलावत गोंदली ल हेरे बर किहिस... ओकर आंखी डहर ले पल पल पल आंसू गिरे लगिस। मोर संगवारी ला बड़ अचरज लगिस। ओहा पूछिस- गोंदली ला धरे घला नियस भऊजी तभो ले तोर आँखी डहर ले आँसू झरे लगिस। काटबे त का होही? मोर बाई कुछु कहितिस तेकर पहिली एक ठन गोंदली हा उही तिर ढुलत-ढुलत पहुंचगे। ओ जइसे अइस सबो के आँखी डहर ले पानी कस आँसू बोहाय लगिस। सबो ला बड़ अचरज होइस।

मेंहा गोदली ला धरे के प्रयास करेंव। गोदली मोर हाथ म नइ धरइस। धूरियाये लगिस गोंदली ले बोले के आवाज अइस- नानुक आदमी होके मोला धरथस रे, तोर औकात हे का...? गोंदली के गोठ सुन सन खा के पटवा म दत गेन। गोंदली कहत रहय- मोर नाव लेय म अऊ तिर म आय म आँसू आवत हे, मोला धर सकहू कहिथस। सकबे रे तेमा? मोर संगवारी हा मोर तनि अलकरहा निहारिस अऊ मोर बाई ला केहे लगिस- तोर भजिया मजिया ला रहन दे भऊजी। चहा पिया तहन चल देहूं।

ओकर जाय के पाछू खटिया तरी म लुकाये गोंदली ला पटक-पटक के मारे बर ठेठवारी लऊठी ला धर के खुसर गेंव। गोंदली के मुख ले निकलिस- मोला तैं काबर मारहूं सोंचत हस बाबू? मय तोर काय बिगाड़े हंव? तोला अऊ कभु रोवाये हंव का तेमा? जब चुनाव आथे तभे मेंहा तुंहर कस गरीब ला रोवाथंव। जे बछर चुनाव नइ रहय ते बखत एको बेर सुने हस का? के गोंदली रोवावत हे जनता ला? में मुड़ी डोलायेंव अऊ गोंदली के बात सुने लगेंव। गोंदली किहिस -चुनाव पइत रोवा के तूमन ला ताकीद करथंव के अवइया पांच बछर तक सरलग रोवइया तुंहर दुवारी म खड़े हे, बहुत सोंच विचार के हाथ लगावव। भलुक मोर बात ला तुमन नइ समझव । फेर में अपन करतब ला पूरा करे बर नइ छोड़वं । ओकर बात सुन मोर हाथ ले लऊठी छुटगे।

गोंदली हा हाथ जोरत बाहिर निकलिस। में हाँसेंव। गोंदली किथे- जनम भर तुंहर दुख ला पहिचान नइ सकेंव अब जान डरेंव। तुंहर सरी दुख ला हरे बर बाहिर निकले हंव। तुम काबर हाँसेंव? में केहेंव- नइ हाँसत हवं गो। तैं हाथ काबर जोरे हस सोंच हाँसी आगे। तोला चुनाव थोरेन लड़ना हे तेमा? अइसन कहत हस गोंदली किथे- तुमला सुरता कराय बर हाथ जोर के कहत निकले हवं के अइसने कहवइया हाथ जोरे-जोरे तुंहर तिर लुहुर-टुपुर करत अवइया हे। तुम समझ लव इही मनखे मन तुंहर आंखी म आँसू लनइया आय। में पूछेंव- त लुकाये काबर रेहे? गोंदली किथे- चुनाव घोषणा के पाछू जनता तिर ओधियइया अऊ चार बछर तक लुकाय मनखे के सुरता कराय बर। लुका-छुपी देखावत रेहेंव।

मोला गोंदली के उपर भाग म आन फोकला दिखिस। मोर बाई ला आन। बेटा ला आन त बेटी ला अऊ आन। पूछे बर अपन मुंह उलातेंव तेकर पहिली ओ खुदे केहे लगिस - मोरे छिलका (फोकला) कस उही मनखे मन के थोथना (चेहरा) परत दर परत निकलथे। सब ला अलग-अलग रंग देखाथे त अलग-अलग दिखबे करही । तुम ला अऊ कतेक सुरता देवाववं?

दसना ले उचेंव तब समझेंव अऊ जानेंव बाप रे गोंदली तिर अतेक अक्कल हमन ला कब आही?

हरिशंकर गजानंद देवांगन छुरा

लबरा नेता

एक पंचवरसी सपुरा होवईया रिहिसे, दूसरइया पंचवर्सी बर चुनई के तइयारी जबर जोर शोर ले चले के चालू होगे। सबो दल के नेता मन अपन अपन डाहर ले जबर चुनाव प्रचार के कारेकरम चलात हे। नेता मन घर-घर जाके पाँव परके अपन बर वोट मांगत हे। वइसने एकठन बड़का जबर गांव म तको चुनई के जबर माहौल हे। गांव ह बड़े जबर हे फेर विकास ह कुछु नई होहे। गली-गली म खंभा तो आगे हे फेर लाइट नई लगे हे। मुंधियार जइसे ही होथे गली मोहल्ला म अंधियार-अंधियार हो जाथे। गांव म गली तो हावय फेर सीसी रोड नई बने हावय। पीये के पानी बर तको इंहा के निवासी मन ला अब्बड़ जद्दोजहद करेबर पड़थे। ए दारी सबो गांव के मन एकदम सुनता होके निरनय लिस हावय कि जेन नेता ह हमर गांव के विकास बर बुता करही, गली मोहल्ला म सीसी रोड, बिजली के बेवस्था, अउ पानी के बेवस्था बर बुता करही उही नेता बर हमर गांव के सबो वोट ह ओकरे कर जाही। गाँव ह बड़े जबर हावय त विधायक बने बर ए गाँव के वोट ह अड़बड़ मायने रखथे। जतेक भी दल के नेता मन सबो घोसना ऊपर गोसना करे के चालू होगे। कोनो ह घोसना रखे हे कि हमर सरकार बनही त ए गांव के सबो कमी मन ल दूर करबोन, विकास करबोन कहिके। कोनो घोसना करत हे कि हमर सरकार बनही त सड़क बनाबो, पानी के टनकी कि गली गली म लगावाबो। गाँव वाला मन बने सुनता लगाके सबो झन के घोसना मन ला मद्देनजर रखत एक दल के नेता ल अपन सबो वोट ल देबोन कहिके निरनय ल लिस। चुनाव के पहिली दिन ओ नेता ह गांव भर म कुकरी, दारू बंटवइसे, पइसा तको बंटवइस। चुनई होगे। चुनई के परिनाम ह निकलिस अउ ओ नेता ह जबर बड़का वोट ले जीत गे गांव म तको जबर खुशी के माहौल बनगे सबो के मुंहू ले अब एकेच गोठ निकलत हे अब हमर गांव के विकास होही कहिके। दिन ह बाढ़त गिस, महीना -दू महीना, साल दू-तीन साल निकलगे फेर ओ नेता ह ओ गांव म आबेच नई करीस। गांव वाला मन जब ले ओहा चुनाव जीते हे तब ओकर परछाई ल गांव म नई पाय हे। गांव के मुखिया मन विधायक कर मिले बर जाथे त ओकर चेला चंगुरी मन मिलबे नई देवय। अब सबो गांव वाला मन विधायक ल अड़बड़ भला-बुरा सुनावत हे। विधायक बने के बाद ओ नेता ह जे जबान ल दे रिहिसे ओ जबान ल नई रखिसे। गांव के मन जेन विस्वास के साथ ओ नेता ल वोट दे रिहिसे गांव के विकास बर, आज उही नेता ह जबर छल बाज निकलिस। आज गांव के सबो मनखे के मुंह ले एकेच गोठ निकलत हे कि जेन नेता ल हमन गांव के बिकास करही कहीके चुनाव म जितवाए रहेन ओ नेता ह जबर लबरा नेता निकल गे। लबारी मार के विधायक बनगे, वाह रे लबरा नेता।

> **गांव ह बड़े जबर हे फेर विकास ह कुछु नई होहे। गली-गली म खंभा तो आगे हे फेर लाइट नई लगे हे। मुंधियार जइसे ही होथे गली मोहल्ला म अंधियार-अंधियार हो जाथे। गांव म गली तो हावय फेर सीसी रोड नई बने हावय। पीये के पानी बर तको इंहा के निवासी मन ला अब्बड़ जद्दोजहद करेबर पड़थे। ए दारी सबो गांव के मन एकदम सुनता होके निरनय लिस हावय कि जेन नेता ह हमर गांव के विकास बर बुता करही, उही ल वोट देके जिताय बर हे।**

गनेश्वर पटेल,
ग्राम पोटियाडीह जिला धमतरी

मतदान के पहिली

मतदान के पहिली , मतदाता मन बिचारव ।
खुरसी के किरवा मन ,
बैरी मुड़ पिरवा मन ।
लुटलुटावथें कुकुर असन ,
जहरीला बिरवा मन।
चिन्ह के, जान के, वोट अपन डारव।
मतदान के पहिली, मतदाता मन बिचारव।
उप्पर ले सुघ्घर बाजर,
भीतर ले फोंकला।
मिठलबरा एक नम्बरी,
जनम के दोगला।
पहिचान के चेत के, अइसन ला दुतकारव।
मतदान के पहिली, मतदाता मन बिचारव ।।
समझ ले हें ये मन,
खुरसी ला पुरखौती।
किड़किड़ ले पोटारे हाबंय,
जइसे इंखरेच बपौती।
गजब धोका खायेन, अब झन जोहारव।
मतदान के पहिली, मतदाता मन बिचारव ।।
भुरियार के वोट पाहीं,
तहन हमीला ठेंगवा चटाहीं।
हक ला हमर मार के,
एकउहा हबर के लतियाहीं।
सुभाव इंकर जान के, हित अपन निहारव ।।
मतदान के पहिली, मतदाता मन बिचारव ।।
शहर के न गांव के ,
फर के न छांव के।
ढिंढोरा पिटवावत रहिथे,
फकत अपन नाव के।
खजूर के रुख ला, जरमूल ले उखाड़व।
मतदान के पहिली, मतदाता मन बिचारव ।।
दुबिधा म झन परव,
ये मन हे चिन्हौटा।
बेरा बेरा म बदलत रहिथे,
रंग रंग के मुखौटा।
परजातंत्र भारत के, भाग ला सुधारव।
मतदान के पहिली, मतदाता मन बिचारव ।।

गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा

मया तोला करथव

तोर नांव के गोदना गोदाएवं
मोर मया के चिंन्हारी बर
अब्बढ़ मया तोला करथवं
मया पिरित के फुलवारी बर
कभू मोर ले तैंय
गोठिया बतरा ले कर
भेंट मिले के बहाना
फुलवारी म आय कर
फूलत रहय मया के तरिया म
रद्दा बाट जोहत रइहूं
आमा बगीचा के बगिया म!!

सोनु नेताम माया,रुद्री नवागांव धमतरी

जर्मन के फ्रैंकफर्ट में फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शन

फ्रैंकफर्ट। जर्मनी के फ्रैंकपर्ट एम मेन शहर में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शन में पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया और कुछ प्रदर्शनकारियों से नाजी प्रतीकों को जब्त कर लिया गया है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार गाजा पट्टी में युद्धविराम के नारे लगाते हुए रैली कल दोपहर में शुरू हुई और शाम सात बजे के बाद समाप्त हुई। रैली में 850 लोग शामिल थे। जिनमें से पुलिस ने नौ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और कुछ प्रदर्शनकारियों के हाथों में नाजी और इजरायल विरोधी पोस्टर देखे गए और उन्हें जब्त कर लिया गया।

हमास ने एम्बुलेंस में छिपाकर अपने लड़ाकों को मिस्त्र भेजने की कोशिश की थी

■ हमास ने गंभीर रूप से घायलों की सूची तैयार की थी

तेल अवीव, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। बाइडेन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोप लगाया है कि हमास ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपने लड़ाकों को उन एंबुलेंसों में छिपाकर गाजा से बाहर निकालने की कोशिश की जो दर्जनों घायल फिलिस्तीनियों को मिस्त्र ले जा रहे थे।टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने उन गंभीर रूप से घायलों की एक सूची तैयार की थी जिन्हें वह मिस्त्र में इलाज के लिए गाजा से निकालना चाहता था, साथ ही उन हजारों विदेशी नागरिकों की भी जो गाजा से भागने की फिराक में थे। प्रशासन के अधिकारी ने कहा कि सूची की मिस्त्र और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा जांच की गई, जिसमें पाया गया कि इसमें एक-तिहाई नाम हमास लड़ाकों के थे। उन्होंने कहा कि सूची को खारिज कर दिया गया। अंततः जिन 76 घायल फिलिस्तीनियों को गाजा से एंबुलेंस में बाहर निकला गया, उनमें हमास समूह का एक भी सदस्य नहीं था।इस बीच, दो वरिष्ठ इज़रायली अधिकारियों ने द टाइम्स ऑफ़ इज़रायल को बताया कि इज़रायली निरीक्षकों को इस सप्ताह की शुरुआत में गाजा में कई ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मिले जो सशस्त्र समूहों द्वारा संचालित सुरंगों में ऑक्सीजन की आपूर्ति बनाये रखने के लिए इस्तेमाल किये जा रहे थे। टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, इजरायली के वरिष्ठ अधिकारियों में से एक ने कहा, ये अस्पतालों में उपयोग के लिए नहीं थे, बल्कि उनके नीचे थे। इसीलिए उन्हें कुकीज़ के बक्सों के बीच तस्करी कर लाया गया था। उन्होंने कहा कि पूरे ट्रक में ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर पाए गए थे। उन्हें गाजा में प्रवेश करने से रोक दिया गया।

आईडीएफ ने हमास की कई सुरंगों को नष्ट किया

कई आतंकियों को मार गिराया

तेल अवीव, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी समूह की कई भूमिगत सुरंगों को नष्ट कर दिया है और कई आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को कहा कि आईडीएफ डिवीजन कमांड 460 ने कई भूमिगत सुरंगों को नष्ट कर दिया। यूनिट के बख्तरबंद कोर और इंटेलिजेंस के साथ आगे बढ़कर हमास के आतंकवादियों को मार गिराया। आईडीएफ ने यह भी कहा कि यूनिट पर सुरंग के प्रवेश द्वारों से कई बार हमला किया गया था। चूंकि उसके पास उचित और केंद्रित खुफिया जानकारी थी, इसलिए वह सुरंगों को नष्ट कर सकता था और कई आतंकवादियों को मार सकता था। डिवीजन के सैनिकों ने उत्तरी गाजा में 15 हमास आतंकवादियों का सामना किया। आईडीएफ के गाजा डिवीजन द्वारा आतंकवादियों की इमारत की मैपिंग की गई और इसने हमास के कई हथियारों को नष्ट कर दिया। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि आईडीएफ अपनी योजनाओं के अनुसार आगे बढ़ रहा है और गाजा शहर लगभग आईडीएफ सैनिकों और टैंकों से घिरा हुआ है।

तुर्की ने इजराइल से अपने राजदूत को वापस बुलाया

तेल अवीव। इजरायल द्वारा युद्धविराम से इनकार करने और गाजा को मानवीय सहायता रोकने के बाद तुर्की के विदेश मंत्रालय ने परामर्श के लिए इजरायल से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला किया है। इजराइल पहले ही तुर्की से अपने राजदूत को वापस बुला चुका है। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने कहा, इज़राइल में तुर्की के राजदूत साकिर ओज़कान टोरुनलर को वापस बुला लिया गया। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि वह हमास के खिलाफ कार्रवाई के कारण प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से संपर्क तोड़ रहे हैं। एर्दोगन ने 7 अक्टूबर के हमास हमले का बचाव करते हुए कहा है कि हमास एक मुक्ति समूह है। उस हमले के बाद से इज़राइल ने तुर्की और अन्य क्षेत्रीय देशों से सभी राजनयिकों को वापस बुला लिया है।

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 5 नवम्बर, 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 7

राशिफल

मेष - आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।



वृषभ - आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे। इससे आपका मन द्रवित हो उठेगा। दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। आप कल्पना शक्ति से रचनात्मक काम कर सकेंगे।

मिथुन - आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आप को पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है। लेकिन बाद में आप आसानी से काम पूरा कर सकेंगे।

कर्क - आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

सिंह - आज आपको कोर्ट- कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा, ऐसे में आप उसके प्रवाह में आकर कोई अनैतिक काम न करें, इसका ख्याल रखें।

कन्या - आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आपको लाभ होगा। मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा।

तुला - आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

वृश्चिक - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी। अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा।

धनु - आज आपको खाने-पीने में खास ध्यान रखने की जरूरत है। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा। काम समय से पूरा नहीं होगा। काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें।

मकर - आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। दलाली, कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी। इससे आपका आर्थिक स्तर मजबूत बनेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

कुंभ - वर्तमान समय में आपको कई कामों में सफलता मिलेगी। यश-कीर्ति प्राप्त होगी। आज आपके स्वभाव में ज्यादा भावुकता रहेगी। महिलाओं को मायके की ओर से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। घर में खुशी का माहौल होगा।

मीन - आज आपकी सृजनशक्ति में अधिक निखार आएगा। कल्पनाशक्ति के कारण आज आप साहित्य में ज्यादा रुचि लेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय बहुत अनुकूल है। स्वभाव में भावुकता रहेगी। माता-पिता के साथ संबंध सामान्य बने रहेंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1556 - पानीपत के दूसरे युद्ध में मुग़ल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
1630 - स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
1678 - जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर कब्जा जमाया।
1811 - स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
1854 - क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
1870 - महान स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का जन्म हुआ।
1914 - इंग्लैंड और फ्रांस ने तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
1920 - इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना।
1930 - अमेरिका के महान साहित्यकार सिन्क्लेयर लेविस को उनकी कृति बाबित्त के लिए साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
1950 - ध्रुपद तथा खयाल गायन शैली के श्रेष्ठतम गायक फैयाज खां का निधन हुआ।
1951 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1976 - सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1985 - तंजानिया के राष्ट्रपति जूलियस न्येरेरे ने 24 वर्ष तक शासन करने के बाद पद छोड़ा।
1995 - इजरायल के प्रधानमंत्री यित्जाक रॉबिन की गोली मारकर हत्या।
1999 - वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज़ मैल्कम मार्शल का निधन हुआ।
2001 - भारत तथा रूस ने अफगानिस्तान सरकार में तालिबान की भागीदारी नामंजूर की।
2002 - ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी ने जेल में बंद देश के शीर्ष असंतुष्ट नेता अब्दुल्ला नूरी को माफी दी।
2006 - इराक के उच्चाधिकार न्यायाधिकरण ने देश के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मानवता के ख़िलाफ़ अपराध का दोषी पाते हुए फांसी की सज़ा सुनाई।

यूएनजीए प्रस्ताव के खिलाफ कनाडा के वोट से रूस चिंतित

संयुक्त राष्ट्र, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। नाजीवाद के महिमामंडन के खिलाफ वकालत करने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के प्रस्ताव को कनाडा द्वारा अस्वीकार किए जाने से रूस चिंतित है। कनाडा में रूसी दूतावास ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर यह कहा। दूतावास ने पोस्ट किया, हमें इस बात की बेहद चिंता है कि दशकों से लगातार कनाडाई मंत्रिमंडल नाज़ी गुर्गों, यारोस्लाव हुंका को शरण दे रहे हैं और कनाडा उनकी स्मृति की प्रशंसा करना जारी रखे हुए है। दूतावास ने कहा कि इस तरह के कृत्यों से ट्रूडो शासन नूर्नबर्ग ट्रिब्यूनल के फैसलों सहित अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा है।

पाकिस्तान में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में नौ आतंकवादी ढेर

एयरबेस पर आतंकवादी हमले को नाकाम

इस्लामाबाद, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को देश के पूर्वी पंजाब प्रांत के मियांवाली जिले में एक एयरबेस पर आतंकवादी हमले को नाकाम कर दिया और नौ आतंकवादियों को मार गिराया।सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि हमलावरों ने शनिवार सुबह तड़के एयरबेस पर हमला किया और उनमें से तीन को एयरबेस में प्रवेश करने से पहले ही मार डाला गया, जबकि शेष छह को इमारत के अंदर घेरने के बाद मार गिराया गया। सेना ने कहा कि आज सुबह बेस पर हुए कायरतापूर्ण और असफल आतंकवादी हमले के बाद आसपास के क्षेत्र में किसी भी संभावित खतरे को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा अभियान शुरू किया गया है। आईएसपीआर ने कहा कि पाकिस्तान वायु सेना की किसी भी कार्यात्मक या परिचालन संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हमले के दौरान पहले से ही चरणबद्ध तरीके से बाहर किए गए तीन गैर-परिचालन विमानों को केवल कुछ नुकसान हुआ है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

देश की 80 करोड़ गरीब जनता को...

अब नहीं सहिबों बदलके रहिबो। श्री मोदी ने बहुचर्चित महादेव एप के घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि यहां तक कि इन्होंने महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा। रूपयों का ढेर जांच एजेंसियों को मिल रहा है। यह जुएं व सट्टे का पैसा छत्तीसगढ़ के गरीबों को लूटकर जमा किया गया है। उन्होंने कहा कि अब तो ये लोग धमकी देने पर उतर आये है। ये धमकियां किसको दे रहे है, जनता सब कुछ जानती है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का स्तर इतना गिर गया है कि वे अब सुरक्षा व जांच एजेंसियों पर भी आरोप लगाने लगे है। प्रधानमंत्री ने प्रदेश सरकार पर उलट प्रहार करते हुए कहा कि धमका किसको रहे हो। यह मोदी किसी से डरता नहीं है। भ्रष्टाचारियों का हिसाब करने के लिये ही जनता ने मोदी को वोट दिया है। छत्तीसगढ़ को लूटने वालों से पाई पाई वसूल की जायेगी। इन सभी घोटालेबाजों पर सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। श्री मोदी कांग्रेस को एक परिवार व धन्नासेठों की पार्टी बताया। कांग्रेस को गरीबों का दुखदर्द समझ में नहीं आता।

हमारी नजरों में गरीबी ही सबसे बड़ी जाति है और इनका सेवक मोदी है। कांग्रेस जातिवाद के नाम पर जहर घोल रही है। मैं भी इसी जाति से हूं मुझको भी ये रोज गाली देते है। अब यहां की जनता ही तय करेगी कि गरीबों, पिछड़े, आदिवासी की सरकार बनाना है या इन भ्रष्टाचारियों की सरकार बनानी है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज जब गरीब आत्मविश्वास व स्वाभिमान से लबरेज है तो इसमें कांग्रेस को पीड़ा क्यों हो रही है। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रदेश में गरीबों को आवास न मिलने के लिये प्रदेश की सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि देश के हर कोने कोने में मोदी का गारंटी कार्ड गरीबों को मुफ्त अनाज दिलायेगा व जरूरत पड़ने पर मुफ्त इलाज भी करायेगा।

उन्होंने छत्तीसगढ़ को देश के टाप टेन राज्यों में अग्रणी बनाने की चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिये हमारे पास रोड मेप तैयार है। दल्लीराजहरा से रावघाट रेल लाईन जल्दी पूरी हो जायेगी। केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ का एक-एक दाना धान खरीदती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी राजनांदगांव डॉ. रमन सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय, सांसद दुर्ग एवं प्रत्याशी पाटन विजय बघेल, सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव, केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले, पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी भिलाई नगर प्रेमप्रकाश पाण्डेय, प्रत्याशी वैशाली नगर रिकेश सेन, प्रत्याशी बेमेतरा गणेश साहू, प्रत्याशी दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, प्रत्याशी दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव, प्रत्याशी अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विनोद खाण्डेकर प्रत्याशी डोंगरगढ़, जिला भाजपा अध्यक्ष भिलाई बृजेश ब्रिजपुरिया, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, डॉ. दयाराम साहू, प्रत्याशी ईश्वर साहू, गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, नवागढ़ प्रत्याशी दयालदास बघेल, बालोद राकेश यादव भी उपस्थित थे। दुर्ग जिले के सभी भाजपा प्रत्याशियों के साथ ही सांसद राज्यसभा डॉ. सरोज पाण्डेय ने भी आमसभा को संबोधित किया। सभी प्रत्याशियों ने अपने परिचय के अलावा जनता से क्षेत्र के हित में किये जाने वाले कार्यो की योजना पर प्रकाश डाला तथा अपना प्रतिस्पर्धी कांग्रेस प्रत्याशियों व प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला।

कांग्रेस अपना वादा ...

कहते है। आदिवासी का मतलब वे देश के जल जंगल जमीन के मालिक है। यदि वे आदिवासी मानेंगे तो उन्हें आपकी जल जंगल जमीन देना पड़ेगा। पेसा कानून लाया ग्राम सभा की अनुमति के बगैर जमीन नहीं ले सकते ।उद्योग पति अदानी का प्रोजेक्ट रद्द कर दिया। वनवासी कहना आदिवासी इतिहास ,संस्कार और परंपरा का अपमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां है कि केवल एक जाती गरीब है दलित ,पिछड़ा , आदिवासी, अनुसूचित जाति को नहीं मानते है तो वे अपने को हमेशा पिछड़ा जाती का क्यों बताते है।देश की जनता को नोट बंदी,जीएसटी,का कोई फायदा नहीं मिला। कांग्रेस के ऋण माफ, अभी किसानों को 2640 रुपए प्रति चिंटल धान का समर्थन मूल्य मिल रहा है यह बढ़ता जाएगा 3000 मिलेगा। उन्होंने कहा कि फिर से दोबारा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों का कर्जा माफ होगा। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे और मोदी के बीच में फर्क है किसान ने पैसा गांव में खर्चा किया ।10 हजार मजदूरों को चुनाव के बाद देंगे।अडानी को जमीन देते है आदिवासी मना करते है तो इन पर गोली चलाते है अदानी पैसा बाहर जाता है।चुनाव के लिए आता है। 2000 का 4000 किया अब चुनाव के बाद 4000 बोनस देंगे सीधे हितग्राहियों के अकाउंट में। 5 वर्ष के दौरान छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि 300 बंद पड़े स्कूल खोले, 23000 लोगों को जमींन वापस किए।आत्मानंद खोलकर इंग्लिश पढ़ाया। उच्च पदों पर आदिवासी युवकों का चयन हो और उन्हें अंग्रेजी से रोजगार,व्यापार में लाभ मिलेगा।छीतसगढ़ी सीखो,भाजपा आपको जंगली बनाना चाहती है।बीजेपी नेता के बच्चे अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ते है। वनवासी शब्द को कांग्रेस मिटा देगी। स्वागत भाषण कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रस्तुत किया। जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य नेवी अपने विचार रखे और आभार व्यक्त किया ग्रामीण जिला अध्यक्ष बलराम मौर्य ने। इस दौरान मंच पर महामंत्री मलकीत सिंह गैदू,मिथलेश स्वर्णकार, रेखचंद जैन,राजीव शर्मा वा अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस करती है धोखाधड़ी...

करवाती है और दूसरी तरफ लव जिहाद के लिए वर्ग विशेष के उपद्रवियों को प्रोत्साहित करके संरक्षण भी देने का काम करती है।धर्मांतरण की गतिविधियों को प्रश्रय दे रही है।केंद्र सरकार का पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया,माइनिंग का पैसा छत्तीसगढ़ में लगना चाहिए था वो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। कांग्रेस नक्सलवाद आतंकवाद की जन्मभूमि है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ बनाया है भाजपा ने तो अब सवारेगी भी भाजपा। इसके लिए आपको 7 नवम्बर को कमल छाप में बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी गौतम उइके को भारी मतों से जिताना है।

इस दौरान निखिल सिंह राठौर, राजा पांडे, नरोत्तम सिंह चौहान,महेश जैन,टीकम टांडिया, प्रकाश जोतवानी, पिलम नरेटी, राम कुमार रायसत,रत्नेश सिंह, सर्वेश चौहान,अनूप राठौर, गोलू गजेंद्र परिहार,संतो दुग्गा, सतीश श्रीवास्तव, ज्वाला जैन, संकेत नशीने, डिगेश खपर्डे, राजू श्रीवास, हेम प्रकाश शिवहरे, उमा देवी शर्मा, रजिंदर रंधावा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

भाजपा का घोषणा पत्र...

लाख रुपये प्रधान, 500में गैस,विद्यार्थियों को यात्रा भाता।महादेव ऐप के लोगों ने कहा मुख्य मंत्री को देने जा रहें है।भ्रष्टाचार रोकेंगे। सिम्स बना कर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराएंगे।इन्वेस्टमेंट बड़े व्यवस्था की जाएगी।सरकार तूहर द्वार में पंचायत सहायक नियुक्त।रामलल्ला दर्शन करवाने ले जायेंगे।बस्तर के लिए आदिवासियों को 2बकरा देंगे।कोंडागांव में एथेनल प्लांट लगाएंगे।सिकलसेल ,बस्तर के सभी परिवार का स्क्रीनिग करेंगे।3 कार्ड देंगे। विश्वस्तर का संग्रहालय बनाया जाएगा।दंतेवाड़ा को पवित्र शहर बनायेगे। रोजगार लाख उत्तपादन,7लाख वनाधिकार पट्टा दिया जाएगा। 80करोड़ को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।आने वाले दिनों में सीजी को समृद्ध करेगे।किसान को 16 17 का बोनस 25दिसंबर को उनके खातों में डाल दिया जायेगा। मक्का किसानों के लिए ही इथेनॉल फेक्ट्री।

आदिवासियों के साथकंग्रेस ने वादा खिलाओ किया।हम विकास के लिएराजनीति नहीं करेगे जो वादा किया है उसे पूरी तरह पूरा करेंगे।उन्होंने वादा किया था शराब बंदी का।हम सोच समझ कर निर्णय लेंगे।

अस्पताल सुपरस्पेसियालिटी, सरकार बनाने पर बनाएंगे। रेल चलेगी,डी पी आर बन चुका है।पीएम ने गरीब का कल्याण करने की बात की है।अधिकारियों ने कहा है महादेव ऐप के बारे में।सहीन है तो क्यों बौखलारहे है।60 प्रतिशत केंद्र सरकार देती है। राज्य सरकार का प्रस्ताव ही नहीं आया है ।

नेपाल में भूकंप से मरने वाली ...

में किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

मोदी ने नेपाल में जनहानि पर दुख जताया- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में भूकंप से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा , नेपाल में भूकंप के कारण जानमाल की हानि से बहुत दुखी हूं। भारत नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

भाजपा मुझसे डरी हुई...

है। क्यों महादेव एप बंद नहीं हुआ है। एप बंद करने की जिम्मेदारी भारत सरकार की है। मैं प्रधानमंत्री से पूछता हूं, आपकी इन लोगों से क्या डील हुई है। अगर डील नहीं हुई है तो आप इन लोगों को बंद क्यों नहीं करते। बंद नहीं कर रहे हैं, इसका मतलब आपने डील कर लिया है। मुख्यमंत्री मेल की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा, बिना जांच किए 508 करोड़ रुपये लेने का आरोप लगा दिए।

सुडोकू 6367

								7
8	2					6	9	
		4		3		5	2	
		2			9	1	6	
3			1		6			2
	1	8	2			7		
	4	5		2		3		
	8	6					1	5
7								

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम,कतार ओर खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6367

बायें से दायें:-

१. जिसके हाथ में चक्र हो, विष्णु
३. सर्वविदित (उर्दू)
५. आलिंगन, अंकपाश (उर्दू)
६. माथा, ललाट
७. नुकसानदेह
९. निंदित, बेइज्जत (उर्दू)
१०. टालमटोल
१२. सूर्य
१३. घुंघरू
१४. अन्यमनस्क
१६. 'टेंशन'
१८. श्रीराम के श्वसुर
२०. बंधक, रेहन (उर्दू)
२१. समान दरजे का
२३. सेनापति

ऊपर से नीचे:-

१. आलोकित होना, चौंकना
२. उद्धार होना, मुक्ति पाना (मुहावरा)
३. प्रसन्नचित्त (उर्दू)
४. भय, दहशत
५. अग्निकांड (उर्दू)
८. 'मेंटनेंस', देखभाल
१०. उपन्यास, कहानी
११. हसरत
१०. हिंदुस्तान
१३. नया, नवीन
१४. पत्नी
१५. बजरंगबली
१७. अनीश्वरवादी
१८. सूचित करना
१९. टीस
२२. नुकसान

वर्ग पहेली-6366

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दुनिया को जानें

फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष में मीडिया कवरेज के दौरान 36 पत्रकार मारे गए

वाशिंगटन, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष के दौरान मीडिया कवरेज के समय रॉकेट हमलों में कम से कम 36 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गए हैं। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) ने एक बयान में यह जानकारी दी है। सीपीजे ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला कि 07 अक्टूबर को दोनों पक्षों की ओर से युद्ध शुरू होने के बाद से शुक्रवार (03 नवंबर) तक अनुमानित 10,000 लोग मारे गए है, जिनमें कम से कम 36 पत्रकार और मीडिया कर्मी शामिल थे। गाजा और वेस्ट बैंक में 9,000 से अधिक फिलिस्तीनी की मौत हो गयी और इज़राइल में 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं। सीपीजे ने बताया कि मारे गए 36 मीडियाकर्मियों में 31 फिलीस्तीनी पत्रकार शामिल हैं। उन्होंने बताया, तीन नवंबर तक 36 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों की मौत की पुष्टि की गई है। जिनमें से 31 फिलिस्तीनी, चार इजरायली और एक लेबनानी पत्रकार है और अन्य आठ पत्रकारों के घायल होने की सूचना मिली है। इसके अलावा तीन पत्रकार लापता बताए गए है और आठ पत्रकारों की गिरफ्तारी की भी रिपोर्ट समाने आ रही थी।

खेल जगत

विलियमसन वनडे विश्व कप इतिहास में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

बेंगलुरु, 4 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन शनिवार को यहां एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ लीग चरण के मैच के दौरान ब्लैककैप्स के लिए आईसीसी वनडे विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। विलियमसन ने हसन अली की शॉर्ट गेंद को चौके के लिए भेजकर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की और मात्र 79 गेंदों में शानदार 95 रन बनाए। इस उपलब्धि ने उन्हें अनुभवी स्टीफन फ्लेमिंग से आगे निकलने की अनुमति दी, जिन्होंने 33 पारियों में 1075 रन बनाए थे, और अब विलियमसन केवल 24 पारियों में 1084 रन के साथ न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर हैं। हालाँकि, 33 वर्षीय खिलाड़ी 35वें ओवर में इफ्तिखार अहमद की गेंद पर 95 रन बनाकर आउट होने के बाद अपना तीसरा विश्व कप शतक बनाने से चूक गए। 2023 विश्व कप में, विलियमसन केवल दो मैचों में 173 का उत्कृष्ट औसत बनाए रखते हुए 173 रन बनाने में सफल रहे।

भारत का विजय रथ रोकना दक्षिण अफ्रीका के लिए नहीं होगा आसान

कोलकाता 4 नवंबर (एजेंसियां)। विश्वकप में अब तक अजेय रह कर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित करने वाली भारतीय टीम रविवार को खचाखच भरे ईडन गार्डन्स पर खिताब की प्रबल दावेदार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने के लिये लगातार आठवीं जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने की इस जंग का गवाह बनने के लिये दर्शकों का हुजूम ईडन गार्डन्स की ओर सुबह से ही उमड़ने लगेगा। नंबर एक और नंबर दो टीम के इस रोमांचक मुकाबले में सबकी निगाहें बर्थडे ब्वाय विराट कोहली पर होंगी। कल अपने जन्मदिन पर किंग कोहली के पास अपना 49वां शतक बनाने और सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक एकदिवसीय शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका होगा, जिससे दर्शकों को दोहरा जश्न बनाने का सुनहरा अवसर मिल सकता है।

भारत ने मौजूदा विश्वकप के अब तक खेले गये सभी सात मुकाबले जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका के हाथ इतने ही मुकाबलों में छह जीत नसीब हुयी हैं। जीत हार के इस अंतर को बढ़ाने का दारोमदार कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी पर होगा। भारत अगर पहले दस ओवर में बगैर विकेट खोये रन बनाता है तो उसको बड़े स्कोर पर पहुंचने से रोकना दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के लिये चुनौती होगी। श्रेयस अय्यर और विराट कोहली के अलावा सूर्य कुमार यादव और रविंद्र जडेजा का योगदान भी इस मुकाबले मे काफी अहम रहने वाला है।

दूसरी ओर मोहम्मद शमी के आने से भारत की तेज गेंदबाजी को धार मिली है। शमी ने पिछले मैचों में अपनी श्रेष्ठता साबित की है वहीं जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को प्रचंड फार्म में चल रहे क्विंटन डिकॉक को जल्द निपटाने की चुनौती होगी। कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा को इनफार्म दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों के रनो की रफ्तार में अंकुश लगाने का जिम्मा होगा। कुल मिला कर दर्शकों को साप्ताहिक अवकाश वाले दिन एक दिलचस्प और रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। आंकड़ों की बात करें तो भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक खेले गये 90 मुकाबलों में भारत के पक्ष में 37 मैच गये है जबकि 50 में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है। विश्वकप में भी दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी रहा है। दोनो टीमें पांच बार आमने सामने हुयी है जिनमें दक्षिण अफ्रीका ने तीन और भारत ने दो मैच जीते हैं। 2019 के पिछले विश्वकप में कप्तान रोहित शर्मा ने शतक जड़ कर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों को चेतावनी दी थी।

संभावित टीमें इस प्रकार हैं: **दक्षिण अफ्रीका :–** तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, रासी वान डेर डुसेन, एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, मार्को जानसेन, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, तबरेज शम्सी, कैगिसो रबाडा।

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज।

हार्दिक पांड्या विश्व कप से बाहर,प्रसिद्ध कृष्णा टीम में शामिल

मुंबई। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अब तक अजेय मेजबान भारत को बड़ा झटका लगा है कि स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अपने टखने की चोट से उबरने में नाकाम रहे हैं और टूर्नामेंट के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। पिछले महीने पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के विश्व कप मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय पंड्या के बाएं टखने में चोट लग गई थी। बीसीसीआई ने अब यह साफ कर दिया है कि 30 वर्षीय खिलाड़ी विश्व कप के शेष अभियान के लिए समय पर ठीक होने में विफल रहे हैं। भारत की टीम में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा लेंगे। अनुभवहीन तेज गेंदबाज को शनिवार को टूर्नामेंट की इवेंट टेक्निकल कमेटी द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद प्लेइंग ग्रुप में शामिल किया गया है। कृष्णा ने भारत के लिए सिर्फ 19 एक दिवसीय मैच खेलें हैं। उन्हें आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा गया था जब उन्होंने विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ ओवरों में 1/45 लेकर डेविड वार्नर का बेशकीमती विकेट लिया था। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज भारत के तेज आक्रमण में जगह बनाने के लिए जसप्रित बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने जा रहा है। इवेंट टेक्निकल कमेटी ने शनिवार को भारत के प्रतिस्थापन खिलाड़ी को मंजूरी दे दी, इसका मतलब है कि कृष्णा रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं।

आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	पाइंट
भारत	7	7	0	0	14
दक्षिण अफ्रीका	7	6	1	0	12
ऑस्ट्रेलिया	6	4	2	0	8
न्यूजीलैंड	8	4	4	0	8
पाकिस्तान	8	4	4	0	8
अफगानिस्तान	7	4	3	0	8
श्रीलंका	7	2	5	0	4
नीदरलैंड	7	2	5	0	4
बांग्लादेश	7	1	6	0	2
इंग्लैंड	6	1	5	0	2

वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद हार्दिक पांड्या ने लिखा इमोशनल नोट '..बाहर होना बहुत कठिन है'

नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या ने टखने की चोट के कारण आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपना अभियान बीच में रुकने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और कहा कि इस बात को पचाना बहुत कठिन है कि वह शोपीस इवेंट के शेष भाग को मिस कर देंगे। आईसीसी ने शनिवार को पुष्टि की कि 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ लीग मैच के दौरान बाएं टखने की चोट से उबरने में विफल रहने के कारण स्टार ऑलराउंडर को शेष मेगा टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया है। पांड्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इस तथ्य को पचाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के शेष भाग से चूक जाऊंगा। मैं पूरे जोश के साथ टीम के साथ रहूंगा और हर मैच की हर गेंद पर उनका उत्साहवर्धन करूंगा। सभी की शुभकामनाओं और प्यार के लिए धन्यवाद, समर्थन अविश्वसनीय रहा है। यह टीम विशेष है और मुझे यकीन है कि हम सभी को गौरवान्वित करेंगे। पुणे के एमसीए स्टेडियम में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के भारत के चौथे लीग मैच के दौरान अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं टखने में चोट लगने के बाद 30 वर्षीय खिलाड़ी लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए, और तब से भारतीय लाइन अप का हिस्सा नहीं रहे। इवेंट टेक्निकल कमेटी ने भारतीय टीम में पांड्या के स्थान पर प्रसिद्ध कृष्णा को मंजूरी दे दी है।

भारत के खिलाफ मैच से अफगानिस्तान को थोड़ा आत्मविश्वास मिला : जोनाथन ट्रॉट

लखनऊ, 4 अक्टूबर (एजेंसियां)। हालांकि पुरुष वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान मेजबान भारत से हार गया, लेकिन मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का मानना है कि इस मैच ने उनकी टीम को बल्लेबाजी के नजरिए से कुछ आत्मविश्वास दिया, जिसने उन्हें चार मैच जीतने के लिए प्रेरित किया, जिनमें से नवीनतम नीदरलैंड के खिलाफ आ गया। शुक्रवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में, अफगानिस्तान ने 31.3 ओवर में 180 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा किया, जिससे यह लगातार तीसरा क्लिनिकल रन-चेज़ बन गया और उनकी सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रहीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत के खिलाफ हमने टीम में थोड़ी फॉर्म देखी। जाहिर तौर पर हम मैच हार गए लेकिन फिर इससे हमें थोड़ा आत्मविश्वास मिला। मैंने कहा था कि हम पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला और फिर एशिया कप में कई करीबी मैच हार चुके हैं।

ट्रॉट ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैंने सिर्फ इतना कहा कि हमें बस 1-1 या 2 से शुरुआत करने की जरूरत है और हमें वह आत्मविश्वास मिलेगा और हमारे कदमों में थोड़ा सुधार आएगा और हम उन करीबी मैच को जीत सकते हैं लेकिन अगर हमें मौका मिलता है तो मैच पर हावी भी हो सकते हैं। अफगानिस्तान, जो अब अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है, अपने आखिरी दो लीग चरण मैचों में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। कुछ चीजें हैं जिन्हें हमें बेहतर बनाने की आवश्यकता है। हमें मुंबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले मैच के लिए सुधार करने की जरूरत है।

ट्रॉट ने कहा, लेकिन मैंने बहुत सी अच्छी चीजें भी देखीं जो हमें अगले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमों के खिलाफ अच्छी स्थिति में खड़ा करेंगी। काम करने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन खुश होने के लिए भी बहुत कुछ है और कल एक और जीत और दो दिनों के अभ्यास के साथ मुंबई के लिए उड़ान भरने और मैच के लिए तैयार होने को लेकर उत्साहित हूं।

कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी और रहमत शाह के बीच साझेदारी के बारे में बात करते हुए, जिन्होंने अब पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड के खिलाफ क्रमश: नाबाद 96, 58 और 74 रनों की साझेदारी की है, ट्रॉट ने कहा, यह सिर्फ खुद को अंदर लाने और स्कोर बनाने को न भूलने के बारे में है। वे सकारात्मक रहने की कोशिश कर रहे हैं और बाउंड्री लगाने की कोशिश कर रहे हैं और अपने कौशल के माध्यम से गेंदबाज पर अपने तरीके से दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं, फिर इंतजार कर रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं, जब उन्हें बाउंड्री लगाने का मौका मिलता है तो उसका फायदा उठाते हैं। मैंने सोचा कि जिस तरह से उन्होंने खेला - रहमत को बहुत निराशा हुई कि आपको अंत में पता नहीं चला। लेकिन मुझे लगा कि अज़मत जिस तरह से आये और अच्छा खेला वह शानदार था। वहां कप्तान को विजयी रन बनाते हुए और फिर से बल्लेबाजी करते हुए देखना अच्छा है। अफगानिस्तान पिचों की प्रकृति को पहचानने और उसके अनुसार अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने में भी बहुत अच्छा रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ चार स्पिनरों को खिलाने के बाद, अफगानिस्तान ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को शामिल किया।

वर्षा और फखर ने जिंदा रखा पाकिस्तान की उम्मीद को

- डकवर्थ लुईस नियम के सहारे पाकिस्तान ने 21 रनों से जीता मुकाबला
- पॉइंट टेबिल में पाकिस्तान अब पांचवे नम्बर पर पहुंचा

बेंगलुरु 4 नवंबर (एजेंसियां)। फखन जमान (126 नाबाद) के तूफानी शतक और वर्षा की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को विश्वकप के मौसम बाधित मुकाबले में न्यूजीलैंड को डीएलएस पद्धति के आधार पर 21 रन से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जीवित रखा।

रचिन रविंद्र (108) और कप्तान केन विलियम्सन (95) के बीच 180 रन की साझीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने आईसीसी विश्वकप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये पाकिस्तान को जीत के लिये 402 रन का विशाल लक्ष्य दिया था। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करते हुये एक विकेट पर 200 रन बना भी लिये थे कि इस बीच बारिश के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो सका जिसके बाद डीएलएस पद्धति का सहारा लिया गया जिसमें पाकिस्तान को 21 रन से विजयी घोषित किया गया।

पाकिस्तान को विश्वकप मे बने रहने के लिये यह मैच जीतना बेहद जरूरी था। पाकिस्तान की इस जीत के नायक फखर जमान बने जिन्होने महज 81 गेंदो में आठ चौके और 11 छक्के उड़ा कर विशाल लक्ष्य को बौना साबित कर दिया। उनके इस काज में कप्तान बाबर आजम का भरपूर सहयोग मिला जिन्होने एक छोर पर 93 मिनट बिताये और अपनी टीम को 66 रनो का योगदान दिया। दोनो ही बल्लेबाज नाबाद रहे।

इससे पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर भारतीय मूल के 23 वर्षीय खिलाड़ी रचिन ने मौजूदा विश्व कप मे अपना तीसरा शतक जड़ा। अपने ननिहाल बैंगलुरू में रचिन ने अपनी बेमिसाल बल्लेबाजी से स्टेडियम में बैठे भारतीय दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

रचिन अब तक विश्वकप में 523 रन बना चुके है और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डीकॉक के बाद विश्व कप में अब तक वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी है। उनके पहले दो शतक इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ आये थे। वहीं चोट से उबरने के बाद मैदान पर वापसी कर रहे विलियम्सन ने नवोदित बल्लेबाज का बखूबी साथ देते हुये पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ दी। विलियम्सन हालांकि अपने 14वें वन डे शतक से पांच रन से चूक गये। वह इफ्तिखार अहमद की गेंद को छक्के में तब्दील करने के प्रयास में लांग आफ में खड़े फखर जमान के हाथों लपके गये।

रचिन रविन्द्र पारी के 36वें ओवर में मोहम्मद वसीम का शिकार बने जिसके बाद भी पाकिस्तान के गेंदबाज कीवी बल्लेबाजों के रनो की रफ्तार को नहीं रोक सके। वसीम 60 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल और किफायती गेंदबाज रहे जबकि स्ट्राइक बॉलर शाहीन शाह अफरीदी ने 90 और हारिस रउफ ने 85 रन लुटाये। दोनो को एक एक विकेट मिला। मैच से पहले पाकिस्तान की तुरूप का इक्का समझे जाने वाले हसन अली भी 82 रन देकर सिर्फ एक विकेट ही हासिल कर सके।

सार संक्षेप

बाधा दौड़ एथलीट धवल उतेकर की नजरें अब भारतीय कैंप पर

पणजी। 37वें राष्ट्रीय खेलों में 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले गुजरात के उभरते हुये युवा एथलीट धवल उतेकर ने अब अपनी नजरे भारतीय कैंप पर टिका दी हैं। वडोदरा के 23 वर्षीय धावक ने कहा, यह मेरे लिए करो या मरो वाली स्थिति थी। यह मेरी क्षमता दिखाने की आखिरी घरेलू दौड़ थी। मैं यहां गोवा में स्वर्ण पदक जीतना चाहता था। मैं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप या हांग्झोऊ एशियाई खेलों दोनों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया और यह मानसिक रूप से बहुत कठिन था। बम्बोलिम एथलेटिक्स स्टेडियम में 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में सर्विसेस के निखिल भारद्वाज ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन धवल अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे फिनिश लाइन पार करने में सफल रहे। उनका स्वर्ण पदक जीतने का समय 51.20 सेकंड था, जबकि भारद्वाज ने रजत पदक के लिए 51.50 सेकंड का समय निकाला। विजय सिंह मलिक (सर्विसेस) 51.67 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

वायु प्रदूषण के कारण श्रीलंका-बांग्लादेश मैच के लिए स्थिति का आकलन किया जा रहा है : आईसीसी

नई दिल्ली। श्रीलंका ने वायु प्रदूषण के कारण शनिवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में अपना अभ्यास सत्र रद्द कर दिया, इसके ठीक एक दिन पहले बांग्लादेश ने शुक्रवार शाम को इसी कारण से अपना अभ्यास सत्र रद्द कर दिया था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि दोनों टीमों के बीच सोमवार को होने वाले लीग मैच की स्थिति का फिलहाल आकलन किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के वायु गुणवत्ता स्तर (एक्यूआई) में अभूतपूर्व वृद्धि के कारण नई दिल्ली पिछले पांच दिनों से भारी धुंध की चपेट में है।

क्विंटन डी कॉक विश्व कप में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ खेल रहे हैं : एबी डिविलियर्स

नई दिल्ली, 4 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि वह मौजूदा 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान एक वैश्विक टूर्नामेंट में सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देख रहे हैं।

डी कॉक ने चार शतक लगाए हैं - जो पुरुष वनडे विश्व कप में किसी एक खिलाड़ी द्वारा लगाए गए दूसरे सबसे ज्यादा शतक है। कुल मिलाकर, उन्होंने सात पारियों में 545 रन बनाए हैं, जो टूर्नामेंट के एक संस्करण में किसी भी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा बनाये गए सबसे अधिक रन हैं।

आईसीसी ने डिविलियर्स के हवाले से कहा,,मुझे लगता है कि यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ है जिसे मैंने विश्व कप में खेलते हुए देखा है। वह निश्चित रूप से घर पर लगता है, उसके पास साबित करने के लिए एक बिंदु है और जब वह ऐसा कर रहा होता है तो वह शांत दिखता है। दक्षिण अफ्रीका को ठोस शुरुआत देने के लिए हमें उसकी जरूरत है जितनी बार संभव हो सके वह उतनी बार करें क्योंकि अगर हमें वह ठोस शुरुआत मिलती है तो यह वास्तव में मध्य ओवर के लिए अच्छा है।

विश्व कप में डी कॉक के चार शतकों का मतलब है कि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के नाम अब 21 एकदिवसीय शतक हैं, जो 13 साल से अधिक के अपने अंतरराष्ट्रीय खेल करियर के दौरान डिविलियर्स द्वारा बनाए गए 25 शतकों से चार कम हैं। दक्षिण अफ्रीका को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रखने में उनकी फॉर्म एक बड़ा कारक रही है।

डिविलियर्स ने कहा, जब से मैंने उसे पहले दिन से खेलते हुए देखा है, तब से वह हमेशा मेरे लिए बहुत खास रहा है। क्विनी ने दिखाया कि वह किसी भी अन्य से एक स्तर ऊपर है। मैंने वास्तव में कभी किसी को गेंद को लगातार ऊपर की तरफ हिट करते नहीं देखा, जैसा वह करता है और उसने किया है। हां, यहां या वहां एक या दो असफलताएं मिलीं, लेकिन उनमें हमेशा वापसी करने की क्षमता रही है।

डिविलियर्स का मानना है कि प्रोटियाज टीम अपने इतिहास में पांचवीं बार विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की राह पर है और उन्हें इस बार भी आगे बढ़ने की उम्मीद है। वनडे विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का अगला मैच रविवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भारत के खिलाफ है।

फिलहाल बल्लेबाजी क्रम वास्तव में अच्छा है, और एक-दूसरे और गेंदबाजों पर पूरा भरोसा है। टूर्नामेंट की शुरुआत में जिन सभी पर संदेह किया जा रहा था, वे फॉर्म में दिखना शुरू कर रहे हैं, इसलिए कुल मिलाकर, चीजें एक साथ आ रही हैं और उम्मीद है कि हम सभी तरह से आगे बढ़ेंगे।

आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दिया 287 रन का लक्ष्य

अहमदाबाद 4 नवंबर (एजेंसियां)। स्टीव स्मिथ (44),मार्नस लाबुशेन (71) और कैमरन ग्रीन (47) की टिकाऊ पारियों के बावजूद आस्ट्रेलिया विश्वकप मुकाबले में शनिवार को इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 49.3 ओवर में 286 रनों पर ढेर हो गयी। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में क्रिस वोक्स (54 रन पर चार विकेट) और आदिल रशीद (38 रन पर दो विकेट) की भूमिका महत्वपूर्ण रही। विश्व कप से पहले ही बाहर हो चुकी इंग्लैंड के गेंदबाजों ने आज अनुशासित गेंदबाजी का मुजाहिरा किया जिसके चलते कंगारू बल्लेबाजों को खुल कर खेलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। वोक्स ने डेविड वार्नर (15) और ट्रेविस हेड (11) की सलामी जोड़ी को जल्द विदा कर आस्ट्रेलियाई खेमे में सनसनी मचा दी। हालांकि स्मिथ और लाबुशेन ने स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया। स्मिथ आदिल रशीद की फिरकी को उड़ाने के प्रयास में थर्ड मैन पर खडे मोइन अली को कैच थमा बैठे। नये बल्लेबाज जॉश इंग्लिस (3) भी रशीद का शिकार बने। खतरनाक साबित हो रहे लाबुशेन को मार्क वुड ने पगबाधा आउट किया। कैमरन ग्रीन का साथ देने आये मार्कस स्टॉयनिस (35) ने टीम के स्कोर को 241 पर पहुंचाया। कप्तान पैट कमिंस (10) और मिचेल स्टार्क (10) रनो की रफ्तार बढाने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे हालांकि एडम जम्पा ने आखिरी ओवरो में चार चौको की मदद से 29 महत्वपूर्ण रन जोड़े।

सुडोकू 6367 का हल

5	3	1	6	9	2	8	4	7
8	2	7	4	1	5	6	9	3
9	6	4	8	3	7	5	2	1
4	5	2	3	7	9	1	6	8
3	7	9	1	8	6	4	5	2
6	1	8	2	5	4	7	3	9
1	4	5	9	2	8	3	7	6
2	8	6	7	4	3	9	1	5
7	9	3	5	6	1	2	8	4

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

टाइटन	2.23 प्रतिशत
जेएसडब्ल्यू स्टील	1.75 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	1.73 प्रतिशत
आईसीआईसीआई बैंक	1.54 प्रतिशत
टेक महिंद्रा	1.53 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

बजाज फिनसर्व	2.37 प्रतिशत
इंडसइंड बैंक	0.78 प्रतिशत
टाटा स्टील	0.72 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.53 प्रतिशत
बजाज फाइनेंस	0.44 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली	
सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2500-2600
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

चीनी एस	3640-3740
चीनी एम	3800-3900
मिल डिलीवरी	3520-3620
गुड़	4300-4400

दाल-दलहन

चना	6450-6550
दाल चना	7450-7550
मसूर काली	7800-7900
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9900-10000
अरहर दाल	10400-10500

देश की आर्थिक मजबूती से रियल एस्टेट बाजार के भविष्य को लेकर उम्मीद बढ़ी है : नाइटफ्रैंक रिपोर्ट

मुंबई, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। अचल सम्पत्ति बाजार पर अध्ययन और परामर्श सेवाएं देने वाली प्रतिष्ठित कंपनी नाइटफ्रैंक की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्वि भू राजनैतिक हालात बिगड़ने से 2023 की तीसरी तिमाही में भारत के रियल एस्टेट बाजार में वर्तमान उत्साह कुछ ठंडा पड़ा लेकिन घरेलू अर्थव्यवस्था में संतुलन की स्थिति बरकार रहने से बाजार के भविष्य के बारे में उत्साह बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी और रिजर्व बैं की नितिगत ब्याज दर में स्थिरता से भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र की आगे की संभावनाओं के प्रति आपूर्ति पक्ष के हितधारकों (रियल एस्टेट डेवलपर्स) और वित्तीय संस्थानों (बैंक, एनबीएफसी, पीई फंड आदि) का विश्वास बढ़ा है।

शुक्रवार को जारी 38वें तिमाही नाइटफ्रैंक-नारेडको रियल एस्टेट सेंटीमेंट इंडेक्स 2023 (जुलाई-सितम्बर 2023) रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तीसरी तिमाही में करेंट सेंटमेंट इंडेक्स (वर्तमान उत्साह का सूचकांक) पिछली तिमाही के 63 से घटकर 59 हो गया । रिपोर्ट के अरनुसार इजरायल हमास संघर्ष छिड़ने और राष्ट्रों के बीच बढ़ते क्षेत्रीय तनाव तथा वैश्विक मंदी के प्रभाव की आशंका ने

वर्तमान में भावना को कमजोर कर दिया है फिर भी उत्साह का स्तर उच्च स्तार पर बना हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू त्योहारी सीजन के दौरान अपेक्षित उच्च मांग के साथ अगले छह महीनों के लिए रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रदर्शन का समर्थन करने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के निरंतर वृद्धि पथ की उम्मीद के कारण फ्यूचर सेंटीमेंट (भविष्य के प्रति उत्साह) का इंडेक्स हल्का सुधर कर 64 से 65 अंक पर पहुंच गया।

नाइटफ्रैंक-नारेडको रिपोर्ट के अनुसार आलोच्य तीसरी तिमाही में आवासीय बाजार में बिक्री और मूल्य को लेकर धारणा मजबूत बनी हुई है क्योंकि हितधारक दोनों क्षेत्रों में वृद्धि के प्रति आश्वस्त हैं। पट्टे और किराए के कार्यालय स्थलों की अगले छह महीनों में प्रदर्शन अच्छा रहने को लेकर आश्वस्त हैं। नाइटफ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, 'रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के साथ-साथ, पश्चिम एशिया में संघर्ष ने पहले से ही एक ऐसे चुनौतीपूर्ण वैश्विक वातावरण में एक नई भू-राजनीतिक अशांति पैदा कर दी है, जो उच्च मुद्रास्फीति से भी पीड़ित है।' इन सभी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती का प्रदर्शन कर रही है। भारत में निकट अवधि में मुद्रास्फीति का दबाव कम होने के अनुमान और मजबूत आर्थिक गतिविधि से देश के रियल एस्टेट सहित सभी क्षेत्रों के लिए उपभोक्ता और व्यावसायिक दृष्टिकोण के सूचकांक में सुधार हुआहै। स्थिर ब्याज दरों के समर्थन से आवासीय क्षेत्र में बढ़ी हुई मांग यह यह स्थिति उजागर होती है।' श्री बैजल ने कहा, 'साथ ही भारत के कार्यालय बाजार में मजबूत अधिभोगी गतिविधि ने अगले छह महीनों के लिए रियल्टी क्षेत्र के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।''

बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 52 प्रतिशत उछला

मुंबई, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1458 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 960 करोड़ रुपए की तुलना में 52 प्रतिशत अधिक है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ रजनीश कर्नाटक ने आज एक वुर्चअल संवाददाता सम्मेलन में बैंक के तिमाही वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुये कहा कि सितंबर में समाप्त इस तिमाही में उनके बैंक की शुद्ध ब्याज आय 13 प्रतिशत बढ़कर 5740 करोड़ रुपए रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 5083 करोड़ रुपए रही थी। उन्होंने कहा कि तिमाही आधार पर सकल एनपीए 83 आधार अंक सुधरकर 5.84 प्रतिशत पर रहा है जबकि जून में समाप्त तिमाही में यह 6.67 प्रतिशत रहा था। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी तिमाही आधार पर 11 आधार

अंक सुधकर 1.54 प्रतिशत पर रहा है जबकि जून 2023 को समाप्त तिमाही में यह 1.65 प्रतिशत पर रहा था।

पंजाब एंड सिंध बैंक का मुनाफा 32 प्रतिशत घटा

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 189 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 278 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 32 प्रतिशत कम है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद कल देर रात यहां वित्तीय लेखाजोखा पेश किया जिसमें कहा गया है कि सितंबर 2023 को समाप्त इस तिमाही में उसका कुल व्यवसाय 198387 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 178977 करोड़ रुपए के कारोबार की तुलना में 10.85 प्रतिशत अधिक है। बैंक का सकल एनपीए 344 आधार अंक कम होकर दूसरी तिमाही में 6.23 प्रतिशत पर आ गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 9.67 प्रतिशत पर रहा था। इस तिमाही में शुद्ध एनपीए भी 36 आधार अंक सुधरकर 1.88 प्रतिशत पर आ गया।

सोना की वायदा कीमतों में 41 और चांदी में 180 की नरमी

मुंबई, 4 नवम्बर (देशबन्धु) देश के अग्रणी कमोडिटी डेरिवेटिव्स एक्सचेंज एमसीएक्स पर कमोडिटी वायदा, ऑप्शंस और इंडेक्स फ्यूचर्स में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर के सप्ताह के दौरान 66,59,178 सौदों में कुल 5,40,895.70 करोड़ का टर्नओवर दर्ज हुआ। कीमती धातुओं का सूचकांक बुलडेक्स के नवंबर वायदा में 266 अंक की मूवमेंट देखने मिली।

आलौच्य अवधि के सप्ताह के दौरान कीमती धातुओं के वायदाओं में सोना-चांदी में एमसीएक्स पर 11,79,995 सौदों में कुल 68,893.46 करोड़ का कारोबार हुआ। सोना के अनुबंधों में एमसीएक्स सोना दिसंबर वायदा प्रति 10 ग्राम सप्ताह की शुरुआत में 60,915 के भाव से खुलकर, सप्ताह के दौरान इंट्रा-डे में ऊपर में 61,539 और नीचे में 60,661 के स्तर को छूकर, सप्ताह के अंत में 41 घटकर 60,911 के भाव पर पहुंचा। इसके सामने गोल्ड-गिनी नवंबर कांट्रैक्ट प्रति 8 ग्राम 296 बढ़कर 49,277 और गोल्ड-

पेटल नवंबर कांट्रैक्ट प्रति 1 ग्राम रु.12 बढ़कर रु.6,035 के भाव हुए। सोना-मिनी नवंबर वायदा प्रति 10 ग्राम 60,759 के भाव से खुलकर, 70 बढ़कर रु.60,805 के स्तर पर पहुंचा। चांदी के वायदाओं में चांदी दिसंबर वायदा प्रति 1 किलो सप्ताह की शुरुआत में रु.71,745 के भाव से खूलकर, सप्ताह के दौरान इंट्रा-डे में ऊपर में 73,390 और नीचे में 70,880 के स्तर को छूकर, सप्ताह के अंत में रु. 180 घटकर 71,400 बंद हुआ। चांदी-मिनी नवंबर कांट्रैक्ट 163 घटकर 71,482 और चांदी-माईक्रो नवंबर कांट्रैक्ट 175 घटकर 71,486 बंद हुआ।

मेटल्स के वायदाओं में एमसीएक्स पर 74,860 सौदों में 9,227.61 करोड़ का कारोबार हुआ। एल्यूमीनियम नवंबर वायदा प्रति 1 किलो 1.95 बढ़कर 205.80 और जस्ता नवंबर वायदा 1.60 बढ़कर 222 के स्तर पर पहुंचा। इसके सामने तांबा नवम्बर कांट्रैक्ट 10.05 बढ़कर 710.40 और सीसा (लेड) नवंबर कांट्रैक्ट 45 बढ़कर 186 के भाव हुए।

कारोबार की दृष्टि से एमसीएक्स पर कीमती धातुओं में सोना के वायदाओं में 1,29,370 सौदों में 23,226.05 करोड़ के 36,746.828 किलो और चांदी के वायदाओं में 10,50,625 सौदों में कुल 45,667.41 करोड़ के 5,985.468 टन का व्यापार हुआ। ऊर्जा सेगमेंट में क्रूड ऑयल के वायदाओं में 1,20,774 सौदों में 10,622.24 करोड़ के 1,44,40,200 बैरल और नैचुरल गैस के वायदाओं में 3,59,604 सौदों में 18,527 करोड़ के 586455000 एमएमबीटीयू का कारोबार हुआ। कृषि जिंसों में कॉटन केंडी के वायदाओं में 75 सौदों में 21.66 करोड़ के 3696 केंडी, मेंथा तेल के अनुबंधों में 853 सौदों में रु.30.91 करोड़ के 327.24 टन का कारोबार हुआ।

सार संक्षेप

दूसरी तिमाही में एसबीआई को 14,330 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

मुंबई। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 8 प्रतिशत बढ़कर 14,330 करोड़ रुपए होने की सूचना दी। पिछले साल की समान तिमाही में बैंक को 13,265 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। एसबीआई की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 12.3 प्रतिशत बढ़कर 39,500 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 31,184 करोड़ रुपए थी। बैंक की संपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है और सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 2.55 प्रतिशत पर आ गई है, जो पिछले साल की समान तिमाही में दर्ज 3.52 प्रतिशत से कम है। तिमाही के लिए शुद्ध एनपीए साल-दर-साल आधार पर 0.80 प्रतिशत से सुधार करते हुए 0.64 प्रतिशत रहा। शुक्रवार को बीएसई पर एसबीआई के शेयर 578.15 रुपए पर बंद हुए।

एफआईआई की बिकवाली जारी रहने की संभावना नहीं

नई दिल्ली। सितम्बर और अक्टूबर में देखी गई एफआईआई की बिकवाली का रुझान नवम्बर की शुरुआत में भी जारी रहा। ये कहना है जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार का। उन्होंने यह भी कहा कि नवंबर के पहले तीन दिनों में एफआईआई ने कैश मार्केट के जरिए 3,063 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची। हालांकि यह ट्रेंड जारी रहने की संभावना नहीं है, क्योंकि एफआईआई की बिक्री की मुख्य वजह बढ़ती बांड यील्ड थी जो अब कम हो गई है। 19 अक्टूबर को 5 प्रतिशत के शिखर पर पहुंचने के बाद 10-वर्षीय अमेरिकी बांड यील्ड में गिरावट शुरु हुई। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों के दौरान इसमें भारी गिरावट आई है, जिससे 3 नवंबर को यील्ड तेजी से घटकर 4.66 फीसदी रह गई। बांड यील्ड में इस उलटफेर का मुख्य कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉविल की टिप्पणी है कि 'ऊंची मुद्रास्फीति के बावजूद, इसके स्थिर रहने की सम्भावना बनी हुई है। आगे चलकर एफआईआई की बिकवाली कम रहने की संभावना है। वे खरीदार भी बन सकते हैं, जिससे भारतीय बाजार में तेजी देखने को मिल सकती है।

गोदरेज एग्रोवेट के दूसरी तिमाही के लाभ में 53 फीसदी की वृद्धि

नई दिल्ली। कृषि उत्पादकता बढ़ाने में सहायक उत्पाद और सेवाओं का कारोबार करने वाली गोदरेज समूह की कंपनी गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023- 24 की दूसरी छमाही में समेकित 133.8 करोड रुपए का शुभ लाभ दर्ज किया है जो एक साल पहले इसी तिमाही की तुलना में 53 फीसदी अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 87.3 करोड रुपए का लाभ दर्ज किया था।

सऊदी अरब की नजर 30 अरब डॉलर के आईपीएल में हिस्सेदारी पर

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। सऊदी अरब ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे आकर्षक आयोजन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अरबों डॉलर की हिस्सेदारी खरीदने की इच्छा जताई है। एक मीडिया रिपोर्ट में ये बात कही गई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के सलाहकारों ने 30 अरब डॉलर की वैल्यू वाले आईपीएल को होल्डिंग कंपनी में बदलने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों से बात की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बातचीत तब हुई जब सऊदी क्राउन प्रिंस सितम्बर में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आये थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सऊदी अरब ने लीग में 5 बिलियन डॉलर तक निवेश करने और अन्य देशों में विस्तार में मदद करने का प्रस्ताव दिया है। डीएंडपी इंडिया एडवाइजरी सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल इकोसिस्टम का मूल्य 87,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 92,500 करोड़ रुपए हो गया है, जो लगभग 6.3 प्रतिशत की

वृद्धि है। अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में, यह 10.9 बिलियन डॉलर से 11.2 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्शाता है, जो लगभग 3.3 प्रतिशत की वृद्धि है। आईपीएल हमेशा से ही क्रिकेट, बिजनेस और मनोरंजन का समागम रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल भी कोई अपवाद नहीं था, क्योंकि लीग ने टेलीविजन और डिजिटल दोनों प्लेटफार्मों पर दर्शकों को आकर्षित करना जारी रखा। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) इंडिया के अनुसार, स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर आईपीएल प्रसारण ने 427.1 बिलियन मिनट के प्रभावशाली देखने के समय के साथ 505 मिलियन दर्शकों को आकर्षित किया। डिजिटल मोर्चे पर, जिओसिनेमा ने बताया कि 449 मिलियन दर्शकों ने उसके प्लेटफ़ॉर्म को देखा, जिसमें 126 मिलियन से अधिक दर्शकों ने आईपीएल एक्शन का आनंद लेने के लिए कनेक्टेड टीवी विकल्प चुने।

जुलाई-सितम्बर तिमाही में इंडिगो ने 189 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने शुक्रवार को कहा कि इसने जुलाई-सितम्बर तिमाही के लिए 188.9 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। पिछले साल की

इसी तिमाही में इसे 1,583.33 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। कम लागत वाली एयरलाइन का राजस्व 19.5 प्रतिशत बढ़कर 14,943 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 12,497 करोड़ रुपए था। राजस्व में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में तिमाही के दौरान घरेलू यात्रा में तेज वृद्धि के कारण हुई है। अगर पिछली तिमाही को देखें तो इंडिगो ने जनवरी-मार्च तिमाही में 14,160 करोड़ रुपये की बिक्री पर 919 करोड़ रुपए का लाभ और चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 16,683.1 करोड़ रुपए की बिक्री पर 3,090 करोड़ रुपए का लाभ दर्ज किया था। जुलाई-सितंबर तिमाही आमतौर पर विमानन क्षेत्र के लिए कमजोर होती है क्योंकि मानसून की बारिश हवाई यात्रा को प्रतिबंधित करती है।

जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

देश का 5जी स्मार्टफोन निर्यात तीसरी तिमाही में बढ़कर 57 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 5जी स्मार्टफोन निर्यात में देश की हिस्सेदारी बढ़कर 57 फीसदी हो गई। पिछले साल की तीसरी तिमाही की तुलना में इसमें 78 फीसदी की वृद्धि हुई है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, सैमसंग ने 23 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ देश में 5जी स्मार्टफोन बाजार का नेतृत्व किया। इसके बाद 16 प्रतिशत के साथ वीवो का स्थान रहा। 2023 की तीसरी तिमाही में 11 अरब डॉलर मूल्य के 5जी स्मार्टफोन का निर्यात किया गया। सीएमआर की विश्लेषक शिप्रा सिन्हा ने कहा, 44 नए लॉन्च और 57 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट ने बाजार की वृद्धि को जारी रखा। फोल्डेबल स्मार्टफोन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो एक साल पहले की तुलना में दोगुनी हो

गई। इसके अलावा, 4जी फीचर फोन में जबरदस्त वृद्धि हुई है, जो आकांक्षी भारत और शहरी भारत में सहायक उपकरणों की मांग से प्रेरित है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां भारत का स्मार्टफोन बाजार साल-दर-साल आधार पर स्थिर रहा, वहीं कुल मोबाइल बाजार में एक फीसदी की मामूली गिरावट देखी गई। वैल्यू-फॉर-मनी स्मार्टफोन सेगमेंट (सात हजार से 25 हजार रुपये) की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 69 फीसदी रही। इसके बावजूद इसके शिपमेंट में 11 फीसदी (साल-दर-साल) की कमी आई है। किफायती स्मार्टफोन सेगमेंट (सात हजार रुपए से कम) में 78 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) के साथ पर्याप्त वृद्धि देखी गई। प्रीमियम सेगमेंट (25 हजार से 50 हजार रुपये) में 11 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) वृद्धि देखी गई। इसके अतिरिक्त, सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50 हजार से एक लाख रुपये) और उबर प्रीमियम सेगमेंट (एक लाख रुपए से अधिक) में क्रमशः 87 प्रतिशत और 136 प्रतिशत की साल-दर-साल उत्कृष्ट वृद्धि दर देखी गई। एप्पल ने 2023 की तीसरी तिमाही में स्मार्टफोन बाजार में छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा कर लिया। पिछली पीढ़ी के फोन पर आकर्षक सौदों के परिणामस्वरूप इसके शिपमेंट में 44 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई। तिमाही के दौरान 4जी फीचर फोन निर्यात में 300 प्रतिशत से अधिक (वर्ष-दर-वर्ष) वृद्धि देखी गई। यह वृद्धि मुख्यतः जिओभारत के1 कार्बन और जिओभारत वी2 द्वारा महत्वपूर्ण रूप से प्रेरित है। दोनों ने सामूहिक रूप से 63 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा कर लिया। समग्र फीचर फोन बाजार में छह प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की गिरावट देखी गई। विशेष रूप से, रिपोर्ट से पता चला है कि 2जी फीचर फोन निर्यात में 27 प्रतिशत (साल-दर-साल) की कमी आई है। इसके अलावा, विश्लेषकों ने पूरे वर्ष के लिए स्मार्टफोन शिपमेंट में 1-2 प्रतिशत की मामूली गिरावट का अनुमान लगाया है। सीएमआर की एक और विश्लेषक मेनका कुमारी ने कहा, 'एक साल पहले की तुलना में, स्मार्टफोन ओईएम बेहतर इन्वेंट्री स्तर के साथ 2023 को अलविदा कहेंगे।' विश्लेषकों ने यह भी अनुमान लगाया है कि पूरे 2024 में कुल स्मार्टफोन निर्यात में संभावित रूप से आठ-नौ प्रतिशत की वृद्धि होगी, 5जी निर्यात के 40 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) से अधिक बढ़ने का अनुमान है।

दुनिया रंग-बिरंगी

छठ के बरतिया का गाना चला छठ गीत गावल जाय रिलीज

मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा और माही श्रीवास्तव की फिल्म छठ के बरतिया का गाना चला छठ गीत गावल जाय रिलीज हो गया है। एआरके वर्कस चैनल रत्नाकर कुमार प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया का गाना चला छठ गीत गावल जाय वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव और निवेदिता कुमार हैं। इस छठ गीत को पार्श्वगायिका प्रियंका सिंह ने गाया है और इसके वीडियो में स्मृति सिन्हा ववििवाहता बहु के रूप में छठी मैया की व्रत करने की तैयारी करती हुई दिखाई दे रही हैं। वह ससुराल में घरवालों से घर के साफ सफाई व सजावट करने के लिए तथा छठ मां की पूजा की तैयारी के बारे में कह रही हैं।

नए युग की तकनीक वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने में बना सकती है सक्षम

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। वायु प्रदूषण जूझ रहे एक भारतीय की औसत जीवन प्रत्याशा 5.3 साल तक कम हो सकती है। नए युग की तकनीक से भारत 'नेट ज़ीरो' के लक्ष्य को प्राप्त कर पर्यावरण प्रदूषण पर लगाम लगा सकता है।

भारत के अग्रणी पर्यावरण और

■ **कोयला खदानों व बिजली संयंत्रों के आसपास के समुदाय वायु प्रदूषण के भयावह स्तर के संपर्क में**

जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञों में से एक, चंद्र भूषण के अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), बैटरी, फोटोवोल्टिक सेल और हाइड्रोजन ईंधन जैसी प्रौद्योगिकियां, जीवाश्म ईंधन ऊर्जा पर निर्भरता को कम करते हुए, देश को डीकार्बोनाइजेशन हासिल करने और वायु प्रदूषण के खतरे से लड़ने में मदद कर सकती हैं।

जर्मन फाउंडेशन और हरित राजनीतिक आंदोलन का हिस्सा, हेनरिक बोएल फाउंडेशन की वेबसाइट पर लिखे गए एक लेख में, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बाधा न तो तकनीकी है और न ही लागत, बल्कि नीति प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने लिखा कि लेकिन ये नीतिगत चुनौतियां कार्रवाई का कारण हैं, घबराहट का नहीं। किसी को उम्मीद नहीं है कि हम कल नेट ज़ीरो तक पहुंच जाएंगे। लेकिन सही नीतियों को अभी लागू करने की जरूरत है, ताकि वे 30 वर्षों में पूर्ण रूप से प्रभावी हो सकें।

जीवाश्म ईंधन अर्थव्यवस्था ने राष्ट्रीय विकास सहित कई लाभ पहुंचाए हैं। भूषण ने कहा कि डीकार्बोनाइजेशन से कुछ लागत आएगी, खासकर उन लोगों के लिए जो नौकरियों और विकास के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भर हैं और जो वर्तमान में सस्ती ऊर्जा तक पहुंचने में सक्षम हैं। लेकिन कुछ समय से इस बात के प्रमाण मिले हैं कि यह विकास अच्छी तरह से वितरित और निर्देशित नहीं है।

उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, जीवाश्म ईंधन ऊर्जा के बाह्य प्रभावों का सबसे अधिक जोखिम सबसे अधिक असुरक्षित लोगों को उठाना पड़ता है। कोयला खदानों और बिजली संयंत्रों के आसपास के समुदाय वायु प्रदूषण के भयावह स्तर के संपर्क में हैं, जो बदले में फेफड़ों और हृदय रोग का कारण बनता है। 50 साल पहले की तुलना में आज अधिक भारतीयों के पास कारें हैं, लेकिन हमारे शहर की हवा सांस लेने लायक नहीं रह गई है।

दिल्ली में आंख, गले, सांस संबंधी समस्याओं वाले लोगों की संख्या में वृद्धि

शहर में प्रदूषण का बिगड़ता स्तर लोगों की सेहत पर नकारात्मक असर डाल रहा है। डॉक्टरों ने यहां तक कहा कि अस्थमा, ब्रोंकाइटिस जैसी श्वसन संबंधी समस्याओं के अलावा, आंखों से पानी आने, गले में खुजली जैसे कई मरीज सामने आ रहे हैं। घने जहरीले धुएं से घिरी राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गिरकर 'गंभीर प्लस' श्रेणी में पहुंच गया। दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में एक्यूआई 500 के आसपास पहुंचने से हवा घनी धूसर हो गई, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की स्वस्थ मानी जाने वाली सीमा से 100 गुना अधिक है। फोर्टिस अस्पताल गुरुग्राम की निदेशक और एचओडी नेत्र विज्ञान डॉ. अनीता सेठी ने बताया कि हाल ही में ओपीडी में हम आंखों से पानी आने वाले मरीजों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि देख रहे हैं। कुछ लोगों को आंखों में जलन और खुजली का भी अनुभव होता है। प्राइमस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. अंबरीश जोशी ने कहा कि प्रदूषण के कारण हमें दैनिक आधार पर कई मामले मिल रहे हैं। अब तक, हमारे पास 28 बिस्तर भरे हुए हैं, जिनमें से 14 आईसीयू में हैं और 2 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। इन मरीजों ने असुविधाजनक लक्षणों की एक श्रृंखला की सूचना दी है, जिसमें गले में खुजली, आंखों में जलन और गंभीर एलर्जी के साथ-साथ फेफड़ों में जमाव भी शामिल है।

'आंगन अपनो का' में अपने किरदार से प्रेरित हैं नीता शेट्टी

मुंबई, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री नीता शेट्टी पारिवारिक ड्रामा 'आंगन-अपनो का' में दीपिका शर्मा का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह जीवन में सफल होने के लिए अपने किरदार के दृढ़ संकल्प से जुड़ी हैं। 'आंगन-अपनों का' एक बेटी की प्यारी कहानी है जो अपने पिता के प्रति अपने कर्तव्यों को अनिश्चितकाल तक पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। एक समसामयिक पारिवारिक ड्रामा शादी पर एक अनोखे दृष्टिकोण के साथ एक बेटी की दिल छू लेने वाली यात्रा का भी वादा करता है।

पारिवारिक नाटक में महेश ठाकुर को तीन बेटियों - दीपिका (नीता शेट्टी), तन्वी (अदिति राठौड़) और पल्लवी (आयुषी खुराना) के एकल पिता की भूमिका में दिखाया गया है। शो में सबसे बड़ी बेटी की भूमिका में नीता कदम रख रही हैं। परिवार में सबसे बड़ी होने के कारण दीपिका अपने परिवार के लिए सहारा है और उन्होंने अपनी मां के निधन के बाद अपने भाई-बहनों और घर की देखभाल में अपने पिता की मदद की है। पेशे से एयर होस्टेस दीपिका महत्वाकांक्षी और दृढ़निश्चयी होने के साथ-साथ अपनी शादीशुदा जिंदगी को संतुलित करने की कोशिश भी करती हैं।

उसी के बारे में बात करते हुए नीता ने कहा कि दीपिका एक आम बड़ी बहन की तरह है, थोड़ी आधिकारिक है लेकिन दयालु दिल और अच्छे इरादों वाली है। मैं इस भूमिका को निभाने के लिए रोमांचित थी क्योंकि मैं उसके पिता के बोझ को कम करने के उसके दृढ़ संकल्प और जीवन में सफल होने की उसकी इच्छा से जुड़ी थी।

जीका वायरस से संबंधित थालास्सेरी कोर्ट में रहस्यमयी बीमारी

तिरुवनंतपुरम, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। केरल में कन्नूर जिले के पास थालास्सेरी कोर्ट में फैली रहस्यमय बीमारी की पहचान अब जीका वायरस के रूप में की गई है। अलाप्पुझा वायरोलॉजी इंस्टीट्यूट में जांच के लिए 22 नमूने भेजे गए थे, जिसमें से एक व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।जिला अदालत में काम करने वाले न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के अचानक बीमार पड़ने के बाद थालास्सेरी और उसके आसपास के अधिकारी हैरान रह गए। उनमें से अधिकांश ने बुखार, आखों में लाली, शरीर में सूजन और दर्द की शिकायत की।सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, वास्तविक कारण तब तक ज्ञात नहीं था जब तक कि चिकित्सा जांच कराने का निर्णय नहीं लिया गया। ब्लड सैंपल लिए गए और टेस्ट के लिए भेजे गए।

बुखार, आखों में लाली, शरीर में सूजन और दर्द का लक्षण

जांच रिपोर्ट से पता चला कि उनमें से एक ने जीका वायरस के लिए सकारात्मक परीक्षण किया है। जीका वायरस मुख्य रूप से एडीज मच्छरों से फैलता है, जो ज्यादातर दिन में काटता है। अधिकारियों ने अब घोषणा की है कि 6 नवम्बर को कार्यालय समय के दौरान सभी कर्मचारियों की एक और चिकित्सा जांच की जाएगी। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अदालत परिसर और उसके आसपास मच्छर रोधी अभियान शुरू किया है।

7 साल बाद 'कैसे मुझे तुम मिल गए' के लिए साथ आए अरिजीत तनेजा, सृति झा

मुंबई, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। सात साल बाद प्रेम कहानी 'कैसे मुझे तुम मिल गए' के साथ अभिनेता अरिजीत तनेजा और सृति झा साथ आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी दोस्ती और ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में खुलकर बात की है।

'कुमकुम भाग्य' में साथ काम कर चुके सृति और अरिजीत असल जिंदगी में करीबी दोस्त हैं और उनके प्रशंसक इस दोस्ती के ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री में तब्दील होने का इंतजार नहीं कर सकते। एक असंभव प्रेम कहानी 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में सृति द्वारा अभिनीत अमृता और अरिजीत द्वारा जीवंत किए गए विराट की यात्रा को दर्शाया जाएगा।

इस शो में दिखाया जाएगा कि कैसे एक चमकदार आंखों वाली, रोमांटिक मराठी मुलगी एक तेजतर्रार पंजाबी मुंडा से मिलती है, जो विवाह में विश्वास नहीं करता है क्योंकि वह सोचता है कि सभी महिलाएं 'गोल्ड डीगर्स' होती हैं। उसी के बारे में बात करते हुए अरिजीत ने कहा कि मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, एक फिक्शन शो के लिए लगभग सात वर्षों के बाद सृति के साथ काम करना और फिर से जुड़ना अद्भुत लगता है।

उन्होंने कहा कि कुमकुम भाग्य में एक साथ काम करने के बाद हम बहुत अच्छे दोस्त बन गए और अब, हम 'कैसे मुझे तुम मिल गए' के साथ वापस आ गए हैं, इस बार हम एक-दूसरे के साथ हैं। मुझे पूरा यकीन है कि दर्शकों को मजेदार नोक-झोंक के साथ-साथ अमृता और विराट के बीच की केमिस्ट्री देखने में मजा आएगा। सृति ने कहा कि यह वास्तव में घर वापसी जैसा लगता है। यह एक

खूबसूरत कहानी है जो प्यार की जटिलताओं का पता लगाती है, और अरिजीत के साथ जोड़ी बनाना निश्चित रूप से एक आनंददायक अनुभव होगा क्योंकि हम बहुत करीबी दोस्त हैं।उन्होंने कहा कि वह एक अद्भुत पेशेवर हैं, और मुझे यकीन है कि हम एक-दूसरे के साथ काम करके बहुत अच्छा समय बिताएंगे, क्योंकि वह मेरे आलोचक होने के साथ-साथ मेरे विश्वासपात्र भी हैं। हमें उम्मीद है कि यह शो अनोखे तरीके से दिलों को छूएगा। मुक्ता धोंड द्वारा निर्मित इस शो का प्रीमियर जल्द ही जी टीवी पर होगा।

मन मोह गए अजय की मोहन-वीणा, सुभ्रा का गायन और दीपक-रागिनी का कत्थक

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। कमानी सभागार में शुक्रवार की संध्या शुरू हुए 19वें समप संगीत सम्मेलन के दूसरे दिन भी दर्शकों ने संगीत की विभिन्न विधाओं का लुत्फ उठाया और दिल्ली के गंभीर होते वातावरण में राहत के कुछ पल बिताये। सोपोरी अकादमी ऑफ म्यूजिक एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स (समप) द्वारा आयोजित दिल्ली के लोकप्रिय वार्षिक समप संगीत सम्मेलन में दूसरे दिन अजय पी. झा (मोहन वीणा), विदुषी सुभ्रा गुहा (गायन) की संगीत प्रस्तुतियां और पंडित दीपक महाराज एवं रागिनी महाराज (कथक नृत्य) के नृत्य कार्यक्रम शामिल थे। इसके अतिरिक्त वार्षिक प्रतिभाओं को समप पुरूस्कार भी दिए गए। तीन दिवसीय इस समारोह में कमानी सभागार के फॉयर में लगाई गई जम्मू-कश्मीर के कलाकारों की चित्र प्रदर्शनी भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही।

महान संगीत दिग्गज स्व. पं. भजन सोपोरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते 19वें समप संगीत सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके बाद पारम्परिक अंदाज में दीप प्रज्जवलित किया गया। संगीत कार्यक्रम में शाम की पहली प्रस्तुति अजय पी. झा (मोहन वीणा) ने दी। उनके प्रस्तुतिकरण में उस्ताद अख्तर हसन (तबला) और डॉ. विनय मिश्रा

■ **19वें समप संगीत सम्मेलन के दूसरे दिन समप पुरूस्कार भी दिए गए**

(हारमोनियम) साथी कलाकार थे। शाम की दूसरी प्रस्तुति में विदुषी सुभ्रा गुहा (गायन) की रही। उन्होंने साथी कलाकारों सबीना मुमताज (गायन), पं. राम मिश्रा (तबला) एवं जाकिर ढोलपुरी (हारमोनियम) के संग मिलकर सशक्त गायन से समां बांध दिया। समप संगीत सम्मेलन के दूसरे दिन की अंतिम प्रस्तुति स्व. पंडित बिरजू महाराज के बेटे दीपक महाराज और पोती रागिनी के कथक नृत्य के नाम रही। उनकी शानदार कथक जुगलबंदी ने गुलाबी ठंडक के बीच अपने हावभाव और अंगीय अभिनय से ने दर्शकों को आनंदित किया। कथक की अति ऊर्जावान, मनोहारी भाव और लयकारियों ने अपना जादू चलाया। इंडियन ऑयल और इफको के सहयोग से प्रस्तुत किए जा रहे इस 3 दिवसीय संगीत समारोह के दूसरे दिन वार्षिक समप पुरूस्कार भी दिए गए। इस वर्ष पं. डालचंद शर्मा (पखावज) को 'समप वितस्ता सम्मान', डॉ. रोज़लिन पाटसानी मिश्रा - परिचय फाउंडेशन, ओडिशा (सांस्कृतिक उद्यमी) को 'समप कला वर्धन सम्मान', श्री अवतार कृष्ण मोटा (लेखक एवं स्तंभकार) को 'समप आचार्य अभिनवगुप्त सम्मान', और साधना श्रीवास्तव (कॉम्पेयर और कला वृत्तचित्र निर्माता) को 'समप उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

रविवार को कार्यक्रम का तीसरा एवं अंतिम दिन होगा, जहां विराज जोशी (गायन) (भजरात रत्न पं. भीमसेन जोशी के पौत्र), पं. अभय रुस्तम सोपोरी (संतूर) और डॉ. प्रभाकर और डॉ. दिवाकर कश्यप (कश्यप बंधु) - (स्वर) आदि की संगीत लहरियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही समप पुरूस्कार भी दिए जाएंगे।

टीवी इंडस्ट्री अब दिखावे पर केंद्रित नहीं रही : जतिन शाह

मुंबई, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। शो 'गौना एक प्रथा' से अभिनेता जतिन शाह टीवी पर वापसी कर रहे हैं। अपनी वापसी को लेकर बात करते हुए अभिनेता ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में उद्योग कैसे विकसित हुआ है और अब उनका ध्यान केवल दिखावे पर केंद्रित नहीं है। जतिन को 'कस्तूरी', 'मेरी मां' और 'अदालत' जैसे शो में उनके काम के लिए जाना जाता है। 'गौना एक प्रथा' में वह वंश अग्निहोत्री का किरदार निभा रहे हैं।

जतिन ने कहा कि आज के लोगों को आज की वास्तविकता दिखाने के लिए टीवी उद्योग एक बहुत ही महत्वपूर्ण माध्यम है। उद्योग में बदलाव यह है कि यह अब दिखावे और अनुभव पर केंद्रित नहीं है, बल्कि चरित्र की गहराई और शो की कहानी पर केंद्रित है।

अपने 'गौना' किरदार को बहुस्तरीय बताते हुए जतिन ने कहा कि इससे उन्हें बहुत कुछ सीखने में मदद मिली है। आगे कहा कि मुझे हमेशा ऐसे किरदार निभाना पसंद हैं, जो मुझे चुनौती दे सकें। आमतौर पर, एक किरदार से केवल एक ही शेड जुड़ा होता है। लेकिन, इस किरदार में, चूंकि मेरी नकारात्मक शेड छिपी हुई है, इसलिए मैं एक साथ सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों को निभाने में सक्षम हूं। अपने किरदार के लुक के बारे में जतिन ने कहा कि मुझे नया लुक जैकेट और हाई-नेक टी-शर्ट का अंग्रेजी लुक पसंद आया। आम तौर पर, मैं बालों और मेकअप के लिए 15-20 मिनट लेता हूं। उन्होंने आगे कहा कि वह अपने किरदार के उस हिस्से से जुड़ सकते हैं, जहां वह परिवार और उनकी समस्याओं के लिए मौजूद हैं।

अमिताभ बच्चन के लिए अभिनेता सुमीत राघवन ने गाया गाना

नई दिल्ली, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। 'कौन बनेगा करोड़पति' सीजन 15 के मंच पर पहुंचे अभिनेता सुमीत राघवन ने मेगास्टार अमिताभ बच्चन को उनकी तीन हिट धुनें गाकर सुनाई।

क्विज आधारित रियलिटी शो के पारिवारिक विशेष सप्ताह के 60वें एपिसोड में, बिग बी ने सिटकॉम 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी, नए किस्से' की 'द वागले फैमिली' का हॉट सीट पर स्वागत किया। परिवा प्रणति और भारती आचरेकर के साथ सुमीत हॉट सीट पर आए। सुमीत ने शो में राजेश वागले का मुख्य किरदार निभाया है, परिवा ने वंदना वागले की भूमिका निभाई है, जबकि भारती को राधिका वागले के रूप में देखा जाता है। बातचीत के दौरान अमिताभ ने कहा कि राजेश (सुमीत का जिक्र करते हुए), आप जानते हैं कि मिस्टर कंप्यूटर कहते हैं कि आप एक अद्भुत

गायक हैं। मैं चाहता हूं कि आप हमारे स्टूडियो दर्शकों के लिए प्रदर्शन करें। 'शोले' फेम अभिनेता ने कहा कि हम आपका प्रदर्शन देखने के लिए उत्सुक हैं। राजेश उर्फ सुमीत ने कहा कि सर, मैंने आपके गानों का मिश्रण तैयार किया है। तीन गाने हैं, गानों का स्तर अलग-अलग होता है लेकिन मैंने उन्हें किसी तरह से फिट किया है।

अयोध्या में दीपोत्सव की तैयारियां तेज

अयोध्या, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में सरयू सलिला के किनारे राम की पैड़ी पर सातवां दीपोत्सव में इक्कीस लाख दीये जलाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने बताया कि सातवां दीपोत्सव सरयू सलिला के किनारे राम की पैड़ी पर ग्यारह नवम्बर को इक्कीस लाख दीये जलाकर नया विश्व रिकार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिसके लिए पच्चीस हजार वालंटियर, चौबीस लाख पचास हजार दीप सजाएंगे। अभी तक घाटों पर सजाने के लिए अठारह लाख पचास हजार दीये की खेप पहुंच चुकी है। इसके अलावा घाटों पर स्थित स्टोर में बयासी हजार लीटर तेल भी संग्रहित कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि आगामी सात नवम्बर तक दीये व अन्य दीपोत्सव सामाग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी और आगामी दस नवम्बर तक सभी घाटों पर दीये सजा दिए जाएंगे। ग्यारह नवम्बर को दीपोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सातवें दीपोत्सव में लक्ष्य बड़ा है। प्रशासन और विश्वविद्यालय मिलकर विश्व रिकार्ड बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी तन्मयता से दीये जलाकर प्रभु राम के प्रति भक्ति भाव प्रस्तुत करेंगे। पच्चीस हजार वालंटियर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय, उन्नीस इण्टर कालेज व एनजीओ के आठ से दस नवम्बर तक सभी घाटों पर दोपहर बारह बजे तक दिये सजा लेंगे। उसके बाद शाम तक गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड टीम के साथ दीपों की काउंटिंग पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि एक पैकेट में पांच सौ दीये हैं।

कुलपति ने बताया कि दीये में पच्चीस से तीस एम.एल. तेल आएगा। पांच से पन्द्रह मिनट तक दीया जलेगा। दीये को स्थानीय कुम्हारों से क्रय किया गया है।

गाय के गोबर से बने दीपक से विदेशों में बसे भारतीयों के घर होंगे रोशन

जयपुर, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। अन्धकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक एवं रोशनी का पर्व दीपावली पर इस बार गाय के गोबर से बने दीपकों से विदेशों में बसे भारतीयों के घर-आंगन भी रोशन होंगे। इसके लिए विदेश में बसे भारतीयों के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर से 20 लाख दीये निर्यात किए गए हैं। ये दीये टोंक रोड स्थित श्रीपिंजरापोल गौशाला परिसर में सनराइज आर्गेनिक पार्क में बनाए गए। पिछल्ले करीब छह माह से महिला स्वयं सहायता समूहों की दर्जनों महिलाएं इन इको-फ्रेंडली दीपकों का निर्माण कर रही हैं। हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी एवं आईआईएएसडी के सहयोग से बनाए जा रहे इस दीपकों को भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ की ओर से मार्केट उपलब्ध करवा रहा है।

भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि ये बीस लाख दीये

अमरीका महाद्वीप के कई देशों में भेजे गए है। गुप्ता ने बताया कि गाय के गोबर के दीये की मांग बढ़ने लगी है जिससे यह वहां एक व्यापार का रुप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय त्योहारों पर चीन में निर्मित सामग्री के उपयोग का चलन अब कम होता जा रहा है और लोग अपनी संस्कृति एवं परम्परागत चीजों के प्रति जागरुक होते जा रहे हैं और इसी का कारण हैं कि आज विदेशों में बैठे भारतीयों में भी अपनी संस्कृति के प्रति मोह के कारण वे दीपावली पर गाय के गोबर से अपना घर रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि 192 टन गाय का गोबर निर्यात किया गया है।

अन्धकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान व असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक रोशनी का पर्व

उन्होंने बताया कि गाय के गोबर से न केवल दीपक ही बनाये जाते बल्कि इससे गोकाष्ठ, देवी देवताओं की मूर्तियां आदि बनाई जाती है और यह एक लघु उद्योग के रुप में उभर रहा हैं। इस तरह के स्टार्टअप तैयार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि यहां गौ शाला में 30 टन गोबर की खाद प्रतिदिन तैयार की जाती है।

उन्होंने बताया कि गाय के गोबर से बनाए गए दीपक दो रुपए से लेकर दस रुपए तक उपलब्ध हैं। इनमें विभिन्न तरह के दीये तैयार किए गए है जिनमें ऐसे भी दीये हैं जिन्हें बार बार उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत गोबर मिलाकर लाख की चूड़ियां भी बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि गाय गोबर के उत्पाद को ग्रामीण उद्योग का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस दीपक के जलने से घर में हवन की खुशबू महकेगी। जिससे घर के वातावरण को पटाखों की गैस को कम करने में सहायक होगी। दीये को दीपावली में उपयोग करने के बाद जैविक खाद बनाने उपयोग में लाया जा सकता है। दीये के अवशेष को गमला या कीचन गार्डन में भी उपयोग किया जा सकता है। इस तरह मिट्टी के दीये बनाने और पकाने में पर्यावरण को होने वाले नुकसान के स्थान पर गोबर को दीए को इको फ्रेंडली माना जाता है। उन्होंने सनातनधर्मियों से गाय के गोबर से बने दीपक जलाने का आह्वान किया। पर्यावरण संरक्षण व महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने की दिशा में गोबर से बने दीए को अहम माना जा रहा है। रंग-बिरंगे गोबर के ये दीए इस बार चार शानदार डिजाइन में तैयार किए जा रहे हैं।

आदर्श आचार संहिता का पालन करने के साथ समय-समय पर व्यय लेखा प्रस्तुत करने के निर्देश

बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए नाम वापसी के पश्चात विधानसभावार लड़ने वाले अभ्यर्थियों की बैठक विधानसभा कसडोल सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड व्यय प्रेक्षक श्री संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों, प्रतिनिधियों से मुखातिब होते हुए कहा कि जिले में निर्विघ्न व शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में सभी अभ्यर्थीगण व राजनीतिक दल अपना पूर्ण सहयोग दें। यदि चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत या सुझाव उनके पास हैं तो वे अपने से संबंधित प्रेक्षक के समक्ष रखें। प्रेक्षकों ने कहा कि कोई भी अभ्यर्थी या राजनैतिक दल के प्रतिनिधि चुनाव के दौरान ऐसा कोई भी कार्य न करे जिससे कि आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन हो।

प्रेक्षकों की उपस्थिति में राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों को दी गई निर्वाचन संबंधी जानकारी

बैठक के दौरान अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों, उठाई गई शंकाओं का समाधानकारक उत्तर दिया गया। बैठक में प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों, प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी अपना सहयोग दें तथा ऐसा कोई भी कदम न उठाएं जिससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ें। उन्होंने कहा कि यदि अभ्यर्थी को किसी से कोई शिकायत है तो वे अपनी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए अधिक से अधिक निर्वाचन आयोग द्वारा बनाये गए विभिन्न मोबाईल एप्लीकेशन का उपयोग करने कहा गया है। बैठक में प्रेक्षकों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए नियुक्त किया है। वैसे तो जिले में निर्वाचन कार्य में लगी अधिकारियों की टीम निर्वाचन कार्य कराने में सक्षम है, फिर भी अभ्यर्थियों को ऐसा लगता है कि उनके पास शिकायत है तो वे अपनी बात हम तक पहुंचा सकते हैं। प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों को लोकतंत्र के इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की।

बैठक में विधानसभावार क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों के साथ उपस्थित राजनीतिक दलोंध्निर्वाचकों को आदर्श आचार संहिता के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गयी। अभ्यर्थियों को व्यय रिपोर्टिंग प्रारूप, दर सूची आदि और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के अनुसार व्यय लेखा प्रस्तुत करने की जानकारी दी गई। उन्हें वाहनों, जुलूसों और सार्वजनिक बैठकों के लिए अनुमति, ईवीएमध्वीवीपेट मशीनों की कमीशनिंग की तैयार करने की तारीख और समय और इसमें अभ्यर्थियों की भूमिका एवं अभ्यर्थियों को वीवीपैट कार्य प्रणाली, चुनाव के संचालन में महत्वपूर्ण पहलू (जैसे मतदान एजेंट, मतगणना एजेंट, निर्वाचन एजेंट की नियुक्ति उनके अधिकार और कर्तव्य, एमसीएमसी) की जानकारी दी गयी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने आने वाले दिनों में होने वाले चुनावी गतिविधियों के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिसके तहत विधानसभावार मतदान केन्द्रो के भवन परिवर्तनध्स्थल परिवर्तन एव नाम परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया गया कि ई.व्ही. एम. मशीनों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन दिनांक 4 नवम्बर 2023 को सुबह 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रस्तावित है। ईवीएमध्वीवीपेट मशीनों की कमीशनिंग की प्रक्रिया 6 एवं 7 नवम्बर को, 6 नवम्बर को ही निर्वाचन में लगे हुए अधिकारी कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट जारी किया जायेगा। साथ ही दिव्यांग एवं बुजुर्गों के लिए 7 एवं 8 नवम्बर को पोस्टल बैलेट के जरिए घर पहुंचकर मतदान कराने की प्रक्रिया की जायेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने चुनाव सुरक्षा संबंधित तैयारीयों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर बीसी एक्का, उप निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी आरओ, सभी अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि गण सहित चुनाव संबंधित अन्य अधिकारी गण बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता:मानव श्रृंखला बनाकर ली मतदान करने की शपथ

महासमुंद, 4 नवंबर (देशबन्धु)। दो हजार से अधिक महाविद्यालयीन स्कूली छात्र.छात्राएं, महिला समूह और अधिकारी.कर्मचारी सहित दिव्यांगजनों ने मानव श्रृंखला बनाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रभावी संदेश दिया। इस अवसर पर भारत निवार्चन आयोग से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार ने अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मैं भारत हूं थीम सांग पर यह संदेश दिया गया। मानव श्रृंखला में दिव्यांगजनों ने शामिल होकर मतदान की शपथ ली। साथ ही 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का प्रेक्षक ने गुलाल लगाकर अभिनंदन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में विधानसभा महासमुंद 42 अंतर्गत मतदाता जागरूकता मानव श्रृंखला एवं रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति प्रभावी संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति महासमुंद श्री एस आलोक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, प्राचार्य डॉ अनुसूईया अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी, डीईओ श्रीमती मीता मुखर्जी, समाज कल्याण उप संचालक श्रीमती संगीता सिंह, सीएमओ टॉमसन रात्रे सहित अधिकारी.कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम में सामान्य प्रेक्षक भीमनवार ने कहा कि महासमुंद विधानसभा में यह आयोजन महत्वपूर्ण है। भारत देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। लोकतंत्र की उन्नति से ही देश की उन्नति है। लोकशाही के इस महापर्व में सभी अनिवार्य रूप से मतदान करें। न केवल स्वयं मतदान करे बल्कि अपने घर परिवार और अपने आस.पड़ोस के लोगों को भी प्रोत्साहित करें। उन्होंने इस खास कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि मैं विश्वास करता हूं कि इस निर्वाचन में महासमुंद में सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड कायम होगा। कार्यक्रम में मौजूद वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने कहा कि हम सही लोगों को चुने तभी देश चलेगा। 17 नवम्बर को सभी शत प्रतिशत मतदान के लिए अपने घर से अवश्य निकले। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी एस आलोक ने कहा कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत वृहद आयोजन किए जा रहे हैं। इससे निश्चित ही मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी होगी। निर्वाचन 2023 के मद्देनजर एवं जिन मतदान केन्द्रों में 70 प्रतिशत से कम मतदान हुए हैं, वहां से रैली निकालकर मिनी स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने यह कार्यक्रम किया गया है। मतदाता जागरूकता अभियान के इस महत्वपूर्ण अभियान में जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रेखराज शर्मा महासमुंद साक्षरता मिशन प्राधिकरण, राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला स्व सहायता समूह की महत्वपूर्ण भूमिका है। नोडल अधिकारी स्वीप, समस्त कार्यक्रम अधिकारीए विकास खण्ड स्तर में नियुक्त नोडल अधिकारियों का योगदान रहा।

तीनों विधानसभा क्षेत्र के सेवा मतदाताओं को पोस्टल बैलेट जारी

बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्रों हेतु कुल 366 सेवा मतदाताओं को आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार एवं संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में सॉफ्टवेयर के माध्यम उनके पोस्टन बैलेट एवं पिन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजा गया है।

अब इन मतदाताओं के द्वारा पोस्टल बैलेट डाउनलोड कर मतदान दिया जा सकेगा और बंद लिफाफे में रिटर्निंग अधिकारी को वापस भेजेंगे। उक्त प्रक्रिया एनआईसी कक्ष में संपन्न हुई। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित अन्य आला अधिकारी गण उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने आदेश जारी कर 2 अपराधियों को किया जिला बदर

बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर चंदन कुमार ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अपराधी को जिला बदर के आदेश जारी किया है। जिला बदर होने वालों में धुरंधर वार्ड भाटापारा निवासी ठाकुर राम ध्रुव उर्फमोंटू ध्रुव पिता जय ध्रुव एवं के के वार्ड भाटापारा निवासी राहुल यादव उर्फजैकर उर्फसोनू पिता हीरा लाल यादव शामिल है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 ख के तहत किया गया है। जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, दुर्ग एवं बेमेतरा जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

पेंशनरों का स्वास्थ परीक्षण कर स्वस्थ रहने दिए टिप्स

महासमुंद, 4 नवंबर (देशबन्धु)। पेंशनर एसोसिएशन की नियमित मासिक बैठक का आयोजन बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें सभी पेंशनरों का सियान जतन क्लिनिक व शासकीय यूनानी औषधालय के चिकित्सक डॉ अशफाक अहमद ने विशेष शिविर में स्वास्थ्य जांच किया गया। इसमें लगभग 40 पेंशनरों का ब्लड शुगर जाँच, 60 पेंशनरों का बीपी जाँच व वजन कर अवगत कराया। चिकित्सा अधिकारी ने पेंशनरों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। एवं उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हेतु सलाह भी दी गई। मधुमेह जाँच माँ पैथालॉजी लेब के सौंजन्य से हुआ। वृद्धावस्था में आने वाली स्वास्थ्य समस्या एवं सर्दियों में किस प्रकार सेहतमंद रहना है इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात पेंशनरों द्वारा एसोसिएशन के दिवंगत वरिष्ठ सदस्य एसआर दीवान सेवानिवृत पुलिस विभाग को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। बैठक में संगठन के नये सदस्यों पंथराम साहू शिक्षा विभाग, पं सुग्रीव प्रसाद तिवारी चिकित्सा, मुन्ना लाल निर्मलकर शिक्षा, मोहन लाल बघेल, सतानंद यादव कलेक्टर कार्यालय, तुलसी राम साहू आदि को श्रीफल भेंटकर संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने स्वागत किया। बैठक में प्रमुख रूप से गोवर्धन साहू, चन्द्रबदन मिश्रा, शिवकुमार साहू, चमन लाल साहू, भूषण लाल कोसले, अश्वनी शर्मा मीडिया प्रभारी, बोधन साहू, भगतराम साहू, संतराम तारक, शिवमंगल पांडेय, उदयभान सिंह भदोरिया, राधेश्याम चन्द्राकर, आरपी दीवान, सीएल साहू, पीएल चन्द्राकर, धरनीधर दीवान, संतोष शर्मा, संतुराम साहू, संतोष मिश्रा, जगदीश ध्रुव, अंजलुस कुजूर, ईशाक मो.कुरैशी, यशवंत साहू, केएन शर्मा, प्रभुलाल चौहान, सुभाष चन्द्र सतपथी, नोहर लाल चन्द्राकर, भागवत राम दीवान, परसराम चौहान, विष्णु प्रसाद साहू, देवनारायण सिंह, बिसेन, जीवन लाल कुलदीप, दुर्गेश चन्द्राकर, रेखराम साहू सहित पेंशनर उपस्थित हुये। बैठक में पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा विशेष स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित मॉडकल टीम द्वारा मतदान जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को आगामी विस चुनाव में शत.प्रतिशत मतदान करने का आव्हान किया है।

डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने जिले में 5 सुविधा केन्द्र स्थापित

गरियाबंद, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान दल में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आवेदन उपरांत डाक मतपत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्रों पर मतपत्र जारी कर मतदान प्रक्रिया संपादित किया जायेगा। इसके लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम एवं 55 बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के लिए मतदान दल में नियुक्त अधिकारी - कर्मचारियों के लिए निर्धारित स्थान व तिथि निर्धारित की गई है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए जिले में 05 सुविधा केन्द्र निर्धारित किया गया है। इनमें 07 नवम्बर को जिले के पुलिस कर्मियों एवं होमगार्ड अधिकारी - कर्मचारियों के लिए कार्यालय रक्षित निरीक्षक (पुलिस गरियाबंद), 09 एवं 10 नवम्बर को जिले के मतदान दल में नियुक्त अधिकारी - कर्मचारियों को शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आईटीएस कॉलेज गरियाबंद इसके अलावा 09 एवं 10 नवम्बर को जिले गरियाबंद के साथ-साथ अन्य जिले के मतदान दल में नियुक्त अधिकारी - कर्मचारियों के लिए मतदान का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसी तरह 80 प्लस एवं दिव्यांग वर्ग के मतदाता जो मतदान केन्द्र तक नहीं जा पायेंगे और उन्होंने पूर्व में आवेदन दिया है ऐसे मतदाताओं को होम वोटिंग सुविधा के माध्यम से मतदान दलों द्वारा कराया जायेगा।

आम सूचना

मै अपने पक्षकारगण 1 श्री अंशुमान बर्धन पिता स्व. श्री पार्थ सारथी बर्धन 2 श्रीमती वीणा बर्धन पति श्री अंशुमान बर्धन दोनों निवासी के-5, कंचनगंगा फेज-2, डंगनिया, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से अधिकृत व निर्देशित होकर, दिखाये गये दस्तावेज तथा बतलाये गये तथ्यों के आधार पर निम्नानुसार आम सूचना प्रकाशित करवा रहा हूँ:-

मेरे उपरोक्त पक्षकार व्ही.एस. डेव्हलपर्स, सुंदर नगर रायपुर द्वारा भागीदार राजकुमार राठी निवासी सुर्या अपार्टमेंट के सामने, कवर्धा बाड़ा कटोरा तालाब, रायपुर के स्वामित्व की संपत्ति कार्यालय/दुकान क्रमांक 229, क्षेत्रफल 325 वर्गफुट भूमि खसरा नंबर 298/3-5, 298/13 का भाग, जो मौजा डंगनिया, आर्बिट टॉवर नामक कमर्शिया बिल्डिंग प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. रायपुर 13 (भाठागांव 15), तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा किया है व विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, निकाय, प्राधिकरण, सोसायटी अन्य कोई वित्तदायी संस्था या अन्य किसी को आपत्ति, दावा हो तो इस सूचना पत्र प्रकाशन के तीन दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें। आम सूचना के माध्यम से किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगा। समय समाप्ति पश्चात् मेरे उपरोक्त पक्षकार द्वारा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करा लिया जायेगा तथा इस संबंध में कोई भी आपत्ति दावा अवैध व शून्य प्रभावी होगा जो मेरे उपरोक्त पक्षकार को लागु नहीं होगा।

दिनांक: 04/11/2023

प्रफुल्ल अग्रवाल
मृणाल अग्रवाल
अधिवक्तागण
ऑफिस नंबर 214, 'एज', द्वितीय तल, सी-ब्लॉक, विधानसभा रोड, मोवा, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

ग्राम सदभावा, पटवारी हल्का नंबर 20 तहसील तिल्दा, जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री हीरानंद वाधवा पिता स्व. श्री नानकराम वाधवा निवासी 157 वार्ड नंबर 13 सेतपाल नगर झूलेलाल वार्ड नेवरा पोस्ट व तिल्दा नेवरा थाना व तहसील तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छ.ग. वाले के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नंबर 326/6 रकबा 0.752 हे., खसरा नंबर 326/7 रकबा 0.352 हे., खसरा नंबर 326/8 रकबा 0.425 हे., खसरा नंबर 326/9 रकबा 0.352 हे. कुल खसरा चार कुल रकबा 1.881 हे. ग्राम सदभावा पटवारी हल्का नंबर 20 राजस्व निरीक्षक मंडल तिल्दा तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि प्रदान कर दिया है, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अत: उक्त भूमि के सौदे/विक्रय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, आम सूचना का खण्डन मात्र आपत्ति के रूप में स्वीकार नहीं होगा। बाद मयाद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

स्थान-रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 04.11.2023

भवदीय
आनंद शुक्ला, अधिवक्ता
पता भूतल ब्लॉक नंबर 13, अशोका रतन वीआईपी इस्टेट शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)
मो. नंबर-9826300016

न्यायालय कलेक्टर, धमतरी, जिला-धमतरी (छत्तीसगढ़)
व्यक्तिगत उपस्थिति समन
रा.प्र.क्र. 202306130100029/ वर्ष 2022-23

प्राधिकृत अधिकारी,
आई.सी.आई.सी.आई. बैंक लिमिटेड
शाखा -पता- सतपाल चैम्बर, तेलीबांधा रोड जिला रायपुर (छ.ग.) ...वादी

प्रेषिती
1. रूकमणि रमण पिता गुरुदयाल चन्द्राकर,
2. कामिनी चन्द्राकर
दोनों का पता- वार्ड नं. 15, प्रियंका कॉलोनी कुरूद, तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) ...अनावेदकगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदकगण द्वारा आवेदक बैंक से गृह ऋण की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति- भूखण्ड क्र. डी 3, ग्राम कुरूद, वार्ड नं. 15, प्रियंका कॉलोनी, प.ह.नं. 35, खसरा नं. 222/83, 83, 84, 85 व 222/371 का भाग, नगर पंचायत कुरूद, रा.नि.मं. व ब्लाक तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.), रकबा 1500 वर्ग फीट को बकाया राशि की अदायगी नहीं करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदकों को इस न्यायालय द्वारा समक्ष सुनवाई किए जाने हेतु सूचना पत्र जारी कर आहूत किया गया था। जारी नोटिस वापस प्राप्त हुआ है।

चूँकि अनावेदकों को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिए अनावेदकों को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 09/11/2023 को कलेक्टर, धमतरी के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाए गए तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 12/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

कलेक्टर, धमतरी
जिला- धमतरी (छत्तीसगढ)

पृ.क्रमांक/...../ प्र.कले./2023
धमतरी, दिनांक- 12/10/2023

प्रतिलिपि:-
प्राधिकृत अधिकारी, आई.सी.आई.सी.आई बैंक लिमिटेड, शाखा-पता- सतपाल चेम्बर, तेलीबांधा रोड़, जिला रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया उपरोक्त समन का प्रकाशन दो बहु प्रचलित राज्य स्तरीय समाचार पत्र में करायें एवं प्रकाशन की सूचना से इस न्यायालय को अवगत करावें

कलेक्टर, धमतरी
जिला- धमतरी (छत्तीसगढ)

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/2022-2023
ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 26.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुभ्रा मुखर्जी पिता स्व. सुकुमार मुखर्जी निवासी श्रीनाथ रेसीडेन्सी इन्दौर मध्यप्रदेश द्वारा अपने अधिवक्ता श्री सी.एम. नायक के माध्यम से अनावेदकगण प्रेमलाल पिता स्व. धनउ राम साहू, गिरधारी पिता मुरहा निवासी भाठागांव के द्वारा आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदिका ने ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 115 वास्ते अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदिका ने ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 106/4 रकबा 0.206 हे. भूमि आवेदिका की पैतृक भूमि है जो कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खसरा नंबर 106/4 रकबा 0.206 हे. भूमि को आवेदिका के पिता सुकुमार मुखर्जी ने वर्ष 2005-06 में सुनहर से क्रय कर अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया था तथा राजस्व अभिलेखों में सुकुमार मुखर्जी का नाम बतौर स्वामी एवं आधिपत्यधारी दर्ज किया गया तथा मौके पर भी 0.206 हे. भूमि पर सुकुमार मुखर्जी काबिज रहा है। आवेदिका के उपरोक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य के कुछ भाग पर अनावेदक क्रमांक 1 एवं 2 द्वारा राजस्व अभिलेखों के आधार पर अपना कब्जा दर्शाने का प्रयास कर रहे है। राजस्व अभिलेखों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पूर्व से ही अनावेदक क्रमांक 1 प्रेमलाल साहू के पिता के द्वारा अपनी पूरी भूमि को विक्रय कर दिया था। इसी प्रकार अनावेदक क्रमांक 2 द्वारा भी अन्य व्यक्तियों को भूमि विक्रय कर दी गई है। आवेदित भूमि खसरा नंबर 106 मूल भूमिस्वामी घनउ एवं अन्य के नाम पर दर्ज थी जिसमें से विक्रय करने के पश्चात् 0.312 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज है तथा आवेदक के पिता से अनावेदक क्रमांक 2 द्वारा रकबा 0.299 हे. भूमि विक्रय की गई थी जिसे भी अन्य व्यक्तियों को विक्रय किया गया है किन्तु अनावेदक क्रमांक 2 एवं 3 द्वारा विक्रय की गई भूमि की अपेक्षा उनके खाते से लगभग 0.048 हे. भूमि ज्यादा दर्ज है जिसे राजस्व अभिलेखों में दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07.11.2023 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जोवगा। आज दिनांक 26.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर

न्यायालय श्रीमती नमिता मिंज भास्कर, व्यवहार न्यायालय वर्ग-1 सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सूचना/ईश्तहार

सक्शेसन वाद क्र. 06/2023
पेशी दिनांक 06.12.2023
प्रोसेस नं. 329/2023
श्रीमती रूकमनी भोई वगैरह .... आवेदिका
बनाम
आम जनता वगैरह ...... अनावेदकगण

आवेदिका क्र. 01 के पति एवं आवेदिका क्रमांक 02 एवं 03 के पिता स्व. प्रजापति भोई की मृत्यु दिनांक 27.04.2023 को हो जाने के कारण मृतक स्व. प्रजापति भोई के नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम एवं अन्य मद में जमा राशि को प्राप्त करने के लिये आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय के आदेश दिनांक 27.10.2023 द्वारा उत्तराधिकार वाद क्रं. 06/2023 पेशी दिनांक 06.12.2023 को सुनवाई हेतु नियत किया गया है। अतः आप आम जनता जिसका इससे संबंध हो उक्त दिनांक को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। किसी हितबद्ध पक्षकार को आपत्ति हो तो न्यायालय में अपनी पक्ष पेशी दिनांक को रख सकते हैं। अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय अवकाश घोषित होने पर आगामी कार्यदिवस पर कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 01.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से सूचना/ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर
श्रीमती नमिता मिंज भास्कर
व्यवहार न्यायालय वर्ग 1 सरायपाली
जिला-महासमुंद (छ.ग.)

न्यायालय आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
सूचना-पत्र

प्रकरण क्रमांक-74/ई.सी. एक्ट/2023
विविध
पेशी तिथि 23.11.2023
श्रीमती ललिता देवी व अन्य
विरूद्ध
विक्रांत कुमार पटेल व अन्य

सर्वसाधारण पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि श्रमिक/कर्मचारी मृतक सुरेश यादव/पिता स्व. तुलो यादव का दिनांक 09.09.2022 को नियोजक के नियोजन में हुई मृत्यु का क्षतिधन राशि 13,38,675/रू. (अक्षरी तेरह लाख अड़तीस हजार छः सौ पचहत्तर रूपये) बीमा कंपनी द्वारा जमा किया है।

उक्त मृतक का कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत जो अपने आपको आश्रित व क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने का अधिकार समझते हो वे इस न्यायालय में पेशी तिथि 23.11.2023 को प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर आवेदन अभिप्रमाणित फोटो, बैंक पास मूल एवं फोटो प्रति, दो स्वतंत्र साक्षी तथा अन्य दस्तावेज प्रमाण के साथ उपस्थित होवे। जमा राशि आवेदन में यदि कोई आपत्ति हो तो वे आपत्ति पेश करें। आपत्ति पेश ना होने की स्थिति में जमा राशि भुगतान बाबत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 31.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
सतीश कुमार जायसवाल
कमिश्नर
लेबर कोर्ट, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलार भिलाई-3 मामलेकी श्रेणी: राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः-जिला-दुर्ग तहसील भिलाई-3 प.ह.न. 00009 चरोदा ग्राम के नामांतरण पंजी मे पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी- 202324 430300400007

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00009 के अंतर्गत ग्राम चरोदा के वर्तमान भूमिस्वामी शंकर कुमार मंडल पिता/पति के.पी. मंडल, पता-चरोदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमाक 396/8 (0.0010) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अब्दूल सलाम, अब्दुल करीम, अब्दुल रज्जाक, अब्दुल जब्बार पिता/पति अब्दुल रहीम पता क्वा.न . एलएफ6, पदुमनगर, भिलाई- 3, तह व जिला-दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/11/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान-न्यायालय, न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 28/10/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
नायब तहसीलदार
भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ANJALI PANJWANI W/O NAVEEN NIHLANI resident of ANUPAM NAGAR / SACHDEVA NAGAR WARD NO. 23, RAJNANDGAON (C.G.). 491441 have changed my old name ANJALI PANJWANI W/O NAVEEN NIHLANI so in future I should be recognized by my new name that is DIKSHITA NIHLANI W/O NAVEEN NIHLANI in all Government and other documents.

DIKSHITA NIHLANI
ANUPAM NAGAR /SACHDEVA NAGAR WARD NO. 23, RAJNANDGAON (C.G.). 491441

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NIDHI W/O SANJAY JAIN resident of HOUSE No. 202, SHANTI VIJAY APARTMENT , FACE 2 WARD NO. 28, LAKHOLI ROAD PURANA GANJ CHOWK RAJNANDGAON (C.G). 491441 have changed my old name NIDHI W/O SANJAY JAIN so in future I should be recognized by my new name that is NIDHI JAIN W/O SANJAY JAIN in all Government and other documents.

NIDHI JAIN
HOUSE No. 202, SHANTI VIJAY APARTMENT , FACE 2 WARD NO. 28, LAKHOLI ROAD PURANA GANJ CHOWK RAJNANDGAON (C.G). 491441

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PIYUSH DOSHI S/O SHIRISH DOSHI resident of HOUSE NO 342, WARD NO. 18 ABOVE FIROZABAD BANGLES STORE, TELIPARA, NEHRU NAGAR, BILASPUR (C.G.) - 495001 have changed my old name PIYUSH DOSHI S/O SHIRISH DOSHI so in future I should be recognized by my new name that is PIYUSH SHIRISH DOSHI S/O SHIRISH DOSHI in all Government and other documents.

PIYUSH SHIRISH DOSHI
HOUSE NO 342, WARD NO. 18 ABOVE FIROZABAD BANGLES STORE, TELIPARA, NEHRU NAGAR, BILASPUR (C.G.) - 495001

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)
फार्म अ

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री देवेन्द्र जोशी पिता श्री करन जोशी निवासी ग्राम घोंट-1 पो. बाना तहसील व थाना आरंग जिला रायपुर एवं कु. पार्वती धीवर पिता बुधारू धीवर निवासी म.नं. 200 धमतरी रोड कोतवाल पारा डुमरतराई वार्ड नं. 51 देवपुरी जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04 नवम्बर 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 05 अक्टूबर , 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
रायपुर

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)
फार्म अ

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री जय कुमार टंडन पिता श्री जीवराखन टंडन निवासी ग्राम मोहमेला पो. चिखली थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर एवं कु. खिलेश्वरी निषाद पिता श्री झडीराम निषाद निवासी ग्राम मोहमेला पो. चिखली थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04 नवम्बर 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 05 अक्टूबर , 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
रायपुर

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)
फार्म अ

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री महेश खुंटे पिता श्री मंगलचंद खुंटे निवासी ग्राम खपरीडीह खुर्द पो. भैंसा थाना खरोरा जिला रायपुर एवं कु. प्रीति वर्मा पिता श्री राजाराम वर्मा निवासी ग्राम खपरीडीह खुर्द पो. भैंसा थाना खरोरा जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04 नवम्बर 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 05 अक्टूबर , 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
रायपुर

न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)
फार्म अ

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री संजू कुमार जोशी पिता श्री सुंदरू राम जोशी निवासी ग्राम नवागांव (झांझ) पो. राखी थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर एवं कु. प्रियंका कन्नौजे पिता श्री लुकेश कुमार कन्नौजे निवासी ग्राम राखी तहसील व थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 04 नवम्बर 2023 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 05 अक्टूबर , 2023 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र - दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पी.सी. मुखर्जी (पूर्णचन्द्र मुखर्जी) आ. स्व. रामकृष्ण मुखर्जी, निवासी-एल.आई. जी. -62, वैशाली नगर भिलाई, जिला-दुर्ग (छ. ग.) जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा वैशाली नगर भिलाई में स्थित भवन क्रमांक एल.आई. जी. -62, जिला दुर्ग में आबंटित है मूल आबंटी श्री पी.सी. मुखर्जी की मृत्यु दिनांक 14.10.2022 एवं उनके माता जी श्रीमती संध्या मुखर्जी का मृत्यु दिनांक 30.05.2016 को हो चुकी हैं। मृत्यु उपरांत उनके वसीयतनामा के आधार पर प्रसेनजीत मुखर्जी आ.स्व.पूर्णचन्द्र मुखर्जी ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है उक्त भवन क्रमांक एल.आई. जी. -62, वैशाली नगर भिलाई, जिला-दुर्ग को श्री प्रसेनजीत मुखर्जी के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व.पी.सी मुखर्जी (पूर्णचन्द्र मुखर्जी) के वारिसानो द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नही होगा। अतः श्री प्रसेनजीत मुखर्जी के नाम पर हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीय बैंक,

वृत्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं नामान्तरण कार्यवाही करने में मंडल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 03/11/2023 को जारी किया गया।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र - दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजूबाला वार्ष्णेय पति श्री मूलेन्द्र प्रसाद,निवासी-ई.डब्ल्यू..एस.-436, वैशाली नगर भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा वैशाली नगर भिलाई में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू..एस.-436, जिला दुर्ग में आबंटित है। मूल आबंटी श्रीमती मंजूबाला वार्ष्णेय की मृत्यु दिनांक 03.06.2001 को हो चुकी है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानो श्री मूलेन्द्र प्रसाद आ.स्व.बाबूराम वार्ष्णेय ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू..एस.-436, वैशाली नगर भिलाई, जिला-दुर्ग को श्री मूलेन्द्र प्रसाद के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व.श्रीमती मंजूबाला वार्ष्णेय के वारिसानो द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नही होगा। अतः श्री मूलेन्द्र प्रसाद के नाम पर हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीय बैंक,

वृत्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा एवं नामान्तरण कार्यवाही करने में मंडल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 03/11/2023 को जारी किया गया।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

AFFIDAVIT

It is informed to the general public that I Mrs. Jagruti Jain, W/o Mr. Prakash Jain, resident of SM-75, Ward No.- 45, Padmanabhpur Durg, Tehsil and District Durg (Chhattisgarh) who I solemnly declare that my name and address are as above. Aadhaar card has been issued in my name whose number is 4395 3573 4312 in which my husband's name is Mr. Prakash Jain. Passport has been issued in my name whose number is H2644290 date 26/03/2009 in which my husband's name is recorded, Shri Prakash Kumar Dheeraj Lal Jain is registered. That both the names Shri Prakash Jain and Shri Prakash Kumar Dheeraj Lal Jain are my husband's names. Which is correct and true. Therefore, the name mentioned in the Aadhaar card should be known and recognized only by the name of Shri Prakash Jain.

JAGRUTI JAIN
W/o Shri Prakash Jai,
Resident- SM-75,Ward No.- 45,
Padmanabhpur Durg,
Tehsil and Distt. Durg (C.G.)

कांग्रेस सरकार की नीति गरीब और जनविरोधी: योगी आदित्यनाथ

■ कांग्रेस शासन में अपना अस्तित्व बचाने के लिए छत्तीसगढ़ संघर्ष कर रहा, जो परिवर्तन का संकल्प बन गया है : भावना बोहरा

कवर्धा, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। बस स्टैंड कुंडा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने पंडरिया विधानसभा प्रत्याशी भावना बोहरा के पक्ष में विजय संकल्प महारैली को संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बिहार श्री राणा रणधीर सिंह, जिला अध्यक्ष अशोक साहू सहित प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण, विशिष्ट जन, जिला एवं विधानसभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। योगी आदित्यनाथ ने अपने ओजस्वी भाषण से जमकर कांग्रेस पर हमला बोला और केंद्र की मोदी सरकार के किये गए कार्यों के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस सरकार की नीति गरीब और जनविरोधी है। विगत 500 वर्षों की जो समस्या थी करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र रहे अयोध्या में भव्य राम मंदिर को कांग्रेस बनने नहीं देना चाहती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक परिश्रम और दृढ़ संकल्प तथा उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से ही आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है और जनवरी में उसकी प्राण प्रतिष्ठा भी होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, हम सभी उत्तर प्रदेश की जनता का ननिहाल है, यहां आते ही एक परिवार की भांति हमें प्यार और अपनापन मिलता है। प्रधानमंत्री जी ने 2014 में रामराज्य की जो आधारशिला की स्थापना देश में विकास,सुरक्षा और सुशासन के रूप में किया उसका सहभागी छत्तीसगढ़ भी बनें इसलिए 2023 में छत्तीसगढ़ में भी डबल इंजन की सरकार बने इसके लिए पंडरिया विधानसभा से भावना बोहरा को प्रचंड मतों से विजयी बनाना है। 7 नवम्बर को आप जब भी मतदान करेंगे तो एक बात याद रखना की जिस प्रभु श्रीराम के मंदिर की उपेक्षा कांग्रेस ने की उसे भाजपा की सरकार ने संवारा है। पिछले पांच वर्षों में भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में विकास नहीं किया, राम भक्तों पर लाठी चार्ज किया, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण, नौजवानों को नौकरी नहीं दी, बहन-बेटियों की सुरक्षा पुख्ता नहीं किया, लोगों के आवास को छिना। भ्रष्टाचार की एक एक कड़ी को जोड़कर आज भूपेश सरकार आने भी कांग्रेस की नीति को स्पष्ट किया। शराब घोटाला, कोयला घोटाला हमने तो बिहार में सुना था चारा घोटाला, लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस राज में गोबर घोटाला सुनने को मिला। जिस छत्तीसगढ़ की नींव अटल जी ने रखी उसे कांग्रेस बर्बाद कर रही है लेकिन अब इन झूठे लोगों को हटाने और भाजपा ने छत्तीसगढ़ को जो विकास का गढ़ बनाया था उस विकास के कमल को खिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को आप सबी जरुर वोट दें।

पंडरिया विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही राष्ट्र प्रथम के उद्देश्य से जनता की सेवा, सुरक्षा के लिए निस्वार्थ काम करती है। लेकिन कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता केवल कमीशनखोरी का काम करते हैं। पांच वर्षों में कांग्रेस ने जितने विकास कार्यों में उपलब्धि अर्जित नहीं की उतने घोटाले और भ्रष्टाचार किये हैं। युवाओं के भविष्य को भी इस भूपेश सरकार ने नहीं बक्शा, नौकरी देना तो दूर अपने चहेतों को लाभ दिलाने के लिए पीएससी घोटाला किया। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वो करती है। मोदी जी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी है, और हमने घोषणा पत्र में जो भी संकल्प किये हैं वो जरुर पूरे होंगे। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में 36 घोषणाएं की थी लेकिन सबकी सब आज तक अधूरी है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में 3100 रुपए में धान खरीदी का वादा किया है, दो वर्षों का बकाया धान बोनस, महिलाओं को प्रतिमाह 1000 हजार और एक वर्ष में 12000 रुपए, युवाओं को रोजगार, गरीब परिवार की महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर, महिला स्वसहायता समूहों को 5 लाख तक का न्यूनतम दर पर ऋण, छत्तीसगढ़ में छात्राओं को स्नातकोत्तर तक निशुल्क शिक्षा, आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक निशुल्क इलाज को दुगुना कर 10 लाख तक मुफ्त उपचार की स्वास्थ्य बिमा देने जैसे कई महत्वपूर्ण व जनहितैषी काम भारतीय जनता पार्टी करेगी।

भावना बोहरा ने जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि आज कांग्रेस सरकार के कुशासन के कारण छत्तीसगढ़ अपना अस्तित्व खो रहा है। विकास का गढ़ कहा जाने वाला छत्तीसगढ़ आज कर्ज के बोझ तले दब रहा है, यहां की कांग्रेस सरकार दिल्ली में बैठे कांग्रेस पार्टी के लिए एटीएम का काम कर रही है, शांति का टापू कहा जाने वाला हमारा प्रदेश आज सामाजिक हिंसा की भेंट चढ़ रहा है, महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं। पंडरिया विधानसभा के समुचित विकास के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। अपने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 में उन्होंने जो सेवा कार्य एवं सुविधाओं जैसे एम्बुलेंस, हेल्थ पैथ लैब, बेटियों के लिए निशुल्क बस सेवा व अन्य जनहित के कार्यों का लाभ पूरे पंडरिया विधानसभा विधानसभा की जनता को दिलाना ही उनका लक्ष्य है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पंडरिया विधानसभा में 7 जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना की जाएगी जहाँ जनता की मूलभूत समास्याओं, दुविधाओं एवं शासकीय कार्यों में आ रही बाधाओं सहित शासकीय योजनाओं का लाभ लेने संबंधी सभी कार्यों के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। यह सभी कार्य आप सभी के आशीर्वाद से ही संभव होगा इसलिए 7 नवम्बर को 4 नंबर बटन में आप सभी विकास की पहचान कमल निशान को चुनकर पंडरिया की समृद्धि के लिए मतदान जरुर करें।

प्रतिभावान युवा छात्र हरित चंचानी जापान रवाना

कुम्हारी, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। विचक्षण जैन विद्यापीठ स्कूल में कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत नगर के प्रतिभावान युवा छात्र हरित चंचानी ने चाइल्ड सेफ्टी लॉक लुक फॉर एलपीजी गैस सिलेंडर का मॉडल बनाया और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का ही नहीं वरन छत्तीसगढ़ प्रदेश का मान बढ़ाया है । हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर उनके मॉडल को प्रथम स्थान मिला । दक्षिण एशिया के युवाओं को ज्ञान और अनुभव संवर्धन कराने के लिए जापान की सकूरा साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है। गर्व की बात है कि संपूर्ण भारत से साठ प्रतिभाशाली युवा वैज्ञानिकों में एकमात्र उन्हें चुना गया है । जापान प्रस्थान करने के पूर्व प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रतिभावान छात्र हरित चंचानी अपने व्यवसायी पिता रत्नेश चंचानी, माता मेघना चंचानी और विद्यालय के प्राचार्य तथा संस्था प्रबन्धक के साथ उपस्थित हुए । उन्होंने अपनी उपलब्धियों की जानकारी पत्रकारों को साझा की साथ ही पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। हरित ने बताया कि आसपास के परिदृश्य में घटित हो रहे दुर्घटनाओं को देखकर उनका मन विचलित हो जाता था विशेष रूप से जब किसी भी कारणवश गैस सिलेंडर फटने से जान माल की हानि होती है और लोगों की जानें भी चली जाती ये खबर पढ़कर भी मन उद्वेलित हो जाता था मुझे लगा कि कोई ऐसी चीज बनाई जाए जिससे सबका भला हो और बेहद जरूरी भी हो और मैंने इस डिवाइस का निर्माण किया। जब पापा और मम्मी को बताया तो वे सहर्ष सहमत हो गए क्योंकि सामान्य से लगने वाला यह डिवाइस भीषण दुर्घटना से बचा सकता है और यह लगभग हर घर की जरूरत भी है बस इसी संकल्प के साथ उपकरण को बनाने में जुट गया। इसके लिए विद्यालय के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकाओं का बेहद सहयोग मिला साथ ही उन्होंने हमेशा प्रोत्साहित भी किया।

■ चाइल्ड सेफ्टी लॉक लुक फ़ॉर एल पी जी गैस सिलेंडर का बनाया मॉडल

गौरतलब है कि हरित के इस अविष्कार को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने भी सराहा और उसे सम्मानित किया। हरित ने उन स्वर्णिम क्षणों को अविस्मरणीय स्मृति कहा । वर्तमान में हरित जेईई परीक्षा की तैयारियों में जुटे हैं उसने बताया कि वह इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में करना चाहता है । हरित को डांस और म्यूजिक का भी शौक है। वे अपना श्रेष्ठ मित्र और प्रेरणास्त्रोत अपने माता पिता को मानते हैं साथ ही विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक के सहयोग और मार्गदर्शन के बिना कुछ भी संभव नही था।

चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

15 लाख कैश और 1 किलो चांदी जब्त

बिलासपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट और फ्लाइंग स्चाड के माध्यम से राज्य व जिले से बाहर आने जाने वाली वाहनों की सतत निगरानी रखी जा रही है. जगह-जगह चेक पोस्ट लगाकर भी वाहनों की तलाशी ली जा रही है. इसी कड़ी में बिलासपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जिला निर्वाचन की एसएसटी, एफएसटी, पुलिस और आरपीएफ की टीमों ने चेकिंग के दौरान 15 लाख रुपए नकदी और 1 किलो चांदी पकड़ा है. अनियंत्रित होकर पलटा कोयले से भरा ट्रेलर, स्टेट हाइवे जाम, लगी वाहनों की लंबी लाइन

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सकरी थाना अंतर्गत एसएसटी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक व्यक्ति से 6,00,000 रुपए नगद बिना वैध दस्तावेज के परिवहन करते पकड़ा गया है. वहीं मस्तूरी थाना अंतर्गत एसएसटी और पुलिस की टीम ने एक व्यक्ति से 69,000 रुपए नगद बरामद किया गया है.

इसी तरह तोरवा थाना अंतर्गत एफएसटी, पुलिस और आरपीएफ की टीमों ने एक व्यक्ति से बिना वैध दस्तावेज के 3,42,000 रुपए कैश जब्त किया है. वहीं तोरवा थाना अंतर्गत ही एफएसटी, पुलिस और आरपीएफ की टीम ने एक व्यक्ति से 3,01,000 रुपए नगद और एक अन्य व्यक्ति से बिना वैध दस्तावेज के 1,50,000 रुपए कैश और लगभग 1 किग्रा. चांदी परिवहन करते बरामद किया है.

अनियंत्रित होकर पलटी कार

चार युवक गंभीर रूप से हुए घायल

रायगढ़, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के छाल थाना क्षेत्र स्थित ग्राम कुडुमकेला से वापस लौट रहे चार युवक कार पलटने से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि चारों युवक अपनी अर्टिगा कार पर सवार होकर ग्राम कुडुमकेला से वापस अपने घर ग्राम गोरखा जा रहे थे। इस दौरान ग्राम तराईमाल के समीप उनकी कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के दूसरी ओर पलट गई। सूचना मिलने पर तत्काल पूंजीपथरा पुलिस की डायल 112 वाहन मौके पर पहुंची और आरक्षक सुरेश मिंज ने सभी घायलों को जिंदल अस्पताल लाकर भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार गोरखा निवासी कबाड़ व्यवसायी साइफन बारा उम्र 34 वर्ष ,जीतेन्द्र सिंग उम्र 35 वर्ष , बीरबल खान उम्र 35 वर्ष ,नवाज खान उम्र 26 वर्ष सभी निवासी जिंदल गोरखा शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे कुडुमकेला से पैसा लेकर वापस रायगढ़ आ रहे थे। इस दौरान नलवा तराईमाल के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना को देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। इस दौरान किसी राहगीर ने पुलिस वाहन 112 को सूचना दिया। सूचना मिलने पर पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह ने पेट्रोलिंग टीम और डायल 112 वाहन को बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को काफी मशक्कत के बाद गाड़ी से बाहर निकाला। जिसके बाद सभी घायलों को पुलिस वाहन 112 में पदस्थ आरक्षक सुरेश मिंज और वाहन चालक सुनील कुमार ने जिंदल अस्पताल लाकर भर्ती कराया । घटना में 2 घायलों के सिर पर गंभीर चोट आई है। अन्य 2 घायलों को सामान्य

छत्तीसगढ़ में बन रही भाजपा की सरकार: बाबूलाल मरांडी

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। झारखंड के पूर्व सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल होने की बात कही है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी आराम से सरकार बना रहा है.

कोंडागांव विधानसभा में प्रचार के लिए पहुंचे बाबूलाल मरांडी ने मीडिया से चर्चा में कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लाल भाई जी देसाई के 'रंगा-बिल्ला' वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को वर्षों तक लूटा, इसलिए लूट ही दिखता है. मोदी जी ने जब से कहा है कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा. तब से सबका पसीना छूट रहा है.

■ झारखंड के पूर्व सीएम सरकार बनाने को लेकर आश्वास्त

राहुल गांधी को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वो कुछ भी बोलते रहता है, इसलिए कांग्रेस का इस बार सूपड़ा साफ है. राहुल गांधी के दौरे पर कहा कि राहुल गांधी दौरा नहीं, पिकनिक करते हैं. राहुल गांधी को देश की जनता ने 2014 में रिजेक्ट कर दिया था.

घरेलू विवाद के चलते पोते ने दादी को हंसिया और डंडे से ताबड़तोड़ वार कर उतारा मौत के घाट

फिंगेश्वर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना फिंगेश्वर पुलिस को फोन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 03.11.2023 को रात्रि करीबन 10.30 बजे आरोपी ईगल पटेल अपने पिताजी धनाराम पटेल व दादी बसंता बाई पटेल को अपने मां से दोनो दुर्व्यवहार करते हो कहकर गुस्से में आकर दोनों को जान से मारने की नियत से डण्डा व हसिया से हमला किया, जिससे आरोपी की दादी मौके पर मृत्यु हो गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले के निर्देशन अति0 पुलिस अधीक्षक डी सी पटेल व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आरोपी को जल्द से जल्द पड़कर हिरासत में लेने हेतु निर्देशित किया गया ।

थाना फिंगेश्वर पुलिस मौके पर ग्राम चरोदा पहुंची जहां मृतिका बसंता बाई के सिर में ईगल पटेल के द्वारा प्राणघातक हमला करने से मृत अवस्था में जमीन मे पड़ी हुई थी। घटनास्थल पर गंभीर रूप से घायल पड़े धनाराम पटेल को ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मृतिका बसंता बाई पटेल के सिर में प्राणघातक हमला करने से मृत अवस्था में पड़ी है कि रिपोर्ट पर मर्ग इंटिमेशन चाक कर शव का पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण में प्रथम दृष्टि या हत्या का पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध धारा 302, 307 अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले के फरार आरोपी इंगल पटेल पिता धनाराम पटेल उम्र 32 वर्ष साकिन चरौदा थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद को थाना फिंगेश्वर पुलिस स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने पर विधिवत् गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है।

■ पिता पर भी किया प्राणघात हमला

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार विजयवार, सउनि प्रहलाद ठाकुर, प्रधान आरक्षक भगवान ठाकुर, आरक्षक गोविन्दा दीवान, रोशन साहु, सुरेन्द्र सिंह नेताम, भरत लाल सेन, किशोर साहू का सराहनीय योगदान रहा।

आमसभा पर सियासी बखेड़ा

विधानसभा अध्यक्ष की रैली में नजर आए स्कूली बच्चे

■ कांग्रेस पर लगाया आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

कोरिया, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार जोरो पर है. राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में आम सभाएं ले रहे हैं. इसी बीच बैकुंठपुर विधानसभा के पटना क्षेत्र में आयोजित कांग्रेस की आमसभा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे नजर आए, जिसकी जानकारी मिलने पर आचार संहिता का उल्लंघन की शिकायत भाजपा नेताओं द्वारा चुनाव आयोग से किए जाने की बात कही गई है.

दरअसल, गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष डा. चरण दास महंत कोरिया पहुंचे. जहां उन्होंने पटना क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद करजी के स्कूल मैदान में कांग्रेस की आमसभा ली. इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र और छात्राएं सभा में खड़े और बैठे हुए नजर आए. स्कूली बच्चों ने पूछने पर बताया कि, स्कूल के प्रिंसिपल ने उन्हें आमसभा में जाने को कहा था.

बताया जा रहा है कि, विधानसभा अध्यक्ष डा. महंत के कार्यक्रम में आम लोगों की उपस्थिति काफी कम थी, जिसके बाद स्कूल की छुट्टी करा दी गई. पूरे मामले में प्रशासन की लापरवाही भी सामने आई है. चालू सत्र के दौरान शासकीय विद्यालय परिसर में कांग्रेस को आमसभा की अनुमति क्यों दी गई ?

आदिवासी क्षेत्र के स्कूली बच्चो के मध्यांन भोजन के चांवल में डांका डालने वाले गरीबा प्राइमरी स्कूल के प्रधान पाठक निलंबित

गरियाबंद, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल ग्राम गरीबा स्थित स्कूली बच्चो के निवाले पर डाका डालने वाला गरीबा प्राथमिक स्कूल के सहायक शिक्षक निलंबित। स्कूल से दो किमी दूर एक दुकानदार के घर में बेचने के नियत से मध्यान्ह भोजन योजना का 36 क्विंटल चांवल को डंप कराया था। पहुंचविहीन स्कूलों में जरूरत से ज्यादा मात्रा में कर दिया गया है भंडारण। मामले के खुलासे के बाद अब ऐसे 32 स्कूल जांच के दायरे में।

विकासखण्ड मैनपुर मुख्यालय से लगभग 38 किमी दूर दुरस्थ वनांचल ग्राम गरीबा का प्राथमिक स्कूल एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। यहां सहायक शिक्षक संतराम डोंगरे पर मध्यान्ह भोजन योजना संचालित करने वाली महिला समूह के फर्जी हस्ताक्षर कर चावल आहरण के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक शिक्षक संतराम डोंगरे को निलंबित कर दिया है। साथ ही छुरा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अटैच कर दिया गया।

मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर मिश्रा ने कार्यवाही की पुष्टि करते हुए बताया कि स्कूल जनभागीदारी समिती अध्यक्ष फरसूराम नेताम समेत पालकों ने एक नवंबर को टेलीफोन से चावल गड़बड़ी की सूचना दी थी। अगले दिन 2 नवंबर को एबीईओ यशवंत बघेल को जांच के लिए भेजा गया। जांच में पाया गया कि शिक्षक द्वारा 30 अक्तूबर को लगभग 36 चिंटल चावल राशन दुकान से सीधे मौहानाला में महेश ओटी के घर डंप करा दिया गया था। खाद्य विभाग को सूचना देने के बाद उक्त चावल को जप्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

मध्यान भोजन का चांवल गड़बड़ी करने वाले शिक्षक के खिलाफ ग्रामीणों ने पूर्व में भी किया था शिकायत- ग्राम पंचायत कुचेंगा के सरपंच कृष्णाबाई मरकाम, पूर्व सरपंच दीनाचंद मरकाम, भुतबेड़ा के सरपंच अजय मरकाम

कुमार नेताम, पुनाराम, मंगलसिंह, रामदास, दुर्जनसिंह, लक्ष्मण, जयदेव, सुकलाल ने बताया कि प्राथमिक शाला गरीबा में पदस्थ सहायक शिक्षक संतराम डोंगरे मध्यान भोजन के चांवल को अफरा तफरी करने की शिकायत पहले भी की गई थी। इस बार जैसे की ग्रामीणों को फिर से चावल के हेरा फेरी की भनक लगी, वे सक्रिय हो गए। बैठक कर प्रशानिक अमले को सूचना दी गई। ग्रामीणों ने बताया की प्रधान पाठक ने दुकानदार के ही ट्रेक्टर के माध्यम से चावल ले गया था। जिसके बाद तत्काल सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी यशवंत बघेल गांव में पहुंचे और ग्रामीणों के सामने पंचनामा बयान लेकर बकायदा फुड इस्पेक्टर मिनकेतन राणा की उपस्थिति में चांवल को जब्त किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले बैठक में शिक्षक ने ग्रामीणों को सीधी धमकी दी कि कहीं शिकायत कर लो कुछ नही होना है। कार्यवाही के बाद भी देख लेने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही के साथ एफआईआर भी की जाए।

10 गुना ज्यादा राशन आबंटन करने वाले एमडीएम शाखा पर भी उठा सवाल- गरीबा प्राथमिक स्कूल में 61 बच्चे की दर्ज संख्या है, शत प्रतिशत उपस्थिति और 100 ग्राम प्रति छात्र के मान से महीने में अधिकतम 1.30 क्वी की खपत है। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के मुताबिक पहुंच विहीन शालाओं में जुलाई से लेकर अक्टूबर माह तक के लिए राशन का भंडारण कराया जाना था चार माह के लिए 7 से 8 क्विंटल ही जारी होना था, लेकिन शिक्षा विभाग के एमडीएम शाखा ने 10 गुना से ज्यादा मात्रा का टोकन काट दिया। गरीबा में लक्ष्मी स्व सहायता समूह द्वारा एम डी एम का संचालन किया जा रहा है, जिनके नाम पर 89.28 क्वी राशन जारी था समूह ने 15 क्विंटल अब तक इस्तेमाल किया है 36 क्विंटल शिक्षक द्वारा डंप कराया गया। राशन दुकान में बचत राशन की भी हेराफेरी दूसरे खेप में करने की तैयारी थी। ब्लॉक में ऐसे 32 पहुंच विहीन स्कूल है जहां जरूरत से ज्यादा 10 गुना राशन जारी किया गया है। गरीबा में उजागर हुई गड़बड़ी के बाद अब अन्य 31 स्कूल में जारी मात्रा के भौतिक सत्यापन किया जा रहा है बताया जा रहा है की एमडीएम शाखा देखने वाले ऑपरेटर को भी शो काज नोटिस जारी किया जा रहा है।

NECC

05.11.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	5.15	87	170
चिल्हर	6.25	102	195

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

रायपुर, रविवार, 05 नवम्बर 2023 ■ वर्ष – 65 ■ अंक –201 ■ पृष्ठ –12 ■ मूल्य – 4.00 रु.
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

सेक्टर स्तरीय पुरुष प्रतियोगिता में पीजी कांकेर व पीजी जगदलपुर पहुंची फाइनल्स में

जगदलपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। प्रतियोगिता में शनिवार पी. जी. कॉलेज कांकेर व पी. जी. कॉलेज जगदलपुर पहुंची फाइनल में। आज का पहला सेमी पहला मैच कांकेर व भानपुरी के मध्य खेला गया जिसमें कांकेर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, और 19.4 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। कप्तान किसान ने 24 रन कर अच्छी पारी खेली। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर खड़े नहीं हो सके। कांकेर की ओर से अभय वट्टी ने 3 और भूपेंद्र ने 2 विकेट लिए।

कांकेर ने रनों का पीछा करते हुए 8 विकेट से मैच जीता। कांकेर की ओर से मयंक ने 27 और तवकीर ने 21 रन बनाए। भानपुरी की ओर से दीपेंद्र और रमन ने 1ङ्क1 विकेट लिया।

आदर्श ठाकुर के कप्तानी में जगदलपुर पहुंची फाइनल में: आज का

दूसरा सेमीफाइनल मैच में जगदलपुर की टीम ने केशकाल को 96 रनों से पराजित किया। केशकाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जगदलपुर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 147 रन बनाए। आदर्श ठाकुर की शानदार शुरुवात के चलते टीम का स्कोर अच्छा रहा। आदर्श ठाकुर ने केवल 9 बोलों में 20 रन की पारी खेली साथ ही पलाश मंडल ने 51 रन बनाए। केशकाल की ओर से अजय पटेल ने 2 विकेट लिया। रनों का पीछा करते हुए केशकाल की टीम 12 ओवर में 51 रन पर ऑल आउट हो गई। उत्कर्ष ठाकुर एवम अर्पित गुप्ता ने 3ङ्क3 विकेट लिए। आज के मेन ऑफ़ द मैच पलाश मंडल रहे। आज के अंपायर सुनील व बलदेव एवम स्कोरर की भूमिका में सुनील यादव थे। मैच के दौरान मुख्य अतिथि करणदीप सग्गू, सुभाष चंद्र बोस क्रिकेट अकादमी के कोच उपस्थित थे।

गांजा का अवैध परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। मोटरसाइकिल में अवैध रूप से गांजा परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार। आरोपियों के कब्जे से कूल 15.64 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 156400 बरामद। मोटरसाइकिल में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी पर बस्तर पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता प्राप्त हुई है। दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर परिवहन करने की सूचना पर ग्राम धनपूंजी फॉरेस्ट नाका पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी बक्शी मुदली पिता गुरुनाथ मुली उम्र 22 वर्ष और केशव मुदली पिता स्वर्गीय रामनाथ मुदली उम्र 35 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मुरकार थाना दशमतपुर जिला कोरापुट उड़ीसा को पकड़े जिनका तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 15.64 किलोग्राम मादक पदार्थ गंज कीमती 156400, एक नग मोटरसाइकिल एवं नगदी रकम ?1200 को जप्त कर आरोपियों का कृत्य अपराध धारा एनडीपीएस एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध कराया गया।

सीआरपीएफ जवान ने गोली मारकर की खुदकुशी, कारण अज्ञात

सुकमा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के तोंगपाल थाना क्षेत्र अंतर्गत सीआरपीएफ जवान के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जवान का नाम गौकरण (32 वर्ष) बताया जा रहा है जो कि सीआरपीएफ के 227 बटालियन में पदस्थ था। हालांकि आत्महत्या का कारण अभी तक पता नही चला है। मिली जानकारी अनुसार जवान गौकरण मोहला मानपुर का रहने वाले था, जो कि सुकमा जिले के तोंगपाल थाना क्षेत्रान्तर्गत लेदा में सीआरपीएफ 227 बटालियन में पदस्थ था। शनिवार को उसकी ड्यूटी गार्ड रूम में लगी हुई थी। सुबह तकरीबन 7:30 से 8 बजे के बीच उसने अपने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर कैम्प के साथी जवान भी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद घायल जवान को जगदलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां जवान ने अपना दम तोड़ दिया। हालांकि इसको लेकर अब तक किसी प्रकार का आधिकारिक बयान नही आया है।

अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में मतदान कराने मतदान दल हुए रवाना

सुकमा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। शनिवार को जिले के एक मात्र कोण्टा विधानसभा में मतदान संपन्न कराने के लिए अतिसंवदीनशील जगरगुंडा इलाके के मतदान केंद्रों के लिए दल भेजा गया है। मतदानकर्मियों को सुबह प्रशासन द्वारा ईवीएम मशीन आबंटित की गई है। उसके बाद बसों के माध्यम से पुलिस लाइन हेलीपेड लाया गया। जहां से हेलीकॉप्टर की मदद से मतदानकर्मियों को रवाना किया गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों ने रवानगी से पहले मतदान कर्मियों का हौसला भी बढ़ाया। मिली जानकारी अनुसार शनिवार और रविवार दो

दिन 42 मतदान दल को अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में भेजा जाना है शनिवार को 23 मतदान दल को जगरगुंडा, सिलगेर और मिनपा सुरक्षा बेस कैम्प एमआई 17 हेलीकॉप्टर से भेजा गया और शेष 19 दल को रविवार को भेजा जाएगा। सुकमा कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि अतिसंवेदनशील क्षेत्रों जहां तक सड़क मार्ग से नही पहुंच सकते वैसे मतदान केंद्रों तक दो दिन तक मतदान दल को हेलीकॉप्टर से भेजा जा रहा है बाकी शेष मतदान केंद्र जहां तक सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है वहां मतदान से पूर्व दल पहुंच जाएगा। एसपी किरण चव्हाण ने कहा कि 42 मतदान केंद्रों के लिए दल को पूरी सुरक्षा के साथ रवाना किया जा रहा है और बेहद ही शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराया जाएगा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है।

दलपत सागर में दीपोत्सव के माध्यम से मतदान के लिए संदेश दिया गया

जगदलपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. के नेतृत्व में हजारों की संख्या में लोग मतदाता जागरूकता मशाल रैली में शामिल हुए। स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार की शाम मशाल रैली का शुभारंभ जगदलपुर के हाता ग्राउंड से किया गया जो संजय मार्केट, दंतेश्वरी मंदिर के पास से गुजरते हुए दलपत सागर के रानीघाट पहुँचा जहाँ दीप जलाकर अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया गया।

रानीघाट में दीपों को सागर में प्रवाहित किया, आकाशीय दीप के गुब्बारे, हस्ताक्षर अभियान और मोबाईल के टॉर्च जलाकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम

लगभग दो माह से लगातार चले इस कार्यक्रम का विधिवत समापन हो रहा है। कार्यक्रम के तहत लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान को चलाया गया, इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में दो दिन पूर्व स्वीप का बड़ा आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी वर्गों, अनुभवी मतदाता, दिव्यांग, सभी स्कूलों व कालेज के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई थी। उन्होंने मतदान दिवस पर अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र के पर्व में शामिल हो। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी, सहायक स्वीप अधिकारी शरदचंद गौड़ सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। उपस्थित सभी जनों को कलेक्टर ने मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई।

सभी जनपदों से बाईक रैली के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम: मशाल रैली में शामिल होने के लिए जिले के सातों जनपद से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए बाईक रैली निकाल कर जिला मुख्यालय के हाता ग्राउंड पहुँचे। लगभग सौ-सौ बाइक की संख्या में जनपद से मतदान करने के लिए नारा और बेनर पोस्टर के साथ पहुँचे।

सभी मतदान कर्मी निर्वाचन कार्य को समय पर पूर्ण कर सकुशल वापस आए : कलेक्टर

जगदलपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने मतदान दल के कर्मियों को मतदान करवाने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी मतदान कर्मी निर्वाचन कार्य को समय पर पूर्ण कर सकुशल वापस आए। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम से चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मी 6 बजे और बस्तर के मतदान कर्मी 7 बजे मतदान सामग्री प्राप्त कर लें। सभी मतदान दलों के तय रूट चार्ट के आधार पर केंद्र में पहुंचे, समय पर मॉक पोल करवाएं। कलेक्टर विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित मतदान कर्मियों के तृतीय चरण के प्रशिक्षण

कार्यक्रम के अंतिम दिन मतदान दलों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, प्रशिक्षण प्रभारी सुनील शर्मा ने सभी कक्षों में पहुँचकर पीठासीन अधिकारी और मतदान दलों को ईव्हीएम मशीन के संचालन और मॉक पोल करने के निर्देश दिए। सभी पीठासीन अधिकारी और दलों के कर्मियों ने मॉक पोल कर दिखाया। संचालन में दिक्कत होने पर शंका निराकरण के निर्देश दिए। साथ मतदान दलों को दिए गए दायित्व का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

मतदान दिवस में कारखानों-संस्थाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक-कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश

जगदलपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के मद्देनजर रखते विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हेतु संबंधित जिलों में मतदान की नियत तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135ख मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी में उल्लेखित प्रावधान अनुसार विधान सभा निर्वाचन-2023 हेतु नियत मतदान में कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों-संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक-कर्मचारियों को ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

नैक मूल्यांकन में दंतेश्वरी पीजी कॉलेज को बी ग्रेड

टीम ने कुछ दिनों पूर्व किया था अवलोकन

दंतेवाड़ा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय को विगत किए गये नैक मूल्यांकन में बी ग्रेड दिया गया है।

इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर. के. हिरकने ने बताया कि इस अंचल में शिक्षा और संस्कृति को विकसित करने का कार्य सिर्फ एक स्तर से संभव नहीं है। इसके लिए महाविद्यालय के सभी अनुषांगिक विभागों का समन्वित प्रयास जरूरी है। यहां निमित्त स्टाफ की कमी के कारण महाविद्यालय कार्य में अक्सर बाधाएं आती रहती है, और इसी प्रकार इस

क्षेत्र में अनुसंधानी कार्य के लिए समुचित माहौल नहीं बनने के कारण हमारी ग्रेडिंग हमेशा प्रभावित हुई है। इस और हमारा प्रयास होगा कि हम अगली बार इससे भी बेहतर ग्रेड में पहुंचे और इसके लिए कार्य योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा आंतरिक मूल्यांकन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार लहरी का कहना था कि महाविद्यालय के विगत 5 वर्षों के अध्यापकीय गतिविधियों सहित यहां के अनुसंधान वृद्धि को आधार मानकर नैक मूल्यांकन समिति द्वारा जिस प्रकार मूल्यांकन किया गया, यह हम सभी के लिए उत्साहवर्धक हैं।

बहरहाल शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय को बी ग्रेड दिये जाने पर समस्त स्टाफ द्वारा हर्ष जताया गया है।

मतदान के 48 घंटे पहले थम जाएगा चुनावी शोर

- **निर्वाचन आयोग ने जारी किये प्रतिबंधात्मक दिशा निर्देश**
- **सभा, जुलूस, एक्जिट पोल पर रहेगी रोक**

दंतेवाड़ा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दिवस के अंतिम 48 घंटे के अवधि के दौरान निर्वाचन संबंधी प्रतिबंधात्मक दिशानिर्देश जारी किये गये हैं।

इसके अनुसार किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के वाहनों पर या किसी भी अन्य तरीके से लगे लाउडस्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। लोक प्रतिनिधित्व धारा 135 सी अंतर्गत मतदान पुनर्मतदान के अंतिम 48 घंटों के दौरान शराब की दुकानें बंद रहेंगी। साथ ही इस अवधि में यानी मतदान बंद होने से 48 घंटे पहले, चुनाव वाले निर्वाचन क्षेत्र में वे राजनीतिक पदाधिकारी जो उस क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, के रहने पर प्रतिबंध होगा। विश्राम गृह के कमरे किसी भी व्यक्ति को इस अवधि में आवंटित नहीं किए जाएंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 126(1), 1951. के तहत सभी दलों और उम्मीदवारों द्वारा मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभा एवं जुलूस का आयोजन नहीं किया जाएगा।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अंतर्गत मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली नियत अवधि के दौरान उम्मीदवार सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी निर्वाचन से संबंधित सामग्री को जनता के सामने प्रदर्शित नहीं कर सकता है।

साथ ही किसी भी जनमत सर्वेक्षण या एग्जिट पोल के परिणाम को किसी भी समय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या किसी अन्य मीडिया द्वारा किसी भी तरीके से प्रकाशित, प्रचारित या प्रसारित करने पर 30 नवंबर के 6.30 बजे तक प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा प्रिन्ट मीडिया पर राजनैतिक विज्ञापन या प्रचार सामग्री का अंतिम 48 घंटे में प्रकाशन के पूर्व प्रमाणन अनिवार्य रूप से आवश्यक होगा।

विद्यार्थियों ने मानव शृंखला बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया

भानुप्रतापपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर में शत् प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने हेतु मानव श्रृंखला एवं रंगोली बनाकर 7 नवंबर 2023 समय 7:00 बजे को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु लोगो को प्रेरित किया गया उक्त कार्यक्रम में श्री पी.आर भारद्वाज प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ह्रस्-नेशनल कैडेट कोर ह्रष्ट्ट जूनियर रेड क्रॉस स्काउट गाइड एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

नक्सलियों ने पहले भाजपा नेता का भाषण सुना फिर कुल्हाड़ी से किया हमला

भाजपा जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे की नक्सली हत्या

नारायणपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं धौडाई शक्ति केंद्र के प्रभारी रतन दुबे शनिवार की सुबह चुनाव प्रचार के लिए शनिवार की सुबह नारायणपुर से कौशलनार गांव गए हुए थे। आज यहां बाजार होने से वे ग्रामीणों के बीच चुनाव प्रचार कर शाम को चुनावी सभा कर रहे थे। भाजपा के घोषणा पत्र के बारे में ग्रामीणों को बताकर भाषण दें रहे थे तभी भाषण सुन रहे दो नक्सली ग्रामीण वेशभूषा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे के पीछे पहुंचे और सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसके बाद रतन जान बचाने के लिए भागे फिर वहां पहले से मौजूद नक्सलियों के द्वारा घेराबंदी कर उनको पकड़ लिया। जिसके बाद नक्सलियों के द्वारा ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद बाजार में भगदड़ मच गया और बाकि भाजपा कार्यकर्त्ता भाग कर थाना पहुंचे। घटना के दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्त्ता ने बताया कि वहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए थे।

ड्राइवर बन रहा था वीडियो

चुनावी प्रचार के दौरान भाजपा नेता का वीडियो ड्राइवर के द्वारा बनाया जा रहा था. जैसे ही ड्राइवर रतन दुबे के चेहरे से कैमरा हटाकर ग्रामीणों की तरफ ले जाकर कर वीडियो शूट कर रहे थे इसी दौरान नक्सलियों ने हमला कर दिया। बताते हैं कि घटना के बीच जान बचाने के लिए रतन दुबे अपनी वाहन के पास भाग आएं थे वाहन की चाबी ड्राइवर के पास होने से वे अपनी वहां का दरवाजा नहीं खोल पाए और इसी दौरान नक्सली उन्हें घेर लिए और इसके ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। नारायणपुर स्थित भाजपा कार्यालय में मातम छा गया है। घटना की जानकारी जैसे ही कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को मिली तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी भाजपा कार्यालय पहुंचे इसके बाद रतन दुबे के शव को अस्पताल लाने पर भाजपाई जिला अस्पताल पहुंचकर रतन दुबे जिंदाबाद के नारे लगाकर नक्सली मुर्दाबाद के नारे लगाए। घटना के 5 घंटे बाद तक सवा आठ बजे के करीब नारायणपुर कलेक्टर अजीत वसंत और एसपी पुष्कर शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे। जिसके बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने बताया घटना को अंजाम देने दो नक्सली आएं थे. जिनके द्वारा कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि बिना सूचना प्रचार करने गए थे इसलिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी।

नक्सली कर चुके हैं विरोध

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नक्सलियों के द्वारा भाजपा नेताओं को मार भगाने का पर्चा पिछले कई दिनों से लगाया जा रहा है। इससे पहले छोटेडोंगर के भाजपा नेता सागर साहू की नक्सलियों के द्वारा उनके घर में घूसकर गोली मारकर हत्या की गई हैं। भाजपा नेता की हत्या के बाद भाजपा की ओर से कांग्रेस पर हमला कर टारगेट किलिंग का आरोप लगा जा रहा हैं। आपको बता दें कि रतन दुबे जिला पंचायत के सदस्य भी हैं। वहीं छोटेडोंगर माइंस के परिवहन संघ के जिलाध्यक्ष हैं।

15 साल से हमारी सरकार ने विकास के कई कार्य किए : धनाराम बारसे

सुकमा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सुकमा जिला स्थित भाजपा कार्यालय में कोन्टा विधानसभा चुनाव संचालक सुधीर पांडे और भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा के घोषणा पत्र की जानकारी देते हुए बताया कि अगले पांच साल में हम छत्तीसगढ़ को भी सबसे विकसित राज्य बनाएंगे। पिछले 15 साल की हमारी सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए कई काम किए। कई योजनाओं की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई। पंचायत चुनाव में 50 फीसदी आरक्षण महिलाओं को देने की शुरुआत छत्तीसगढ़ से हुई है। साथ ही हमारी सरकार ने पावर सर प्लस स्टेट बनाया है।

उन्होंने भाजपा ने घोषणापत्र को लेकर कहा कि हर विवाहित महिला को भाजपा की सरकार साल में 12000 रुपए देगी। एक लाख खाली पदों पर दो साल में भर्ती की जाएगी। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाएंगे। हर घर में निर्मल जल पहुंचाएंगे। इसके साथ ही भाजपा ने कहा कि तेंदूपता संग्रहण को राशि बढ़ाने की घोषणा की है। तेंदूपत्ता संग्रहण पर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा देंगे। साथ 15 दिनों तक खरीदी होगी। अतिरिक्त संग्राहकों को 4500 रुपए बोनस दिया जाएगा। चरणपादुका योजना फिर से शुरू होगी। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र 500 नए खोले जाएंगे, इससे गरीब लोगों को सस्ती दवाएं मिलेगी। छत्तीसगढ़ पब्लिक सेवा आयोग की परीक्षा में पारदर्शिता होगी, इससे भर्ती घोटाले नहीं आएंगे। पब्लिक सेवा आयोग में घोटाले करने वाले लोगों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि घोषणापत्र में युवाओं को नए उद्योग लगाने पर 50 फीसदी सब्सिडी देंगे। सेंट्रल भारत का इनोवेशन हब बनाने के लिए रायपुर में एक बड़ा केंद्र बनाएंगे। बच्चियों के लिए रानी दुर्गावती योजना लेकर आएंगे। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने पर 500 रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। भाजपा के घोषणापत्र में 3,100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीद का वादा किया गया। अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है। छत्तीसगढ़ के गरीब लोगों को रामलला के दर्शन के लिए रामलला दर्शन योजना चलाई जाएगी।

भाजपा प्रत्याशी का कार्यालय उद्घाटित

सिमगा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा का सिमगा नगर में कार्यालय का हुआ उद्घाटन। आज शाम 5 बजे भाजपा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा का सिमगा नगर में कार्यालय उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बंशीलाल सोनकर के हाथों हुआ। इस अवसर विधायक शिवरतन शर्मा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं नारेबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया।

उन्होंने इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति दिलाने का समय आ गया है फिर से हमें सुशासन स्थापित करने के लिए कमल छाप में बटन दबाना होगा। कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पचास कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया

भाटापारा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रत्याशी शिव रतन शर्मा के बिटकुली की जनसभा में 50 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया इस अवसर पर विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र था विधानसभा इसकी बलोदा बाजार तो विकासखंड भाटापारा के होने के कारण यहां के लोगों को भी खूब परेशानी होती थी लेकिन भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से जुड़ने से इस क्षेत्र में हमने प्रयास किया है कि प्रत्येक गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए एवं भाटापारा से करही में करी वाया निपानिया एवं मौपका दोनों के रास्ते जाने वाली सड़क को। चौरीकरण डामरीकृत किया जाए

शर्मा ने आगे कहा कि मेरे विधायक बनने के पहले भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में एक ही हायर सेकेंडरी स्कूल मौपका में ही था लेकिन अब प्रत्येक 5 किलोमीटर में मिडिल एवं हाई स्कूल हमने खुलवाएं प्रत्येक गांव में हर समाज का हमने सामुदायिक भवन बनवाया यह क्षेत्र सिंचाई के मामले में भी काफी पिछड़ा हुआ है यहां के लोग प्राकृतिक वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं हमने अपने शासनकाल में अधूरी पड़ी भाटापारा शाखा नहर में भाटापारा तक पानी लाने में सफलता प्राप्त की है अब आपके आशीर्वाद से हम आगामी वर्षों में करही मेकरी के आखिरी खेत तक पानी पहुंचे ऐसा हमारा प्रयास होगा।

इस अवसर पर महामंत्री देव साहू एवं अश्वनी देवांगन के प्रयास से गौतम देवांगन देव देवांगन अजय वेद राम पिंटू गेंद्रम धर्मेंद्र नरेंद्र मुकेश कुमार इंद्र कुमार कुंवर सिंह दीपाराम गगन कुमार दीपेन कुमार देवांगन नरेंद्र कुमार नरोत्तम रितेश कुमार प्रदीप कुमार संदीप देवांगन दिनेश कुमार संतोष कुमार हरीश कुमार शाहिद उनके साथी कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया जिसे विधायक श्री रतन शर्मा ने भाजपा का दुपट्टा पहनकर स्वागत किया।

इसके अतिरिक्त विधायक शर्मा ने रामपुर, लालपुर, रामदाईया लक्ष्मणपुर, खैरा, खपरी राजपुर पाटन आदि ग्रामों का भी दौरा कर जनता का आशीर्वाद लिया।

जो बाटे दारू साड़ी नोट, उनको कभी न देंगे वोट

कसडोल/बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कसडोल नगर में संचालित इंदिरा देवी गौरहा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य वर्षा शर्मा के द्वारा

पोस्टर लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

शुक्रवार को स्कूली बच्चो को लेकर पूरे नगर मे मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। रैली मुख्यरूप से गायत्री चौक, हमाल चौक, बाजार चौक होते हुए पूरे नगर भ्रमण किया गया। रैली में स्कूली बच्चो ने बैनर पोस्टर में जो बाटे दारू साड़ी नोट उनको कभी न देंगे वोट जैसे नारों के साथ मतदाताओं को किसी भी नेताओं के बहकावे में न आकर ईमानदार प्रत्याशियों को वोट करने के लिए अपील किया गया। नारो के माध्यम से भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

दरअसल आगामी 17 नवम्बर को द्वितीय चरण के विधानसभा का मतदान होना है जिसको लेकर कई स्कूल और संगठन के लोग मतदाता जागरूकता अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक करने की कोशिश कर रहे हैं। प्राचार्या वर्षा शर्मा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र में मतदाताओं को जागरूक और सरकार चुनने के लिए प्रतिबद्ध करता है, जिससे सरकार का सृजन होता है। वही छात्रा राशि साहू ने कहा कि हम लोग रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर रहें है कि कोई भी लालचं में किसी प्रत्याशी को वोट न करें वोट ईमानदार प्रत्याशी को ही करें जो नगर और प्रदेश को एक नई दिशा दे सकें।

सहकारी समिति गोढ़ी में धान खरीदी शुभारंभ

अर्जुनी/बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। अर्जुनी समीप स्थित सहकारी समिति गोढी टी में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर समिति प्रबंधक के नेतृत्व में ग्राम के किसान केजूराम यादव एवं मंगतु राम साहू के 22 चिंटल मोटा महामाया धान को खरीदी कर शुभारंभ किया गया। धान खरीदी के शुभारंभ से किसानों के चेहरे में रौनकता आया है एवं समिति प्रबंधक भूषण साहू ने बताया कि इस वर्ष 20 चिंटल धान किसानों से प्रति एकड़ लेना है तथा किसानों से बायोमेट्रिक नहीं लिया जा रहा है। बायोमेट्रिक का सामान अभी तक उपलब्ध नहीं हुआ है ।पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीदी संचालित हो गए हैं इस अवसर पर राधेश्याम विश्वकर्मा, पीतांबर वर्मा, योगेश ध्रुव, दयाल, ललित, बसंत सहित ग्रामीण जन एवं कृषक जन उपस्थित रहे।

पीजी कॉलेज धमतरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में की गई मतदान की अपील

धमतरी, 4 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग और महाविद्यालय स्टाफ़, एनसीसी, एन एस एस एवं रेडक्रॉस के स्वंसेवकों ने आगामी 17 नवंबर को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील जिले के मतादाताओं से की।

सीसी रोड के गुणवत्ताहीन होने से किसानों को रही है परेशानियां

अर्जुनी/बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। अर्जुनी के धान खरीदी केंद्र में मंडी बोर्ड के द्वारा लगभग 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी रोड की गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण किसानो को परेशानी हो रही है। ठेकेदार के कर्मचारियो द्वारा रोड निर्माण के पष्चात रोड के किनारे में मुरूम नहीं डालने के कारण आज किसानों का गाड़ी बैला एवं ट्रैक्टर रोड के किनारे गड्ढे में गिर रहा है तथा किसानों को भारी परेषानी की सामना करना पड़ रहे हैं। धान खरीदी केंद्र के अंदर निर्मित सीसी रोड के नीचे गड्ढा होने के कारण किसानों को आने-जाने में असुविधा हो रही है।

समिति प्रबंधक के द्वारा समिति के अंदर कंक्रीट रोड के किनारे-किनारे मुरूम डलवाया गया है। सीसी रोड निर्माण के बाद किसानों को सुविधा तो नहीं हुआ लेकिन सड़क के किनारे किनारे बड़े-बड़े गड्ढा हो गए हैं तथा आज सीसी रोड का गिट्टी उखाड़ रहा है कुछ नेताओं के द्वारा झूठा आश्वासन देकर सीसी रोड निर्माण के समय मुरूम डालने एवं गुणवत्तापूर्ण सड़क बनाने की आश्वासन दिया गया था। इस सीसी रोड निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है 14 लाख की लागत के स्थान पर केवल 8-9 लाख की लगभग सीसी रोड सड़क का निर्माण किया गया है। लाखों का हेरा फेरी हुआ है यह भी एक जांच का विषय है किसानों ने सीसी रोड की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग प्रशासन से किया है।

भाजपा नेता अशोक बजाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात

नवापारा राजिम, 4 नवंबर (देशबन्धु)।वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने चुनाव प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्वामी विवेकानंद विमानतल पर भेंट की। भेंट के दौरान श्री मोदी ने अशोक बजाज से कुशलक्षेम पूछा तथा चुनाव तैयारी की जानकारी ली । श्री बजाज ने बताया कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन लहर चल रही है तथा निश्चित रूप से इस बार छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी।

प्रादेशिकी का शेष...

मतदान दिवस में कारखानों ...

मतदान के दिन प्रथम चरण 07 नवम्बर 2023 (मंगलवार) को राज्य शासन एतद्द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश घोषित किया गया है।

साथ ही मध्यप्रदेश एवं तेलंगाना राज्य के विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 हेतु कमशः मतदान तिथि 17 नवम्बर 2023 एवं 30 नवम्बर 2023 को नियत है। उक्त पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार-व्यवसाय में नियोजित है। ऐसे नियोजित व कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाता है। साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं। उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी - आकस्मिक श्रमिक हो, उनको प्रदान किया जायेगा।

7 से 30 एग्जिट पोल के परिणाम पर रोक

जगदलपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण (एक्जिट पोल) नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उक्त धारा की उपधारा (2) के उपबंधों के दृष्टिगत 07 नवम्बर 2023 (मंगलवार) को सुबह 07 बजे से 30 नवंबर 2023 (गुरूवार) को शाम 06:30 बजे के बीच की अवधि में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के संदर्भ में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा । इसके साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन उपर्युक्त साधारण निर्वाचनों में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रानिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा।

दुकानों के बीच मानक दूरी अनिवार्य, बांस-बल्ली और कपड़े का उपयोग प्रतिबंधित

भाटापारा, 4 नवंबर (देशबन्धु)।दो पटाखा दुकानों के बीच 3 मीटर की दूरी रखनी होगी। आमने-सामने की स्थिति में भी यह नियम प्रभावी होगा। हर दुकान में 5 के जी की क्षमता वाला अग्नि शामक यंत्र अनिवार्य होगा। जिला अग्निशमन अधिकारी ने यह गाईडलाइन जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि नियमों का परिपालन नहीं किए जाने की स्थिति में नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कितनी संस्थानें पालन करेंगी इन नियमों का अब तक यही देखा जाता रहा है कि ना नियमों का पालन किया जाता है, ना गंभीरता दिखाई जाती है। हद तो यह कि सघन जांच और कार्रवाई होती अब तक नहीं देखी गई है। ऐसे में बेखौफ होकर पटाखा बेचने वाली संस्थानें कारोबार कर रहीं है। गांव-देहातों में तो सड़क पर भी दुकानें लगने लगी हैं। बगैर सुरक्षा इंतजाम के।

टिन शेड का करें उपयोग: पटाखा कारोबारी बांस, कपड़ा और रस्सी या टेंट का उपयोग दुकान बनाने के लिए नहीं कर सकेंगे। इसकी जगह टिन शेड का इस्तेमाल करना होगा। यह इसलिए क्योंकि इन्हें अज्वलनशील माना गया है। जबकि बांस, कपड़े और रस्सियां बहुत जल्द जलतीं हैं। लिहाजा प्रतिकूल स्थितियों से बचाव के लिए यह नियम स्वीकार करना होगा।



पटाखा दुकानें कृपया ध्यान दें!

दो दुकानों के बीच यह दूरी: सुरक्षा के लिहाज से दो पटाखा दुकानों के बीच तीन मीटर की दूरी अनिवार्य रूप से रखनी होगी। आमने-सामने अस्थाई दुकानें नहीं बनाने के सख्त निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। प्रकाश व्यवस्था के लिए तेल और गैस लैंप का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। खुली बिजली बत्ती की अनुमति भी नहीं होगी।

बिजली व्यवस्था के लिए सलाह: जिला अग्निशमन अधिकारी के अनुसार पटाखा दुकानों में बिजली के तार में जॉइंट खुले नहीं होने चाहिए। प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर का होना अनिवार्य होगा ताकि शॉर्ट सर्किट की स्थिति में बिजली का प्रवाह स्वत: बंद हो जाए। सुरक्षा के लिहाज से यह नियम बेहद अनिवार्य है।

हर दुकान में अनिवार्य: प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 के जी क्षमता वाला अग्निशमन यंत्र का होना अनिवार्य होगा। इसकी मारक क्षमता 6 मीटर होती है। इसके अलावा 200 लीटर क्षमता वाला पानी भरा ड्रम और बाल्टी भी अनिवार्य रूप से रखनी होगी। अग्निशमन विभाग और एंबुलेंस का फोन नंबर अंकित करना होगा।

सुगम यातायात के लिए: पटाखा दुकानों के सामने पार्किंग को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया जा रहा है। यह इसलिए ताकि प्रतिकूल स्थितियों में फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की आवाजाही बेरोक-टोक बनी रहे। जारी गाइडलाइन में स्पष्ट किया गया है कि नियमों का परिपालन नहीं किए जाने की स्थिति में छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018 एवं छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

समृद्ध छत्तीसगढ़ को संवारने का संकल्प पत्र : डॉ. सुभाऊ

दंतेवाड़ा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा का संकल्प पत्र एक आम आदमी की सोच का प्रतिबिंब है। यह समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण बाद इसे और संवारने की इच्छा शक्ति को भी दर्शाता है। संकल्प पत्र तैयार करने में तीन महीने से ज्यादा का वक्त लगा। 2 लाख से ज्यादा सुझाव आए, इसके बाद भाजपा का घोषणा पत्र तैयार हुआ। इसमें धान, किसान, नारी सम्मान, युवाओं के भविष्य, अधोसंरचना सहित सभी बातों का जिक्र है। दंतेवाड़ा जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप ने यह बातें कहीं।

पत्रवार्ता में डॉ. कश्यप ने कहा कि प्रदेश भाजपा मुख्यालय में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनाव के लिए मोदी गारंटी 2023 लॉन्च की। इस संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की गई हैं, वह पूरी ईमानदारी के साथ लागू की जाएंगी। समय सीमा में लागू की जाएंगी और पूरी तरह लागू की जाएंगी। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी जाएगी। समर्थन मूल्य की कीमत बोनस सहित एकमुश्त मिलेगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 का बकाया बोनस 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से इसी वर्ष राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर को दिया जाएगा। प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। विवाहित महिलाओं को सालाना 12 हजार रुपये मिलेगा।

डॉ. कश्यप ने बताया कि यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी की परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ होंगी। 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। 50 फीसदी सब्सिडी के साथ युवाओं को उद्यम के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। 1 लाख रिक्त शासकीय पदो पर समयबध्द एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित की जाएगी, आवास के तहत प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान के तहत कैबिनेट की पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित 18 लाख घरों का निर्माण पूरा करने धनराशि का आबंटन होगा और दो सालों के अंदर छत्तीसगढ़ के हर घर में पीने का शुध्द पानी उपलब्ध होगा। राज्य में 500 नए जन औषधि केन्द्र स्थापित कर सस्ती दवाईयां उपलब्ध करायी जायेंगी। स्टेट कैपिटल रीजन में दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में स्टेट कैपिटल रीजन की स्थापना कर रायपुर, नया रायपुर, दुर्ग और भिलाई नगर क्षेत्र का समन्वित एवं संतुलित विकास करेंगे। रानी दुर्गावती योजना की शुरुआत कर बीपीएल वर्ग की बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपए का आश्वासन प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। भ्रष्टाचार शिकायत निवारण व निगरानी के लिए एक वेब पोर्टल बनाएंगे। डॉ. कश्यप ने बताया कि बस्तर और सरगुजा में स्थानीय स्तर पर भर्ती को प्राथमिकता मिलेगी। समावेशी विकास की परिकल्पना को लेकर संकल्प पत्र तैयार हुआ है। भाजपा इसे एक वचन के रूप में निभायेगी। कांग्रेस की तरह नहीं जो गंगा जल हाथ में लेकर अपने घोषणा पत्र के वादों को 5 साल में भी पूरा नहीं कर पाए। शराबबंदी की घोषणा इसका बड़ा उदाहरण है। पत्रवार्ता में विधानसभा प्रभारी अरुण सिंह भदौरिया, दुर्गा सिंह चौहान, जिला महामंत्री संतोष गुप्ता एवं प्रेम झा उपस्थित रहे।

- **संकल्प पत्र में किसानों का मान, महिलाओं का सम्मान और युवाओं का पूरा ध्यान**
- **पत्रकार वार्ता में घोषणा पत्र के प्रमुख बिंदुओं की दी जानकारी**

सरकार बनते ही 25 दिसंबर को दे दिया जाएगा किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस : मरकाम

कोण्डागांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने शनिवार को स्थानीय पत्रकारों से भाजपा कार्यालय कोण्डागांव में आयोजित पत्रवार्ता के दौरान पार्टी का घोषणापत्र साझा करते कहा कि हमने इस संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की हैं, वह पूरी ईमानदारी के साथ लागू की जाएंगी। समय सीमा में लागू की जाएंगी और पूरी तरह लागू की जाएगा। किसानों, मजदूरों, महिलाओं और विद्यार्थियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए तैयार किए गए घोषणा पत्र को दिखाते हुए विश्वास दिलाया कि छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्धिशाली राज्य बनाने में भाजपा कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। किसानों से 3100 रुपए प्रति चिंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 चिंटल धान खरीदी जाएगी। समर्थन मूल्य की कीमत बोनस सहित एकमुश्त मिलेगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 का बकाया बोनस 300 रुपए प्रति चिंटल की दर से इसी वर्ष राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर को दिया जाएगा। प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। विवाहित महिलाओं को सालाना 12000 रुपये मिलेगा। यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी की परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ होंगी। 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। 50 फीसदी सब्सिडी के साथ युवाओं को उद्यम के लिए ब्याज मुक्त ऋष्ण दिया जाएगा। नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने मोदी की गारंटी 2023 को छत्तीसगढ़ के कायाकल्प का ब्लूप्रिंट बताते हुए कहा है कि रोड मैप तैयार हो गया है, छत्तीसगढ़ अब इस पर चलेगा। भाजपा की सरकार आने वाली है और पांच साल से अवरूध्द विकास फिर से आगे बढ़ने वाला है। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल दीक्षित, शहर मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह ठाकुर, चुनाव प्रबंधन समिति एवं मीडिया विभाग से रौनक दीवान, विक्की रवानी, सुरेंद्र सोनपिपरे, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री बंटी नाग व अन्य मौजूद रहे ।

बच्चों ने मानव श्रृंखला व रैली के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

कोण्डागांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को ध्यान में रखते हुए, शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा चिपावन्ड के शिक्षकों ने बैगलेस डे को बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया। जिसमे सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारों के साथ मतदाताओं को जागरूक करने तथा आपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में चिपावंड संकुल प्राचार्य दोनो विद्यालय प्रधान अध्यापक और संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व आयोग के विशेष प्रेक्षकों ने लिया मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा

कोण्डागांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले सहित कोण्डागांव पहुंचे भारतीय निर्वाचन आयोग के विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र गंगवार, विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा तथा विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा ने कोण्डागांव के शहीद गुंडाधूर महाविद्यालय परिसर में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शनिवार को कोंडागांव पहुंचे दल को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि ईवीएम कमीशनिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

जिले में कोण्डागांव और केशकाल विधानसभा के साथ ही नारायणपुर विधानसभा का आंशिक क्षेत्र भी आता है। जिले की कुल 588 मतदान केंद्रों की मतदान सामग्री के वितरण के लिए 34 काउंटर बनाए गए हैं। उन्होंने मतदान सामग्री के वितरण के दौरान कार्मिकों की सुविधा हेतु किए गए प्रबंध के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने यहां की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही मतदान सामग्री पर अभ्यर्थियों द्वारा लगातार नजर रखने के लिए सीसीटीवी की व्यस्था के संबंध में भी बताया। कलेक्टर ने यह भी बताया कि मतदान दलों की रवानगी के लिए वाहनों का अधिग्रहण कर लिया गया है और वाहनों को मतदान सामग्री वितरण स्थल के निकट निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़े किए गए हैं।

आयोग के विशेष सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पहुंचे कोण्डागांव

कोण्डागांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के आगामी निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार (सेवानिवृत्त आईएएस), विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त आईपीएस), विशेष व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग राजेश टुटेजा (सेवानिवृत्त आईआरएस), मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब कंगाले, आईजी एवं नोडल अधिकारी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह शनिवार को कोण्डागांव पहुंचे। जहां उनका कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप प्रेमप्रकाश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

फिंगेश्वर में आज विशाल दिवाली मेला

फिंगेश्वर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। नगर की उत्साही एवं हमेशा रचनात्मक कार्यो में जुड़ी रहने वाली महिलाओं के समूह द्वारा कल रविवार 5 नवंबर को नगर में प्रथम बार दिवाली मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन प्रमुख श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव ने बताया कि शहरों की तरह हमारे ग्राम्यांचल में दिवाली के अवसर पर मनोरंजन के साथ साथ दिवाली त्यौहार के सभी सामान मिठाईयाॅ, पूजा सामग्री, सजावट समान, कपड़े आदि एक ही जगह उपलब्ध कराने एवं हमारे सबसे प्रमुखता बड़े त्यौहार दिवाली को उत्साह एवं मेल मिलाप से मनाने हमारी महिलाओं ने मिलकर नगर के समता क्लब मैदान में दिवाली मेला के नाम मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। आयोजन समिति की श्रीमती ऋचा रात्रे, पद्मा यदु, शांति कोसरे, भुनेश्वरी साहू, अनिता शर्मा, ज्योति राजपूत ने बताया कि मेला प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। मेला स्थल पर रंगोली प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे एवं समापन कार्यक्रम रात्रि 9 बजे संपन्न होगा। इस आयोजन के लिए नगर के व्यवसायियों, गणमान्य नागरिकों एवं अंचल के प्रतिष्ठानों का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। दीवाली मेला आयोजन समिति ने नगरवासियों एवं अंचलवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

किसानों का मान, महिलाओं का सम्मान, युवाओं का पूरा ध्यान : महेश गागड़ा

भाजपा सरकार बनते ही संविदा कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग होगी पूरी, क्रम के अनुसार होगा नियमितीकरण

बीजापुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए मोदी गारंटी 2023 लॉन्च की आभार व्यक्त करते हुए भाजपा उम्मीदवार एवम् पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने यह घोषणा पत्र को जीत का संकल्प का घोषणा पत्र बताया । भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने इस संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की हैं, वह पूरी ईमानदारी के साथ लागू की जाएंगी। समय सीमा में लागू की जाएंगी और पूरी तरह लागू की जाएंगी।

भाजपा उम्मीदवार एवम् पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और विद्यार्थियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए तैयार किए गए घोषणा पत्र को बताते हुए विश्वास दिलाया कि छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्धिशाली राज्य बनाने में भाजपा कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। किसानों से 3100 रुपए प्रति चिंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 चिंटल धान खरीदी जाएगी। समर्थन मूल्य की कीमत बोनस सहित एकमुश्त मिलेगी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 का बकाया बोनस 300 रुपए प्रति चिंटल की दर से इसी वर्ष राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर को दिया जाएगा। प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। विवाहित महिलाओं को सालाना 12000 रुपये मिलेगा। यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी की परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ होंगी। 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। 50 फीसदी सब्सिडी के साथ युवाओं को उद्यम के लिए ब्याज मुक्त ऋष्ण दिया जाएगा।

शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म, फरार आरोपी गिरफ्तार

कोण्डागांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला कोण्डागांव के माकड़ी थाना क्षेत्र में एक युवती को शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी को माकड़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। मामले में मिली जानकारी के मुताबिक 29.10.2023 को प्राथिर्या ने थाना माकड़ी में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी धनीराम ध्रुव पिता सादाराम उम्र 21 वर्ष जाति गोंड साकिन मिरमिण्डा थाना माकड़ी, जिला कोण्डागांव (छग) द्वारा प्राथिर्या को बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण किया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना माकड़ी में अपराध क्रमांक 61/2023 धारा 366, 376 (2) (ढ) भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रहा था, विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार (भापुसे) के निर्देर्षानुसार एवं अति पुलिस अधीक्षक डी.आर. पोर्ते, अति.पु. अधीक्षक (आप्स) कोण्डागांव रूपेष कुमार डांडे तथा पु.अनु. अधिकारी निमितेष सिंह के मागर्दषर्न में टीम गठित कर फरार आरोपी धनीराम ध्रुव को मुखबीर सूचना के आधार पर ग्राम मिरमिण्डा में घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। जिसे शनिवार 04 नवम्बर को गिरफ्तार कर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय कोण्डागांव के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर केन्द्रीय जेल जगदलपुर भेजा गया है। उपरोक्त कायर्वाही में निरीक्षक विनोद कुमार साहू, सउनि गिरीष कतलम, राकेष कुमार भोयर, प्रआर राकेष जुर्री, मप्रआर शांति ध्रुव, आरक्षकराजू पानीग्राही का कार्य सराहनीय रहा।

कब-बुलबुल टीम ने रंगोली, नारा लेखन, मानव श्रृंखला व रैली निकाल चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

कोण्डागांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोण्डागांव के पदेन संरक्षक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोण्डागांव के निर्देशानुसार कब मास्टर पवन कुमार साहू, शा. प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी एवं फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव प्राथमिक शाला बाजारपारा कोण्डागांव के नेतृत्व में शनिवार 4 नवम्बर को जिला प्रशासन के स्वीप कार्यक्रम के तहत मुरारीपारा बड़ेबेंदरी एवं कोण्डागांव के बाजारपारा में कब बुलबुल टीम के द्वारा रंगोली, नारा लेखन, मानव श्रृंखला एवं रैली के माध्यम से मतदाता जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें मतदाताओं को मंगलवार 7 नवंबर 2023 को सब काम छोड़कर सर्वप्रथम वोट डालने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका श्रीमती सुधा अवस्थी, श्रीमती मंजू लता उईके, बाजारपारा बुलबुल टीम की छात्राए कुमारी काव्या, ओजस्विनी, स्वाति, आरोही, भावना, अभा, यामिनी, मुरारीपारा की टीम में विनीता, सबीना, आरोसी, सविता, वंदना, दौलत राम, गणेश, प्रेमलाल, मौसम एवं कब बुलबुल टीम के छात्र छात्राओं तथा परावासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान करने में सहयोग करने हेतु शपथ दिलाया गया।

घर-घर जाकर दिया जा रहा मतदान का न्यौता

दंतेवाड़ा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के गांव-गावं में रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को 7 नवंबर अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है। इस अभियान में स्कुली छात्र-छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, द्वारा बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई जा रही है।

इसी कड़ी में ग्राम पालनार, घोटपाल-2, बटटीनामा, बचेली गंगो पारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आंवराभाटा, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला झोड़ियाबाड़म के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इन गांवों के विद्यालय के छात्रों ने जहां नृत्य, संगीत और रंगोली बनाकर मतदान करने की प्रेरित किया तो वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन और शिक्षकों ने मतदान के लिए रैली या मानव श्रृंखला बनाकर स्वयं मतदान करने तथा औरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इसके अलावा मतदान कार्मिकों ने भी घर-घर जाकर महिला मतदाताओं को मतदान करने के लिए ग्रामीण बोल चाल की भाषा में न्यौता भी दिया ताकि शत-प्रतिशत मतदान हर जगह सुनिश्चित किया जा सकें।

- **रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा जागरूकता अभियान**
- **7 को मतदाताओं से वोटिंग करने का आह्वान**

रंगोली प्रतियोगिता में जन शिक्षण संस्थान को तृतीय पुरस्कार मिला



कोण्डागांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार 4 नवम्बर को जिला स्तरीय स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली, मेंहदी, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, सामूहिक नृत्य कला का प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कोण्डागांव जिले में संचालित प्राथमिक स्कूल, हाई स्कूल, महाविद्यालय, लाइवलीहुड कॉलेज, जन शिक्षण संस्थान के स्टूडेंट, एनआरएलएम एवं एनयूएलएम के महिला स्व सहायता समूहों के महिलाएं लगभग 1000 प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए थे। प्रतियोगिता कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान कोण्डागांव को रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय पुरस्कार के विजेता रहें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोण्डागांव के सौजन्य से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, रविवार, 5 नवम्बर 2023 ■ वर्ष - 65 ■ अंक -201 ■ पृष्ठ -12 ■ मूल्य - 4.00 रु.

प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

प्रदेश कांग्रेस ने किया खुलासा

ईडी ने जिस ड्राइवर के बयान पर मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया वह भाजपा का कार्यकर्ता : कांग्रेस

रायपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी और भाजपा ने मिलकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने साजिश रची। ईडी ने जिस ड्राइवर के बयान पर मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया वह भाजपा का कार्यकर्ता है।

राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के इशारों पर ईडी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने के उद्देश्य से एक दुर्भावनापूर्वक प्रेस नोट जारी किया। इसमें ईडी ने सिर्फ एक आरोपी के फौरी ब्यान के आधार पर मुख्यमंत्री के खिलाफ बिना किसी प्रमाण के, बिना किसी जांच के पैसे लेने का प्रेसनोट हड़बड़ी में जारी कर दिया। इसी के द्वारा जारी प्रेस नोट यह साबित करने के लिये पर्याप्त है कि यह भाजपा को एक चुनावी मुद्दा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के उद्देश्य से षड़यंत्रपूर्वक जारी किया है।

जिस ड्राईवर के बयानों के आधार पर मुख्यमंत्री पर अनर्गल आरोप लगाये गये है वह भाजपा का कार्यकर्ता है। वह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम प्रकाश पांडे के अनन्य सहयोगी पियूष

■ ईडी व भाजपा ने मिलकर मुख्यमंत्री की छवि खराब करने साजिश रची

■ डा रमन सिंह, रमेश बैस की महादेव एप्प के आरोपियों के साथ कांग्रेस ने जारी की तस्वीर

मिश्रा का सहयोगी है। वह रमन सिंह का भी कार्यकर्ता है। रमन सिंह के साथ उसकी तस्वीर सोशल मीडिया में है।

असीम दास जिसके साथ रमन सिंह और पियूष मिश्रा जो भाजपा का पार्षद है, जो प्रेम प्रकाश पांडे का प्रतिनिधि था उसके बयानों के आधार पर मुख्यमंत्री पर आरोप लगाना साफ करता है कि ईडी का प्रेस नोट भाजपा की साजिश है।

महादेव एप्प को भाजपा का पूरा संरक्षण है, केंद्र सरकार और भाजपा के संरक्षण में ही महादेव एप्प चल रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस के साथ महादेव एप्प के सरगना सौरभ चंद्राकर और युसूफ पुट्टी जो कि महादेव एप्प का एक सहयोगी है जिसके खिलाफ एफआईआर भी हुई ।उसकी तस्वीर रमेश बैस के साथ है। युसूफ पुट्टी के साथ दुबई कौन से भाजपा नेता गये थे इसकी जांच होनी चाहिये

रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह और रमन के पूर्व 3 नौकरशाह का बेटा दुबई क्यों जाते है इसका जवाब दें रमन सिंह, अभिषेक सिंह के पासपोर्ट को सार्वजनिक करें। भाजपा नेताओं की महादेव एप्प में संलिप्तता और संरक्षण का यह बड़ा उदाहरण है।

मुख्यमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश है। ईडी लगातार कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का षड़यंत्र केंद्र के इशारे पर कर रही है। अब तो इस मामले में भाजपा नेताओं के साथ उसकी सांठगांठ उजागर हो चुकी है।

महादेव एप्प को भाजपा की केंद्र सरकार और यूपी की योगी सरकार का संरक्षण है। यदि ऐसा नहीं है तो केंद्र सरकार महादेव एप्प के सरगना जो दुबई में बैठे है उनके खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं कर रही उनको भारत लाने के लिये क्या प्रयास किये गये केंद्र इस ऑनलाईन गेमिंग एप्प पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगा रहा है जब चाईना के 150 से अधिक एप्प पर एक दिन में प्रतिबंध लगा सकता है तो इस एप्प पर केंद्र की मेहरबानी के मायने है- महादेव एप्प एक संगठित गिरोह है। जो इस देश के बाहर विदेश से संचालित होता है। केन्द्र सरकार अगर चाहे तो विदेश में बैठे हुये अपराधियों के ऊपर कार्यवाही कर सकती है। लेकिन इस मामले में केन्द्र सरकार और भाजपा की रहस्यमयी चुप्पी अनेक संदेहों को जन्म देती है।

महादेव सट्टा एप वालों से मोदी का संबंध, पीएम बताएं क्या डील हुई

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बीच महादेव सट्टा एप पर सियासत तेज हो गई है. ईडी के आरोपों पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले में जवाब देना चाहिए. उन्हें बताना चाहिए कि महादेव एप वालों से आपकी डील क्या हुई ?

सीएम भूपेश बघेल ने सीधा आरोप लगाया है कि महादेव सट्टा एप वालों से प्रधानमंत्री का संबंध है. सौरभ चंद्राकर के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी होने के बाद गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई ? केंद्र सरकार ने महादेव एप पर बैन क्यों नहीं लगाया।

ईडी के आरोपों पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा ईडी और आईटी के माध्यम से चुनाव लड़ रही है. दो घोषणा पत्र बीजेपी का जारी हुआ जो एक ईडी ने किया, मैं बीजेपी से पूछता हूं कि आपका दुबई वालों से क्या संबंध है.. ? क्यों लुक आउट सर्कुलर जारी होने के बाद उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई.. ? जिम्मेदारी भारत सरकार की थी. क्रोनोलोजी समझिए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री आते हैं, ईडी आती है. ईडी और आईटी अगर यहां घूम रहे हैं तो पैसा कैसे पहुंच गया. बघेल जी के पास देना है वहां से खबर आई है. फिर वहां से मेल आ जाता है.. ? जब मेल आपके पास आ जाता है तब आपके और उनके संपर्क हैं. और संपर्क है तो उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं करते.. ?

सीएम बघेल ने कहा, महादेव एप बंद क्यों नहीं हो रहा, लगातार चल रहा है. उसका मतलब प्रधानमंत्री जी आपके संबंध है और पार्टी के लोगों के संबंध हैं. आपके द्वारा लेन देन हुआ है, इसके कारण जांच नहीं हो रही. यह मेरा सीधा आरोप है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा लड़ नहीं रही केंद्रीय जांच एजेंसी लड़ाई लड़ रही है. मैं ने निर्वाचन से कहा जो बड़ी-बड़ी संदूकें के आ रही है प्लेन से उसकी जांच क्यों नहीं होनी चाहिए. साधारण आदमी की गाड़ी की जांच हो रही है, तब इसकी जांच क्यों नहीं होनी चाहिए. आनन फानन में आप नाम रख रहे हो।

स्मृति ईरानी के ऑपरेटर वाले बयान पर सीएम बघेल ने पलटवार करते हुए कहा, भाजपा में है वह और खुलेआम करती है. कोई शर्म है या नहीं. आप जिन पर आरोप लगा रहे हैं, जो जांच करवाते हैं और जांच के बाद आपकी पार्टी में आने के बाद सब मोदीवासी पाउडर से धूल जाते हैं. सब साफ सुथरा हो जाता है।

कुकरेजा सहित 6 कांग्रेस से निष्कासित

बगावत कर लड़ रहे है चुनाव

रायपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे आधा दर्जन नेताओ को कांग्रेस ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है ।रायपुर उत्तर से टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर अजीत कुकरेजा निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है। पार्टी ने यहां से वर्तमान विधायक कुलदीप जुनेजा को दोबारा अवसर दिया है।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने 6 लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है ।जिसमें जशपुर से प्रदीप खेस, रायगढ़ से शंकर अग्रवाल, मुंगेली से रुपलाल कोसरे, कसडोल से गोरेलाल साहू, रायपुर उत्तर से अजीत कुकरेजा और संजारी बालोद से मीना साहू का नाम शामिल है ।कसडोल विधानसभा से पार्टी ने वर्तमान विधायक शकुंतला साहू की टिकट काट दी है। उनकी जगह संदीप साहू को प्रत्याशी बनाया है ।वे रायपुर के निवासी है ।उन्हे बाहरी प्रत्याशी बताकर गोरेलाल साहू ने बगावत का झंडा बुलंद कर दिया है। वे निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे है। रायगढ़ से विधायक प्रकाश नायक को फिर से टिकट दिए जाने के खिलाफ शंकर अग्रवाल ने बगावत कर पार्टी के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे है। मुंगेली से कोंग्रेस ने संजीत बंजारे को प्रत्याशी बनाया है। इसके खिलाफ रुपलाल कोसरे बागी हो गए है ।श्री कोसरे भी टिकट के प्रबल दावेदार थे ।जशपुर से पार्टी ने विनय कुमार भगत को प्रत्याशी घोषित किया है। इसका विरोध करते हुए प्रदीप खेस पार्टी से बगावत कर दिया है। वे निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है।

बिना अनुमोदन एथेनाल प्लांट के मोडिफिकेशन पर भड़के आयुक्त

रायपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिपेक्ष्य में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हेतु आयोग द्वारा जारी निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी आयुक्त महादेव कावरे द्वारा दुर्ग में अवस्थित आसवनी छत्तीसगढ़ डिस्टलरी लिमिटेड कुम्हारी का आकस्मिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्पिरिट रूम, स्टॉक रूम, बॉटलिंग प्लांट को देखा। प्लांट में पदस्थ अधिकारियों से उन्होंने मदिरा विनिर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया से लेकर मदिरा की बॉटलिंग , लोडिंग, स्कैनर के माध्यम से मदिरा का डिस्पैच से संबंधित समस्त प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने अधिकारियों को समस्त रजिस्टर को नियमानुसार संधारित कर अपडेट रखने, सभी सीसीटीवी कैमरा द्वारा प्लांट की 24 /7

आबकारी आयुक्त ने छत्तीसगढ़ डिस्टलरी का लिया जायजा कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

निगरानी करने, कैमरों का 15 दिन तक बैकअप रखने, बूम बैरियर ऑथोराइज्ड पर्सन द्वारा ही खोले जाने हेतु निर्देशित किया .प्लांट में अग्नि शमन यंत्र की वैलिडिटी चेक करने डिस्लरी प्रभारी को निर्देशित किया. पलांट में तैनात ष्ह्नद्बठ्ठ-ह्लह्ड्डद्य आर्म्ड फ़ोर्सेज़ से भी उन्होंने चर्चा कर आयोग की मंशानुरूप कार्य करने हेतु प्रेरित किया. आयुक्त आबकारी द्वारा डिस्टलरी में अवस्थित इथेनॉल प्लांट यूनिट में आसवक द्वारा कम्पीटेंट अर्थॉरिटी के अनुमोदन के बिना एथनॉल प्लांट के लिए मोडीफ़िकेशन पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए डिस्टलर को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया. आयुक्त ने आसवनी में पदस्थ अधिकारियों महिमा पट्टावी ज़िला आबकारी अधिकारी, पूनम सिंह एवं घासीराम आड़ेसहायक ज़िला आबकारी अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री में मॉडिफिकेशन की जानकारी आबकारी आयुक्त को नहीं भेजकर कार्य में लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। आयुक्त के दौरे पर मुख्यालय के वरिष्ठ आबकारी अधिकारिगण भी उनके साथ रहे।

विशेष प्रेक्षकों ने निर्वाचन तैयारियों का किया अवलोकन, दिए दिशा-निर्देश

रायपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु नियुक्त विशेष प्रेक्षको के द्वारा प्रथम चरण के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर निर्वाचन संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार (पूर्व आईएएस), विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा (पूर्व आईआरएस) एवं पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा (पूर्व आईपीएस) ने राजनांदगाँव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, उत्तर बस्तर कांकेर तथा कोंडागांव जिलों का दौरा कर निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षको सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने संभाग एवं जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया और मतदान दिवस पर मतदाताओं द्वारा सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त विशेष प्रेक्षकों ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने समीक्षा के दौरान सभी जिलों में सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रलोभन एवं भयरहित मतदान सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने संबंधित जिले के जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुगम एवं समावेशी निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्वीप कार्यक्रम में हुई शामिल

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के आगामी निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार, विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा, विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले, आईजी एवं नोडल अधिकारी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह मतदाता जागरूकता हेतु कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित विकासनगर स्टेडियम में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

पहले चरण के मतदान के लिए आज थमेगा प्रचार

रायपुर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निवार्चन 2023 अंतर्गत प्रथम चरण में 7 नवम्बर मतदान तिथि वाले विधानसभा क्षेत्रों में रविवार 5 नवम्बर को शाम पांच बजे तक प्रचार थम जाएगा। सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान समय वाले विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवार 5 नवम्बर को दोपहर तीन बजे तक और सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान समय वाले विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी 5 नवम्बर को शाम पांच बजे तक प्रचार कर सकेंगे। मतदान समाप्ति समय के 48 घंटे पूर्व से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा।

प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार हैं जिनमें 198 पुरूष तथा 25 महिला हैं। प्रथम चरण के लिए 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता तथा 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। प्रथम चरण में निर्वाचन हेतु कुल 5304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में से दस विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा दस विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इनमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

7 से 30 नवम्बर तक एक्जिट पोल के आयोजन और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक किसी भी तरह के एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा आज इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत आयोग द्वारा इस अवधि के दौरान एक्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण पर रोक लगाई गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को किया शर्मसार, तत्काल इस्तीफा दे : बृजमोहन

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने महादेव एप के प्रमोटर्स द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपए दिए जाने पर कहा है कि भूपेश बघेल को मिलने वाले अपराध से अर्जित इस धन के तार कहीं-न-कहीं कांग्रेस आलाकमान से भी जुड़े हो सकते हैं। अगर कांग्रेस नेतृत्व में शर्म बाकी हो तो उसे मुख्यमंत्री बघेल से तुरंत इस्तीफा दिलवाना चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा कि अपराध से अर्जित पैसे का उपयोग चुनाव में करने का पाप प्रदेश कांग्रेस और उसकी भूपेश सरकार कर रही है, इस पर चुनाव आयोग को भी संज्ञान लेकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। श्री अग्रवाल ने प्रश्न किया कि क्या चुनाव आयोग इस मामले में कांग्रेस को चुनावी प्रक्रिया से अलग करेगा ?भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने शनिवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय आहूत पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी को शर्मसार और बदनाम करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है। छत्तीसगढ़ियावाद का पाखंड रचकर छत्तीसगढ़ को बदनाम करने वाले मुख्यमंत्री बघेल को महादेव एप से 508 करोड़ रुपए दिए जाने का खुलासा होना बहुत शर्मनाक है। प्रदेश के लोगों को, युवाओं को सट्टा खिलाकर उन्हें सट्टे के दलदल में धकेलकर उससे लिए गए पैसों को चुनाव में लगाना बेहद आपराधिक षड्यंत्र है, लेकिन मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस के नेताओं को इससे गुरेज नहीं है। शनिवार को छत्तीसगढ़ पहुँचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी भी इस मामले पर जवाब दें। श्री अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने (श्री अग्रवाल ने) तीन माह पूर्व ही महादेव एप के मामले में दुर्ग-भिलाई का ही कनेक्शन जुड़ने पर यह आशंका व्यक्त की थी कि आगे चलकर इसके तार सत्ता शीर्ष के गिरेबाँ तक पहुँचेंगे जो आज सच साबित हुई है। जब इस

मामले की जाँच आगे बढ़ने लगी तो मुख्यमंत्री बघेल ने दिल्ली जाकर कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। अब तो यह सच भी प्रदेश को बताया जाना चाहिए कि क्या कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व तक महादेव एप की आपराधिक कमाई का हिस्सा पहुँच रहा था ?भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने सवाल किया कि क्या इसीलिए छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही सीबीआई को भूपेश सरकार ने बैन किया था ? आखिर क्यों ईडी की कार्रवाई होते ही मुख्यमंत्री बघेल बिना किसी प्रकार की जांच किए सीधे आरोपियों के संरक्षण में खड़े हो जाते हैं। महादेव एप में ईडी के छापों में मुख्यमंत्री के सलाहकार की भूमिका भी सामने आई है। सभी मामलों में मुख्यमंत्री अभियुक्तों के संरक्षक बनकर खड़े हो गए। श्री अग्रवाल ने तथ्य रखते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को छत्तीसगढ़ में शुभम सोनी के माध्यम से असीम दास पैसा पहुँचाता था। शुभम सोनी के माध्यम से एक वॉइस मैसेज के माध्यम से असीम दास को यह आदेश दिया गया कि वह रायपुर जाए और बघेल को चुनाव के खर्चे के लिए पैसे दे। अभी दो दिन पहले 2 नवम्बर को होटल ट्राइटेन में असीम दास से सर्च में पैसा बरामद हुआ। इसी प्रकार अलग-अलग बैंक खातों से 15.50 करोड़ रुपए प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉण्ड्रिंग एक्ट के तहत फ्रीज़ किया गया।

अग्रवल ने कहा कि असीम दास ने अपने स्टेटमेंट में यह कुबूल किया है कि वह दुबई से आदेशानुसार रायपुर पहुँचा। उसे आदेश यह हुआ था कि कांग्रेस के चुनाव के खर्चे के लिए पैसा दिया जाए। असीम दास ने यह कुबूल किया कि यह पैसा महादेव एप के इल्लीगल बेटिंग ऑपरेशन्स का पैसा है। असीम दास ने कुबूल किया कि शुभम सोनी महादेव ऑनलाइन बुक के टॉप लेवल मैनेजमेंट में शामिल हैं ।भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि यह तथ्य चौंका देने वाला है कि जिस शुभम सोनी के बारे में असीम दास ने स्टेटमेंट दिया है, जांच एजेंसियों के पास उस शुभम का वॉयस मैसेज भी उपलब्ध है।

अग्रवाल ने शुभम सोनी का वॉइस मैसेज पढ़कर भी सुनाया। स वॉयस मैसेज में शुभम असीम दास को दुबई से तुरंत भारत जाकर बघेल (भूपेश बघेल) के आदमी को 8-10 करोड़ रुपये पहुंचाने का निर्देश दे रहा है। इस मैसेज में शुभम यह भी कहते सुना गया है कि छत्तीसगढ़ से उसके पास चुनावी फंडिंग के लिए बहुत सारे फोन कॉल और मैसेज आ रहे है। शुभम ने यह भी कहा कि वह असीम के छत्तीसगढ़ पहुंचते ही महादेव एप की स्थानीय शाखा से पैसे का इंतजाम करवा देगा। भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि ईडी की अब तक की ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

युवा मतदाता हैं लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति : कुलपति बलदेव शर्मा

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। अग्रसेन महाविद्यालय, पुरानी बस्ती में पत्रकारिता विभाग, आई.क्यू.ए.सी. तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आज महाविद्यालय के सभागार में युवा मतदाता और लोकतंत्र विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेवभाई शर्मा मुख्य अतिथि रहे. वहीँ, राज्य के पूर्व चुनाव आयुक्त डॉ सुशील त्रिवेदी (रिटायर्ड आई.ए.एस.) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की.. विशेष अतिथि के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ शैलेन्द्र पटेल आमंत्रित थे. साथ ही स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी डॉ चुन्नीलाल शर्मा ने अतिथि वक्ता के रूप में मतदान के महत्व पर जानकारी दी. संगोष्ठी में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि भारत में लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवा मतदाता ही सबसे बड़ी भूमिका निभाते हैं. इसलिए युवा मतदाता ही लोकतंत्र की प्रमुख शक्ति हैं. इस कार्यक्रम में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रोनिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नरेंद्र त्रिपाठी भी विशेष रूप से उपस्थित थे. आज संगोष्ठी के पश्चात पत्रकारिता विभाग, महाविद्यालय के समस्त विभाग के विद्यार्थियों ने एन.एस.एस. केडेटों के साथ मतदाता जागरूकता का सन्देश देने के लिए एक रैली भी निकाली.संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेवभाई शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया सर्वश्रेष्ठ चयन पर आधारित होती है. प्रो शर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं का उद्देश्य काल पढ़ाई लिखाही ही नहीं है, बल्कि छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाना भी इनका प्रमुख उद्देश्य है. उन्होंने इस अहम विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए महाविद्यालय की विशेष रूप से सराहना की. राज्य के पूर्व चुनाव आयुक्त डॉ सुशील त्रिवेदी (रिटायर्ड आई.ए.एस.) ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर के कथन को दोहराते हुए

बताया कि- डॉ आंबेडकर ने यह चिंता जताई थी कि यदि लोकतंत्र में चुने हुए लोग निष्ठावान और ईमानदार नहीं हुए तो संविधान की भावना भी प्रभावित हो जायेगी. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि आजादी के बाद से साक्षरता तो पचास प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गई है. लेकिन मतदान केवल पंद्रह प्रतिशत ही बढ़ सका है. इसलिए मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम जरुरी हैं. देश के मतदाता जैसे-जैसे जागरूक होते जायेंगे, यह लक्ष्य आसान होता जायेगा. स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी डॉ चुन्नीलाल शर्मा ने कहा कि इस बार सी-विजिल, सक्षम और नो-योर-केंडीडेट जैसे मोबाइल एप के माध्यम से कोई भी व्यक्ति चुनाव के लिए दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं को प्राप्त कर सकता है. उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के माध्यम से चुनाव आयोग ने युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने के लिए जिस तरह से प्रेरित किया गया है, उसी का नतीजा है कि लगातार मतदान का प्रतिशत बढ़ रहा है. इस अवसर पर महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ वी.के. अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि लोकतंत्र को शक्तिशाली बनाने के लिए सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए. तभी जन-आकाँक्षाओं के अनुरूप योग्य सरकार का गठन किया जा सकता है.

महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव तथा महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर एवं वाणिज्य संकाय प्रमुख डॉ. अमित अग्रवाल ने आमंत्रित अतिथियों के विचारों और सुझावों को विशेष रूप से युवा मतदाताओं के लिए मार्गदर्शक बताया. वहीँ प्राचार्य डॉ युलेन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि लोकतंत्र को आदर्श स्थिति तक पहुँचाने के लिए मतदाता का समझदार होना सबसे पहली आवश्यकता है. इसीलिए युवाओं को जागरूक करने की जरुरत है. कार्यक्रम का समन्वय पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अदिति नामदेव गुप्ता, समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मो रफीक, नीलू अग्रवाल तथा एन.एस.एस. प्रभारी प्रो दीपिका अवधिया ने किया. वहीँ संगोष्ठी का संचालन पत्रकारिता विभाग के प्रो. विभाष कुमार झा ने किया. कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को महाविद्यालय द्वारा स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई.संगोष्ठी के पश्चात पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों , महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने एन.एस.एस. केडेटों के साथ मतदाता जागरूकता का सन्देश देने के लिए एक रैली निकाली. यह रैली पुरानी बस्ती के पर अमुख मार्गों से गुजरने के बाद महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई. इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथ में तख्ती लेकर आस-पास के रहवासियों को चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल अवश्य करने की अपील की. इस रैली को नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला. इस कार्यक्रम में महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के कोषाध्यक्ष श्री अजय दानी जी एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

दाऊदी बोहरा समाज के धर्म गुरु सैय्यदना साहब के जन्म दिवस पर भोजन वितरण किया

रायपुर, 4 नवंबर। दाऊदी बोहरा समाज के धर्म गुरु सय्येदना साहब के जन्म दिन के अवसर पर संस्था द्वारा स्टेशन पर जाके जरूरत मंदओ को भोजन वितरण किया गया । सैय्यदना साहब की लंबी आयु के दुआ के लिए। ये संस्था पिछले 5 वर्षो से हर फ्राइडे को भोजन वितरण करते आराहे हैं। आज के इस आयोजन में संस्था के उक्त लोग उपस्थित हुए जिसमें अली असगर मैमून जी, मोहम्मद क्रॉकेरीवाला जी, हातिम जमाल जी, जुजर अली जी, मुर्तजा बुरहानी जी, मुस्तफा रामपुरावाला जी, अली अहमद सैफी जी, इदरीस क्रॉकेरीवाला जी, मुर्तजा कांचवाला जी, मुस्तफा क्रॉकेरीवाला जी, हुसैन क्रॉकेरीवाला, हुसैन ताहेर, बुरहानुद्दीन सैफी जी,उपस्थित थे।

छग चुनाव 2023 पर प्रोफेसर वशिष्ठ ने पुस्तिका बनाया

रायपुर, 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहा है. मालाबार क्रिश्चियन कॉलेज के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्षा

प्रोफेसर वशिष्ठ ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव पर एक पुस्तिका निकाली है। पुस्तिका का शीर्षक बैटल फॉर छत्तीसगढ़ है। पुस्तिका में राज्य की विधानसभा सीटों, राजनीतिक दलों, इसके नेताओं के बारे में विवरण है। पुस्तिका केरल के युवाओं को छत्तीसगढ़ की राजनीतिक संरचना के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराने के लिए तैयार की गई है।

कांग्रेस घोषणा पत्र आज जारी होने की संभावना

रायपुर, 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर प्रदेश में राजनीतिक पार्टियां जनता को लुभाने में लगी हुई है। इसी सिलसिले में कांग्रेस रविवार को घोषणा पत्र जारी कर सकती है। जिसने समाज के सभी वर्गों को लुभाने का प्रयास करेगी। बताया जाता है कि राहुल गांधी घोषणा जारी कर सकते है। वही दूसरी भाजपा ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिससे कांग्रेस पर दबाव बढ़ गया है।पार्टी के नेता भाजपा से बेहतर घोषणा पत्र जारी करने के प्रयास में है।

कथक अश्वमेध-2023 नृत्य प्रतिस्पर्धा के लिए पंजीकरण आरंभ

रायपुर, 4 नवंबर। भारत सरकार के सांस्कृतिक कार्य मंत्रालय, निर्झर कला संस्थान, गुरु कुन्दनलाल गंगानी फाउंडेशन और गुरु साधना फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कथक नृत्य प्रतिस्पर्द्धा %कथक अश्वमेध-2023 का आयोजन किया गया है। इस प्रतिस्पर्धा का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्राचीन कलाओं और संस्कृति की ओर आकर्षित करना तथा उन्हें आजीविका के साधन के रूप में कथक नृत्य को समृद्ध करने के लिए प्रेरित करना है।कथक गुरु डॉ. साधना नाफड़े और पंडित कुन्दनलाल गंगानी की स्मृति में आयोजित इस प्रतिस्पर्धा का प्रारंभिक राउंड लगभग चालीस शहरों में आयोजित किया गया है। अक्टूबर एवं नवम्बर माह में प्रत्येक शनिवार/रविवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह प्रतिस्पर्धा देश के लगभग सभी प्रमुख शहरों के कथक नृत्य कलाकारों को दिल्ली आकर अपना कौशल दिखाने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगी। इसके लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है. कथक अश्वमेध-2023 का प्रीलिमनरी राउंड में प्रतियोगिता को दो समूहों में विभाजित किया गया है, पहला समूह 12 से 25 आयु वर्ग के छात्रों के लिए होगा और दूसरा समूह 26 से 40 आयु वर्ग के लिए होगा। पहले राउंड से लगभग 140 प्रतिस्पर्धायों का चयन किया जाएगा। रायपुर में पहिला राउंड दिनांक 5 नवम्बर को महाकोशल संगीतसमिति , पंडित विष्णु कृष्ण जोशी मार्ग, श्रीराम संगीत महाविद्यालय बुढ़ापारा रायपुर (छ.ग.) संपन्न होगा ।

सतर्कता सप्ताह में आयोजित प्रतियोगिता के प्रतिभागी पुरस्कृत

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह दिनांक 4 नवंबर 2023 को आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि एनआईटी रायपुर में 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक च्भ्रष्टाचार का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहेंज्ज विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह(विजिलेंस अवेयरनेस वीक) का आयोजन संस्थान की मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. स्वस्ति स्थापक के मार्गदर्शन में किया गया 7 इसके अंतर्गत वक्ता सत्र,निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। समापन समारोह की मुख्य अतिथि संस्थान की निदेशक (प्रभारी) डॉ. ए. बी. सोनी रहीं। समापन समारोह का आयोजन आर्किटेक्चर विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विवेक अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। 1 नवंबर को आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता के स्नातक वर्ग में प्रथम स्थान पर इशिता, द्वितीय स्थान पर आंजनेय, तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से महिमा और युवराज रहे। वहीं पी.एच. डी. वर्ग में प्रथम स्थान पर सायन दास, द्वितीय स्थान पर प्रशांत, तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से आबी सरकार और तूलिका घोष रहे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग की डॉ. मोक्षा सिंह, डॉ. एस.के. तराई तथा समन्वयक डॉ अनूप कुमार तिवारी थे। 2 नवंबर को आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं में विशाल मुर्मू, प्रज्ञा सहारे और वैष्णवप्रिया क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे, जिसकी समन्वयक आर्किटेक्चर विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ.



एनआईटी में विजिलेंस अवेयरनेस वीक का समापन

देवांशी गौर और निर्णायक आर्किटेक्चर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अबीर बंधोपाध्याय थे।31 अक्टूबर को आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता की शिक्षक श्रेणी में डॉ. आयुष खरे, श्रीमती जूही सौरभ और श्रीमान अनिल कुमार पांडेय क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे वहीं छात्र श्रेणी में प्रथम स्थान पर विशाखा शुक्ला, द्वितीय स्थान पर काजल तिवारी और तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से शशांक कौशिक और कौस्तुव पांडा रहे। इस प्रतियोगिता के समन्वयक आई. टी. विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुधाकर पांडेय थे7 इस प्रतियोगिता के निर्याणक गणित विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शारदा नंदन राव और मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के डॉ. वाय. विजय बाबू थे। इस दौरान 3 नवंबर 2023 को संस्थान के ड्रामा क्लब अभिनय द्वारा च्भ्रष्टाचार पर विचारज्ज विषय पर आधरित नुक्कड़ नाटक का आयोजन सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. गोवर्धन भट्ट के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त 31 अक्टूबर 2023 को संस्थान में भ्रष्टाचार को ना कहेंज् विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया। इस सत्र के मुख्य वक्ता भिलाई स्टील प्लांट के ए.सी.वी.ओ. श्री एस. कर थे। इस कार्यक्रम में संस्थान के बोर्ड ऑफ़ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे और संस्थान के निदेशक डॉ. एन. वी. रमना राव की गरिमामयी उपस्थिति रही। समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ.(श्रीमति) ए. बी.सोनी ने आयोजक समिति को सप्ताह के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए बधाई दी और सभी विजयी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एस. स्थापक ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और भ्रष्टाचार के प्रति सदैव सतर्क रहने की सलाह देते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दी।

मतदाता जागरूकता के लिए खेला गया अधिकारियों और रायपुर प्रेस क्लब के बीच क्रिकेट मैच

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। सिक्स सिक्स सिक्स कैच पकड़ो, छूटने ना पाए, आउट, अब हैट्रिक मिलेगा ऐसी जोश के साथ आवाज और अपील राजधानी के मध्य स्थित सुभाष स्टेडियम मे आ रही थी। मौका था जिला प्रशासन के अधिकारियों और पत्रकारों के बीच क्रिकेट मैच का। इसके साथ साथ कमेंट्री बॉक्स से और मैच के पहले और बाद में 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए रायपुर के नागरिकों से मतदान करने की अपील की गई। क्योंकि यह मैच मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित की गई थी। 10-10 ओवर का फ्लड लाईट मैच बडा ही रोमांचकारी था। जिसके अंतिम बॉल पर सिक्स मार कर रायपुर प्रेस क्लब की टीम ने मैच जीता।

इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष दामू अंबाडारे और व्यय प्रेक्षक प्रसादराव वाघे, विजयानंद भारती ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने रायपुर के नागरिकों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि 17 नवंबर को रायपुर में मतदान होना है। सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि अपने घरों से निकलकर सबसे पहले मतदान करें। अपने परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों को भी प्रेरित करें। इस अवसर पर किया गया टॉस अदभुत था, सिक्के के बदले कार्ड उपयोग किया गयब गया वह अदभुत था। जिसके एक ओर ईवीएम और दूसरी ओर मोर रायपुर का सिम्बॉल था। रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दामू अंबाडरे और जिला पंचायत के सीईओ अबिनाश मिश्रा के मध्य टॉस हुआ। प्रेस क्लब ने टॉस जीता और बॉलिंग करने का फैसला लिया। जिला प्रशासन के तरफ से ओपनिंग नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी और श्री प्रसादराव वाघे ने की। शुरूआत काफी अच्छी रही। श्री राव ने अच्छी पारी खेली। उन्होंने कुल 60 रन बनाएं जिसमें 6 छक्के शामिल थे। इसके पश्चात खेल अधिकारी श्री प्रवेश जोशी ने भी अच्छी पारी खेली और टीम का स्कोर 157 रन तक पहुंचाया। पत्रकारों की टीम शुरूआत में कुछ विकेट गिरने के पश्चात संभली। श्री जयप्रकाश ने 38 रन बनाए जिसमें चार छक्के और दो चौके शामिल हैं। ऋषि नेताम ने 19 बनाकर अपने टीम के रनों को गति दी। मगर असरदार पारी हेमराज डोंगरे ने खेली उन्होंने 49 रनों नाबाद पारी खेली और अंतिम ओवर के अंतिम बॉल पर सिक्स मारकर टीम को जिताया। मैन ऑफ दी मैच प्रसादराव वाघे को चुना गया। इस अवसर पर नवभारत के सीईओ उमाशंकर व्यास, वरिष्ठ पत्रकार विजय मिश्रा, प्रकाश होता तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव आयोग में पूछा शिकायतकर्ता पर क्या कार्रवाई हुई

रायपुर, 4 नवंबर। रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 के भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी और उनकी पत्नी अदिति पटेल और सी.आर.पी.एफ. के विरूद्ध की गई आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने की शिकायत के संबंध में आज तक क्या कार्यवाही हुई। जानकारी प्राप्त करने कांग्रेस के नेता चुनाव आयोग पहुंचे थे।

शिकायत में कहा गया है कि प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 के प्रत्याशी ओ.पी. चौधरी और उनकी पत्नी अदिति पटेल के विरूद्ध 27. अक्टूबर एवं 3 नवंबर 2023 को शिकायत की गई थी। जिसके पश्चात सी.आर.पी.एफ. के विरूद्ध और ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास के विरूद्ध आर्दश आचार संहिता का खुला उल्लंघन करने की शिकायत आपके समक्ष की गई थी ।लेकिन उक्त शिकायत पर आपके द्वारा क्या कार्यवाही हुई इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस कामेटी को कोई अवगत नहीं कराया गया है। साथ ही उक्त शिकायत पर आपके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।इस प्रकार से आदर्श आचार संहिता के नियमों का घोर उल्लंघन हो रहा है।

कांग्रेस विधि विभाग ने आयोग को दिए ज्ञापन मे खा है यदि उक्त संबंध में यदि तत्काल हमें लिखित में जानकारी नहीं दी गई तब ऐसी स्थिति में इण्डियन नेशनल कांग्रेस क सदस्यों,पदाधिकारियों के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी आपकी होगी।

ज्ञापन सौपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन, राजू अली, नंदकुमार पटेल, कहकसा दानी, राजकुमार कड़ोले, मोईन कुरैशी, अंकित कुमार मिश्रा, एम. नईम, राम शंकर सोनकर उपस्थित थे।

निधन

नीराबाई ठाकुर

महासमुंद, 4 नवंबर। स्थानीय

इमलीभाठा निवासी श्रीमती नीरा बाई ठाकुर सौ वर्ष का 4 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेश ठाकुर, मोहन ठाकुर की मां व मदन ठाकुर, बसंत ठाकुर, राजू ठाकुर, कन्हैया ठाकुर की बड़ी मां थी।

कैपिटल जोन का शेष...

विशेष प्रेक्षकों ने निर्वाचन ...

पालन सुनिश्चित करें। विशेष प्रेक्षक धर्मेंद्र एस गंगवार , राजेश टुटेजा एवं अनिल कुमार शर्मा ने विगत दिवस राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का दौरा कर निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए अति संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा के इंतजाम करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि मतदाता निर्भीकतापूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। समीक्षा के दौरान सी-विजिल एवं आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों के निराकरण के बारे में भी जानकारी ली गई।

इसी कड़ी में आज विशेष प्रेक्षकगण उत्तर बस्तर कांकेर और कोंडागांव में चुनाव तैयारियों का निरीक्षण करने पहुँचे। समीक्षा के दौरान उन्होंने सुरक्षा उपायों, मतदान दलों की रवानगी तथा वापसी के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा इंतजामों को लेकर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठकों में उन्होंने निर्वाचन आयोग की च्कोई मतदाता न छूटेज् के ध्येय को पूरा करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियानों की जानकारी ली। उन्होंने एफएसटी, वीवीटी, एसएसटी, सी-विजिल, एमसीएमसी टीम, कंट्रोल रूम के कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ...

पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी को शपथ दिलाई। सभी ने निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ...

जांच में सामने आया है कि महादेव एप के प्रोमोटर चंद्रभूषण वर्मा के जरिये पुलिस अधिकारियों और सत्ताधारी दल के शीर्ष नेताओं को संरक्षण के लिए बड़ी जनराशि नियमित रूप से भेजते थे। वहीं शुभम सोनी ने ईमेल के जरिये ईडी को बताया कि महादेव एप की तरफ से भूपेश बघेल को अब तक 508 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। एजेंसी ने इस मामले में अब तक गिरफ्तार लोगों की 450 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के एवं प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित रहें।

दीपावली शॉपिंग मेला में एक से बढ़कर एक हैंडलूम व हेंडीक्राफ्ट आइटम्स



रायपुर, 4 नवंबर। पंडरी क्लॉथ मार्केट, गेट नंबर-8 के सामने, गुजराती स्कूल के पास हैण्डलूम एण्ड हैण्डीक्राफ्ट का शुभारम्भ हुआ. हजारों वस्तुओं और देश के अनेक राज्यों के शिल्पकारों की आकर्षक रेंज की प्रदर्शित वस्तुओं से सुसज्जित इस आयोजन में एक से बढ़कर एक आयटम्स जैसे - साड़ी, सूट, ज्वेलरी, कॉस्मेटिक, पर्स, एसेसरीज, कारपेट, फर्नीचर, किचनवेयर, होम डेकोर, हेल्थकेयर, हर्बल प्रॉडक्ट आदि उपलब्ध है. आगामी त्योहार को देखते हुये एक से बढ़कर एक घरेलू उत्पाद प्रदर्शित की गयी है.

उपरोक्त जानकारी एक्सपो के संचालक ने दी. उन्होंने बताया कि इस आयोजन में हैण्डलूम, हैण्डीक्राफ्ट, फैशन, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध हैं. एक्सपो में मुख्य आकर्षण के रुप में नक्काशीदार फर्नीचर, भागदोई के कार्पेट, लुधियाना के वूलन बाजार, खुर्जा की क्रॉकरी, मुंबई की ज्वेलरी, पंजाब की फुलकारी सूट, लखनऊ की चिकनकारी बनारस व भागलपुर की साड़ी, खादी शर्ट व बेडशीट आदि काफी किफायती दरों पर उपलब्ध कराये जा रहे हैं. साथ में यहाँ वेस्ट बंगाल के ड्राई फ्लावर, मुरादाबाद के पीतल के सामान, गोरखपुर के टेराकोटा, राजस्थान की मोजड़ी, मेटल वर्क, कुरता व लेडिस कुर्ती कश्मीर से कन्याकुमारी तक के न्यू वैरायटी के कपड़े नही बल्कि टी-शर्ट, लोवर, वूलन लेडिज जैकेट व फुटवियर में पटियाला जूती, राजस्थानी जूती, बॉम्बे सैंडल तथा हैण्डलूम में बेहतरीन कश्मीरी कार्पेट, वूडन पैंटिंग, सारंगपुरी फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, राजस्थानी बैग, पश्मिना शॉल, कश्मीरी कुर्ती के अलावा कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है. प्रदर्शनी में प्रवेश निन्शुल्क है. ज्ञात हो कि प्रदर्शनी सीमित दिनो के लिए है ।

शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स में त्यौहार के लिए शानदार ज्वेलरी कलेक्शन



रायपुर, 4 नवंबर। कोतवाली चौक एवं हलवाई लेन स्थित शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वैलर्स ने त्योहार एवं शादी सीजन हेतु शानदार स्वर्ण, डायमंड्स, सिल्वर, जड़ाऊ एवं कुंदन जड़ित ज्वैलरी का स्पेशल

कलेक्शन लॉन्च किया है जो समृद्ध, सस्कृति और खूबसूरती को प्रस्तुत करता है। शोरुम के संचालक श्री भंसाली ने बताया की स्वर्ण एवं अन्य आभूषणों में शुद्धता का पर्याय शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वेलर्स 70 वर्षों से ग्राहकों की हर खुशी, उल्लास एवं उत्सव में भागीदार रहा है और आगे भी रहेगा द्य घर में कोई भी उत्सव हो या शादी, कान के झुमके हो या हाथों के कंगन, शाही आभूषण हो या सादगी भरे गहने साथ ही सोने एवं चांदी के सिक्के के विशाल कलेक्शन या चांदी के अनेक गिफ्ट आइटम्स हो ग्राहकों ने भंसाली ज्वैलर्स में अपना भरोसा दिखाया है। छत्तीसगढ़ वासियों की पसंद को ध्यान में रखते हुए शिवराज प्रकाशचंद भंसाली ज्वैलर्स में ट्रेडिशनल ज्वैलरी स्वर्ण, डायमंड्स, जड़ाऊ, कुंदन जड़ित ज्वैलरी कि नई नई एवं आकर्षक डिजाईन उपलब्ध हैं साथ ही चांदी के गहने व गिफ्ट आइटम्स का भी बेजोड़ कलेक्शन उपलब्ध हैं द्य श्री भंसाली ने आगे बताया कि हमारे दोनों शोरुम में फेस्टिवल कलेक्शन के साथ ही स्पेशल ब्रांडेड कलेक्शन के साथ डायमंड्स कलेक्शन उपलब्ध हैं जो 100 प्रतिशत हॉलमार्किंग एवं सर्टिफिकेटेड है।

महादेव एप सट्टाबाजी मामला

पुलिसकर्मी भीम सिंह व ड्राइवर आसिम 7 तक ईडी रिमांड पर

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। महादेव एप सट्टेबाजी मामले में शुक्रवार को ईडी की टीम ने सुपेला पुलिस थाने में पदस्थ हेडकांस्टेबल भीम सिंह यादव और कार ड्राइवर आसिम दास बंगाली को गिरफ्तार कर देर शाम को विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया। ईडी की ओर से दोनों से पूछताछ करने रिमांड की मांग की गई। न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को 10 नवंबर तक ईडी की रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडेय ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ईडी की टीम ने गुरुवार को रायपुर के तेलीबांधा स्थित एक होटल के सामने एक कूरियर के एसयूवी वाहन से लगभग 3.12 करोड़ रुपये जब्त किया था।ईडी को आशंका है कि यह राशि संयुक्त अरब अमीरात से चुनाव में खर्च करने के लिए भेजी गई थी। हिरासत में लिए गए कूरियर की निशानदेही पर भिलाई में रायगढ़ के एक कारोबारी के कार ड्राइवर

आसिम दास उर्फ बप्पा के हाउसिंग बोर्ड जामुल के ब्लाक.15 चार्टर नंबर.17 निवास पहुंची। इससे पहले आसिम फरार हो चुका था। टीम के अधिकारी मकान में लगे ताले को तुड़वाकर घुसे और तलाशी ली तो दीवान के नीचे और कमोड में भी छिपाकर रखे गए करीब दो करोड़ रुपये मिले। इसके बाद ईडी की टीम ने आसिम दास को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद सुपेला पुलिस थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल भीम सिंह यादव को दबोचा गया। पहले भी भीम सिंह का नाम महादेव एप सट्टेबाजी मामले में आ चुका है और ईडी उससे पूछताछ भी कर चुकी है।

ईडी के सात अधिकारियों की टीम गुरूवार को अर्द्धसैनिक बल के जवानो के साथ दिल्ली पासिंग तीन गाड़ियों से रायपुर पहुंची। इस टीम में एक महिला अधिकारी भी शामिल थी।दोपहर एक बजे कूरियर कर्मी नकदी 3.12 करोड़ रूपये के साथ हिरासत में लेने के बाद टीम भिलाई रवाना हुई।बताया जाता है कि दोपहर लगभग तीन बजे कुछ युवक बोरों में कुछ लेकर आसिम के घर पहुंचे थे। बोरे छोड़कर वे चले गए थे।

दो करोड़ से अधिक की रकम जब्त

ईडी की टीम आसिम के घर में छापा मारकर वहां से नकदी दो करोड़ से अधिक की रकम जब्त की। देर रात टीम ने छानबीन करने के बाद आसिम को दबोचा। आसिम पूर्व में भिलाई की पार्षद और मेयर इन कौंसिल ;एमआइसीद्ध प्रभारी रीता गेरा का ड्राइवर रह चुका है। बताया जा रहा है कि जब्त की गई रकम महादेव सट्टा एप के संचालकों ने हवाला के जरिए यहां भेजी थी।

राजधानी में लूट के 3 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के बैरन बाजार इलाके में सरेराह कर्मचारी से 70 हजार रूपये की लूट को अंजाम देने वाले आरोपियों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पीड़ित युवक गुढ़ियारी स्थित दूध पाउडर एजेंसी में मैनेजर है वह रोजाना एजेंसी के मालिक के पास कैश छोड़ने उनके घर जाता था इसी दौरान आरोपियों ने वारदात को अंजाम दियाण् मामला रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है पुलिस के मुताबिक पीड़ित देवेश शर्मा राजधानी के विधानसभा सड्डू इलाके का रहने वाला है उसने पुलिस को बताया कि वह गुढ़ियारी स्थित दूध पाउडर एजेंसी पलक ट्रेडर्स में मैनेजर है वह रोजाना पलक ट्रेडर्स का कैश लेकर एजेंसी के मालिक के शैलेन्द्र नगर स्थित निवास में जाकर देता था रोज की तरह 30 अक्टूबर को भी वह एजेंसी के पैसे बैग में रखकर शैलन्द्र नगर में अपने मालिक के घर जाने के लिए निकला रात करीब 9 बजे वह बैरन बाजार पानी टंकी के सामने पहुंचा ही था कि इसी दौरान दोपहिया सवार 3 बदमाशों ने पीछे से उसे ठोकर मारकर गिरा दिया और आगे बढ़ गए जिसके बाद दो बदमाशों ने उसके पास आकर उसे जान से मारने की धमकी दी और रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की विरोध करने पर बदमाशों ने पीड़ित पर ब्लेड से वार किया और बैग लूटकर फरार हो गये मामले में कोतवाली थाना पुलिस अज्ञात आरोपियों के

सरेराह कर्मचारी से लूटे थे 70 हजार

खिलाफ भादवि की धारा 392, 34 का अपराध दर्ज कर उनकी उनकी तलाश में जुट गई पुलिस ने जांच के दौरान घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला इसी दौरान पुलिस टीम को टिकरापारा में रहने वाले एक आदतन अपराधी ऋतिक केसवानी के घटना में शामिल होने की जानकारी मिली जिसके बाद पुलिस ने पतासाजी करते हुए उसे धर दबोचा ऋतिक से घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी अनुप विश्वास और समीर उर्फ मुख्तार खान के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात काबुल की जिस पर टीम ने अनुप विश्वास और समीर उर्फ मुख्तार खान को भी गिरफ्तार कर लिया गौरतलब है कि ऋतिक केसवानी पूर्व में थाना टिकरापारा से लूट थाना गंज से हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के प्रकरण और आरोपी समीर खान थाना आजाद चौक से चोरी के मामले में जेल जा चुके है कोतवाली पुलिस ने बदमाशों के पास से लूट की नगदी रकम 14,700 रूपये, टिफिन बॉक्स, बैग, एजेंसी की चाभी और वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा और 1 नग ब्लेड जब्त किया है

प्याज निकाल रहा आंसू

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। प्याज की कीमत एक बार फिर देश को रुला रही है आम लोगों की पहुंच से प्याज को बाहर होते देख केंद्र सरकार ने कदम उठाते हुए रायपुर सहित अन्य शहरों में 25 रुपए किलो में बेच रही है व्यापारी बताते हैं कि प्याज की कीमत में बीते एक सप्ताह के दौरान दोगुना बढ़ोतरी हुई है जिसकी वजह से देशभर में इन दिनों प्याज 70 से 90 रुपए किलो में बिक रही है ऐसे में लोगों की परेशानी को देखते हुए भारत सरकार का उपभोक्ता मामले विभाग एनसीसीएफके जरिए राजधानी के आम पारा, शंकर नगर, पंडरी, तेलघानी

- **राहत देने के लिए 25 रुपए किलो पर बेच रही सरकार**
- **खरीदने के लिए लगी लोगों की कतार**

नाका चौक, समता कॉलोनी, पुरानी बस्ती, गुढियारी, रामनगर, तेलीबांधा में मोबाइल वैन के जरिए 25 रुपए किलो में प्याज बेच रहा है अधिकारियों ने बताया कि प्याज की बढ़ती कीमतों के असर को कम करने के लिए अगस्त के दूसरे सप्ताह से बफर स्टॉक से लगातार देशभर के प्रमुख सेंटर्स में प्याज डिस्ट्रीब्यूट किया जा रहा देश के 170 शहरों और 685 सेंटर्स में 25 रुपए किलो के हिसाब से प्याज बेची जा रही है रायपुर में कम कीमत पर मिल रही प्याज को खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है

दीपावली से पहले पुष्य नक्षत्र ऑफर्स के साथ बाजार तैयार

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। दिवाली से पहले पुष्य नक्षत्र के साथ ही खरीदारी का शुभ सप्ताह शनिवार से शुरू हो रहा है और ऐसे में इसे लेकर बाजार भी पूरी तरह से तैयार है। सराफा, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा सहित पूरे बाजार में आफरों की बौछार है। इस वर्ष आटोमोबाइल की रफ्तार पिछले वर्ष की तुलना में काफी ज्यादा रहने की उम्मीद है। शुभ दिनों के लिए आटोमोबाइल संस्थानों में जबरदस्त बुकिंग की जा रही है।

शुभ दिन के ठीक पहले सोना चमका: पुष्य नक्षत्र के एक दिन पहले शुक्रवार शाम को सोने की कीमतों में तेजी आ गई। रायपुर सराफा बाजार में सोना 350 रुपये महंगा होकर 63200 रुपये प्रति दस ग्राम स्टैंडर्ड रहा। वहीं चांदी की कीमतों

में स्थिरता रही और यह 73 000 रुपये प्रति किलो रही। सराफा संस्थानों में त्योहारी सीजन को देखते हुए आभूषणों की बनवाई में आकर्षक छूट दी जा रही है। इसके साथ ही निश्चित राशि की खरीदारी पर आकर्षक उपहार भी है। सराफा संस्थानों में आभूषणों की नई रेंज है।

शुभ दिन के लिए बाजार है तैयार

आफरों की बौछार: कारों में 70 हजार तक छूट तो दोपहिया में लोएस्ट डाउन पेमेंट आटोमोबाइल कंपनियों द्वारा भी जबरदस्त आफर दिया जा रहा है। इसके तहत कारों में 70 हजार रुपये तक छूट के साथ ही दोपहिया में लोएस्ट डाउन पेमेंट व आकर्षक ब्याज दर पर दोपहिया उपलब्ध है। शुभ दिनों को लिए गाड़ियों की जबरदस्त बुकिंग है।

कपड़ा व इलेक्ट्रानिक्स मार्केट भी तैयार: पुष्य नक्षत्र को लेकर कपड़ा बाजार व इलेक्ट्रानिक्स मार्केट भी तैयार है। उपभोक्ताओं को लुभाने त्योहारी सीजन के हिसाब से कपड़ों के नए कलेक्शन है। साथ ही टीवी, फ्रीज, वाशिंग मशीन और अन्य उत्पादों में जबरदस्त आफर दिए जा रहे है। कारोबारियों को उम्मीद है कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा कारोबार होगा।

आदतन 3 बदमाशों को किया गया जिलाबदर

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत कुछ आदतन अपराधियों के ज़िलाबदर प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत किए गए थे। जिसमें 2 बदमाशों के जिला बदर के आदेश जिला दंडाधिकारी द्वारा पारित किया जा चुका है। प्रस्तुत प्रकरणों में से आज पुन: 03 आरोपियों के प्रकरणों की प्रक्रिया पूरी होने पर ज़िला दंडाधिकारी रायपुर द्वारा इनके ज़िलाबदर हेतु आदेश जारी कर दिये गये हैं। इस प्रकार कुल 05 बदमाशों के जिला बदर आदेश पारित किया जा चुका हैं। इन्हें रायपुर और रायपुर के सरहदी ज़िलों में रहने आने.जाने की मनाही होगी। अर्जुन पाटले पिता अजन पटले उम्र 25 वर्ष साकिन मानिकचोरी थाना अभनपुर जिला रायपुर, लक्ष्मण दीप उर्फ़ बाबू पिता प्रकाश दीप उम्र 25 वर्ष साकिन काली नगर पुलिस सहायता केंद्र के पास थाना सिविल लाइन जिला रायपुर, छोटू सोना पिता गणेश

सोना उम्र 25 वर्ष साकिन जगन्नाथ नगर थाना पंडरी जिला रायपुर, उक्त आरोपियों के विरुद्ध जिला दंडाधिकारी रायपुर द्वारा रायपुर तथा सीमावर्ती जिला दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदा बाजार के सीमाओं में बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के प्रवेश न करने आदेशित किया गया है। अर्जुन पाटले पिता अजन पटले उम्र 25 वर्ष साकिन मानिकचोरी थाना अभनपुर जिला रायपुर के विरूद्ध थाना अभनपुर में वर्ष 2015 से वर्ष 2021 के बीच मारपीट, हत्याए डकैती, गुंडागर्दी करना, अवैध वसूली करना, अवैध रूप से शराब बिक्री करना एवं अवैध हथियार रखना जैसे संगीन अपराध 09 अपराध थाना अभनपुर में पंजीबद्ध हुए है।लक्ष्मण दीप उर्फ़ बाबू पिता प्रकाश दीप उम्र 25 वर्ष साकिन काली नगर पुलिस सहायता केंद्र के पास थाना सिविल लाइन जिला रायपुर के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में वर्ष 2012 से वर्ष 2023 के बीच मारपीट करनाए चाकूबाजी हत्या का प्रयास एवं अवैध हथियार रखने जैसे संगीन अपराध 08 अपराध थाना सिविल लाईन में पंजीबद्ध हुए है। छोटू सोना पिता गणेश सोना उम्र 25 वर्ष साकिन जगन्नाथ नगर थाना पंडरी जिला रायपुर के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में वर्ष 2014 से वर्ष 2022 के बीच गाली गलौच करना मारपीट करना चाकूबाजी लूटए अवैध रूप से शराब की बिक्री करना एवं अवैध हथियार रखने जैसे संगीन अपराध 10 अपराध थाना सिविल लाईन में पंजीबद्ध हुए है।

7 किलोग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों

एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना आरंग क्षेत्रांतर्गत कॉलेज चौक के पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आरंग को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अरविन्द साहू निवासी कबीरधाम का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी अरविन्द साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 07 किलो 676 ग्राम गांजा कीमती लगभग 80,000 रूपये जप्त किया जाकर आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

स्टेशन में यात्री के पास मिले 52.76 लाख के जेवर

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर रेलवे स्टेशन में शुक्रवार की रात को चेकिंग के दौरान रेलवे सुरक्षा बल को एक यात्री के बैग की तलाशी में 52.76 लाख के सोने.चांदी के जेवर मिले। यात्री के पास इन जेवरों से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिलने पर उसे जब्त कर आयकर विभाग के आयुक्त को इसकी सूचना दी गई। मामले की जांच आयकर विभाग कर रहा है। चुनाव के दौरान ट्रेनों से हथियार, विस्फोटक पदार्थ, नकदी, शराब, मादक पदाथ, सोना.चांदी आदि की तस्करी की आशंका बनी रहती है, जिसे रोकने के लिए जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात को 9.40 बजे रेलवे सुरक्षा पोस्टए मंडल टास्क टीम एसआइबी और सीआइबी के अधिकारी जवानों के साथ प्लेटफार्मों और आने.जाने वाली ट्रेनों की जांच कर रहे थे।

रेलवे सुरक्षा बल ने आयकर को सौंपा

कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस में मिले जेवर

प्लेटफार्म नंबर पांच.छह पर दुर्ग छोर में ट्रेन नंबर 18029 कुर्ला.शालीमार एक्सप्रेस के कोच बी.2 के पास सक्ती जिले के हाउस नंबर 162 वार्ड नंबर 12 झूल कदम मुख्य मार्ग निवासी अविनाश अग्रवाल 41 था। उसके पास रखे काले रंग के एक ट्राली बैग एक लाल.काले रंग के पिट्ठू बैग की जांच की गई तो सोने के करीब 590 ग्राम जेवर मिले। इनमें मंगल सूत्र, नेकलेस, लाकेट, अंगूठी, चेन, रिंग, ब्रेसलेट, फुल्ली, बाली और चांदी के पायल, कंगन, कड़ा, बिछिया, मूर्तिए सिक्के आदि शामिल हैं।

नहीं दिखा पाया वैध दस्तावेज

रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने इन जेवरों की अनुमानित कीमत 52 लाख 76 हजार 660 रुपये आंकी। जेवरों से संबंधित दस्तावेज नहीं दे पाने पर पोस्ट प्रभारी मनोरंजन मुखर्जी ने इसकी सूचना राज्य कर आयुक्त दी। उनके निर्देश पर जेवरों को जब्त कर लिया गया। रेलवे सुरक्षा बल के साथ ही आयकर विभाग अविनाश अग्रवाल से विस्तृत पूछताछ कर रहे हैं।

त्योहारी सीजन के लिए ट्रैफिक पुलिस का प्लान

नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर होगी सख्ती, कटेगा ई-चालान

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में त्योहारी सीजन के बीच प्रमुख बाजार सदर, कोतवाली, मालवीय रोड, बैजनाथपारा रोड, गोलबाजार, एमजी रोड, पंडरी, समेत अन्य स्थानों पर जगह.जगह नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क होने से बिगड़ रही यातायात व्यवस्था को सुधारने यातायात पुलिस अब सख्ती बरतने लगी है। दरअसल शहर में कई स्थानों पर पार्किंग होने के बावजूद पैसे देने से बचने के लिए नो पार्किंग जोन में लोग वाहन खड़ी करने से बाज नहीं आ रहे है। इससे जगह.जगह जाम लगने से यातायात व्यवस्था बिगड़ने के साथ जाम की समस्या खड़ी हो रही है। लिहाजा यातायात पुलिस ने मौके पर ही ई चालान काटना शुरू कर दिया है। यहीं नहीं मुख्य बाजार के दुकानों के सामने सामान रखने वाले दुकानदारों पर भी पुलिस व नगर निगम अमले ने सख्ती शुरू कर दी है। दिवाली पर्व को देखते हुए बाजारों में लगातार लोगों की भीड़ बढ़ रही है। अभी से अपने.अपने पसंद की वस्तुओं की खरीदारी करने घरों से निकल कर दुकानों में पहुंचने लगे ह लेकिन बाजारों में यातायात

की अव्यवस्था के चलते लोग परेशान हो रहे हैं। एक तो सड़कों तक दुकानदारों की सामग्री रखे होने से आने.जाने में लोगों को दिक्कत हो रही हैए वहीं दोपहियाए चार पहिया वाहन कहीं भी बेतरतीत ढंग से खड़े होने से बाजार में जाना और वहां से निकलना मुश्किल हो गया है। यातायात के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो महीने में ही नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने पर डेढ़ हजार से अधिक ई चालान काटकर पुलिस ने लाखों का जुर्माना वसूला है। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि नो पार्किंग जोन पर खड़े वाहनों का फोटो खींचकर आइटीएमएस में भेजा जाता है वहां से ई.चालान बनाकर वाहन मालिक के घर के पते पर भेजा जाता है। यहीं नहीं भीड़भाड़ और प्रमुख बाजार में भी स्पाट ई.चालान का काटा जा रहा है।मल्टीलेवल पार्किंग और कलेक्टोरेट स्थित अन्य पार्किंग स्थान होने के बाद भी चालक अपने वाहन वहां पार्क नहीं कर रहे है। नो पार्किंग जोन में खड़े होने वाले वाहनों के कारण यातायात की समस्या से निजात दिलाने निगम प्रशासन ने करोड़ों की लागत से जयस्तंभ चौक और कलेक्टोरेट चौक के पास मल्टीलेवल पार्किंग बनाया है। इसके साथ ही जवाहर मार्केट गांधी मैदान में भी चार पहिया दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सदरबाजार में भी कई निजी पार्किंग है। लेकिन चालक अपने वाहन पार्किंग स्थल की जगह बाजार में कहीं पर भी वाहन खड़े कर देते है। इसके कारण मल्टीलेवल पार्किंग का अधिकांश हिस्सा खाली पड़ा रहता है। शहर में वाहनों की संख्या बढ़ने से पहले से ट्रैफिक की कई समस्याएं हैं। नो पार्किंग जोन में अवैध पार्किंग करने वालों के चलते समस्या और बढ़ गई है। कहीं पर भी वाहन खड़े करने वालों पर पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है।

स्पाट पर काट रहे चालान

यातायात का अमला त्योहारी सीजन में बाजार क्षेत्र में लगातार घूम.घूमकर नो पार्किंग जोन में खड़ी वाहनों का फोटो खींचकर आईटीएमएस में भेज रही है। वहां से ई.चालान बनाकर वाहन मालिक के घर के पते पर भेज दिया जाता है। भीड़भाड़ और प्रमुख बाजार में स्पाट ई.चालान का इस्तेमाल किया जा रहा है।

टहलने निकली महिला से सोने की चैन की लूट, आरोपी युवक पकड़ाया

रायपुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने सेवानिवृत शिक्षिका के साथ हुई सोने की चैन लूट मामलें में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर चैन बरामद कर लिया हैं। बताया गया कि प्रार्थिया उषा वर्मा ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह हनुमान नगर बोरियाखुर्द रायपुर मे रहती है तथा सेवानिवृत्त शिक्षिका है। वह 27 अक्टूबर की सुबह करीबन 07.20 बजे टहल कर वापस घर आ रही थी इसी दौरान बोरियाखुर्द शासकीय स्कूल के पास कमल विहार सेक्टर 01 पहुंची थी उसी समय प्रार्थिया के पीछे से साईकल सवार एक अज्ञात व्यक्ति प्रार्थिया के गले में पहने सोने के चैन को झपट्टा मारकर छिनकर चोरी कर फरार हो गया। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। चैन स्नेचिंग की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी टिकरापारा को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम के सदस्यों द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थिया से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल सहित आस.पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों को

खंगालते हुए आरोपी द्वारा फरार होने हेतु जिन मार्गो का उपयोग किया गया था उन मार्गो में भी लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों को खंगाला गया। टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपी के संबंध में तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा तरीका वारदात के आधार पर चैन स्नेचिंग के पुराने व हाल ही में जेल से रिहा हुए लूट के आरोपियों के संबंध में भी तस्दीक कर इनकी गतिविधियों पर सतत् निगाह रखकर भी अज्ञात आरोपी की पतासाजी करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान घटना में संलिप्त अज्ञात आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा संतोषी नगर निवासी दिगम्बर सोनी की पतासाजी कर पकड़ा गया। घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चैन स्नैचिंग की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। आरोपी दिगम्बर सोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 नग सोने की चैन एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग सायकल जुमला कीमती लगभग 1,00,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, रविवार, 5 नवम्बर 2023 ■ वर्ष – 65 ■ अंक –201 ■ पृष्ठ –12 ■ मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

भगवा रंग में मोदीमय रही दुर्ग की सभा

मोदी की उपलब्धियों, गारंटी व छग सरकार के घपलों-भ्रष्टाचार के आरोपों पर फोकस

दुर्ग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। विधआनसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दृष्टिकोण से आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आमसभा अब तक कि सबसे बड़ी सभा थी। यह चुनावी आमसभा

■ **पूरे दुर्ग संभाग से स्वस्फूर्त भाजपा**

कम व भाजपा राजनीतिक सम्मेलन ज्यादा था जिसमें भाजपाई गमछा, कुर्ता, टोपी पहने अधिकांश कार्यकर्ता नजर आ रहे थे। महिलाएं भी कमल छाप दुपट्टा, साड़ी व टोपी लगाई हुई थी। पूरा स्टेडियम भाजपा ध्वज से भगवामय था। इस पूरे कार्यक्रम में प्रायोजित भीड़ कही से नजर नहीं आई। आज की पूरी आमसभा प्रधानमंत्री मोदी पर ही केन्द्रित रहीं। लोग उन्हें ही देखने व सुनने स्टेडियम पहुंचे थे।

आज के सम्मेलन के लिये भाजपा जिला के अध्यक्षों व पदाधिकारियों ने भीड़ एकत्रित करने कोई अतिरिक्त श्रम नहीं किया। पूरी भीड़ भाजपा के प्रत्याशीगण, मंडल पदाधिकारीगण लेकर पहुंचे थे। इनके भोजन इत्यादि की व्यवस्था भी इसी स्तर पर नजर आई। इसकी वजह से रविशंकर स्टेडियम के परिसर में कही जूठी प्लेट, टी कप इत्यादि का कचना नहीं फैला था। जो कार्यकर्ता अपने साथ चिपस के पैकेट इत्यादि लेकर आते थे वे भी खाली पैकेट के रैपर वगैरह सड़क किनारे फेंक रहे थे। पत्रकारों को जनसंपर्क विभाग द्वारा पास दिया गया था। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग भाजपा द्वारा जारी पास में ही पत्रकार लिखकर पत्रकारों के लिये बैठने के बनाई गई जगह पर जाकर बैठ गये। ये पत्रकार मोदी जी के भाषण की प्रत्येक लाईन पर तालियां बजाते और नारेबाजी कर पूरी पत्रकार दीर्घा को डिस्टर्ब करते रहे।

पिछली कई सभाओं की तुलना में इस बार पार्किंग व्यवस्था काफी व्यवस्थित की गई थी मगर सभास्थल व पार्किंग स्थल से यह दूरी लगभग डेढ़ से तीन किलोमीटर की हो जाने से वृद्धों, महिलाओं व बच्चों युवाओं को काफी दूर तक चलना पड़ा। इसमें लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। भीड़ में पहले धक्कामुक्की पेवेलियन में घुसने के लिये जो मशक्कत लोगों को करनी पड़ती थी इस बार वैसा दृश्य नजर नहीं आया। कार्यकर्ताओं, आम दर्शकों, श्रोताओं पत्रकारों, की श्रेणी के अनुसार पास जारी किये गये थे। श्रेणीवार लोगों के पहुंचने व बैठने की व्यवस्था भी आसान रहीं। भाजपा कार्यकर्ता, मानव श्रृंखला बनाकर आने वालों को उनकी सीटों तक पहुंचाते ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

तुलसी साहू कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल

कांग्रेस में लंबे समय तक विभिन्न पदों पर रही तुलसी साहू ने आज भाजपा प्रवेश कर लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंच पर आने से पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव एवं जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने उन्हें भाजपा का गमछा ओड़ाकर स्वागत किया। उन्होंने दो दिन पूर्व ही कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में प्रवेश कर लिया था।

श्रीमती साहू ने बताया कि वे पिछले 30 वर्षो से कांग्रेस में सक्रिय रही। दो बार पार्टी की जिला अध्यक्ष, महामंत्री, प्रवक्ता सहित अनेक पदों पर रही मगर विगत लगभग ढाई वर्षो से उनकी उपेक्षा की जा रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा में उन्होंने बगैर किसी शर्त के प्रवेश किया है। पार्टी जो भी आदेश करेगी उसका पालन करेगी। वे कार्य करने पर भरोसा रखती है । कार्य जहां भी मिलेगा करेंगी।

दुर्ग ग्रामीण के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज ने किया उतई क्षेत्र में सघन जनसंपर्क

दुर्ग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने नगर पंचायत उतई स्थित गणेश मंदिर में दर्शन पूजन कर आज के जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। उन्होंने जगह जगह जनसंपर्क कर विगत 5 वर्षो के कार्यकाल में अपनी व सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की।

उन्होंने इस सिलसिले में राजीव गांधी किसान योजना, गोधन न्याय योजना, के साथही शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उठाये गये क्रांतिकारी कदम की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार में हर व्यक्ति को कोई न कोई कार्य मिला है।

श्री साहू ने कांग्रेस द्वारा किये गये किसानों की कर्जमाफी प्राथमिक से कालेज तक नि:शुल्क शिक्षा, मेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी नि:शुल्क महिलाओं के खातों में गैस सिलेण्डर की 5 सौ रूपये प्रति सिलेण्डर सब्सीजी जमा करने 2 सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा दोहराया। उन्होंने अपने पांच वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पांच साल में उतई नगर पंचायत में 35 करोड़ तक के कार्य किये गये

गिरीश को जीताने पत्नी कीर्ति देवांगन का जनसंपर्क अभियान

राजनांदगांव। राजनांदगांव विधानसभा 75 के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन की धर्मपत्नी कीर्ति देवांगन 03 नवम्बर दिन शुक्रवार शाम को लखोली स्थित कर्मा माता बुनकर की महिलाओं भेंट मुलाकात कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस दौरान लखोली बुनकर सहकारी समिति के महिलाओं ने कीर्ति देवांगन का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मा माता ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

■ **लखोली के कर्मा माता बुनकर समिति की महिलाओं ने किया आत्मीय स्वागत**

अंग्रेजी-हिन्दी के शोधार्थियों एवं रिसर्च गाइड के लिए कार्यशाला आयोजित

दुर्ग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग से सम्बद्ध 15 शोधकेन्द्रों में पीएचडी हेतु पंजीकृत शोधार्थियों एवं उनके शोधनिर्देशकों हेतु विश्वविद्यालय परिसर स्थित टैगोर हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए वि,वि, के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि आज आयोजित कार्यषाला में लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में प्रारंभ में कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने पीएचडी करने वाले शोधार्थियों को शोधप्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. पल्टा ने शोध थीसिस जमा करते समय संदर्भ सूची, आंकड़ों को प्रदर्शित करने वाली सारिणी तथा ग्राफआदि के विषय में विस्तार से समझाया।

डॉ. पल्टा ने समस्त प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वें ऐसे शोध विषय का चयन करे जो समाज के हित में हों। वि.वि. के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने अपने प्रस्तुतिकरण में पावर प्वाइंट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश परीक्षा से लेकर पीएचडी थीसिस जमा होने के सम्पूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि यूजीसी द्वारा 7 नवंबर 2022 को प्रकाशित असाधारण राजपत्र के अनुसार ऐसे प्राध्यापक जिन्हें सेवा निवृत्त के तीन वर्ष शेष है वें अपने मार्गदर्शन में नये शोधार्थियों को पंजीकृत नहीं करा सकते। अब पीएचडी शोधार्थियों हेतु पीएचडी थीसिस जमा करने की अधिकतम अवधि 6 साल तथा न्यूनतम अवधि 3 साल होगी। महिला शोधार्थियों को 240 दिन का मातृत्व अवकाश की पात्रता होगी। वि.वि. की डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल ने पीएचडी थीसिस तैयार करने से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दु जैसे शोध प्रविधि, निष्कर्ष तथा शोध संबंधी प्रश्नावली एवं संदर्भ सूची तैयार करने के बारे में बारीकि से सभी प्रतिभागियों को जानकारी दी।

गर्ल्स कॉलेज में भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिये वाद विवाद स्पर्धा

दुर्ग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय भिलाई द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत ''भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण, आम-नागरिकों की भागीदारी से संभव है'' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं विशेष अतिथि पंकज त्यागी, महाप्रबंधक फेरो स्क्रैप निगम भिलाई, प्रभाकर सिंह ठाकुर, उपमहाप्रबंधक फेरो स्क्रैप निगम भिलाई उपस्थित थे।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए जनसहयोग

आवष्यक है। यदि भारत का हर नागरिक अच्छी सोंच रखें तो भ्रष्टाचार का प्रभाव कम हो सकता है।

आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में कु. पूजा चेलक तथा विपक्ष में कु. प्रेक्षा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. गीतू यादव ने पक्ष में तथा प्रेरणा सुकेतल ने विपक्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कु. सुमन साहू एवं वर्षा देवांगन रहीं। वहीं काव्यशिखा एवं जान्हवी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, ज्योति भरणे, कु. मधु पाण्डे प्रतियोगिता निर्णायक रहें। कार्यक्रम के संयोजक श्रीनिवास फेरो स्क्रैप निगम का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती राठौर व धन्यवाद ज्ञापन छगनलाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी ने दिया।

गैस सिलेंडरों पर पांच सौ रूपए सब्सिडी की राशि महिलाओं के खातों में जमा होगी : संगीता

गुरूर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। हमारी पार्टी चुनाव जीतने के बाद प्रदेश में फिर से सरकार बनने पर अपने वादों को पूरा करेगी। प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने पर पहले की तरह किसानों का कर्ज माफ होगा, केजी से पीजी तक नि:शुल्क शिक्षा मिलेगी, मेडिकल और इंजीनियरिंग भी।

उपरोक्त बातें संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 के अधिकृत प्रत्याशी संगीता सिन्हा ने

जनसंपर्क के दौरान कही। अधिकृत प्रत्याशी संगीता सिन्हा ने कंवर, देवकोट सहित दर्जनों ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने ग्रामवासियों को कांग्रेस सरकार की 5 साल की उपलब्धियां बताने के साथ ही इस चुनाव के लिए पार्टी द्वारा की गई घोषणाओं से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडरों पर 500 रूपए प्रति सिलेंडर सब्सिडी महिलाओं के खातों में जमा होंगे। 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त व 17.5 लाख गरीब परिवारों को खुद का आवास मिलेगा। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4 हजार ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

किसान जमीन बेचकर बच्चों को कोचिंग करवाते हैं, हमारी सरकार बनी तो दलाली प्रथा चलने नही देंगे : राकेश यादव

गुरूर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस की सरकार में अवैध शराब का बोलबाला रहा। शराब बंदी का झूठा वादा किया गया लेकिन कुछ कर नहीं पाए।कोरोना काल तक में शराब की दुकान खुली रही। जब भाजपा की सरकार थी, तो हमने शराब दुकानों का सरकारीकरण किया था तो एक भी कोचिये नहीं होते थे लेकिन आज कोचियों की बाढ़ आ गई है।

उपरोक्त बातें भाजपा के अधिकृत

प्रत्याशी राकेश यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र मे जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। राकेश यादव ग्राम अरकार, हसदा, डोटोपार पलारी, बोहारा, भिरई, देवकोट कंवर, पेंडरवानी जैसे अन्य गांव में जन संपर्क करने पहुंचे थे। प्रत्याशी राकेश यादव ने क्षेत्र वासियों से अपील किया कि अगर आप मुझे विधायक बनाते हैं तो किसी भी गांव में अवैध शराब नहीं बिकने दूंगा। जुआ सट्टा खिलाने वाले भी जेल में भरे जाएंगे। एक वक्त होता था जब महिलाओं को दिशा मैदान के लिए जाने सूरज डूबने का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन आज लोगों के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

शिक्षण संस्थाओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान, छात्र-छात्राओं ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

दुर्ग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। नगर की शिक्षा संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने अलग अलग कार्यक्रम कर आम नागरिकों में विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित किया। आज हेमचंद विश्वविद्यालय के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर के अलावा डॉ. पाटणकर कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर आम नागरिकों को मतदान करने को लेकर जानकारियां दी।

हेमचंद विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों की कार्यक्रम में भागीदारी भी सुनिश्चित की गई। इसके अंतर्गत आज एनएसएस इकाई द्वारा नये मतदाताओं तथा कर्मचारियों, अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत् मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय परिसर में मतदान पर केन्द्रित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक तथा छाता रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के आरंभ में विश्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने मतदान से संबंधित छातों पर लिखे गये विभिन्न स्लोगन वाली छात्र-छात्राओं की रैली का निरीक्षण किया। कुलपति, डॉ. पल्टा ने समस्त उपस्थित जनों को शत-प्रतिशत् मतदान करने हेतु शपथ दिलायी। कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी।

डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने बताया कि आज के इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में दुर्ग एवं भिलाई के विभिन्न महाविद्यालयों के एनएसएस अधिकारी, एनएसएस स्वयंसेवक तथा जिला संगठक सहित लगभग 5 सौ से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा राष्ट्रीय एकता को प्रदर्षित करते हुए ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों, तहसील एवं शहरों से एकत्रित की गई पवित्र मिट्टी को विभिन्न कलषों के माध्यम से कुलपति, डॉ. पल्टा को भेंट किया

गया।

कार्यक्रम के आरंभ में एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने मतदान प्रक्रिया को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसे लोकतंत्र का त्यौहार निरूपित किया।

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई, स्वरूपानंद महाविद्यालय, भिलाई, शासकीय महाविद्यालय वैशालीनगर, कल्याण कॉलेज, भिलाई, भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई, शासकीय वी. वाय.टी. कॉलेज, दुर्ग के एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा प्रदर्शित किये गये दो नुक्कड़ नाटकों में युवाओं को मतदान करने का संदेश दिया गया। गीत एवं नृत्यों के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता फैलाने का सफ्ल प्रयास किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल, क्रीडा संचालक, डॉ. दिनेश नामदेव, उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल, राजेन्द्र चौहान, वित्त अधिकारी सुशील गजभिये, सहायक कुलसचिव, डॉ. सुमीत अग्रवाल, हिमांशु शेखर मंडावी, दिग्विजय कुमार एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठक, लीना साहू ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में कुलपति एवं अन्य अतिथियों का स्वागत एनएसएस बैच एवं शॉल भेंट कर किया गया।

रंगोली के माध्यम से संदेश : शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने बताया कि रंगोली के माध्यम से छात्राओं ने 17 नवंबर को शत-प्रतिशत मतदान की अपील बड़े ही रोचक ढंग से की। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने रंगोली बनाई। सभी छात्राओं ने रंगोली पर मतदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेशों को लिखा था और उसे आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने सराहना की।

छात्राओं ने रंगोली में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की अपील की है। उन्होनें रंगोली में निर्भीक होकर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदश प्रसारित किया है।

रंगोली प्रतियोगिता में कु. शिखा पेन्डरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कु. चंचल ने द्वितीय स्थान एवं कु. सोनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा बी.एससी. प्रथम वर्ष कु. कविता को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

आठवें दिन प्रदेश को मिला 5 पदक

भिलाईनगर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। 37वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन गोवा में भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में खेली जा रही है। 37 नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के खिलाडियों नें आठवे दिन मिनी गोफ ने सबसे ज्यादा 5 पदक हासिल किए। जिसम 1 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक शामिल है। गोल्ड मेडल पुरुष डबल इवेंट नील सागर एवं मेहुल साहू, रजत पदक मिक्स डबल इवेंट वंदना मिंज एवं जयेश तिवारी, कांस्य पदक महिला टीम इवेंट शिवानी सोनी, चैन कुमारी निषाद, सीमा यादव व रंजीता खलको, कांस्य पदक महिला सिंगल इवेंट प्रेरणा सिंह, कांस्य पदक पुरुष सिंगल इवेंट संजीव नायक छत्तीसगढ़ राज्य को कुश्ती इवेंट में भी आज एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य के अवधेश यादव ने कांस्य पदक जीता।

दाल-सब्जी से स्लोगन लिख मतदान करने का दिया संदेश

भिलाईनगर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। मतदाताओं को जागरूक करने रिसाली निगम की महिलाओं ने अपना हुनर दिखाया। किसी ने दाल से तो किसी ने चावल व चाउमिन से स्लोगन लिखा। कुछ महिलाओं ने शलाद से स्वीप का मोनो बनाया। व्यंजन बनाने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन के मार्ग दर्शन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत निगम कार्यालय में व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खास बात यह थी कि अलग अलग वार्डो से महिलाएं पहुंची। उन्होंने जिस अनाज और सब्जी से जागरूकता संदेश लिखा था। उसी अनाज का व्यंजन भी बनाई। जिसका स्वाद निर्णनायको ने भी लिया। निर्णायक मंडल में रिसाली आयुक्त आशीष देवांगन, दुर्ग ग्रामीण आर ओ मुकेश रावटे, उप संचालक पंचायत काव्या जैन शामिल थी। प्रतियोगिता में वैसे तो 20 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल थी। जिन्होंने विशेष थीम के साथ व्यंजन बनाकर प्रदर्शन किया। पुरस्कार भी दिया गया। रेवती तांडी को बहुरानी रिसाली की ओर से मिक्सी, रागी को दो से केक तैयार करने वाली रक्षा को शमीम सुपर बाजार की ओर से कुकर और हरी सब्जी से स्वीप का मोनो तैयार करने वाली बसंती साहू को आर्किटेक्ट एन के साहू ने डिनर सेट उपहार स्वरूप प्रदान किया। प्रतियोगिता में मतदाता जागरूकता नारा लिखा केक मुख्य आकर्षण था। प्रतियोगिता के बाद केक को प्रतिभागियों ने काटा।

निगम भिलाई ने निकाली वाईक रैली

17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन मे हर नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग करे और वोट जारूर डाले इस उद्देश्य को लेकर निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारियों ने बाईक रैली निकाली और विधानसभा क्षेत्र वैशालीनगर एवं भिलाईनगर के लगभग 10 किलोमीटर विभिन्न मोहल्लों मे भ्रमण कर मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किये। निगम मुख्यालय सुपेला से प्रचार रथ के साथ स्वीप द्वारा तैयार चुनाव गीत एवं नारो के साथ रैली दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुआ जो नेहरूनगर, स्मृति नगर, अवंति बाई चौक कोहका, रामनगर, गौरव पथ, नंदनीरोड,पावर हाउस फ्लाई ओवर से होते हुए सेंट्रल एवेन्यू से सिविक सेंटर पहुंचा जहाँ सभी बाईक हो 17 लिखित आकार पर खडे कर सभी ने शपथ लिए। रैली जिस जोन के सीमा मे प्रवेश कर रहा था तो उस जोन के अधिकारी कर्मचारी जुडते जा रहे थे रैली का नेतृत्व जोन आयुक्त अभिताभ शर्मा, खिलेंद्र भोई, कार्यपालन अभियंता संजय बागडे, बसंत साहू, अजय शुक्ला, पुरूषोत्तम अठभैया, संजय शर्मा, अर्पित बंजारे, चंदन निर्मल, बालकृष्ण नायडू, अनिल मिश्रा, जे.पी.तिवारी, एस.पी.शोरी, आर.पी.तिवारी कर रहे थे।

अज्ञात ने घर में किया हाथ साफ

भिलाईनगर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। स्मृतिनगर चौकी अंतर्गत 3-4 नवंबर की दरमियानी रात अज्ञात ने एक घर में धावा बोलकर नकदी और सोने.चांदी के आभुषण का माल पार कर दिया है। चोरी की फुटेज सीसीटीवी में आ गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। चन्द्रनगर कुरुद रोड निवासी प्रार्थी रवि कुमार वर्मा ने बताया कि 3 नवंबर की शाम वे अपने परिवार के साथ सुपेला शीतला तालाब के पास स्थित अपने दूसरे आवास में गए हुए थे। वहां उनके माता-पिता, चाचा, और भाई निवासरत हैं। 4 नवंबर की सुबह प्रार्थी रवि कुमार वर्मा को पड़ोसियों से चोरी की सूचना मिली। प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात दीवाल फांदकर घर के अंदर प्रवेश किये। लोहे की रॉड से दरवाजे का ताला तोड़ अलमारी में रखे करीब 40 हजार रुपए नगद सहित लाख रुपए के आभूषण चोरी कर लिए।

डेंगू की रोकथाम हेतु संयुक्त सघन अभियान जारी

भिलाईनगर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। 3 नवंबर को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 1 प्रकरण ही मिला है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीजों की संख्या मात्र 2 है। निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्र में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियान से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथान हेतु दुर्ग. भिलाई. चरोदा रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग. भिलाई इस्पात संयंत्र. स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 172138 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-199842 जिनमें से 83321 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 117229 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 168130 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कटेंनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उसको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नहीं मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दूसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रुपये से लेकर 5000 रुपये का अर्थ वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डा. सी.बी.एस. बंजारे के द्वारा लोगो से यह अपील की जाती है कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जाये। डेंगू एवं मलेरिया की जाँच जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पतालए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में जॉच नि:शुल्क किया जा रहा है। जाँच के उपरान्त ही डॉक्टर के परामर्श से दवा लेना उचित होगा। वही जानकारों के अनुसार इस मौसम में डेंगू के प्रकरण कम हो जाते है। बारिश के मौसम में डेंगू के मच्छर पनपते है। बारिश के पानी जहां जमा होता है, वही डेंगू के लार्वा होते है। ठंड़ के मौसम में बारिश के पानी खुले में नही रहता है, जिससे लार्वा पैदा नही होते है व डेंगू के प्रकरण कम हो जाते है। वही चिकित्सकों को कहना है कि घर में मच्छरों की रोकथाम की पुरी व्यवस्था होनी चाहिए।

आयुष भारत का अधिवेशन दामन में सम्पन्न

भिलाईनगर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आयुष भारत डॉ. अनिर बशीर मुलानी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्टरनेटिव मेडिसीन डॉ.एस.एन. सुतार द्वारा दामन गाँव महाराष्ट्र में आयुष भारत का अधिवेशन में छत्तीसगढ़ में आयुष भारत छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.परमजीत सिंह एवं अल्टरनेटिव मेडिसीन के छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.भीमसेन खुटे को बनाया गया। जो कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न प्रकार के डॉक्टर बी.ए.एम.एस., नेचुरोपैथी. पैरामेडिकल, आयुर्वेदा, सिद्धा, युनानी, अल्टरनेटिव मेडिसीन, पंचगाव्य, गुरू शिष्य परंपरा, हर्बल, होमियोपैथिक, एक्युप्रेशर, एक्युपंक्चर, इलेक्ट्रो होमियोपैथ इन सब डॉक्टर्स को आयुष भारत से जोड़ना है एवं एम.एस.एम.ई. के अंतर्गत किसी भी प्रकार की आर्थिक व्यवस्था डॉक्टर्स का इंश्योरेन्स, आयुषमान कार्ड दुरूपयोग, अपनी डिग्री लेने के बावजूद अपने नाम के आगे डॉक्टर नही लगा सकते, अपने क्लिनिक के बाहर बोर्ड नही लगा सकते एवं जो भी डॉक्टर लीगल तरीके से अपनी प्रेक्टिस कर रहा है एवं अपने सही सर्टिफिकेट और अपनी पहचान आयुष भारत में पास हो जाती है तो उसे आयुष भारत की सदस्यता मिल जायेगी एवं उसे पूरा सहयोग दिया। जायेगा। छत्तीसगढ़ में डॉक्टरों को संगठित कर आयुष भारत से जोड़ा जाएगा एवं उन्हें विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। डॉ. परमजीत सिंह ने बताया कि वे पिछले 15 वर्षों से बीमारियां का ईलाज करने का दावा किया है। प्राकृतिक चिकित्सा मिनिरल्स एवं स्टेम सेल से एवं डॉक्टर भीमसेन खुटे उनका भी अल्टरनेटिव मेडिसीन का 20 वर्षों का अनुभव है। आयुष भारत के स्तर पर जो भी नये डॉक्टर एवं नर्सिंग सेक्टर में जायेंगे, किसी भी प्राइवेट कॉलेज में उनकी फीस पर या उनकी प्रेक्टिस पर कोई भी शोषण होने नही दिया जायेगा।

बीआरएम ने मापित क्षमता को पार कर रचा इतिहास

भिलाईनगर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण में मॉडेक्स यूनिट के रूप में उत्पादन में शामिल हुई बार एवं रॉड मिल की मापित क्षमता 0.9 मिलियन टन है। इस आधुनिक इकाई बार एवं रॉड मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष में अनेक कीर्तिमान बनाते हुए अक्टूबर-2023 में 1,01,111 टन टीएमटी बार का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का कीर्तिमान बनाया। यह मापित क्षमता का 135 प्रतिषत है। मासिक उत्पादन के इस अत्यंत चुनौती पूर्ण लक्ष्य 1 लाख टन को विभाग की टीम ने सामूहिक प्रयास से पहली बार पार किया। इसके पूर्व कई बार प्रयास किया गया।कीर्तिमानों की इस श्रृंखला में 27 अक्टूबर को 12 एमएम टीएमटी बार में 3,330 टन (1623 बिलेट) का उत्पादन कर एक नया दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान भी स्थापित किया है तथा 28 अक्टूबर 2023 को प्रथम पाली में 12 एमएम टीएमटी बार में 1,275 टन (622 बिलेट) का उत्पादन कर पाली उत्पादन का नया कीर्तिमान भी दर्ज किया है। इसी कड़ी में बीआरएम ने 93,300 टन डिस्पैच कर सर्वश्रेष्ठ मासिक डिस्पैच की उपलब्धि भी हासिल की। उन्नत स्वचालन और अत्याधुनिक नियंत्रण प्रणालियों के साथ बार एवं रॉड मिल ने अपनी उत्पादन यात्रा में कई मील के पत्थर पार किए हैं।

संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने शॉप फ्लोर पहुंच कर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बीआरएम के मेहनत तथा योगदान की सराहना की और कहा कि इनके सहयोग से ही बीआरएम ने उत्पादन के अधिकतम स्तर को बनाए रखने में कामयाबी हासिल की। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने भी सभी कार्मिकों को बधाई प्रेषित की। विभागाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने कहा कि कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों के अनुपालन के फलस्वरूप ही यह उत्कृष्ट उपलब्धियां संभव हो रही हैं। महाप्रबंधकगण एस के बेहरा, के.के ठाकुर, सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत महंती, समीर पाण्डेय, शिखर तिवारी तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सभी कार्मिकों को बधाई तथा शुभकामनाएँ दी।

अंतर महाविद्यालयीन जुडो महिला, पुरुष स्पर्धा सम्पन्न

भिलाईनगर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के तत्वाधान में भिलाई महिला महाविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालयीन जुडो महिला, पुरुष प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन आर्डेसी जुडो अकादमी कैंप 2 में किया गया। इस प्रतियोगिता में 12 महाविद्यालयों के विभिन्न भार वर्गों के पुरुष व महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन के संरक्षक में आयोजित इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के डॉ. दिनेश कुमार नामदेव संचालक खेल विभाग हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय उपस्थित थे। डॉ. नामदेव ने अपने आशीर्वचन से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिस्पर्धा में अन्य महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारी एवम प्रभारी डॉ. ए. के. चौधरी, डॉ. रमेश त्रिपाठी, डॉ. ईश्वर सिंह प्राचार्य कल्याण महाविद्याय, अरूण चौधरी, डॉ.वी.के. सिंह एवम अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य रेफरी, ऑफिशियल विजय नाग ने उक्त प्रतियोगिता संचालित की। प्रतियोगिता में प्रथम एवम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड एवम सिल्वर मैडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन आयोजक महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. एम. माधुरी देवी, डॉ. निधि मोनिका शर्मा एवम क्रीड़ा अधिकारी प्रतीक्षा ताठे द्वारा किया गया। घनश्याम निर्मलकर, इंदिरा गांधी महाविद्यालय 60 किलो वर्ग, राजेश कु ठाकुर, कल्याण महाविद्यालय 66 किलो वर्ग, हर्ष दूबे, इंदिरा गांधी महाविद्यालय 73 किलो वर्ग, योगेंद्र कु साहू, शंकराचार्य महाविद्यालय 81 किलो वर्ग, अनमोल सिंह, शंकराचार्य महाविद्यालय 90 किलो वर्ग, राज सिंह, स्वरूपानंद महाविद्यालय 100 किलो वर्ग, सुधीर चौहान, इंदिरा गांधी महाविद्यालय 100 किलो वर्ग। दीपिका साहू शासकीय विज्ञान महाविद्यालय 48 किलो वर्ग, तनु रानी साहू शासकीय विज्ञान महाविद्याल 52 किलो वर्ग प्रिया विश्वकर्मा, शासकीय विज्ञान महाविद्याल 57 किलो वर्ग दिव्या कुमारी, इंदिरा गांधी महाविद्यालय 63 किलो वर्ग, तृषा राव, सेंट थॉमस महाविद्यालय 78 किलो वर्ग, स्नेहा नेदगी, स्वरूपानंद महाविद्यालय 78 किलो वर्ग है।

एस.सुनयना नृत्य-इलाव अलंकार से सम्मानित

भिलाईनगर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। एस.सुनयना को नृत्य. इलाव अलंकार से सम्मानित किया गया। 4 आल इन्डिया डांसर एसोसिएशन द्वारा अखिल भारतीय नृत्य, संगीत एवं वाध्ययत्र प्रतियोगयता का आयोजन किया गया । अय्यप्पा मन्दिर सेक्टर-2 मे जहाँ भिलाई की नृत्य भूषण टी. एस. सुनयना को नृत्य. इलावशी अलंकार से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि सुनयना भिलाई की शिव शक्ति अकादम की निर्देशक है। वह प्रसिद्ध नृत्यांगन, गुरु और निर्णायक भी है। सुनयना ने बहुत हर्ष के साथ यह मुकाम हासिल किया है। सुनयना ने बताया कि इस प्रतियोग्यता में उनके अकादमी से एकल, युगल, और समूह नृत्य मे लगभग 22 शिष्यों ने भाग लिया था एवं सभी को अलग-अलग विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सुनयना अपनी इस उपलब्धियों का श्रेय परमेश्वर अपने माता श्रीमती सुनीता पिता जो इ. टी सतीशनए व अपन गुरुजी रतीश बाबु को समर्पित किया है।

निर्वाचन प्रचार का शोरगुल कल शाम 5 बजे होगा बंद

खैरागढ़, गंडई पंडारिया, 4 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के प्रथम चरण में होने वाले मतदान के लिए 48 घंटे पूर्व चुनावी शोरगुल पर 5 नवंबर की शाम 5 बजे विराम लग जाएगा। इसके के बाद प्रत्याशी डोर-टू-डोर जाकर प्रचार कर सकेंगे।

प्रत्याशी और स्थानीय कार्यकर्ता कर सकेंगे डोर-टू-डोर जाकर प्रचार

- प्रचार के लिए आए बाहरी नेता कार्यकर्ता को करना होगा प्रस्थान
- प्रत्याशी और स्थानीय कार्यकर्ता कर सकेंगे डोर-टू-डोर जाकर प्रचार

जिला में 7 नवंबर को मतदान दिवस निर्धारित है। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं। इधर प्रचार अंतिम चरण में है छत्तीसगढ़ के विधानसभा निर्वाचन के प्रथम चरण में खैरागढ़ विधानसभा के खैरागढ़ 73 एवं डोंगरगढ़ (आंशिक) 74 विधानसभा सीटों के लिए 7 नवंबर को मतदान होना है। ऐसे में अब जनसंपर्क के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 5 नवंबर को शाम 5 बजे के बाद चुनावी शोर-गुल थम जाएगा। प्रत्याशियों के पास अब महज 48 घंटे शेष हैं, जिसमें भी रात में जनसंपर्क संभव नहीं। ऐसे में प्रत्याशी अपने- अपने क्षेत्रों में दिन-रात एक कर प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। पार्टी के स्टार प्रचारक भी मोर्चा संभाल रहे हैं। 5 नवंबर की शाम के बाद चुनावी शोर-गुल पर पूर्ण विराम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी या उनके कार्यकर्ता डोर-टू-डोर पहुंचकर प्रत्याशी से सीधे घर घर जाकर संपर्क कर पाएंगे।

प्रचार के लिए आए बाहरी नेता कार्यकर्ता को करना होगा प्रस्थान

किसी तरह रैली, सभा या गाजे-बाजे का शोर-गुल नहीं कर पाएंगे। 5 नवंबर की शाम के बाद चुनावी शोर-गुल थम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी या उनके कार्यकर्ता डोर-टू-डोर पहुंचकर प्रत्याशी सीधे संपर्क कर पाएंगे। किसी तरह रैली, सभा या गाजे-बाजे का शोर-गुल नहीं कर पाएंगे। दूसरी जगहों से प्रचार के लिए आए कार्यकर्ता, नेता या अन्य को संबंधित विधानसभा को छोड़ना पड़ेगा। फिर 7 नवंबर 2023 को सुबह 8 बजे से 5 बजे तक मतदान होगा।

बीएसपी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

भिलाईनगर, 4 नवम्बर (देशबन्धु) इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा पीजी नर्सिंग कॉलेज भिलाई में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय भ्रष्टाचार का विरोध करें राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सहायक महाप्रबंधक सतर्कता हिमांशु दवे ने कहा कि भ्रष्टाचार का विरोध कर, राष्ट्र के प्रति अपना समर्पण व प्रतिबद्धता का पालन करें। पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य डॉ अभिलेखा बिस्वाल ने भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय पर अपने विचार रखें। प्रतियोगिता में 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक संयंत्र की महाप्रबंधक सुश्री सिम्मी गोस्वामी द्वारा किया गया। थे। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह दिखाते हुए अपनी प्रतिभागिता दी तथा देश के सभी नागरिकों को भ्रष्टाचार का विरोध करए राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों का पालन करने के संबंध में अपने विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में किया गया था। इस प्रतियोगिता के हिंदी श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमश: सुश्री गीता पटेल, सुश्री भूमिका तथा सुश्री रिया भगत ने प्राप्त किया। इसके साथ ही सांत्वना पुरस्कार सुश्री वंशिका देवांगन ने प्राप्त किया। अंग्रेजी श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमश सुश्री दिव्या नायर, रिंसी टी बाबू तथा दीक्षा यादव ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार जेसिका नीजू ने प्राप्त किया। युवा पीढ़ी में शामिल नैतिक मूल्य निश्चित रूप से हमारे समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करेंगे। भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के प्रति हमारे समाज के युवा मन को संवेदनशील बनाने के साथ-साथ विकसित राष्ट्र के निर्माण हेतु भ्रष्टाचार का विरोध करने के लिए प्रेरित करने हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

ओए कोषाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

भिलाईनगर, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए भिलाई के मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान प्रारंभ किया है। इसी तारतम्य में सेफी चेयरमेन तथा ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एसोसिएशन ने प्रगति भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वयं तथा उनके परिजनों द्वारा मतदान में भाग लेने की शपथ ली। साथ ही उपस्थित जनों से भी मतदान करने की अपील की गई। विधानसभा चुनाव-2023 में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वय तुषार सिंह एवं अखिलेश मिश्रा सचिव द्वय संजय कुमार तिवारी तथा जेपी शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तथा शपथ दिलाने का कार्य ओए के कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने संपन्न किया। इस अवसर पर ओए के जोनल प्रतिनिधि प्रदीप मेनन, एम.ए.आर.शरीफ, डीपीएस बरार, जी.एस. कुमार, बी.एस. मान, जी.पी. सोनी, राधाकिशुन, निखिल पेठे, विवेक गुप्ता, मिलिंद कुमार बंसोड, पीएस सेन, विजय देशमुख, एनके गुप्ता आदि उपस्थित थे। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने की बंछोर ने की अपील इस अवसर पर सेफी, अध्यक्ष एवं बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक मतदाता का मतदान करना आवश्यक है। इसके तहत समस्त पदाधिकारी व प्रतिनिधियों ने स्वयं एवं अपने परिजनों तथा परिचितों से शत प्रतिशत मतदान कराने की शपथ ली।

थाना के पास बेरिकेटिंग कर सख्त चेकिंग करें : पुलिस ऑब्जर्वर

बिलाईगढ़, 4 नवंबर। पुलिस ऑब्जर्वर राजेंद्र कुमार मीणा ने एसडीओपी कार्यालय बिलाईगढ़ में थाना सलिहा, भटगांव और बिलाईगढ़ के प्रभारी पुलिस अधिकारियों का बैठक लिया। बैठक में मीणा ने पुलिस अधिकारियों को थाना के पास बेरिकेटिंग कर सख्त चेकिंग करने के निर्देश दिए।

भाजपा किसान मजदूर युवाओं को केवल ठगने का काम की है : भूपेश

डोंगरगढ़, 4 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुडिपार में शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री श्री बघेल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा कोई नहीं जिसे भाजपा ने नहीं ठगा। किसान, मजदूर, युवा सभी को ठगने का काम किया गया है इनकी गारंटी देने की कोई गारंटी नहीं है। किसानों को ?2100 और ?300 बोनस देंगे बोले जो किसी किसान को नहीं मिला। महिलाओं को घर की मुखिया बनकर चुनाव के पहले बड़ी मात्रा में राशन कार्ड बनवाए गए और चुनाव के बाद सभी राशन कार्ड को निरस्त किया गया।

आदिवासियों को जर्सी गाय देने के नाम पर ठगा गया। यही नहीं दिल्ली के नेता भी देश की जनता को 15-15 लाख रुपए खाता में देने का झुटा वादा किया इनकी झूठ बोलने की बात आदत है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा देश में पेट्रोल ,डीजल, मिट्टी तेल, रसोई गैस, राहर दाल, खाने का तेल और प्याज को भी महंगा कर दिया गया है। वही राहुल गांधी जी छ ग आए और किसानों के कर्ज माफी के साथ-साथ ?2500 कुंटल में धान खरीदी 4000 प्रति मानक के दर से तेंदूपत्ता और बिजली बिल हाफ का वादा किया है उसे निभाया है कांग्रेस की गारंटी पर भरोसा है। कांग्रेस द्वारा चुनाव के पहले ही 20 कुंटल धान खरीदी शुरू कर दी गई और आने वाले दिनों में फिर से किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा जिसे सुनकर भाजपा के लोगों के पेट में दर्द शुरू हो गया है। कांग्रेस का लक्ष्य केवल किसानों को मजबूत करने का है कांग्रेस पार्टी इसकी गारंटी देती है कि प्रदेश की जनता को घर चलाने के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार जनता के साथ खड़ी है वहीं गैस रिफिल लेने पर सभी के खाता में ?500 दिया जायेगा और 200 यूनिट तक बिजली बिल को फ्री करने के साथ ही बच्चों की स्कूल फीस पूरी तरह माफ की जाएगी , मजदूरों का 7000 सालाना को बड़ा कर 10000 कर दिया जाएगा , इलाज के लिए 5 लाख से बड़ाकर 10 लाख तक सहायता दी जाएगी। प्रदेश के सभी स्कूलों का उन्नयन और प्रदेश में 700 और रिपा शुरू किया जाएगा कांग्रेस सरकार हमेशा प्रदेश की जनता के हित में काम करी है और आगे भी करते रहेगी। इस दौरान विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल ने भी मुख्यमंत्री के समक्ष ग्राम मुडिपार की मांगों को रखा। विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी हर्षिता स्वामी बघेल ने उपस्थित जनसमुदाय को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में अंत व्यवसाय निगम अध्यक्ष धनेश पाटीला जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान प्रदेश कांग्रेस सचिव थानेश्वर पाटीला जिला प्रभारी सुजीत बघेल जनपद सदस्य अनुसुइया उइके मुडिपार ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू महामंत्री पारख जैन महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया मुडिपार सरपंच कुमारी साहू गोविंद टंडन शिशुपाल भारती वेदराम साहू पवन झा रिंकू महोबिया मकसूदन वर्मा प्रहलाद वर्मा कमलेश्वर सिंह ममता साहू गौतम चंदेल घनश्याम सिन्हा पालतू साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

बाल मेला में अज़ीज स्कूल के बच्चों ने लगाए व्यंजनों के स्टाल

गंडई पंडरिया, 4 नवंबर। बाल दिवस के पूर्व शनिवार 4 नवंबर को गंडई नगर के अज़ीज़ पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्टॉल लगाए। जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक और नगर के लोग मेला देखने पहुंचे। रविवार को नगर के सेक्रेड हार्ट हायर सेकंडरी स्कूल में बाल मेला आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने अपने स्टाल पर स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाएं। संस्था के हेडमास्टर अनुरोज मिश्रा ने कहा कि बाल मेले के उद्देश्य कई हैं। इसमें बच्चों को मनोरंजन के साथ ही व्यवसाय का तरीका भी सीखते है। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले को लगाया गया है। बच्चे जिस व्यंजन को पसंद करते हैं उसे अपने इच्छा के अनुरूप स्टॉल लगाए हैं। नर्सरी से 8वीं तक के बच्चों ने कई प्रकार के व्यंजन बनाए। सभी पालकों व आमजनों ने व्यंजनों का आनंद लिया। बाल मेले में अज़ीज़ स्कूल समस्त स्टाफ उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया।

कांग्रेस में शामिल हो रहे लोगों ने कहा- भरोसा बरकरार फिर इस बार भूपेश सरकार

आरंग, 4 नवंबर। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है वैसे ही आरंग विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस और मजबूत होते जा रही है।क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी और मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया के द्वारा कराए जा रहे विकासकार्यों से क्षेत्र के ग्रामीण काफी प्रभावित हो रहे है।इसी कड़ी में शनिवार को आरंग के राजीव भवन में भाजपा के पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय के गांव डुमहा से आये लोग मंत्री डॉ.डहरिया और कांग्रेस सरकार से प्रभावित होकर कांग्रेस का दामन थाम लिया।इसके अलावा ग्राम अमसेना,भोथली,सेजा और भैसा के लोग भी कांग्रेस में शामिल हो गए।मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने स्वयं कांग्रेस का गमछा,टोपी पहना कर लोगो का कांग्रेस परिवार में आने पर स्वागत किया।कांग्रेस में शामिल होने के बाद लोगो का कहना है कि 15 साल के भाजपा शासनकाल के बाद कांग्रेस ऐसी सरकार है जो छत्तीसगढ़िया संस्कृति की पहचान को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है।भाजपा के घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़िया और छत्तीसगढ़ की संस्कृति के लिए कुछ भी नही है।भाजपा हमेशा हमारी संस्कृति को नष्ट करने का काम किया है। इसलिए इस बार भी भूपेश बघेल पर पूरा भरोसा है और आरंग तथा प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाना है।

जोगी कांग्रेस प्रत्याशी लोकनाथ भारती ने किया घुमका का सघन दौरा

डोंगरगढ़, 4 नवंबर (देशबन्धु)। जोगी कांग्रेस प्रत्याशी लोकनाथ भारती ने।डोंगरगढ़ विधानसभा के घुमका क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाटगांव , भटगांव, टेमरी, भदेरा नवागांव, बिजेतला, इरई खुर्द, इरई कला, मोहन्दी, मूरमुंदा, चारभाटा, बिरेझर, घुमका, खैरा, जराही आदि गाँवो में सघन चुनावी जन दौरा करके पार्टी के शपथ पत्र की विशेषता प्रत्येक बूथों तक पंहुचाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील मतदाताओं से की।

घुमका में आमसभा करते हुए भारती ने कहा की अगर प्रदेश में जोगी कांग्रेस की सरकार बनती है तो आमजनता की तकलीफ हमारी तकलीफ होंगी पुरे राज्य में योजनाओं को विस्तार कैसे होगा इस बारे में चर्चा करते हुए लोकनाथ भारती ने बताया की हमारी सरकार बनते ही किसानो का धान 4000 रूपये प्रति चिंटल जोगी सरकार खरीदी करेंगी। वृद्ध महिलाओ को 4500रूपये प्रति माह पेंशन देगी, राज्य के बेरोजगारों को 3000 रूपये प्रति माह।भूमिहीन किसानो को प्रत्येक वर्ष 1 लाख रूपये। दारू की जगह दूध क्रांति लाना तथा जो परिवार मकान बनाने में असमर्थ है उसे 2 रूम जोगी आवास प्रदान किया जायेगा ,गैस सिलेंडर 300रूपये किया जायेगा। इस दौरान अजीत जोगी युवा मोर्चा लोकसभा अध्यक्ष अमर गोस्वामी, युवा लोकसभा उपाध्यक्ष आकाश वर्मा युवा नेता सेवक कँवर, रमेश मारकंडे, लल्तीन बाई कुर्रे, हेमेश जांगड़े, अभिषेक भारती, अनीता भारती, बाबूलाल भारती, कृष्णा मारकंडे,और कार्यकर्त्ता साथ ही सभी ग्रामो के ग्राम वासी उपस्थित थे।

भीषम लाल व शांताराम साहू ने किया भाजपा प्रवेश

कुरुद, 4 नवंबर (देशबंधु)। गत दिनों ग्राम गातापार (ह) निवासी भीषम लाल साहू और शांताराम साहू ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर कुरुद नगर में विधायक अजय चंद्राकर ने उन्हें भाजपा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया और भाजपा में प्रवेश कराये। इस अवसर पर दोनों साहू बंधुओ ने अजय चंद्राकर का आभार माना और स्वेच्छा से भाजपा में मिलने की बात कही। उन्होंने बताया कि वे दोनों कांग्रेस के लिए काम करते थे।जब उन पर मुसीबत आयी तो भाजपा ने उनके साथ दिया था। इसीलिए स्वेच्छा से वे भाजपा में प्रवेश कर लिया। भीषम लाल साहू और शांताराम साहू ने बताया कि वे तन मन धन से भाजपा और अजय चंद्राकर के लिए काम करेंगे।

सार-संक्षेप

फिंगेश्वर में आज विशाल दिवाली मेला

फिंगेश्वर, 4 नवंबर। नगर की उत्साही एवं हमेशा रचनात्मक कार्यो में जुड़ी रहने वाली महिलाओं के समूह द्वारा कल रविवार 5 नवंबर को नगर में प्रथम बार दिवाली मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन प्रमुख श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव ने बताया कि शहरों की तरह हमारे ग्राम्यांचल में दिवाली के अवसर पर मनोरंजन के साथ साथ दिवाली त्यौहार के सभी सामान मिठाईयॉ, पूजा सामग्री, सजावट समान, कपड़े आदि एक ही जगह उपलब्ध कराने एवं हमारे सबसे प्रमुखता बड़े त्यौहार दिवाली को उत्साह एवं मेल मिलाप से मनाने हमारी महिलाओं ने मिलकर नगर के समता क्लब मैदान में दिवाली मेला के नाम मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। आयोजन समिति की श्रीमती ऋचा रात्रे, पद्मा यदु, शांति कोसरे, भुनेश्वरी साहू, अनिता शर्मा, ज्योति राजपूत ने बताया कि मेला प्रात: 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। मेला स्थल पर रंगोली प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10 बजे एवं समापन कार्यक्रम रात्रि 9 बजे संपन्न होगा। इस आयोजन के लिए नगर के व्यवसायियों, गणमान्य नागरिकों एवं अंचल के प्रतिष्ठानों का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। दीवाली मेला आयोजन समिति ने नगरवासियों एवं अंचलवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

सेवानिवृत्त महिला स्वास्थ्य कर्मचारी का सेवा सम्मान समारोह

गुरुर, 4 नवंबर (देशबन्धु)। उपस्वास्थ्य केंद्र अरकार में पदस्थ कुमुदबाला लाल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व फील्ड स्टॉफ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में सेवा सम्मान समारोह का अयोजन कर श्रीफल, शाल व स्नेह उपहार भेट कर सेवा सम्मान किया गया। श्रीमति कुमुदबाला लाल उपस्वास्थ्य केन्द्र अरकार में लगभग 28 वर्ष तक ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के पद पर रहते हुए समुदाय के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की, उनकी लगन ईमानदारी मृदुभाषी एवम् कार्यकुशलता को सलाम। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि परिस्थितियां जो भी हो बस करने की चाहत और संकल्पित हो, कोई काम असंभव नहीं है।

सीखने की कोई पद व उम्र नहीं होती

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीआर रावटे ने उनके उज्ज्वल भविष्य व दिर्घायु की कामना देते हुए कहा कि हम सभी को ऐसे सीनियर से उनके किए गए कार्यों का अनुकरण करते हुए अमल में लाना चाहिए। सीखने की कोई पद व उम्र नहीं होती। संस्था की डॉक्टर चंद्राकर ने कहा श्रीमति लाल हम सभी के लिए सम्माननीय है, हम सभी को उनके जीवन के अनुभव से प्रेरणा लेनी चाहिए सदैव हमे उनकी आशीर्वाद मिलती रहें और वे हमेशा स्वस्थ रहे साथ ही सभी स्टॉफ द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। उक्त अवसर पर बीईटीओ केआर उर्वशा,ननसुनील देवांगन ग्रामीण चिकित्सा सहायक, दुर्गेश ध्रुव श्याम सुन्दर देवांगन नेत्र सहायक अधिकारी, कन्हैया चंदन फार्मासिस्ट, सेक्टर सुपरवाइजर आईएल ठाकुर, प्रमिला साहू, भारती साहू सीएचओ, सीताराम साहू, राजेंद्र यादव, लक्ष्मीनारायण सिंह, निकेश निषाद, नीतू निर्मलकर, कुलेश्वर, चम्पेश्वर एवम् संस्था व सेक्टर के महिला व पुरुष स्टॉफ उपस्थित रहे।

मेडिकल इमरजेंसी रेस्पॉन्स का दिया गया प्रशिक्षण

गरियाबंद, 4 नवंबर। शनिवार को विधानसभा चुनाव हेतु नियुक्त किये गये सभी सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर और समस्त नोडल अधिकारियो को मतदान के दौरान आपातकालीन चिकित्सा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। चिकित्सा सलाहकार डॉ. पवन राठौर और डॉ. दीप्ति श्रीवास ने अधिकारियों-कर्मचारियों को आपातकाल जैसे हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी और सर्पदंश से बचाव के तरीके बताए। हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देने की जानकारी पॉवर पाइंट प्रजेन्टेशन एवं डेमो के माध्यम से दी। हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी के लक्षण और इन परिस्थितियों में आकस्मिक बचाव के लिए प्रारंभिक तौर पर किए जाने वाले उपायो की जानकारी दी। इसी तरह सर्पदंश की स्थिति में मौके पर सर्प की फोटो खींचने और सर्पदंश के उपर वाले स्थान पर पट्टी बांधने के संबंध में बताया गया। सर्पदंश के दौरान उक्त स्थान से जहर न चूसने कहा गया। चिकित्सकों ने निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कराई गई चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया था। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।



अपनी दवाईयां साथ रखें, प्रतिदिन ध्यान, योगा करें - चिकित्सकों द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव से दूर रह कर योगा, ध्यान, व्यायाम करने कहा गया है। सभी को सलाह दी गई है कि वे खाली पेट न रहें। खासकर शुगर वाले मरीज नियमित रूप से कुछ खाद्य सामग्री का सेवन करते रहें। वे जो बीपी, शुगर, थॉयरायड आदि के मरीज हैं तो अपनी दवाईयां साथ रखें। किसी भी आपात स्थिति में उच्च अधिकारियों को सूचना देने के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी सूचित करें और स्वास्थ्य केंद्र में उपचार सुनिश्चित कराएं।

निधन

नीराबाई ठाकुर

महासमुंद, 4 नवंबर। स्थानीय इमलीभाठा निवासी श्रीमती नीरा बाई ठाकुर सौ वर्ष का 4 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेश ठाकुर, मोहन ठाकुर की मां व मदन ठाकुर, बसंत ठाकुर, राजू ठाकुर, कन्हैया ठाकुर की बड़ी मां थी।

प्रादेशिकी का शेष...

भगवा रंग में मोदीमय रही ...

रहें। आज के संभागीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन सह चुनावी आमसभा में पूरी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही वन मेन आर्मी की तरह फोकस में रहें। प्रधानमंत्री ने अपने एक घंटे के भाषण को पूरी तरह अपने सरकार की उपलब्धियों, स्वयं की पृष्ठभूमि, व्यक्तित्व, कार्यो, कार्यक्रमों योजनाओं व उपलब्धियों का ही बखान करते रहे। प्रधानमंत्री ने भाजपा शासन के पिछले 15 वर्षो में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में किये गये कार्यो, उपलब्धियों का जिक्र तक नहीं किया गया। यहां तक कि उनके मंच पर पहुंचने के बाद प्रदेश के 16 प्रत्याशियों में से किसी का परिचय तक नहीं कराया गया। परम्परा है कि सामने किसी प्रत्याशियों का परिचय कराया जाता रहा। प्रधानमंत्री के सामने किसी प्रत्याशियों का परिचय तक नहीं दिया गया। केवल साजा क्षेत्र के प्रत्याशी ईश्वर साहू का नाम श्री मोदी ने यह कहकर लिया गया कि ईश्वर साहू का दोष क्या था कि उसके बेटे को मरवा दिया गया। प्रदेश में यदि भाजपा की सरकार बनती है तो सारे विकास कार्य उनकी योजनाएं, छत्तीसगढ़ को टाप 10 स्टेट बनाने के लिये भी मंच से मोदी ने अपनी ही गारंटी दी। प्रधानमंत्री का पूरा उद्बोधन केन्द्र सरकार की उपलब्धियों व राज्य कांग्रेस सरकार की नाकामियों, घपलों, घोटालों पर ही केन्द्रित रहा।

मोदी, सभास्थल के मंच पर निर्धारित समय से लगभग 15.20 मिनट लेट पहुंचे। पर्याप्त भीड़ सभा स्थल पर उस समय तक नहीं पहुंचने व पीछे की कुर्सियां खाली रहने के कारण उनका सभा स्थल पर पहुंचने का निर्धारित शेड्यूल कुछ मिनिटों के लिये आगे बढ़ाया गया। 11.25 की बजाय 11.40 को सभा स्थल पहुंचे तब तक सभा स्थल खचाखच भर गया था।

गिरीश को जीताने पत्नी कीर्ति देवांगन का ...

बुनकर समिति के संचालक उमेश साहू, प्रिया साहू, यामिनी, यशोदा, लता, कुमारी, शशि, हेमलता, कामेश्वरी, चेतन साहू, जमुना, ललिता, सरस्वती सहित कर्मा माता बुनकर समिति में कार्यरत महिलाएं और लखोली के गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

गैस सिलेंडरों पर पांच सौ रूपए ...

रूपए सालाना बोनस, गरीब परिवारों को 10 लाख तक व एपीएल परिवारों को 5 लाख रुपये तक इलाज की सहायता, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में 7 हजार की जगह अब 10 हजार सालाना राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

महिला स्व सहायता समूहों व सक्षम योजनांतर्गत लिए होंगे ऋण माफ- इसके साथ ही महिला स्व सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए ऋण माफ होंगे, लघु वनोपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर देंगे, अतिरिक्त 10 रूपए प्रति किलो दिया जाएगा। राज्य के सभी शासकीय स्कूलों का होगा स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अपग्रेडेशन, 700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्कों (रीपा) की स्थापना, सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर होगा नि:शुल्क इलाज, परिवहन व्यवसायियों के 726 करोड़ का बकाया कर्ज माफ करने, तिवरा की भी होगी। समर्थन मूल्य पर खरीदी करने तथा जातिगत जनगणना करवाने का वादा किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए जन समर्थन मांगा।

किसान जमीन बेचकर बच्चों को...

घरों में शौचालय हैं वह भी पक्का वही पानी की व्यवस्था के लिए घरों घर नल लगा दिए गए हैं।

गोबर बेचने के नाम पर हो रही धांधली-जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि पक्के मकान का सपना पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना भी चलाया जा रहा है। कुछ एक दो राज्य जिसमें छत्तीसगढ़ भी है इस योजना में लापरवाही किए हैं जिसके कारण 16 लाख आवास नहीं बन पाए हैं। हमारी सरकार बनी और मुझे विधायक बनाएं तो सबसे पहले इन 16 लाख आवासों को बनवाने का काम होगा। जिन्हें राजनीतिक विद्वेष के चलते भूपेश सरकार द्वारा काम शुरू ही नहीं कराया गया। यह कह कर पैसा वापस कर दिया कि हमारे पास राज्यांश देने के लिए फंड नहीं है, जबकि चुनाव जीतने के लिए साढ़े 17 लाख आवास बनाने का खुद झूठ वादा कर रहे है। गोबर बेचने के नाम पर भी धांधली हो रही है।

भारतपुर में सटोरिया गिरफ्तार

बिलाईगढ़ 4 नवंबर(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निविदिता पॉल अनुभागीय विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में दिनांक 03,10,23 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम भारतपुर में रेड कार्यवाही कर 01 सटोरिया को किया गया गिरफ्तार।

विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 03/11/23 को सूचना मिला की ग्राम भारतपुर में एक व्यक्ति अपने घर परछी में एंड्राइड मोबाइल से रूपए पैसे का हार जीत का दाव लगाकर कल्याण नमक सट्टा खेला रहा है की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी हरप्रसाद रात्रे पिता लोकनाथ रात्रे उम्र 35 वर्ष ग्राम भारतपुर थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़* के कब्जे से 01 नग एंड्राइड मोबाइल, कीमती 13000 ? एवं नगदी रकम 7000 ? जुमला कीमती 20000 ? को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया ,जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया।

प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में स्ढ्ढ शिव कुमार धारी ,ह्यद्ब मनहर ।ष्ट 55 आर, कमल कुर्रे चंदन दिनकर एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

आरंग के मतदान केंद्रों में चला जागरूकता अभियान



आरंग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आरंग डॉ अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में हैप्पी वोटिंग कैंपेन के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सदर रोड आरंग,रविदास प्राथमिक शाला मतदान केंद्र क्रमांक 228,229,230 व238 में भी शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत स्वीप टीम ने शत प्रतिशत निष्पक्ष प्रलोभन रहित मतदान की शपथ करवाई एवं जागरूकता नारो के साथ मतदान केदो की व्यवस्था का भी जायजा लेते हुवे अनुभाग के निर्देशों को स्पष्ट किया। वही 78 वर्षीय झाड़ू राम साहू ने बड़े ही उत्साह के साथ आगामी 17 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सब मतदान करें इसके लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वीप टीम से शिक्षक गण महेंद्र कुमार पटेल, अरविंद कुमार वैष्णव,सीमा भांडेकर, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जयशंकर यादव, प्रधान पाठक गण अशोक साहू, जय वर्मा,सुमित्रा भांडेकर, शिक्षक गण सोनल मिश्रा , केसरी ढिढी पवन कुमार साहू, राजेश साहू, चित्रा देवांगन, रोशनी प्रधान मनहरण ध्रुव,तनुजा साहू,यशवंत साहू,भूपेंद्र साहू, व्यापारी गण झाड़ू राम,राजकुमार आहूजा,राजू सोनी,विकास गुप्ता,श्याम किशोर निषाद,अनिल आहूजा एवम बबली मिर्धा,सोमनाथ मिर्धा,मोहित मिर्धा,खेमा मिर्धा एमडीएम समूह लक्ष्मी सोनकर,हेमलता देवांगन ,अनुसुइया यादव,लक्ष्मीन बाई आदि की सहभागिता रही।

आतंकवाद, अलगाववाद, नक्सलवाद कांग्रेस की देन: योगी आदित्यनाथ

कवर्धा, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा प्रत्याशी विजय शर्मा के पक्ष में प्रचार करने कवर्धा पहुचें उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ . स्थानीय सरदार पटेल मैदान में ऐतिहासिक जन समूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा मेरा सौभाग्य है विधानसभा चुनाव के बहाने काशी विश्वनाथ की धरती उत्तरप्रदेश से छोटी काशी कहा जाने वाला धर्मनगरी कवर्धा आने का मौका मिला छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है उत्तरप्रदेश माने उत्तर प्रदेश का ननिहाल है .

उन्होंने कहा छोटी सी गलती से कितना नुकसान कर देती है , भगवा ध्वज के सम्मान करने वाले राम भक्तों को लाठी से पीठा जाता है .लव जिहाद का विरोध करने वाला छोटा सा कार्यकर्ता उसकी हत्या कर दी जाती है . उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है वहां लव जेहाद ,धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाया गया है . अब कोई अवैध धर्मांतरण यूपी में नही कर सकता और करेगा तो खामियाजा भी भुगतेगा . छोटी से गलती से नुकसान होता है अन्नदाता किसानो का ,युवाओं का बहन बेटिओं का और धार्मिक पर्व का सब का नुकसान हो जाता है .

अटल विहारी के सपने के ने अनुरूप पिछले 15 वर्षो तक छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा था कांग्रेस ने अपने संस्कारो के अनुरूप छत्तीसगढ़ के विकास को पूरी तरह बाधित कर दिया. कवर्धा हमारे लिए काशी जैसा पवित्र है कांग्रेस ने यहाँ अकबर जैसे व्यक्ति को बैठा दिया .आपकी आस्था से खिलवाड़ करने ऐसे व्यक्ति को बैठाया गया है जिसे आपके आस्था से कोई मतलब नही ,जिसके संरक्षण में हम सबकी आत्मा भगवा ध्वज को पैरो से कुचला जाता है .

उन्होंने साजा की घटना का जिक्र करते हुए कहा यदि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार होती तो क्या कोई ऐसा हिम्मत करता एक गरीब लाचार भुवनेश्वर साहू की हत्या कर देता ,और अपराधी खुला घूमता न्याय नही मिलता. उन्होंने कहा साजा के भुवनेश्वर साहू के पिता जी ने बड़ा हिम्मत का परिचय दिया अन्यो के साथ ऐसा न हो इसलिए स्वयं मैदान में आ गए है . भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाकर एक अच्छे कार्यकर्ता का मान बढाया .

■ छत्तीसगढ़ में डबल इन्जन की सरकार बनेगी तो विकास भी डबल होगा

उन्होंने कहा ये केवल चुनाव की लड़ाई नहीं अपने अस्तित्व की लडाई है ,आप सबके अस्तित्व की लड़ाई है . एक तरफ मोदी के नेतृत्व में भारत बुलंदियों के नई नई ऊँचाइयों को छुता हुआ आगे बढ़ रहा है .विकास का व्यापक रोड मैप मोदी जी ने बनाया उसे छत्तीसगढ़ में सही ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है . मोदी जी के विकास के बनाये रोड मैप को सही ढंग से जमीन में उतारना है तो मोदी के साथ डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाइये . मोदी जी घोषणा पत्र के माध्यम से जो ग्यारंटी दी है वह 100 प्रतिशत की ग्यारंटी वाला घोषणा है जो पूरा होना ही होना है .18 लाख गरीबो को पक्का आवास मिलेगा .

कांग्रेस देश के लिए समाज के लिए जनता जनार्दन के लिए समस्या है . देश के अंदर आतंकवाद ,अलगाववाद ,नक्सलवाद काँग्रेस ने दिया ,तुष्टिकरण की निति काँग्रेस की दें है .भ्रस्टाचार कांग्रेस की दें है .आराजकता और कर्फ्यू भी कांग्रेस की ही देन है .भाजपा तो विकास ,सुशासन और सुरक्षा देने वाली पार्टी है .मोदी जी के नेतृत्व वाली नई भारत में यह सब दिखता है .

उन्होंने कहा यहाँ का उत्साह बता रहा है जमीन में जाकर काम करने वाले कार्यकर्ता विजय शर्मा के साथ आपका जुडाव बता रहा है इस चुनाव को आपने अपना चुनाव बना लिया है .अब 07 तारिक से भारी बहुमत से विजय जी को जिताना है छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाकर विकास के लिए डबल इंजन लगाना है . उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा आवश्यकता पड़ने पर एक बुलडोजर यहाँ भी भेज दिया जायेगा .

सभा का संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा मोदी जी की ग्यारंटी वाली घोषणा पत्र हर वर्ग को प्रभावित करने वाला घोषणा पत्र है .इसमें प्रत्येक परिवार में विवाहित माताओं ,बहनों को 12 हजार वर्ष में मिलेगा . किसानो का 2017- 18 का रुका बोनस एक मुस्त 25 दिसम्बर को किसानो के खाते में पहुँच जायेगा .ऋण माफ़ी से ज्यादा का रकम भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानो के खाते में डाल देगी . उन्होंने कहा कवर्धा का चुनाव हमारे स्वाभिमान पर कुठाराघात करने वाले को सबक सिखाने वाला चुनाव है . आप सब बूथ पर डटे रहे एक भी बाहरी व्यक्ति बहलाने फुसलाने और भ्रमित करने गाँव में न घुस पाए . ये चुनाव विजय शर्मा नही आप लड़ रहे है .

कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे पूर्व विधायक सियाराम साहू ,महामंत्री संतोष पटेल.उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, जसविंदर बग्गा ,आनद सिंग सहित सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे .

भाजपा द्वारा कर्ज माफ नहीं करना किसानों के साथ छलावा

बेमेतरा, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा के घोषणा पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा किसानों के साथ मात्र छलावा करती है उपरोक्त बातें किसान नेता एवं जनपद पंचायत बेमेतरा के पूर्व उपाध्यक्ष बहल राम वर्मा एवं किसान नेट ऋषि वर्मा ने कही है, इन्होंने कहा है कि भाजपा हमेशा किसानों के साथ धोखा करती है, कांग्रेस ने जहां एक बार फिर किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा क किसानो की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की है वही भाजपा ने घोषणा पत्र में किसानों के कर्ज माफी से मुंह मोड़ लिया है, ऐसा कर भाजपा ने अपने किसान विरोधी मानसिकता को उजगार कर दिया है जिसका जवाब

इस चुनाव में किसान एक बार फिर भाजपा को देने वाली है, किसान नेताओं ने यह भी कहा है कि कांग्रेस ने बिजली बिल 200 यूनिट मुफ्त देने की घोषणा कर आम जनमानस को राहत देने की कोशिश की है जिसका लाभ भी इस चुनाव में कांग्रेस को मिलने वाला है और भाजपा का सुपड़ा साफ होने वाला है इन्होंने यह भी कहा है कि प्रदेश में एक बार फिर कांग्रेस की सरकार बनने वाली। इनका मानना है कि बेमेतरा जिला की तीन विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का परचम लहराने वाला है इनका यह भी कहना है कि पिछले 5 साल के भूपेश सरकार के कार्यकाल में किसान खुशहाल हुए हैं और आने वाले समय में भी किसान खुशहाल और समृद्ध होंगे ।

उप अभियंता नगर पंचायत साजा जिला निर्वाचन कार्यालय में किए गए अटैच

बेमेतरा, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन.2023 अधिकारियों-कर्मचारियों की संबंधी लापरवाही और शिकायतों को ज़िला प्रशासन द्वारा पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी (निर्वाचन) डॉ अनिल बाजपेयी ने बताया कि श्री लोकेश शर्मा उप अभियंता नगर पंचायत साजा जिला बेमेतरा को विधानसभा निर्वाचन कार्य समाप्ति तक जिला निर्वाचन कार्यालय संयुक्त जिला कार्यालयए बेमेतरा में तत्काल प्रभाव संबद्ध कर दिया है श्री लोकेश शर्मा कार्यालय में प्रतिदिन कार्यालयीन समय सुबह 10 ः00 बजे से 5ः30 बजे तक जिला निर्वाचन कार्यालय में अपनी सेवायें देंगे।इस आशय के आदेश जारी कर दिए गए है।

घटोला, जगमड़वा और बरोदाखुर्द बांध बनने से जिले में बढ़ेगी सिंचाई सुविधा

कवर्धा, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रामीण क्षेत्रों में अपने चुनावी जनसंपर्क में कांग्रेस प्रत्याशी अकबर भाई ने सरकार द्वारा खेती किसानी के लिए सिंचाई सुविधा बढ़ाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिले में सरोदा बांध, सुतियापाठ जलाशय, कर्रानाला, छीरपानी बांध सहित जितने भी बांध है वे सब कांग्रेस सरकार के दौरान बनाएं गए है। कांग्रेस के वर्तमान सरकार ने घटोला, जगमड़वा और बरौदा खुर्द जलाशय के लिए राशि स्वीकृत कर दी है। इसके लिए भूमिपूजन भी हो गया है। कांग्रेस सरकार के प्रयासों से ही खेती-किसानी को बढ़ावा मिला है। कबीरधाम जिले में बढ़े पैमाने पर गन्ने की खेती यहां उपलब्ध सिंचाई सुविधा के कारण ही हो रही है। जिले में पहला शक्कर कारखाना भी छत्तीसगढ़ की प्रथम सरकार ने बनाया, जिसमें मैं खुद मंत्री था। शक्कर कारखाना खुलने के कारण किसान भाई गन्ने की खेती की ओर आकर्षित हुए है।

■ कबीरधाम जिले के सभी बांधों को कांग्रेस सरकार ने बनाया

■ किसानों को हर संभव सहयोग पहुंचाने का किया कार्य

मोहम्मद अकबर ने बताया कि सुतियापाठ जलाशय के बराबर आज बनाएं जाए तो 600 करोड़ रूपए की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की उन्नति से ही प्रदेश की उन्नति है। फसल का उत्पादन कर किसान राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करता है। सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होने से किसानों को वर्षा के अभाव में फसल खराब होने की चिंता नहीं रहेगी। राज्य सरकार में मंत्री मोहम्मद अकबर ने ग्रामीणों को बताया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर फिर से किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा।

निर्वाचन सामान्य प्रेक्षक अभिशेक कृष्णा ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

बेमेतरा, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अभिशेक कृष्णा ने आज जिले के 14 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केन्द्र प्राथमिक शाला भवन बैजी, लोलेसरा के दो मतदान केंद्र , स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विघालय बेमेतरा के 4 मतदान केंद्र, नवीन प्राथमिक शाला भवन वार्ड - 21, नवीन प्राथमिक शाला भवन बेमेतरा कक्ष क्र.- 2, नवीन प्राथमिक शाला भवन वार्ड 21, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विघालय सिंघौरी के तीन मतदान केन्द्रो का निरिक्षण कर केंद्रों में पीने के पानी, बिजली, साफ-सफाई सहित शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए । श्री कृष्णा ने निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी को आपसी समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण रूप से साथ काम करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अच्छे से ईवीएम मशीन हैंडलिंग करना सीखने को भी कहा। उन्होंने निर्वाचन मैनुअल बुक, मॉक पोल और रूट प्लान के विषय मे अच्छी तरह से जानकारी लेने के के साथ साथ अवैध शराब, नकदी, अवैध सामग्री आदि की जब्ती के संबंध में भी सख्त निर्देश दिए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मतदान कक्ष के बाहरी दीवार पर बूथ संख्या लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

दिव्या ज्योति सेवा समिति सुपेला ने किया श्रद्धा साहू का सम्मान

बालोद, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई के जयंती स्टेडियम में 7 दिनों से देवकीनंदन महाराज जी का श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था जिसमें रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा का आनंद लेते थे। जिसने प्लास्टिक मुक्त भोजनालय का कार्य भार श्रद्धा पुरेन्द्र साहू एवं उनकी पूरी टीम को दिया गया था और जैसा कि हर जगह उनका मुहिम रहता है की कथा पंडाल हमारा मंदिर होता है कथा पंडाल और भोजनालय को साफ सुथरा रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है। श्रद्धा साहू का कहना है कि जितनी भव्यता कथा पंडाल में होती है उतनी ही भव्यता से कचरा भी किया जाता है लेकिन इस बार भीड़ तो भाव था परंतु कचरा एक भी नहीं था यह हमारी नई पहले स्टील बर्तन बैंक की मुहिम थी जिसे दिव्या ज्योति सेवा समिति ने सहमति थी और हम इस पर सफल हो पाए आप जयंती स्टूडियो में जाकर देखिए कोई भी पूछ पानी पाउच डिस्पोजल आने किसी प्रकार का कचरा आपको नहीं मिलेगा इस काम के लिए दिव्या ज्योति सेवा समिति और पूरे भिलाई वासी ने श्रद्धा साहू को बहुत बधाई और आशीर्वाद दिया और उनकी टीम में लोग नए-नए लोग जोड़ने के लिए संपर्क भी कर रहे हैं।

कार्यालय उद्घाटन के साथ ही प्रचार में निकल पड़ी मीना

बालोद, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की निर्दलीय प्रत्याशी मीना साहू ने शनिवार को बालोद नगर में अपने चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।कार्यालय शुभारंभ करने के तुरंत बाद वे बालोद ब्लाक के गांवों में प्रचार में निकल पड़ी। उन्होंने क्षेत्र के अनेक गांवों में पहुंच कर लोगों के समक्ष अपनी बातें रखी। उनको सभी गांव में प्रबल जन समर्थन मिला। मीना साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालोद को भय, भ्रष्टाचार व अवैध कारोबार से मुक्त करना है। विधानसभा क्षेत्र के अधूरे कार्य को पूरा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। बेरोजगारी दूर करने उद्योग लगाना भी प्राथमिकता होगी।गांव, गरीब, किसानो की सेवा करने वह हमेशा तत्पर रहेंगी। कार्यालय उद्घाटन व जनसंपर्क अभियान में प्रत्याशी मीना साहू के साथ में जिला पंचायत सदस्य ललिता साहू, संध्या निषाद, तहसील साहू संघ बालोद के अध्यक्ष मदन सोनबरसा, हेमंत साहू, लिखन साहू, पवन साहू, हिमांचल साहू, छगन साहू, रेणुका साहू, जागेश्वरी साहू, त्रिवेणी साहू, जोत कुंवर साहू, उर्मिला साहू, विनीता साहू, युगल साहू, विमल साहू, तुकेश हिरवानी, त्रिलोचन साहू, कृष्णा राम, दुष्यंत साहू, हरख राम, ओम प्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जन संपर्क ग्राम दैहान से शुरू होकर अमलीडीह, खेरथाडीह, तरौद, रानीतराई, जुंगेरा, कोहंगाटोला, मनौद, घुमका, रेवती नवागांव, धौराभाठा,डेंगरापार, जगनाथपुर, सांकरा, दरबारी नवागांव, परसोंदा, सुंदरा, भोथली, ओरमा, मेड़की, बघमरा होते हुए पर्रेगुड़ा में समापन हुआ।

■ सिंबाल मिलते ही प्रचार-प्रसार शुरू

■ कार्यालय शुभारंभ पर पहुंचे अनेक लोग

आबकारी विभाग द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब के विक्रय व परिवहन करने पर की जा रही कार्यवाही

खैरागढ़, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब के विक्रय व परिवहन करने पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। सचिव सह आबकारी आयुक्त महादेव कावरे के दिशा निर्देश पर कलेक्टर गोपाल वर्मा के द्वारा प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी विभाग के मार्गदर्शन में मौके पर मदिरा को जप्त कर कार्यवाही की गई है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी दिलीप यादव पिता लखन यादव उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम तेलीटोला थाना गातापार जिला केसीजी का रहने वाला है। सूचना के आधार पर आरोपी के मकान की विधिवत रूप से तलाशी लेने पर 20 बल्क लीटर हाथ भट्ठी से बना हुआ महुआ फूल से निर्मित कच्ची शराब व 1 चढ़ी भट्टी को बरामद कर मौके पर उक्त मदिरा को जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक विजयेंद्र कुमार ,आरक्षक शिवप्रसाद यादव, वाहन चालक मोखन सिन्हा उपस्थित रहें।

एक फरार स्थाई वारंटी को पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा

खैरागढ़, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रदीप येरेवार के दिशा निर्देश में स्थायी वारंटी टीम का गठन कर उपनिरीक्षक बिरेन्द्र चन्द्राकर, प्रआर आशुतोष सिंह, आर लोकेश ठाकुर,लाला निषाद तेजराम, उदय बारेठ, मआर लक्ष्मी चंदेल, मआर राधिका के द्वारा आरोपी को खैरागढ़ न्यायालय के प्रक. क्र. 622/2017 धारा 294, 323, 506, 34 भारतीय दण्ड संहिता के तहत आरोपी अमीर बैग पिता कदर बैग उम्र 24 वर्ष निवासी गोलबाजार थाना खैरागढ़ जिला केसीजी का रहने वाला है। जो विगत वर्ष 2017 में पेट्रोल पम्प में लड़ाई झगड़ा कर न्यायालय में उपस्थित नही होने वाले आरोपी को स्थाई वारेंट जारी कर स्थायी वारंटी टीम को सूचना मिला कि उक्त वारंटी अपना अलग - अलग जगह बदल कर क्षेत्र में लुका छिपीकर रहा है। सूचना के आधार पर तत्काल टीम के द्वारा स्थायी वारंटी के द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया। न्यायालय में पेश किया गया। जिले के अन्य फरार स्थायी वारंटी व गिरफ्तारी वारंटियों की पता तलाश करने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

मंत्री रामेश्वर तेली का बालोद जिला मे 6 को होगा आगमन

गुरुर, 4 नवम्बर (देशबंधु)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, श्रम और रोजगार राज्य मंत्री भारत सरकार रामेश्वर तेली का छत्तीसगढ़ भ्रमण कार्यक्रम 6 नवंबर को निर्धारित है।

जारी प्रोटोकॉल के मुताबिक 6 नवंबर को 6ः40 बजे दिल्ली निवास से कार द्वारा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। 9ः30 बजे राइपुर से कार द्वारा संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11 बजे संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र मे बालोद जिला में पथ सभा एवं बैठके आयोजित है। तत्पश्चात 12ः45 बजे ग्राम करहीभदर में सड़क सभा एवं बैठक, दोपहर 2 बजे ग्राम झलमला में पथ सभा एवं बैठक मे शामिल होंगे।

राज्य में कमल खिलाने के लिए कार्यकर्ता व आम जनता से करेंगे चर्चा- इस दौरान गुरुर, करहीभदर, झलमला,जग्गानाथपुर जैसे विभिन्न प्रमुख स्थानों पर भी कार्यकर्ताओं व आम जनता से मुलाकात कर चर्चा करेंगे, इसके लिए तैयारी की जा रही है।2ः50 बजे ग्राम जगन्नाथपुर में, 3ः30 बजे ग्राम लाटाबोड मे सड़क सभा, बैठक, मुलाक़ात के बाद 4ः10 बजे में गुंडरदेही में सार्वजनिक बैठक में शामिल होंगे। संभावित दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्री द्वारा संजारी बालोद विधानसभा के प्रत्याशी राकेश यादव एवं गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी वीरेंद्र साहू के पक्ष में बेहतर माहौल बनाने एवं विधानसभा के अलावा राज्य में कमल खिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे, तथा आम जनता से भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए अपील करेंगे।

कांग्रेस-भाजपा के लिए सत्ता पाना एक मात्र लक्ष्य है हमारे लिए जनता का विकास करना प्राथमिकता: राजा खड़गराज सिंह

सहसपुर लोहारा, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मतदान का दिन जैसे पास आ रहा है वैसे ही प्रत्याशी जनता के पास पहुंचकर अपने लिए जनसमर्थन जुटा रही है। आम आदमी पार्टी के कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एवं सहसपुर लोहारा राजपरिवार के सदस्य राजा खड़ग राज सिंह लगातार गांव गांव पहुंचकर लोगो को आम आदमी पार्टी के झाड़ू छाप में वोट देने की अपील कर रहे। वो जिस गांव में पहुंच रहे है वहां भारी जनसमर्थन भी मिल रहा है उन्हें सुनने और देखने के लिए हर गांव कस्बे में भारी संख्या में ग्रामीण जुट रहे है और दर्जनों की संख्या में आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। अपने जनसम्पर्क अभियान के लिए ग्राम बाँधाटोला पहुंचने पर महिला, पुरुषो एवं युवाओं ने उनका बहुत ही अभूतपूर्व स्वागत किया। इस अवसर पर राजा खड़ग राज सिंह ने लोगो से कहा की मै अपना परिवार मानकर इस गांव में आया था आपके स्वागत और सम्मान से मुझे लगा की आप भी मुझे अपना परिवार का सदस्य मानते है। आपकी हर परेशानी, समस्या को मै जानता और समझता हूँ। अपने लोगो की सेवा, विकास और आपके स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने के लिए मै आप सबके समर्थन से चुनाव मैदान में उतरा हूँ। राजा खड़ग राज सिंह ने आगे कहा की कांग्रेस - भाजपा के लिए सत्ता पाना एक मात्र लक्ष्य है पर हमारे लिए जनता का विकास प्राथमिकता में है। अब तय आपको करना है की आपको झूठे वादे, भ्रष्टाचार, आपकी परवाह ना करने वाले, धर्म जाति की राजनीति करने वाले चाहिये या फिर आपके और आपके बच्चो के भविष्य को सवारने के लिए अच्छे स्कुल की व्यवस्था, अच्छे स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था और आपके मूलभूत जरूरतों को पूरा करने वाले का आप समर्थन करेंगे ये तय आपको करना है। अगर आजादी के बाद भी आपकी दशा नहीं सुधरी है उसका कारण है की अपने भाजपा कांग्रेस को बार बार मौका दिया। एक बार आम आदमी पार्टी को भी मौका देकर देखे जैसे दिल्ली और पंजाब के लोगो ने आम आदमी पार्टी को मौका दिया तों वहां हर लोगो का विकास हो रहा है। आप मुझे और मेरी पार्टी को मौका दें हम इन सबसे अच्छा काम ईमानदारी के साथ करके दिखायेंगे। इस जनसम्पर्क अभियान में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

दल्लीराजहरा पुलिस छापेमारी कर अवैध सट्टा से जुड़े 3 आरोपियों पर की कार्यवाही

दल्लीराजहरा,4 नबंवर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छग विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर प्रभावशील आदर्श आचार सहित के परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार नायक व नगर पुलिस अधीक्षक राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुकेश सिंह अपने स्टाफ के साथ थाना दल्लीराजहरा क्षेत्र में लगातर पेट्रोलिंग कर अवैध शराब जुआ,सट्टा व अशांति फैलाने वाले बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही शहर में लगे सीसीटीव्ही कैमरों के माध्याम से सतत निगरानी रखी जा रही है। आबकारी अमले के साथ मिलकर रेल्वेस्टेशनों,ट्रेनों बस अड्डों में अवैध मंदिरा की पतासाजी की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा नगर के अलग अलग स्थानों में अवैध सट्टा में छापा मारकर कार्यवाही किया गया। पुराना बाजार वार्ड क्र0 18 मछली मार्केट के पीछे वार्ड क्र0 19 का निवासीआरोपी भुपेंद्र सिहं बाम्बेश्वर व दूसरा आरोपी कन्हैया दास को अवैध सट्टा लिखते पाया गया जिस पर आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 4(का) के तहत कार्यवाही किया गया इसी प्रकार वार्ड क्र0 27 मीनाबाई के घर के समिप आरोपी घनश्याम जोशी द्वारा खुलेआम अवैध सट्टा लिखते हुऐ पाया गया जिसके विरूद्ध भी जुआ एक्ट 4 (क) के तहत कार्यवाही किया गया वही आरोपियों से सट्टा पर्ची नगद रकम डाट पेन पुलिस द्वारा जप्त किया गया इस अभियान कार्यवाही में थाना प्रभारी मुकेश सिंह उप निरीक्षक उमा ठाकुर सउनी विजय सूरज साहू,कांता राम धिलेन्द्र आरक्षक गिरधर साहू भुनेंद्र हरदेल की सराहनीय योगदान रहा।

सड़क हादसे के शिकार युवक की मौत

राजनांदगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को घोरदा पेट्रोल पम्प के पास हुई एक एक्सीडेंट वाली घटना में शंकरपुर निवासी 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसे घायल अवस्था में मेडिकल कालेज हास्पिटल लाया गया था। शनिवार को उसकी मौत हो जाने के सभावना है। बताया जाता है कि एक्सीडेंट इतनी जबरदस्त थी कि उक्त युवक का पूरा कचूमर ही निकल गया था। मृत युवक का नाम हर्ष रजक पिता शंकर लाल रजक शंकरपुर का रहने वाला था। युवक की मौत से सम्बंधित जानकारी लेने पुलिस जुटी हुई है।

कांग्रेस ने देश को बदहाल स्थिति में पहुंचाया: सीएम योगी

डोंगरगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस ने इस देश में सत्ता में रहते और सत्ता से बाहर रहते हुए सिर्फ आतंकवाद, नक्सलवाद, अराजकता को बढ़ावा देने का तथा गरीबों के मुंह से निवाला छिनने का काम किया है। ये कांग्रेस पार्टी है जिसने इस देश को परिवारवाद तथा भ्रष्टाचार का शिकार बनाया। जिसके कारण देश आज देश इस बदहाल स्थिति में पहुंचा है। उसे मजबूत करने, संवारने और शक्ति संपन्न बनाने का काम भाजपा कर रही है।

उक्त बातें यूपी के सीएम तथा भाजपा के फायर ब्रांड नेता योगी आदित्यनाथ ने डोंगरगांव के गायत्री मंदिर मैदान में डोंगरगांव तथा खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के चुनावी सभा में कही। नगर में पहली बार पहुंचे यूपी के मुख्यमंत्री योगी जी के आगमन को लेकर क्षेत्र में आज आमजनों में अलग तरह का उत्साह और उत्सुकता था। उनके आगमन से पहले ही सभास्थल खचाखच भर चुका था। योगीजी ने सभा में ललकारते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की गिनती यहां के खनिज, वन, उर्वरा संपदा तथा जल संसाधन के कारण पूरी दुनिया में समृद्धिशाली क्षेत्र के रूप में होती है। लेकिन कांग्रेस ने अपने पांच साल के शासन में ही इसे बदहाल कर दिया है। डॉ. रमन के समय की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित करने का काम कांग्रेस ने किया है।

श्री योगी ने कहा कि वादा करके कांग्रेस ने न तो यहां की जनता को धान का बकाया बोनस दिया और न तेन्दूपत्ता पर सब्सीडी दिया, न शुद्ध पेयजल दिया, न आवास दिया, न समुचित चिकित्सा और शिक्षा सुविधा दी। कांग्रेस ने यहां के अन्नदाताओं का सिर्फ शोषण करने का काम किया है। श्री योगी ने कहा कि उन्होंने सिर्फ बिहार का चारा घोटाला सुना था, यहां आने पर पता चला कि यहां तो गोबर में घोटाला हो गया है। यहां कांग्रेस ने 1300 करोड़ गोबर घोटाला किया, जिसकी जांच तक नहीं कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में चहुंओर भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

माता कौशिल्या की भूमि को प्रणाम करने आये हैं

वर्तमान चुनावी समर में पहली बार छत्तीसगढ़ पहुंचे श्री योगी ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ की इस पावन धरा को प्रणाम करते हैं। उन्होंने कहा कि हम उत्तरप्रदेश वासियों के लिए छत्तीसगढ़ ननिहाल जैसा है। यह माता कौशिल्या की जन्मस्थली के साथ हम सबके प्रभु श्रीराम का ननिहाल भी है। उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की पूर्णता और मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि निश्चित होने का जिक्र करते हुए कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर निर्माण का उत्सव श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भव्यतम रूप में होना चाहिये। कांग्रेस ने मोदी का पैसा आखिर गरीबों को क्यों नहीं दिया

देश में गरीब, किसान, मजदूर सहित सर्वहारा वर्ग के लिए मोदी सरकार द्वारा लागू की गई अनेक योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचाने के लिए यहां प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जिम्मेवार बताते हुए श्री योगी ने कहा कि मोदी ने 9 वर्ष के अंदर देश को विकास के रास्त पर लाने का प्रयास किया है। लेकिन मोदी द्वारा भेजे गये 18 लाख पीएम आवास को यहां की सरकार ने हड़प लिया। उसी तरह हर घर में नल जल के लिए पैसा भेजा, परन्तु वह भी पैसा गरीबों तक नहीं पहुंचा।

उन्होंनें चुटकी लेते हुए कहा कि योजनाओं के लिए कांग्रेस सरकार तारीख पर तारीख दे रही थी। जैसे कि भाजपा से राम मंदिर पर तारीख पर तारीख पूछा जाता था, लेकिन अब मंदिर भी हमने बना दिया है और वहां रामलला को बैठाने का तारीख भी हमने बता दिया है। तो अब कांग्रेसियों के पेट में दर्द उठने लगा है।

हर वर्ग को साधा है मोदी ने

भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ में कल जारी घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए बुलडोजर बाबा के नाम से मशहूर श्री योगी ने कहा कि भाजपा ने सर्वहारा वर्ग के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया है, जिसमें सबके लिए कुछ न कुछ दिया हुआ है। इसलिए आप दूसरों के बहकावे में न आकर प्रदेश की उन्नति, शांति और अमन के लिए भाजपा को जिताने की अपील की।

महिलाओं पर अत्याचार की पर्याय है भाजपा: महिला कांग्रेस

राजनांदगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा मे कांग्रेस के पक्ष में महिला कांग्रेस ने शहर में निरंतर सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को विजयी बनाने के लिए आम जनता से वोट की अपील की महिला कांग्रेस की नेतृत्वो ने सामूहिक रूप से कहा कि 15 वर्षीय भाजपा के कुशासन में जिस प्रकार से महिलाओं के साथ अन्याय अत्याचार हुए हैं वह अपने आप में दुखद कार्यकाल है क्योंकि नसबंदी और गर्भाशय कांड जैसे अमानवीय घटनाएं घटित होने के बाद भी भाजपा सरकार उनके दोषियों पर कोई कार्यवाही तत्काल करने में विफल रहा भाजपा सरकार के कार्यकाल में आम जनता ने अपनी आंखों की रोशनी खोई है इसी प्रकार आयुष्मान योजना में केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार ने सिजेरियन डिलीवरी के प्रावधान को समाप्त कर मातृत्व पर भी चोट करने का काम किया है ऐसी स्थिति में लगातार भाजपा महिलाओं के साथ अन्याय करती रही है महिला आरक्षण बिल के नाम पर महिलाओं को सिर्फ ठगने का काम बीजेपी ने किया है कांग्रेस प्रारंभ से ही महिला शक्ति को आगे लाने में अग्रणी भूमिका निभाई है और आज भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला समूह को उनके उत्पाद को विक्रय करने के लिए सी मार्ट की स्थापना कर उन्हें स्थाई सबलता प्रदान किया है और तो और करोड़ों रुपए महिला समूह के कर्ज माफ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है जिससे राज्य की महिलाएं सशक्त समृद्ध हुई है।

डोंगरगांव विधानसभा प्रत्याशी दलेश्वर साहू के प्रचार में निकले भवानी

राजनांदगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में अपनी तगड़ी पकड़ रखने वाली और क्षेत्र में रानी साहिबा के नाम से अपनी एक अनूठी पहचान बनाने वाली मंत्री रही स्व॰ श्रीमती गीता देवी सिंह डोंगरगांव से हाई विधायक हुआ करती थी। उनके दिवंगत होने के बाद से ही डोंगरगांव क्षेत्र से कांग्रेस के किसान पुत्र कद्दावर नेता विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू लगातार डोंगरगांव विधानसभा में अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज करते चले आ रहे हैं।

दलेश्वर ने पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर चेहरे के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से डोंगरगांव सीट से चुनाव लड़ा और वह हार गए कुशल रणनीति और बेहतर परख रखने वाले दलेश्वर साहू के पक्ष को मजबूती देने प्रचार में स्व श्रीमती गीता देवी सिंह के सुपुत्र भवानी बहादुर ने भी मोर्चा संभाल लिया है और लोगों से मेलजोल कर दलेश्वर साहू को भारी बहुमत से जीताकर प्रदेश में फिर से भूपेश की सरकार को लाने के लिए आवाहन किया है। डोंगरगांव विधानसभा के कई ग्रामीण क्षेत्र के गांवो में अपना जन संपर्क बनाए हुए हैं और निश्चित रूप से डोंगरगांव की सीट भारी बहुमत से जीतने की बात भवानी ने कही है।

योगी आदित्यनाथ की आज जंगी आम सभा एवं रोड शो

राजनांदगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। देश के दबंग मुख्यमंत्री में शुमार बुलडोजर बाबा के नाम से ख्यातिलब्ध योगी आदित्यनाथ आज 5 नवंबर रविवार को एक दिवसीय शहर के प्रवास पर रहेंगे, वह इस दौरान रोड शो भी करेंगे तथा पार्टी द्वारा आयोजित जंगी आमसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके साथ क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ रमन सिंह भी रहेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की का रोड शो दोपहर ठीक 2 बजे गुरुद्वारा चौक से प्रारंभ होगा, जो मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, आजाद चौक,हलवाई लाइन, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, गंज लाइन होते हुए गंज चौक पहुंचेंगे, जहां पार्टी द्वारा आयोजित महती जनसभा को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है की योगी जी देश में खासे लोकप्रिय हैं, उन्हें सुनने की उत्सुकता शहर के जनमानस में परिलक्षित हो रही है, इसलिए भाजपा अपने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अंतिम वक्ता के तौर पर योगी जी का ब्रम्हास्त्र के रूप में उपयोग कर रही है। श्री योगी के दौरे को लेकर राजनांदगांव में विशेष उत्साह का माहौल बन चुका है।

मतदान की तिथि नजदीक आते ही राजनांदगांव पुलिस ने बढ़ा दी सतर्कता

राजनांदगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 के चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में भारी सतर्कता बरता जा रहा है मतदान की तिथि नजदीक आते ही चुनाव प्रचार में आ रहे व्ही.आई.पी./स्टार प्रचारकों का शहर एवं ग्रामों में आना जाना बढ़ गया है जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके सुरक्षा का कमान अपने हाथों में ले लिया गया है और सत्त मोनिटरिंग की जाकर राजनांदगांव पुलिस और अर्धसैनिक बलों को मुस्तैदी के साथ तैनात कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु जिला पुलिस बल एवं केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल के संयुक्त टीम क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त, एरिया डॉमिनेशन, रोड पेट्रोलिंग एवं स्थैतिक चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की चेकिंग

■ पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने लिया अपने हाथों में सुरक्षा का कमान

■ चुनाव प्रचार में आ रहे व्ही.आई.पी./स्टार प्रचारकों की सुरक्षा में राजनांदगांव पुलिस मुस्तैद

कर रही है। जिससे चुनाव के दौरान आसामाजिक तत्वों द्वारा गड़बड़ी फैलाने हेतु हथियार, अवैध रूपये, अवैध शराब व नशीले पदार्थ आदि विधानसभा क्षेत्र में ना ला सके साथ ही चेकिंग दल को निर्देश दिया गया है कि चेकिंग के दौरान वाहन चालकों या उसमें बैठे यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार करें। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चुनाव सेल में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा चुनाव ड्यूटी में सुरक्षा बलों का विवरण, उनके ठहरने व आवागमन की व्यवस्था, बाहर से प्राप्त बल को भौगोलिक स्थिति, राजनीतिक व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी साझा कर शासन व पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभा रही है। किसी भी अप्रिय स्थिति निर्मित होने की संभावना पर तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम या संबंधित थाना को सूचित करें जिससे उक्त चुनाव निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से सम्पन्न किया जा सके।

कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का समर्थन: भीमराव बागड़े

राजनांदगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। मजदूरों के लिए जो श्रम कानून बने हुए थे, केन्द्र सरकार द्वारा 44 कानूनों को तोड़कर मात्र 4 श्रम कोड बना दिये हैं, छत्तीसगढ़ में जब भाजपा की सरकार थी उस समय उन्होंने भी उद्योगपतियों के हित के लिए कानूनी को बदल दिया इसलिए भाजपा को रोकने छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष भीमराव बागड़े व अन्य पदाधिकारियों ने राजनांदगांव विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी श्री गिरीश देवांगन जी को समर्थन किये है क्योंकि किसी भी श्रमिक को नौकरी से निकालने पर श्रम न्यायालय में सीधे प्रकरण पेश करने का कानून था उसे भाजपा सरकार द्वारा बदलकर श्रम विभाग में आवेदन लगाने का कानून बनाया था। जिससे मजदुरों का शोषण करने उद्योगपतियों को छूट मिल गई थी जिसे कांग्रेस सरकार द्वारा परिवर्तन किया गया तथा श्रम विभाग के अधिकारियों को किसी भी उद्योग, खदानी या संस्थानों की जांच करने का अधिकार था उस

पर रमन सिंह सरकार द्वारा रोक लगा दी गई थी उसे कांग्रेस सरकार द्वारा परिवर्तन किया गया। इन्हीं कारणों से एवं किसानो के हित में कर्ज माफी व धान खरीदी के कारण छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा तथा उससे संबंधित युनियन संघर्षशील इंजीनियरिंग श्रमिक संघ, केमिकल्स मजदूर युनियन, छत्तीसगढ़ हमाल मजदूर संघ, छत्तीसगढ़ बीड़ी मजदूर संघ इन युनियनों द्वारा कांग्रेस को समर्थन करने का निर्णय लिये है।

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष भीमराव बागड़े ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार संविधान को तोड़ मरोड़ रही है जो लोकतंत्र के लिए घातक है इसलिए संविधान बचाने सामूहित हितो को ध्यान में रखकर भाजपा को रोकना होगा, क्योंकि छत्तीसगढ़ सहित 05 राज्यों में हो रहे चुनाव, लोकसभा चुनाव के लिए सेमीफाइनल है इसलिए भाजपा को सत्ता से दूर करना होगा अन्यथा आने वाला समय बहुत ही कष्ट दायक होगा।

योजनाओं के नाम पर भ्रष्टाचार ही भाजपा की पहचान: गिरीश देवांगन

साइकिल, सिलाई मशीन, चरण पादुका, मोबाइल योजना इसके सबूत

राजनांदगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी गिरीश देवांगन अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान लगातार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के वार्ड नं. 15 राममंदिर मिलचाल से शुरू होकर वार्ड भ्रमण करते हुए वार्ड 14 टांकापारा, पुरानी सिविल लाइन में जनसंपर्क करते हुए जनता से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए भरोसे की कांग्रेस सरकार को फिर से लाने एवं राजनांदगांव में जीत के लिए जनसंपर्क कर रहे हैं अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने छग सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार जितनी भी योजनाएं बनाई हैं उनका सीधा लाभ आम जनता को मिला है यहां तक की योजनाओं का की राशि सीधे उनके बैंक खातों के माध्यम से जनता तक पहुंचा है भाजपा के कार्यकाल में स्कूली बच्चों के गणवेश घोटाला, नवमी दसवीं के बच्चों को 22 इंच की साइकिल देने के बजाय उपयोगहीन 24 इंच की साइकिल कमीशन

के चलते दिए महिलाओं को निम्न स्तर की सिलाई मशीन का वितरण भाजपा के कार्यकाल में हुआ और तो और भ्रष्टाचार की इंतिहा तब हो गई जब जिन ग्रामों में मोबाइल के टावर भी नहीं थे वहां भी मोबाइल बांटकर शासकीय कोष पर सीधे-सीधे डाका डालने का काम किया। भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार आम जनता के हितों पर ध्यान देते हुए श्रमिक कार्ड के माध्यम से हितग्राहियों को उनके खाते में राशि का हस्तांतरित कर अपनी सुविधा अनुसार उन्हें उपयोग की सामग्री क्रय करने की स्वतंत्रता दी है पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार की दूरदृष्टि पक्का इरादा से छग समृद्ध हुआ है वहीं भाजपा की अदूरदर्शी नीति घोषणा पत्र के माध्यम से फिर से उजागर हुआ है जिस प्रकार से भाजपा के घोषणा पत्र में ना तो युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की बात है और ना ही बिजली बिल और महंगाई की मार से राहत देने की कोई योजना है जो भाजपा 20 क्विंटल धान खरीदी करने की बात करती रही वही भाजपा अब 21 क्विंटल धान खरीदने की बात कह कर आम जनता को गुमराह करने का काम कर रही है इसी प्रकार 3100 में धान खरीदने का भी जुमले की बात कह रही है यह भाजपा के झूठ की पराकाष्ठा है छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास कोई नेतृत्व नहीं होने के कारण यह सिर्फ मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं इससे यह साफ स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा नेतृत्व विहीन है। कांग्रेस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनसंपर्क के दौरान सुदेश देशमुख, आसिफ अली, जयनारायण सिंह, ज्ञानचंद बाफना, पार्षद विनय झा, सतीश मसीह, सैय्यद अफजल अली, प्रभात गुप्ता, हितेश गोनाडे, आरबी मिश्रा, बूथ अध्यक्ष व कार्यकारिणी सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

भाजपा का घोषणा पत्र कांग्रेस की तरह खोखला नहीं: डॉ. रमन

■ किसान मजदूर, युवा-महिलाए सभी के लिए मोदी जी की गारंटी है घोषणा पत्र... 80 करोड़ गरीबों को फिर मिलेगा 5 साल तक नि:शुल्क चांवल

राजनांदगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। नांदगांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने शहर के एबीस होटल में एक प्रेसवार्ता लेते हुए बताया कि भाजपा द्वारा जारी किया गया। घोषणा पत्र किसान, मजदूर, युवा, महिला सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। जो कांग्रेस की तरह खोखला नहीं है। इस घोषणा पत्र में देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी है। डॉ. सिंह ने बताया कि किसानों के प्रति उनकी मांग के अनुसार कृषक उन्नति योजना के तहत 3100/रू. प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य में उनकी धान खरीदी। वह भी प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जाना। धान बिक्री की राशि किसानों के खाते में किश्तों में नहीं बल्कि एक मुश्त पूरा भुगतान किया जाना। किसानों को राशि प्राप्ति के लिए बैंकों तक न आकर हर पंचायत भवन में नगदी काउंटर उपलब्ध कराना व धान खरीदी के लिए बारदाने की उपलब्धता भाजपा की घोषणा पत्र में शामिल है। इसी तरह वन क्षेत्रों के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को साढ़े पांच हजार रूपए प्रतिमानक बोरा व साढ़े 4 हजार रूपए बोनस तथा 15 दिन तक तेन्दूपत्ता संग्रहण की सुविधा सहित चरण पादुका एवं अन्य सुविधाए पुनः प्रारंभ की गई है। डॉ. सिंह ने बताया कि उनके कार्यकाल का किसानों का 2 साल का बकाया बोनस भी उन्हें दिया जाएगा। डॉ. सिंह ने पत्रकार वार्ता में विशेष रूप से जिक्र हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूर आगमन पर गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को कोरोना के समय दिए जा रहे 5 किलो मुफ्त चांवल की योजना अगले पांच वर्ष तक और भी जारी रहने की बात कही है। इससे अगले पांच वर्षों तक देश की 80 करोड़ गरीबों को उक्त खाद्यान्न मिलते रहेगा। डॉ. सिंह ने घोषणा पत्र के बारे में आगे यह कहा कि- महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिला को 12 हजार रूपए की वार्षिक वित्तीय सहायता। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास व घर-घर निर्मल जल इसके लिए पीएम धन राशि का आबंटन किया जाना। दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन खेतिहार मजदूर को प्रतिवर्ष दस हजार रूपए की सहायता। छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना में युवाओं को 50% सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण

500 रू. गैस सिलेन्डर

गरीब परिवार की महिलाओं को 500 रूपए में गैस सिलेण्डर आयुष्मान भारत-स्वस्थ छत्तीसगढ़ के तहत लोगों का 10 लाख रूपए तक मुफ्त उपचार का स्वास्थ्य बीमा तथा उन्हें सस्ती दवाइया उपलब्ध कराने 500 जन औषधि केन्द्र। नया रायपुर में सेन्ट्रल भारत का एनीवेशन हब जिससे 6 लाख रोजगार के अवसर सृजन। बीपीएल बालिकाओं के जन्म पर रानी दुर्गावती योजना के तहत डेढ़ लाख रूपए का आश्वासन पत्र देय होगा। इसी तरह सरकार तुंहर द्वार योजना के तहत पंचायत स्तर पर डेढ़ लाख बेरोजगारी की भर्ती। पंचायत सचिव को स्थायित्व। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति। भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग तथा शिकायत निवारण व निगरानी हेतु पोर्टल वेब। प्रत्यक्ष कार्यवाई हेतु मुख्यमंत्री कार्यालय में सेल।

श्री राम जन्मभूमि का दर्शन

डॉ. सिंह ने जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व उनके चुनाव संचालक पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं मिडिया प्रभारी अशोक लोहिया की उपस्थिति में पत्रकारों को बताया कि भाजपा के घोषणा पत्र में धार्मिकजनों के लिए चारधाम परियोजना के तर्ज पर शक्ति पीठ परियोजना व प्रदेश वासियों को श्री राम लला दर्शन हेतु श्री राम जन्म भूमि अयोध्या ले जाना भी शामिल है।

साथ ही डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि घोषणा पत्र से इतर वरिष्ठ कलाकारों / साहित्यकारों व पत्रकारों के लिए भी योजना है। सत्ता में आने पर इनका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

महादेव एप

पत्रकारों द्वारा महादेव एप सट्टा में दुबई के माध्यम से छत्तीसगढ़ के भिलाई में 508 करोड़ रुपए चुनाव के लिए सीएम भूपेश बघेल को दिए जाने का मामला सामने आने व इडी के के द्वारा इस पर कार्रवाई किए जाने के प्रश्न पर डॉ. सिंह ने कहा कि इडी इस पर कार्रवाई कर रही है।

लापता युवक अंश खंडेलवाल की मिली लाश

राजनांदगांव, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले सप्ताह भर से लापता गंजलाइन निवासी अंश खंडेलवाल की लाश शनिवार को ग्राम फरहद के ही आसपास मिली है। बता दे कि अंश खंडेलवाल उक्त स्थान से ही लापता हुआ था। ग्राम फरहद के समीप ही उनकी कार भी मिलने की बात सामने आई है। पुलिस ने मौके से लापता युवक अंश का मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस द्वारा शव के बरामद होने के पश्चात उसका पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री किशन खंडेलवाल के भतीजे व गंज लाइन में बालाजी इलेक्ट्रानिक चलाने वाले राजेश खंडेलवाल के सुपुत्र अंश खंडेलवाल का शव मिलने पर इस हृदय द्रावक घटना के सम्बंध में संवेदना व्यक्त करने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह खंडेलवाल परिवार से मिलने उनके निवास स्थान पहुंचे व शोक व्यक्त किया।

बता दे कि लापता अंश खंडेलवाल के नहीं मिलने पर शहर के व्यापारियों ने रैली निकाल कर एसपी को ज्ञापन भी सौंपा था। पुलिस प्रशासन से लापता अंश खंडेलवाल की खोजबीन के लिए निवेदन किया था। 20 वर्षीय अंश खंडेलवाल का शव शनिवार दोपहर करीब एक बजे ग्राम फरहद के पास बरामद किया है। इस सम्बंध में जैसे ही सूचना मिली सीएसपी अमित पटेल, टीआई एमन साहू, एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लाश को अपने कब्जे में लिया। अंश का शव मिलने की खबर मिलते ही गंज लाइन में खंडेलवाल निवास के सामने लोगों की भीड़ लग गई। बताया जाता है कि शव अधजला हुआ था। पुलिस फिलहाल जांच में जुटी हुई है। शव मिलने पश्चात उनका अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, रविवार, 05 नवम्बर 2023 ■ वर्ष – 65 ■ अंक –201 ■ पृष्ठ –12 ■ मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23

शैलेश नितिन त्रिवेदी का लगातार जनसपर्क

बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने चुनावी अभियान के तहत् 4 नवम्बर को बलौदाबाजार ब्लॉक के अनेको ग्रामो में सघन जनसम्पर्क किया। शैलेश नितिन त्रिवेदी ने बलौदाबाजार ब्लॉक के ग्राम मुड़ीपार, कुकुरदी, ढ़नढ़नी, करमनडीह, सरकीपार, सेमराडीह, पिपराही, पड़कीडीह, खपराडीह, करही चण्डी में मतदाताओं से सीधा जनसम्पर्क कर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के द्वारा किये जा रहे जन हितैषी कार्यक्रमों एवं आमजनों को प्राप्त होने वाली सुविधाओं को सतत् जारी रखने के लिये लोगों से एक बार फिर से भूपेश बघेल की सरकार बनाने का एवं बलौदाबाजार से कांग्रेस पार्टी का विधायक बनाने के लिये अपने पक्ष में 17 नवंबर को होने वाले मतदान में सहयोग करने का आवाहन किया।

उन्होनें जनआशीर्वाद कार्यक्रम के दौरान कहा कि 15 वर्षो के कुशासन के पश्चात् 2018 में छत्तीसगढ प्रदेश में बनी कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़वासियों को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं पर गर्व करने का अवसर प्रदान किया। भूपेश सरकार में हमारे त्यौहारों को जो इन भाजपा की 15 सालो की सरकार में लुप्त होने की कगार पर थे उन्हें पूरी दुनिया में प्रसिद्धि दिलाई है। उन्होने बलौदाबाजार ग्रामीण अंचल के निवासियों से फिर से कांग्रेस की सरकार एवं भूपेश बघेल को पुन: मुख्यमंत्री बनाने के लिये उन्होनें भूपेश बघेल सरकार की आमजन की हितैषी योजनाओं एवं चुनाव पश्चात् किसानों की कर्जमाफी, 200 यूनिट तक बिजली बिल से छूट घरेलू गैस सिलेंडर 474 रुपये में प्राप्त करने के लिये एक बार फिर से भूपेश बघेल की सरकार बनाने की अपील किया। उन्होनें अपने जनसंम्पर्क के दौरान बघेल सरकार की गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल, राष्ट्रीय रामायण महोत्सव, राशनकार्ड धारक को 35 किलो चावंल, सुराजी गांव योजना, अंतराष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन, छत्तीसगढ़िया तीज त्यौहार पर शासकीय छुट्टी, प्रतियोगी परीक्षाओं का शुल्क माफ जैसी सफलतम योजनाओ के लिए भूपेश बघेल की सरकार फिर से बनाना है। आज के जनसम्पर्क में शैलेश नितिन त्रिवेदी के साथ प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा, संदीप पांडेय, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, देवेंद्र वर्मा, कुँवर सिंह ध्रुव, मेहत्तर डांडे, देवनाथ साहू, दुलेश्वर साहू, बाबूराम यादव, दिलीप ध्रुव, जितेंद्र वर्मा, आजू राम ध्रुव, रूपचंद साहू, धनेश ध्रुव,, श्यामलाल साहू, जेठु राम यादव ,ऊदल ध्रुव, खुमान यादव, ईश्वर साहू, यशवंत यदु, प्रमिला वर्मा, धनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवम ग्राम वासी उपस्थित थे।

भाजपा ने ऐतिहासिक घोषणा पत्र जारी कर किसानों, युवाओं और महिलाओं का विशेष ध्यान रखा : गौरीशंकर

बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए मोदी गारंटी 2023 लॉन्च करते हुए बड़े राजनीतिक धमाके किए। जिसके संदर्भ में जिला भाजपा कार्यालय बलौदाबाजार में उक्त संकल्प पत्र के विषयक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा कोर कमेटी सदस्य गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। हमने इस संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की हैं, वह पूरी ईमानदारी के साथ लागू की जाएंगी। किसानों, मजदूरों, महिलाओं और विद्यार्थियों सहित सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए तैयार किए गए घोषणा पत्र को जारी करते हुए विश्वास दिलाया कि छत्तीसगढ़ को विकसित और समृद्धिशाली राज्य बनाने में भाजपा कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। किसानों से 3100 रुपए प्रति चिंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 चिंटल धान खरीदी जाएगी। समर्थन मूल्य की कीमत बोनस सहित एकमुश्त मिलेगी।

पूर्व विस अध्यक्ष अग्रवाल ने ली प्रेसवार्ता

श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2016–17 एवं 2017–18 का बकाया बोनस 300 रुपए प्रति चिंटल की दर से इसी वर्ष राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर को दिया जाएगा। प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। विवाहित महिलाओं को सालाना 12000 रुपये मिलेगा। यूपीएससी की तर्ज पर पीएससी की परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ होंगी। 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। 50 फीसदी सब्सिडी के साथ युवाओं को उद्यम के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। भाजपा संकल्प पत्र में शामिल प्रमुख बिंदु के अनुसार कृषक उन्नति योजना, 21 चिंटल प्रति एकड़ धान खरीदी 3100 रुपये में की जाएगी। एकमुश्त भुगतान होगा। पंचायत भवन में बैंकों के नगदी आहरण काउंटर खुलेंगे। धान >> शेष पृष्ठ 9 पर >

समृद्ध और उन्नत छत्तीसगढ़ बनाने वाली मोदी की गारंटी है हमारा संकल्प पत्र : रंजना साहू

धमतरी, 4 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़वासियों के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया गया, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए धमतरी विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा किसानों की उन्नति,बेटियों की पढ़ाई, रोजगार, सुरक्षा और उन्नति के अवसरों के लिए भाजपा का संकल्प अटल है, हमने समृद्ध छत्तीसगढ़ का सपना देखा था जिसके लिए पंद्रह साल तक डॉ रमन सिंह ने मेहनत कर उसे अटल जी के सपनों का विकसित प्रदेश बनाया था, लेकिन पिछले पांच वर्षों में कांग्रेसी सरकार ने राज्य को कई वर्ष पीछे धकेल दिया है, आज फिर चुनाव की ओर प्रदेश की जनता को पता है कि हमने ही बनाया है और इसे फिर हम ही संवारेंगे उसी संकल्प के साथ माताओं बहनों को विश्वास दिलाते हैं कि भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ की नारी सशक्त, समृद्ध और संपन्न होगी। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत बारह हजार सालाना सहयोग राशि दी जाएगी,छत्तीसगढ़ के किसानों की उन्नति के लिए 'कृषि उन्नति योजना' की शुरुआत की जाएगी इसके अंतर्गत प्रति एकड़ 21 चिंटल धान की खरीदी की जाएगी, धान का समर्थन मूल्य 3100 रु प्रति चिंटल, किसानों को एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। रेडी टू इट का कार्य पुन: महिला स्व सहायता समूह को देंगे, महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

भाजपा वाशिंग मशीन है, जो भी भ्रष्टाचारी जाता है वह गंगाजल से नहा लेता है : यादव

महासमुंद, 4 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय जिला कांग्रेस भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव ने कहा कि भाजपा देश में बढ़ रही महंगाई, युवाओं की बेरोजगारी और महिलाओं के शोषण के मुद्दे पर कोई बात नही करती। आज पट्रोल, डीजल, गैस, किराना के दाम आसमान छू रहा है। महिलाओं की शिक्षा और महिला खिलाड़ियों के साथ हुई दुर्व्यवहार, मणीपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घूमाए जाने की मामले पर लोकसभा में केवल चार मिनट की बात प्रधानमंत्री करते है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा वाशिंग मशीन है वहां जो भी भ्रष्टाचारी जाता है गंगाजल से नहा लेता है। श्री यादव ने कहा कि ईडी, सीबीआई, आईटी, भाजपा के विभाग की तरह काम कर रही है। भाजपा के लोग यह पूछते है कि 70 साल में कांग्रेस ने क्या किया, उन्हें मैं बताना चाहूंगा कि बैंक, रेल्वे, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, मेडिकल कालेज, शिक्षण संस्थान जो खोले है पढ़ाई में जो डिग्री मोदी जी ने प्राप्त की है वह कांग्रेस की देन है। शिक्षण संस्थान नही होता तो मोदी जी को पढ़ाई की डिग्री नही मिलती। कांग्रेस द्वारा बनाए संस्थानों को मोदी जी बेचने का काम कर रहे है। महिला आरक्षण तत्काल लागू करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि आरक्षण में एसटी,एससी और ओबीसी वर्ग को भी आरक्षण दिया जाना चाहिए। जातिगत जनगणना की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि छग में सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराया जाएगा। इससे सभी वर्ग को फायदा है। पूछे गए सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि संविधान में जातिगत आरक्षण है इसलिए यह गणना जरूरी है। इससे संवर्ग लोगों की आर्थिक समीक्षा कर उनके लिए भी प्रावधान निश्चित किया जा सकता है। देश में 40 फीसदी आबादी ओबीसी की है। नरेंद्र मोदी जी नकली ओबीसी है, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने अपने को ओबीसी बताया उसके पहले लोग ओबीसी ग्रुप में जानते नही थे। यदि वे असली ओबीसी होते तो जाति जनगणना जरूर कराते। पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष तुलेश्वर चंद्राकर, जिलाध्यक्ष दारा साहू, खिलावन साहू, संजय शर्मा, केशवनायक राम चंद्राकर, खिलावन बघेल, हर्षित चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

भाजपा के घोषणा पत्र से कार्यकर्ताओं और जनता में हुआ उत्साह का संचार

महासमुंद, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा की घोषणा पत्र जनता और कार्यकर्ताओं में असीमित उत्साह है। किसानों को फोकस करते हुए घोषणा पत्र में 21 क्विंटल धान और 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की गारंटी से कर्ज माफी की जरूरत नही पड़ेगा। जितना कर्ज किसान लेते है उससे ज्यादा भुगतान किसानों को होगा। उक्त बातें पत्रकारों से चर्चा करते हुए चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, सांसद चुन्नीलाल साहू समेत भाजपा नेताओं ने कही। उन्होंने कहा कि अभी तक कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी नही हुआ है। जो भी वायदा कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है वह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रियंका वाड्रा गांधी, राहुल गांधी द्वारा ही किया जा रहा है। जब तक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष या प्रदेश अध्यक्ष हस्ताक्षर से वचन पत्र जारी नही होता तब तक उनकी घोषणाओं पर विश्वास नही किया जा सकता। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ईडी के राडार पर है। ऐसे में श्री बघेल यदि मुख्यमंत्री नही रहते तो कांग्रेस पार्टी मुकर जाएगी कि उसने कोई वायदा नही किया। इसलिए आम जनता और कार्यकर्ताओं में भाजपा के घोषणा पत्र से उत्साह का संचार हुआ है। और एका–एक भाजपा के पक्ष में माहौल बनता दिख रहा है। हमने क्षमा याचना करते हुए सरकार बनने पर पुराना बोनस 25 दिसंबर को देने का वायदा भी किया है। विवाहित प्रत्येक महिलाओं को साल में 12 हजार रुपए सरकार बनने पर दिया जाएगा। इसी तरह 18 लाख लोगों को आवास, 5 सौ में सिलेंडर, 1लाख नई नौकरियां, तेंदूपत्ता की कीमत 55 सौ और बोनस 45 सौ के साथ ही अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने की योजना शामिल है। भाजपा के बम्पर घमाका से कांग्रेस चारों खाने चित हो गई है। उन्होंने भाजपा द्वारा घोषित अन्य गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि भूमिहीन खेतीहर को सलाना 10 हजार रुपए सहायता दी जाएगी, राज्य में हुए पीएससी घोटाले की जांच कराई जाएगी, आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख तक स्वास्थ्य बीमा, उन्होंने बताया कि घोषित गारंटी के बाद अब प्रत्येक विधानसभा स्तर पर अलग से घोषणा पत्र प्रत्याशियों द्वारा तैयार किया जा रहा है। सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि घोषणा पत्र में कोडार, चरोदा डेम को भरने के लिए पैरी नहर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश त्रिवेदी ने ली प्रेसवार्ता

बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। क्षेत्रवासियो के सहयोग एवम आशीर्वाद से मुझे कांग्रेस ने बलौदाबाजार विधानसभा से प्रत्याशी बनाया है। जनसंपर्क के दौरान गांव गली में अपार जनसमर्थन मिल रहा है। किसानों मजदूरों आम जनता का भरोसा कांग्रेस भूपेश बघेल की सरकार पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। कांग्रेस को मिल रहे जनसहयोग को देखकर भाजपा बौखलागई है और भ्रम और झूठ फैलाने का प्रयास कर रही है। उक्त बाते कांग्रेस प्रत्याशी शैलेष नितिन त्रिवेदी ने जिला कांग्रेस कार्यालय बलौदाबाजार में प्रेस वार्ता के माध्यम से कही।

श्री त्रिवेदी ने आगे बताया की भाजपा के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा नेता ओपी चौधरी के द्वारा पूर्व में लगाए गए आरोप को प्रचारित किया जा रहा है। सत्य यह है कि पाठयपुस्तक निगम द्वारा जारी निविदा ऑनलाइन एनआईसी के माध्यम से किया जाता है जो की केंद्र सरकार के अधीन है। निविदा में होस्ट एड्रेस एक ही होता है जबकि भरने वाले का एड्रेस अलग अलग होता है जिसको भाजपा गलत तरीके से झूठ फैलाकर मुझे बदनाम करने की कोशिश कर रही है। उक्त आरोप के सत्यता के दस्तावेज सार्वजनिक करना चाहिए अन्यथा उक्त झूठ पर क्षेत्र वासियों से माफी मांगनी चाहिए। जिसकी लिखित शिकायत चुनाव आयोग दिल्ली, रायपुर एवम बलौदा बाजार में करने जा रहा हूं। इसी तरह अन्य टिकटार्थियो और मेरे बीच दरार डालने के लिए झूठ फैलाया जा रहा है जबकि पूरे टिकटार्थी सभी कांग्रेस नेता कार्यकर्ता पूरे चुनाव की कमान संभाल रहे हैं। इस बार कांग्रेस के बूथ लेवल से, सेक्टर, ब्लॉक कांग्रेस, जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से चुनाव का संचालन किया जा रहा है जिससे कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। बलौदाबाजार में अबकी बार जीतेंगे बलौदाबाजार पछत्तर हजार का नारा गली गली में गुंजायमान है। बलौदाबाजार के क्षेत्रवासी भूपेश बघेल के साथ खड़ा होकर कांग्रेस सरकार के गठन हेतु संकल्पित है। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वय विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी राम वर्मा, संदीप पाण्डेय, शैलेन्द्र बंजारे, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, गणेश शंकर साहू, मनोज प्रजापति सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

राजिम की बदली चुनावी फिजा, रोहित साहू और अमितेष के बीच कांटे की टक्कर

राजिम, 4 नवंबर (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा में इस चुनाव में बाजी किसके हाथ लगेगा इसको लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जैसे–जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आते जा रही है वैसे–वैसे जोर पकड़ती जा रही है। गाँव, गली, मुहल्ले ही नही घर–घर में कांग्रेस प्रत्याशी अमितेश शुक्ल और भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

राजिम क्षेत्र के गांव गाँवों में दोनो प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों के निजि व्यावहार को लेकर चर्चा तो है फिर भी जनता की पहुंच में कौन प्रत्याशी होगा इसको चर्चा मे ज्यादा महत्तव दिया जा रहा है। लोग याद करते है जोगी शासन में जब अमितेष शुक्ल पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री थे तो उन्होने क्षेत्र में विकास पर काफी जोर दिया था लेकिन तब चुनाव में उनको चंदूलाल साहू से करारी पराजय का सामना करना पड़ा था तब से वे विकास योजनाओं से दूर भागते है ,ऐसा क्षेत्र के मतदाताओं में चर्चा है। लोगों का यह भी कहना है कि तब अमितेष शुक्ल ने कांग्रेस के पुराने कार्यकताओं की अपेक्षा भाजपा से कांग्रेस में आये लोगो पर और तत्कालिन ग्राम सरपंचों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा किया था और पार्टी कार्यकताओं की नाराजगी उनपर भारी पड़ी थी। साथ ही गांव–गांव में तब मारपीट, दंगे और कुछ स्थानों पर हत्या तक में पुलिस की भूमिका को तत्कालिन सत्ता पक्ष की प्रशय के रूप में देखा गया और नतीजन नये नवेले चंदूलाल साहू के मुकाबले अमितेष शुक्ल को पराजय झेलना पड़ा था।

भाजपा कांग्रेस का सीधा मुकाबला, अन्य पार्टियों और निर्दलियों की चर्चा नहीं

कर्ज माफी ने अमितेश को पिछले चुनाव में भारी मतों से जिताया था: तब से लेकर अब तक महानदी में काफी पानी बह चुका है। और फिर जन्मजात कांग्रेसी विचारधारा के सन्तोष उपाध्याय को भापजा में शामिल कर भाजपा ने उन्हे विधायक तो बना दिया लेकिन अमितेष भी पीछे नही रहे। एक बार उपाध्याय के हाथों मिली हार से उबरते हुए अमितेष पुन: विधायक निर्वाचित हुए। हलांकि तब भाजपा प्रत्याशी को लेकर क्षेत्र में भयंकर नाराजगी थी जिसे भापने में भाजपा की चूक हुई उपर से कर्जमाफी की घोषणा ने अमितेष शुक्ल को भारी बहुमत से विजयी बनाया।

युवाओं, बुजुर्गों और महिला मतदाताओ की पहली पसंद बने रोहित साहू इसे कितना भूना पाते है यह तो चुनाव परिणाम ही बतायेगा: यह बात भी बिते दिनों की है। लेकिन इस चुनाव में भाजपा ने भूल सुधार कर लिया है और भाजपा से इस बार जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू को चुनाव मैदान में उतार कर जहां पिछड़ा वर्ग को तो साध ही लिया है। युवाओं को भी नया जोश से भर दिया है। रोहित साहू अभी युवा है और विनम्र भी जिसके पूरा फायदा भाजपा प्रत्याशी को मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। युवाओं का रूझान इस बार रोहित साहू को लेकर स्पष्ट देखा जा सकता है। वे आज युवाओं बुजुर्गों और महिला मतदाताओ की पहली पसंद बने हुए है। जिसे रोहित साहू वोट के रूप में कितना भूना पाते है यह तो चुनाव परिणाम ही बतायेगा

कुछ दिन पूर्व तक क्षेत्र में छायी खामोशी के बाद पार्टियों द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करते ही इस चुनावी गुलाबी ठंड में आयी गरमाहट: बहरहाल चुनाव की जोर आजमाईस अपने पूरे शाबाब पर देखी जा रही है। कुछ दिन पूर्व तक क्षेत्र में एक खामोशी सी छाई हुई थी लेकिन पार्टियों द्वारा चुनाव घोषणा पत्र जारी किये जाने के साथ इस गुलाबी ठंड के मौसम में गरमाहट ला दी है। निर्दलीय प्रत्याशियों की कही कोई चर्चा इस दौरान भ्रमण और चर्चा में नही देखी गई है जिससे मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के बीच ही होने का अनुमान है। राजिम क्षेत्र की जनता और खासकर मतदाताओं ने प्रत्याशियों के साथ अपनी आसान पहुंच को बड़ा मुद्दा बता रहे है जो कि गौर करने वाली है।

सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतदान दलों का किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन

बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए जिले में नियुक्त कसडोल विधानसभा क्षेत्र–44 के सामान्य प्रेक्षक डॉ. राजेन्द्र भारूड़ एवं बलौदाबाजार–45 एवं भाटापारा–46 विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अनीश शेखर की उपस्थिति में आज मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया।

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में दोनो सामान्य प्रेक्षकों और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने कसडोल विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–44 के 402 मतदान केंद्रों एवं बलौदाबाजार–45 के 196 एवं भाटापारा–46 विधानसभा क्षेत्र के 282 मतदान केंद्रों के लिए मतदलों का निर्वाचन आयोग के पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। जिसके तहत कसडोल के लिए बैलेट यूनिट 888, सीयू 482, वीवीपीएटी 522, बलौदाबाजार के बैलेट यूनिट 367, सीयू 367, वीवीपीएटी 397, भाटापारा के लिए बैलेट यूनिट 622, सीयू 338, वीवीपीएटी 366 का रेंडमाइजेशन कर अलॉट करने की प्रक्रिया की गई। रेंडमाइजेशन के दौरान जिला पंचायत सीईआ नम्रता जैन, अपर कलेक्टर बी सी एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे सहित सभी आर ओ,अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

थाना के पास बेरिकेटिंग कर सख्त चेकिंग करें : पुलिस ऑब्जर्वर

बिलाईगढ़, 4 नवंबर। पुलिस ऑब्जर्वर राजेंद्र कुमार मीणा ने एसडीओपी कार्यालय बिलाईगढ़ में थाना सलिहा, भटगांव और बिलाईगढ़ के प्रभारी पुलिस अधिकारियों का बैठक लिया। बैठक में मीणा ने पुलिस अधिकारियों को थाना के पास बेरिकेटिंग कर सख्त चेकिंग करने के निर्देश दिए।

प्रदेश को एक बार फिर से विकास के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर होने का अवसर मिलेगा : चंद्रशेखर

नवापारा-राजिम, 4 नवम्बर (देशबंधु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को जारी किए गए संकल्प (घोषणा) पत्र च्मोदी की गारंटीज्ज पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व कृषि मंत्री और भाजपा घोषणा पत्र समिति के सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि संकल्प (घोषणा) पत्र में सर्व वर्ग के हितों को ध्यान में रखा गया है ।जो अपने आप में ऐतिहासिक है और सर्ववर्ग के लोगों को एक विश्वास दिलाता है कि अब उनके च्अच्छे दिनज्ज आयेंगे । श्रीसाहू ने कहा संकल्प (घोषणा) पत्र में छत्तीसगढ़ सहित भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख धुरी किसान के लिए 21सो रूपए प्रति क्विंटल एवम प्रति एकड़ धान 31सो रूपए समर्थन मूल्य पर खरीदकर एकमुश्त भुगतान करने और किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने की च्मोदी की गारंटीज्ज दी गई है और आज यह बात पूरे भारत के साथ-साथ विश्व में प्रचलित हो गई है कि च्मोदीज्ज (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) हर च्गारंटीज्ज पूरा होने की च्गारंटीज्ज हैं ।

श्रीसाहू ने आगे कहा कि च्मोदी की गारंटीज्ज में यह भी कहा गया है कि किसानो को धान खरीदी शुरू होने से पूर्व बारदाना उपलब्ध कराया जाएगा यानि भाजपा शासनकाल में किसान भाइयों को अपनी धान का अधिकतम सम्मानजनक मूल्य देने के साथ-साथ धान को खरीदी केंद्र तक लाने के लिए भी समुचित व्यवस्था की जाएगी । किसानों के हित में हरित क्रांति के बाद यह दूसरा क्रांतिकारी कदम साबित होगा और जिसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसान हितैषी सोच को जाता है । प्रधानमंत्री मोदी, अपने कार्यकाल के पिछले 9 वर्षों में धान का समर्थन मूल्य प्रतिवर्ष बढ़ाते हुए, अपने किसान हितैषी सोच को पहले ही सार्वजनिक कर चुके हैं क्योंकि उनका ऐसा मानना है कि जब देश का अन्नदाता किसान खुश होगा तो देश सशक्त बनेगा । श्री साहू ने आगे कहा आज घोषणा (संकल्प) पत्र के जारी होने के बाद, घोषणा पत्र समिति का सदस्य होने के नाते, मैं स्वयं को गर्वित महसूस कर रहा हूं कि छत्तीसगढ़ के सर्व वर्ग के लिए बनाए गए ऐसे ऐतिहासिक घोषणा (संकल्प) पत्र को तैयार करने में मुझे भी अपनी भूमिका निभाने का अवसर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदान किया और मैं पूर्ण रूप से आश्वस्त होकर यह कह सकता हूं कि इस बार के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में वापसी करवाने में इस ऐतिहासिक च्मोदी की गारंटीज्ज पत्र की अहम भूमिका रहेगी, जिसके बाद छत्तीसगढ़ को एक बार फिर से विकास के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर किया जाएगा क्योंकि च्हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे।

छग में भाजपा ने बहेतर संकल्प पत्र जारी किया इससे लोगों की तरक्की और खुशहाली आएगी : राधेश्याम बंजारे

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राधेश्याम बंजारे ने भाजपा के धोषणा पत्र को किसान हित मे बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बहेतर संकल्प पत्र जारी किया है जिससे लोगो की तरक्की और खुशहाली आयेगी। सभी लोगो का विशेष ख्याल रखते हुए अन्नदाता किसान के आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रति एकड़ 21 कि. धान 3100 रू. की दर से खरीदेंगे साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत सभी विवाहित महिलाओं को प्रति वर्ष 12000 रू. देंगे, गैस सलैण्डर 500 रू. एवं बी.पी.एल बालिकाओं की जन्म पर 150000 रू. तथा प्रधान मंत्री आवास योजना अन्तर्गत 18 लाख गरीब परिवारों के लिए आवास का निर्माण करायेंगे । भूमिहीन खेतिहर मजदूर को प्रति वर्ष 10000 रू. तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत 1000000 रू. मुफ्त में इलाज करायेंगे। युवाओं के लिए उद्यमी योजना के लोन में 50 प्रतिशत की छूट के साथ अनेकों जनहित में संकल्प पत्र भाजपा के द्वारा जारी किया गया है निश्चित रूप से छ.ग. के चहुमुखी विकास होंगे तथा गरीब मजदुर किसान के जीवन में खुशहाली आयेगा ।



भाजपा द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी किसानों के लिए होगा वरदान साबित : विजय गोयल

पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गोयल ने भाजपा द्वारा जारी घोषणा पत्र का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया. उन्होंने घोषणा पत्र मे उल्लेखित सबसे महत्पूर्ण गारंटी 3100 सौ रूपये प्रति च्ंटल धान खरीदी को किसान हित मे बहुत ही बड़ा घोषणा बताया. उन्होंने यह भी कहाकि अगर बीजेपी की सरकार बनी तो निश्चित रूप से यह राशि धीरे धीरे करके पांच वर्षो मे 4000 रूपये च्ंटल तक पहुँच जाएगी. जो की किसानो के लिए केवल फायदेमंद हैं. 4 हजार चिंटल होने की बात के बारे बताते हुए कहाकि ऐसा इसलिए क्योंकि प्रतिवर्ष केंद्र सरकार एमएसपी दर मे वृद्धि करती हैं. लिहाजा हर वर्ष 150-200 रूपये बढ़ता हैं तो यह पांच वर्षो मे 4000 हजार प्रति च्ंटल के आंकड़े को छू लेगा. उन्होंने मोदी की गारण्टी मे उल्लेखित इस घोषणा पत्र को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने मे सहयोगी बताया और इसकी जमकर तारीफ की।

भाजपा प्रत्याशी डॉ. जांगडे ने किया जनसम्पर्क

भटगांव/ बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र को सजाने व संवारने में कोई कोरकसर बाकी नहीं रखूंगा और लगातार जनता के सुख दु:ख में सहभागी बनने का हर संभव प्रयास करता रहूंगा। यह कहना है बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. दिनेश लाल जांगड़े का है। क्षेत्र भ्रमण करने के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि जहां तक हम मेहनत कर सकते है करते रहेंगे। दिल में जोश जज्बा और जूनून लोगों का जगाते रहेंगे। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपने देवतुल्य जनता जनार्दन से मिलते जुलते और सभी का हाल चाल लेते हुए विधानसभा क्षेत्र के उत्थान के लिए निकल पड़े है। उन्होंने कहा कि मैं बिलाईगढ़ के माटी का बेटा हूं और क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है। मैं अपने जनता रूपी परिवार को कतई नहीं छोड़ सकता हूं। डॉ. दिनेश लाल जांगड़े ने कहा कि क्षेत्र की एक एक जनता की दर्द को अपना दर्द समझता हूं और लगातार उस दर्द का ईलाज के लिए बैचेन रहता हूं। यदि बिलाईगढ़ की जनता ने मुझे सेवा का मौका दिया तो बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र को माडल विधानसभा क्षेत्र बनाने का प्रयास करूंगा। श्री जांगड़े फिलहाल अपने बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्र के भटगांव मंडल अन्तर्गत ग्राम सलोनीकला, सलोनीखुर्द, सलीहाघाट, ग्वाली, चिकनीडीह, करमंदी, ओटगन, जोरा, घाना, गदहाभाठा, खपरीडीह, नवापारा, रोहिना सहित के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनका हाल जानते हुए गांव में व्याप्त समस्याओं की जानकारी ली। इस मौके पर भाजपा नेता गण सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कांग्रेस में शामिल हो रहे लोगों ने कहा- भरोसा बरकरार फिर इस बार भूपेश सरकार

आरंग, 4 नवंबर। जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है वैसे ही आरंग विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस और मजबूत होते जा रही है ।क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी और मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया के द्वारा कराए जा रहे विकासकार्यो से क्षेत्र के ग्रामीण काफी प्रभावित हो रहे है ।इसी कड़ी में शनिवार को आरंग के राजीव भवन में भाजपा के पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय के गांव डुमहा से आये लोग मंत्री डॉ.डहरिया और कांग्रेस सरकार से प्रभावित होकर कांग्रेस का दामन थाम लिया ।इसके अलावा ग्राम अमसेना,भोथली,सेजा और भैसा के लोग भी कांग्रेस में शामिल हो गए ।मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने स्वयं कांग्रेस का गमछा,टोपी पहना कर लोगो का कांग्रेस परिवार में आने पर स्वागत किया ।कांग्रेस में शामिल होने के बाद लोगो का कहना है कि 15 साल के भाजपा शासनकाल के बाद कांग्रेस ऐसी सरकार है जो छत्तीसगढ़िया संस्कृति की पहचान को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है ।भाजपा के घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़िया और छत्तीसगढ़ की संस्कृति के लिए कुछ भी नही है ।भाजपा हमेशा हमारी संस्कृति को नष्ट करने का काम किया है। इसलिए इस बार भी भूपेश बघेल पर पूरा भरोसा है और आरंग तथा प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाना है।

न्यायमूर्ति रजनी दुबे ने किया जिला न्यायालय का निरीक्षण

महासमुंद, 4 नवंबर (देशबंधु)। जिला एवं सत्र न्यायालय महासमुंद के पोर्टफोलियो न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्रीमती रजनी दुबे उच्च न्यायालय बिलासपुर के द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया । उक्त वार्षिक निरीक्षण में न्यायमूर्ति के साथ बीपी वर्मा, रजिस्ट्रार आई एण्ड ई छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर उपस्थित थे। न्यायमूर्ति द्वारा जिला मुख्यालय महासमुन्द के सभी न्यायालय कक्ष, पंजीयन शाखा, व्हीसी कक्ष, प्राथमिक उपचार केन्द्र, किलकारी कक्ष, कम्प्यूटर अनुभाग, रिकार्ड कक्ष, मालखाना कक्ष सहित समस्त अनुभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दस्तावेज का उचित निर्धारण एवं रख रखाव संबंधी संबंधित कर्मचारियों को उचित निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति महोदया द्वारा न्यायालय परिसर के विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का भी जायजा लिया गया। वे जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। न्यायालयों के निरीक्षण पश्चात सभी न्यायिक अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों के यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस संबंध में सभी न्यायिक अधिकारियों को पुराने प्रकरणों एवं वरिष्ठ नागरिकों के प्रकरणों के शीघ्रता से निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय से समय.सीमा निर्धारित प्रकरणों का उच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने निर्देशित किया गया।

न्यायामूर्ति द्वारा निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसरों के साफसफाई पर सराहना व्यक्त किया तथा आगे भी न्यायालय परिसरों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देष दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय, कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामजीवन देवांगन, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती योगिता विनय वासनिक, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महासमुन्द सुश्री चित्रलेखा सोनवानी, सिविल न्यायाधीष श्रीमती अदिति ठाकुर सराफ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा, सिविल न्यायाधीश राहुल सराफ, कु योगिता जांगडे, प्रशिशु सिविल न्यायाधीश सुश्री खुशबू जैन एवं प्रशासनिक अधिकारी जेडी बारसे सहित समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

भीषम लाल व शांताराम साहू ने किया भाजपा प्रवेश

कुरुद, 4 नवंबर (देशबंधु)। गत दिनों ग्राम गातापार (ह) निवासी भीषम लाल साहू और शांताराम साहू ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर कुरुद नगर में विधायक अजय चंद्राकर ने उन्हें भाजपा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया और भाजपा में प्रवेश कराये। इस अवसर पर दोनों साहू बंधुओ ने अजय चंद्राकर का आभार माना और स्वेच्छा से भाजपा में मिलने की बात कही। उन्होंने बताया कि वे दोनों कांग्रेस के लिए काम करते थे ।जब उन पर मुसीबत आयी तो भाजपा ने उनके साथ दिया था। इसीलिए स्वेच्छा से वे भाजपा में प्रवेश कर लिया। भीषम लाल साहू और शांताराम साहू ने बताया कि वे तन मन धन से भाजपा और अजय चंद्राकर के लिए काम करेंगे।

सार-संक्षेप

फिंगेश्वर में आज विशाल दिवाली मेला

फिंगेश्वर, 4 नवंबर। नगर की उत्साही एवं हमेशा रचनात्मक कार्यो में जुड़ी रहने वाली महिलाओं के समूह द्वारा कल रविवार 5 नवंबर को नगर में प्रथम बार दिवाली मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन प्रमुख श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव ने बताया कि शहरों की तरह हमारे ग्राम्यांचल में दिवाली के अवसर पर मनोरंजन के साथ साथ दिवाली त्यौहार के सभी सामान मिठाईयॉ, पूजा सामग्री, सजावट समान, कपड़े आदि एक ही जगह उपलब्ध कराने एवं हमारे सबसे प्रमुखता बड़े त्यौहार दिवाली को उत्साह एवं मेल मिलाप से मनाने हमारी महिलाओं ने मिलकर नगर के समता क्लब मैदान में दिवाली मेला के नाम मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। आयोजन समिति की श्रीमती ऋन्ना रात्रे, पद्मा यदु, शांति कोसरे, भुनेश्वरी साहू, अनिता शर्मा, ज्योति राजपूत ने बताया कि मेला प्रात: 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। मेला स्थल पर रंगोली प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10 बजे एवं समापन कार्यक्रम रात्रि 9 बजे संपन्न होगा। इस आयोजन के लिए नगर के व्यवसायियों, गणमान्य नागरिकों एवं अंचल के प्रतिष्ठानों का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। दीवाली मेला आयोजन समिति ने नगरवासियों एवं अंचलवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

निधन

नीराबाई ठाकुर

महासमुंद, 4 नवंबर। स्थानीय इमलीभाठा निवासी श्रीमती नीरा बाई ठाकुर सौ वर्ष का 4 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेश ठाकुर, मोहन ठाकुर की मां व मदन ठाकुर, बसंत ठाकुर, राजू ठाकुर, कन्हैया ठाकुर की बड़ी मां थी।

छग के सपनों को पूरा करेगा भाजपा का संकल्प पत्र : चुन्नीलाल साहू

घोषणा पत्र जारी होते ही भाजपा में दिखा उत्साह, जिला मुख्यालय के तिरंगा चौक फटाखे फोड़ मनाई खुशी

गरियाबंद, 4 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के संकल्प पत्र जारी होते ही भाजपाईयों में उत्साह देखने को मिला। देर शाम पांच बजे भाजपा ने जिला मुख्यालय के तिरंगा चौक में मिठाई बांट कर खुशी मनाई। इसके साथ ही भाजपाईयों ने संकल्प पत्र की सराहना भी की।

प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि भाजपा ने ऐतिहासिक घोषणा पत्र जारी किया है। किसानों, युवाओं ओर महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया हैं। किसानों के 21 च्ंटल धान खरीदी के साथ ही 3100 रुपए प्रति च्ंटल समर्थन मूल्य एक मुश्त दिया जाएगा। किसानों को किस्त किस्त सालभर का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा विवाहित महिलाओं को 12000 रुपए की वार्षिक वित्तीय राशि, युवाओं को व्यापार व्यवसाय शुरू करने सहयोग की घोषणा की गई है। हर वर्ग के विकास को रेखांकित किया है। जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि भाजपा का संकल्प छत्तीसगढ़ के विकास को परिलक्षित करता है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में गांव गरीब किसान युवा हर तपके के विकास प्राथमिकता दी है। ये घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ के जन आकांक्षाओं को पूरा करेगा। किसानों को समृद्ध बनाएगा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाएगा। हर परिवार खुशहाली आएगी।

जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने हमेशा गरीबों और किसानों को चिंता की है। इस घोषणा पत्र में भी किसानों के लिए अनेकों घोषणाएं की है। 3100 रुपए प्रति च्ंटल धान खरीदी, 10 लाख तक निशुल्क इलाज, युवाओं को रोजगार, चरण पादुका योजना लागू करेगी। पूर्व महामंत्री रिखी यादव ने कहा कि भाजपा ने सर्वसमावेशी, सर्वहितैषी और सबका साथ सबका विकास ध्येक परिकल्पिक करने वाला घोषणा पत्र है। यह घोषणा छत्तीगसढ़ के प्रत्येक नागरिको के आकांक्षाओ को पूरा करेंगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, सुरेन्द्र सोनटेके, घनश्याम सिन्हा, राहुल सेन, अजय रोहरा, धनंजर नेताम, मिलेश्वरी साहू, प्रवीण यादव, तनु साहू, बिदु सिन्हा, रेणका साहू, पुष्पा साहू, भीम साहू, विनोद नेताम, प्रतीक तिवारी, सुनीता झरिया, प्रतिभा हुमने सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मेडिकल इमरजेंसी रेस्पॉन्स का दिया गया प्रशिक्षण

गरियाबंद, 4 नवंबर। शनिवार को विधानसभा चुनाव हेतु नियुक्त किये गये सभी सेक्टर ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर और समस्त नोडल अधिकारियो को मतदान के दौरान आपातकालीन चिकित्सा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। चिकित्सा सलाहकार डॉ. पवन राठौर और डॉ. दीप्ति श्रीवास ने अधिकारियों-कर्मचारियों को आपातकाल जैसे हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी और सर्पदंश से बचाव के तरीके बताए। हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देने की जानकारी पॉवर पाइंट प्रजेन्टेशन एवं डेमो के माध्यम से दी। हार्ट अटैक, लकवा, मिरगी के लक्षण और इन परिस्थितियों में आकस्मिक बचाव के लिए प्रारंभिक तौर पर किए जाने वाले उपायो की जानकारी दी। इसी तरह सर्पदंश की स्थिति में मौके पर सर्प की फोटो खींचने और सर्पदंश के उपर वाले स्थान पर पट्टी बांधने के संबंध में बताया गया। सर्पदंश के दौरान उक्त स्थान से जहर न चूसने कहा गया। चिकित्सकों ने निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए उपलब्ध कराई गई चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया था। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तीर्थराज अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

अपनी दवाईयां साथ रखें, प्रतिदिन ध्यान, योगा करें - चिकित्सकों द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव से दूर रह कर योगा, ध्यान, व्यायाम करने कहा गया है। सभी को सलाह दी गई है कि वे खाली पेट न रहें। खासकर शुगर वाले मरीज नियमित रूप से कुछ खाद्य सामग्री का सेवन करते रहें। वे जो बीपी, शुगर, थॉयरायड आदि के मरीज हैं तो अपनी दवाईयां साथ रखें। किसी भी आपात स्थिति में उच्च अधिकारियों को सूचना देने के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी सूचित करें और स्वास्थ्य केंद्र में उपचार सुनिश्चित कराएं।

प्रादेशिकी का शेष...

भाजपा ने ऐतिहासिक घोषणा पत्र...

खरीदी से पहले ही बारदाने उपलब्ध होंगे, महतारी वंदन योजना- प्रत्येक विवाहित महिलाओं को सालाना 12000 रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी, सरकारी पदों पर भर्ती-छत्तीसगढ़ के 1 लाख रिक्त शासकीय पदो पर समयबध्द एवं पारदर्शी रूप से भर्ती सुनिश्चित की जाएगी।

समृद्ध और उन्नत छत्तीसगढ़...

रजिस्ट्रेशन के शुल्क को 50 प्रतिशत कम करेंगे। आयुष्मान भारत योजना के तहत दस लाख रुपये तक का इलाज मिल सकेगा, इस संकल्प पत्र में छत्तीसगढ़ की माताएं-बहनें, यहां के युवा और यहां के किसानों को सबसे बड़ी प्राथमिकता दी गई है। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि हम जो कहते हैं, वो करके रहते हैं और प्रदेश की जनपेक्षाओं पर खरा उतर हम समृद्ध छत्तीसगढ़ को संवारेंगे।

भाजपा के घोषणा पत्र से...

लिकिंग योजना को महासमुंद के लिए शामिल किया गया है। प्रेस वार्ता में मनीष जायसवाल ने बताया कि घोषणा पत्र में सभी वर्ग को शामिल करते हुए लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, प्रदीप चंद्राकर, पूर्व भाजपा अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, ऐतराम साहू, संदीप दीवान आदि मौजूद थे।

भाजपा चुनाव कार्यालय का जिला अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

मगरलोड, 4 नवंबर (देशबन्धु)। विकासखंड मुख्यालय मगरलोड में आज 4 नवंबर को सिहावा विधानसभा चुनाव 2023 का बिगुल बजने के बाद अपने-अपने चुनाव चिन्ह को लेकर अब उम्मीदवार एवं उनके कार्यकर्ता गांव गली मोहल्ले में चुनाव प्रचार में लग गए हैं जिसमें भाजपा के कार्यकर्ता दूसरे पार्टी की अपेक्षा लगातार लोगों के जनसंपर्क में करने में आगे दिखाई दे रहे हैं। चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष शशि पवार के द्वारा शुभारंभ की गई जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर का हिस्सा लिया एवं वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिहावा विधानसभा भाजपा के उम्मीदवार को श्रवण मरकाम को जीताने का संकल्प लिया है भाजपा द्वारा घोषित की गई घोषणा पत्र को भी आम जानताओ तक पहुंचने की बात कही इस भाजपा कार्यालय में उद्घाटन अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु नरेश सिन्हा भवानी यादव शत्रुघ्न साहू पूर्व जिला अध्यक्ष रघुनंदन साहू भीखम सेन हिरंजय साहू वीथिका विश्वास नंदनी सिन्हा झमित सिन्हा राधा साहू रामायण सिन्हा एवं एवन साहू कविता यादव शांति देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा की कार्यकर्ता की उपस्थित रहे।



भारतपुर में सटोरिया गिरफ्तार

बिलाईगढ़ 4 नवंबर(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निविदिता पॉल अनुभागीय विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में दिनांक 03,10,23 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम भारतपुर में रेड कार्यवाही कर 01 सटोरिया को किया गया गिरफ्तार।

विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 03/11/23 को सूचना मिला की ग्राम भारतपुर में एक व्यक्ति अपने घर परछी में एंड्राइड मोबाइल से रूपए पैसे का हार जीत का दाव लगाकर कल्याण नमक सट्टा खेला रहा है की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी हरप्रसाद रात्रे पिता लोकनाथ रात्रे उम्र 35 वर्ष ग्राम भारतपुर थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़* के कब्जे से 01 नग एंड्राइड मोबाइल, कीमती 13000 ? एवं नगदी रकम 7000 ? जुमला कीमती 20000 ? को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया ,जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया।

प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में स्ढ्ढ शिव कुमार धारी ,ह्वद्ब मनहर ।।ष्ट 55 आर, कमल कुर्रे चंदन दिनकर एवं समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

आरंग के मतदान केंद्रों में चला जागरूकता अभियान



आरंग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आरंग डॉ अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में हैप्पी वोटिंग कैंपेन के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सदर रोड आरंग,रविदास प्राथमिक शाला मतदान केंद्र क्रमांक 228,229,230 व238 में भी शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत स्वीप टीम ने शत प्रतिशत निष्पक्ष प्रलोभन रहित मतदान की शपथ करवाई एवं जागरूकता नारो के साथ मतदान केदो की व्यवस्था का भी जायजा लेते हुवे अनुभाग के निर्देशों को स्पष्ट किया। वही 78 वर्षीय झाड़ू राम साहू ने बड़े ही उत्साह के साथ आगामी 17 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सब मतदान करें इसके लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वीप टीम से शिक्षक गण महेंद्र कुमार पटेल, अरविंद कुमार वैष्णव,सीमा भांडेकर, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जयशंकर यादव, प्रधान पाठक गण अशोक साहू, जय वर्मा,सुमित्रा भांडेकर, शिक्षक गण सोनल मिश्रा , केसरी ढिढी पवन कुमार साहू, राजेश साहू, चित्रा देवांगन, रोशनी प्रधान मनहरण ध्रुव,तनुजा साहू,यशवंत साहू,भूपेंद्र साहू, व्यापारी गण झाड़ू राम,राजकुमार आहूजा,राजू सोनी,विकास गुप्ता,श्याम किशोर निषाद,अनिल आहूजा एवम बबली मिर्धा,सोमनाथ मिर्धा,मोहित मिर्धा,खेमा मिर्धा एमडीएम समूह लक्ष्मी सोनकर,हेमलता देवांगन ,अनुसुइया यादव,लक्ष्मीन बाई आदि की सहभागिता रही।

कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश ने निकाला कार्यकर्ताओ के साथ बाइक रैली

बागबाहरा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय युवा प्रत्याशी एवं सरल स्वभाव के धनी द्वारिकाधीश यादव ने आज शनिवार 4 नवंबर को अपने पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओ के साथ खल्लारी-भीमखोज से बागबाहरा तक जोश-खरोश के साथ भव्य बाइक रैली निकाला। श्री यादव बाइक रैली के साथ कार में सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए कांग्रेस पार्टी को पंजा छाप में वोट देने की अपील किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थें। नगर के मुख्य मार्ग में भव्य बाइक रैली निकालने के बाद कोमाखान एवं तेंदूकोना में भी बाइक रैली निकाली गई। जहाँ कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव ने ग्रामीणों, व्यापारियों, युवाओ, महिलाओ एवं नए युवा मतदाताओं से पंजा छाप में वोट देकर छत्तीसगढ़ में फिर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनाने की अपील की है।ताकि प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो सके। श्री यादव कांग्रेस पार्टी की घोषणाओं को अपने कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों के

साथ गांव-गांव में घर-घर जाकर लोगो तक पंहुचा रहे हैं। तथा कांग्रेस प्रत्याशी को लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। गांवों का माहौल कांग्रेसमय हो गया है।कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है, जो सबका हित ख्याल रखती है। कांग्रेस ने हमेशा लोगो के साथ न्याय किया है। तरह-तरह के विकास कार्य भी कराए है। तभी तो लोग छत्तीसगढ़ में कहते हैं कि भूपेश है तो भरोसा है। भाजपा के द्वारा जारी घोषणा पत्र का कोई गारंटी नहीं है। उनके करनी और कथनी में काफी अंतर है। भाजपा जो कहती है, वह करती नहीं है। भाजपा ने हमेशा छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ अन्याय और अत्याचार किया है। 15 सालो तक डॉ. रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे। लेकिन उन्होंने प्रदेश में कोई विकास कार्य नहीं करवाए। वे हमेशा बड़े व्यापारियों के हित में ही काम करते रहे। जिसका खामियाज़ा उनके पार्टी को पिछले चुनाव में भुगतना पड़ा था। डॉ. रमन सिंह किसानो, मजदूरो, युवाओ, छात्र-छात्राओ, शिक्षाकर्मी एवं पंचायतकर्मियो के लिए कुछ नहीं किया। वे सरकारी कर्मचारी एवं लोगों को लॉलीपॉप दिखाते रहे। उनके कार्यकाल में लोग विकास के लिए तरसते रहे। पंचायतो में भी कोई विकास कार्य नहीं हुआ। इस बार के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशियों को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। क्योकि भाजपा के पास न तो जनहित का कोई मुद्दा है। और न ही उनके घोषणा पत्र की कोई गारंटी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा लोगो के साथ न्याय करते हुए कई तरह के जनकल्याणकारी योजनाएँ प्रदेश में संचालित की है। जिससे लोगो को काफी लाभ मिला है। भविष्य में भी कांग्रेस पार्टी लोगो के साथ हमेशा न्याय करता रहेगा।

रिसेकेला में 90 लोगों का कांग्रेस प्रवेश प्रत्याशी चातुरी नन्द ने स्वागत किया

सरायपाली, 4 नवंबर (देशबन्धु)। सरायपालीविधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी चातुरी नंद अपने जनसंपर्क अभियान के तहत केदुवा रिसेकेला बोदा कोसमपाली डुडूम चुआ राय पानी महुआ डीपा मोहन मुंडा बेहरा पालीपाली में जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की चातुरी नन्द ने बताया कि वह कैसे इस मुकाम तक पहुँची उन्होंने बताया कि वह एक गरीब राजमिस्त्री की बेटी है जब वह कक्षा10 वी की पढ़ाई कर रही थी तो उनके पिता ने कहा कि बेटी मैं तुमको आगे की पढ़ाई का खर्च वहन नहीं कर सकता लेकिन मैं 10की परीक्षा अच्छे नम्बर से पास कर ली गर्मी की छुट्टी में ट्रैक्टर में गिट्टी रेती मिट्टी की ढुलाई का काम करने लगी साथ ही खेती किसानी के दिनों में खेत मेंरोपाई का काम भी किया बी एस सी करने के बाद शिक्षा कर्मी बन पिछले10 वर्षों से समाज सेवा कर रही हूँ कांग्रेस पार्टी ने मुझ पर विश्वास जताया है व एक गरीब मजदूर की बेटी को सरायपाली अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से विधायक पद का प्रत्याशी बनाया है सभी जगह ग्रामीणों एव युवा वर्ग के लोगों ने जोशीला स्वागत किया, इस दौरान कांग्रेस पार्टी की नीति रीति से प्रभावित होकर ग्राम रिसकेला के 90 युवाओं ने कांग्रेस प्रत्याशी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने युवाओं को कांग्रेस का गमछा पहना कर पार्टी में प्रवेश कराया, कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी ने ग्रामीणों को सरकार की ओर से गरीब जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी साथ ही कांग्रेस सरकार की घोषणा पत्र में किए गए घोषणा को ग्रामीणों को बताया।

जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप गुप्ता, श्रीराम मानिकपुरी, युवा कर्मठ कांग्रेस नेता हरदीप सिंह रैना, सुरेश भोई, परमानंद नायक, भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, सुरेश पटेलघसिया सिदार फारम पटेल गोपबंधु पटेल महिला कांग्रेस से सीता पटेल, तिरीथ कुमारी, दीपांजलि बारिक, जयकुमारी नायक, लक्ष्मी साहू चांदनी मानिक पुरी शकुंतला मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन में 5 को लोकोत्सव मैदान मे आयोजित

भाटापारा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन व भाटापारा क्षेत्र क्र. 46 के विधानसभा प्रत्याशी शिवरतन शर्मा के पक्ष मे प्रचार प्रसार हेतु आम सभा का आयोजन रविवार 5 नवंबर को सुबह 11= 30 बजे नगर के लोकोत्स्व मैदान में आयोजित है जिसमे मुख्य रुप से प्रदेश स्तर के स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा एवं प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष अरुण साव द्वारा छत्तीसगढ़ विधान सभा के लिये जारी भाजपा के घोषित घोषणा पत्र जिसमे मुख्य रुप से 3100 रुपये मे धान खरीदी, एक लाख सरकारी नौकरी, प्रति एकड 21 चिंटल धान खरीदी भूमिहीन मजदूरों का 10 हजार रुपये हर साल, महतारी वंदना योजना के अंतर्गत महिलाओं को हर वर्ष 12 हजार रुपये, 18 लाख गरीबों के लिये मकान, धान की राशि एकमुश्त, आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख तक मुफ्त इलाज बीपीएल परिवार मे बेटी के जन्म पर 1 50 लाख रुपये भर्ती घोटाले की जाँच बेरोजगार युवाओं के लिये नया उद्योग स्थापित कर उन्हें 50 प्रतिशत सब्सिडी के ब्याज मुफ्त राशि दी जायेगी, आदि जारी संगठन के घोषणा पत्रो का उल्लेख कार्यकर्ता सम्मेलन के सभा को संबोधित करते हुये करेंगे व उक्त जारी घोषणा पत्र को क्षेत्र के मतदाताओं तक पहुंचाने का भी टिप्स देंगे उक्त आयोजन को लेकर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी शिवरतन शर्मा ने समस्त नागरिकों व कार्यकर्ताओं से उक्त सभा में पहुंचने की अपील की है।।

स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव होंगे शामिल

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में हुआ सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम

खरोरा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया, संकुल केंद्र पचरी, विकासखंड तिल्दा नेवरा, जिला रायपुर में सुरक्षित शनिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमेंआज का थीम च्अंधविश्वास के प्रति जागरूकता के संबंध में जानकारीज् जानकारियां साझा की गई ।छात्रा भारती, दिया वर्मा, हिना, लिली, तान्या, हिमेश महिलांग, शुभम कोसले, चेतना, राशि, साजिका, शिवम, गजेंद्र, गौतम, लकी रात्रिआदि ने बताया कि अन्धविश्वास बहुत ही बुरी चीज होती है क्योंकि इसकी जड़ें अज्ञानता में फैली होती हैं। यह हमारे भय, निराशा, असहायता व ज्ञान की कमी को दर्शाता है। यह बहुत ही दुखद है की बहुत से पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वासों में जकड़े होते हैं। इस ज्ञान और विज्ञान के युग में यह हमारी बौद्धिक निर्धनता को दिखाता है। यह बहुत ही मूर्खतापूर्ण है की जब इंसान किसी बात को समझ नहीं पाता है तो वह उस चीज के लिए अंधविश्वासी हो जाता है। हम इन्हें दैवीय कारण समझकर डरने लगते हैं ।प्रधान पाठक एस के देवांगन ने कहा बहुत से अंधविश्वास बहुत ही हास्यास्पद बन जाते हैं, जैसे कि 13 नंबर को अशुभ माना जाता है या कोई छींक दे तो यात्रा के लिए मत जाओ। इसी प्रकार बिल्ली के रास्ता काटने से माना जाता है की कुछ बुरा होने वाला है। उल्लू की आवाज़ या भेड़िये की आवाज़ सुनकर अनहोनी की आशंका करना, यह सब अंधविश्वास के कारण हैं।

शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने बताया किअंधविश्वास किसी विशेष समाज या देश से नहीं जुड़े हैं बल्कि यह हर जगह पाए जाते हैं। अंधविश्वास में आस्था रखने वालों में अधिकतर गरीब, अनपढ़ व निचले तबके के लोग हैं। हम वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार करके अंधविश्वासों में कमी ला सकते हैं। कारण व तथ्यों की मदद से सभी अनसुलझे रहस्यों को सुलझाया जा सकता है और अंधविश्वास की जड़ों पर प्रहार किया जा सकता है। सरपंच आशीष वर्मा तथा शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष हेमलाल बर्मन ने संयुक्त रूप से कहा कि अंधविश्वास हमें एक ही समय में हंसाने और रुलाने, दोनों का ही कार्य करता है। इसका सुधार सिर्फ लोगों में शिक्षा और ज्ञान के प्रचार द्वारा किया जा सकता है।

मंत्री डॉ. शिवकुमार का आरंग क्षेत्र में जनसंपर्क

आरंग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के स्टार प्रचारक और आरंग विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया अपने विधानसभा क्षेत्र में धुंआधार जनसंपर्क कर रहे है ।इस दौरान डॉ.डहरिया को क्षेत्र की जनता का भारी जनसमर्थन, प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है ।शनिवार को आरंग के राजीव भवन में ग्रामीणों के कांग्रेस प्रवेश के बाद वे ग्राम चपरीद, समोदा, कागदेही, हरदीडीह, करमंदी, कुरूद, कुटेला, मोहमेला और चिखली में जनसम्पर्क के लिए रवाना हो गए ।गांव पहुँचने के बाद डॉ.डहरिया का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया और ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जा रहे विकासकार्यो के लिए आभार व्यक्त किया ।मंत्री डॉ.डहरिया बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए अपने पक्ष में वोट

मांग रहे है ।बुजुर्ग भी अपने लाडले विधायक और मंत्री को विजयी होने और दोबारा मंत्री बनने का आशीर्वाद दे रहे है। डॉ.डहरिया के जनसंपर्क के दौरान लोगो की भीड़ उमड़ रही है ।15 साल भाजपा के कुशासन के बाद 5 साल कांग्रेस की सरकार ने किसानो, महिलाओं, युवाओं सहित सभी वर्गों के लोगो के लिए जो किया उसका ही परिणाम है कि क्षेत्र में कांग्रेस का एकतरफा माहौल बन गया है ।जनसंपर्क के दौरान भाजपा के उपेक्षित कार्यकर्ताओ का समर्थन भी डॉ.डहरिया को मिल रहा है। भाजपा से उपेक्षा का शिकार हुए कार्यकर्ताओ का कहना है कि भाजपा पार्टी में जिसने सालों से तन-मन-धन से पार्टी की सेवा की उनको नजरअंदाज कर दिया है। इसकी वजह से लोगो मे भाजपा के प्रति खासी नाराजगी है।

भाटापारा जिला से 37 वें नेशनल वूशु गेम्स के लिए बिंदु पैकरा का चयन

भाटापारा, 4 नवंबर (देशबन्धु)। सरकार द्वारा आयोजित 37 वा नेशनल गेम्स का आयोजन पुणे में किया गया था जिसमें चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी जिला बलोदा बाजार भाटापारा से छात्र बिंदु पैकरा ने चालीफाई किया और गोवा नेशनल खेलने हेतु चयनित किया गया चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बिंदु पैकरा ने पैकरा समाज और कसडोल विकासखंड खेल प्रभारी आलोक मिश्रा एवम जिला कराटे संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान के नेतृत्व में 18+ एज ग्रुप के -50 किलो कैटेगरी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने समाज जिला बलौदबाजार- भाटापारा एवम विकासखंड कसडोल का नाम ऊंचा किया।

छात्र बिंदु पैकरा की उपलब्धि पर पैकरा समाज के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवम समाज के सदस्यों का बहुत बड़ा योगदान रहा।

पैकरा समाज एवम चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी सचिव नेमीचंद साहू कोषाध्यक्ष योगेश कुर्रे प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान उपाध्यक्ष हिमांशु ध्रुव सह-सचिव महेश राजपूत एकेडमी प्रशिक्षक धनंजय पांडे, हर्ष देवांगन, यशवंत साहू, प्रतीक द्विवेदी विपिन साहू, गौरव साहू ने उनकी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आबकारी अमले ने जप्त की अवैध शराब

धमतरी, 4 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिनों आबकारी अमला द्वारा 1 गैर जमानतीय प्रकरण कायम किया गया, जिसमें जप्त मदिरा - 30 पाव देशी प्लेन, 14 पाव मसाला एवं 3 नग हंटर बीयर (कुल 47 नग) शामिल है ।साथ ही आरोपी दानीटोला वार्ड निवासी 47 वर्षीय आसकरण साहू के विरुद्ध प्रकरण- 34(2),59(क) पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, प्रद्युमन नेताम सहित आबकारी अमला मौजूद रहा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी छग का चहुमुंखी विकास किया

सरायपाली, 4 नवंबर (देशबन्धु)। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सांसद शरद पटनायक ने ग्राम केदुवा में आयोजित सभा में कहा कि छ ग में भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी चहुमुंखी विकास किया है किसानों का धान 20 चिंटल प्रति एकड़ खरीद रही है 28 सौ रुपये कीमत हिंदुस्तान के किसी भी प्रदेश में नहीं है मजदूरों युवाओं अनुसूचित जाति जनजाति सभी का ख्याल रखने वाली सरकार है चातुरी नन्द को पंजा छाप में बटन दबा कर विजयी बनाये ताकि फिर से भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बन सके उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में धान की कीमत 21 सौ रुपये के आसपास है छ ग म प्र राजस्थान तेलंगाना व मिजोरम में कांग्रेस जीत रही है 2024 में लोकसभा चुनाव में भी इंडिया गठबंधन की भारी जीत होगी राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेगे शरदपटनायक ने उपस्थित जन समूह से पुछा की 15 लाख रुपये मिले हर साल2 करोड़ नौकरी का वादा किया था किसी को नौकरी मिली क्या सभी लोगों ने एक स्वर से कहा कि नहीं भाजपा ने 2 साल का बोनस किसानों को नहीं दिया आदिवासियों को जर्सी गाय देने का वादा किया था किसी को नहीं मिला भाजपा के लोग झूठ बोलने का काम करते हैं सभा को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल विश्वनाथ नायक भगत राम बरीहा हरदीपसिंह रैना कांग्रेस की प्रत्याशी चातुरी नन्द ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन तेज राम पटेल ने किया आभार प्रकट अमृत पटेल ने किया कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बिजाती पाली केदुवा तिलई पाली जलपुर रिसेकेला पलसापाली कोसम पाली पाट सेन्द्री बिरकोल आदि के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थी

आरंग के राजा महर की बेटी थी चंदा

आरंग, 4 नवंबर (देशबन्धु)। लैला-मजनू, हीर-रांझा की तरह लोरिक चंदा भी एक प्रेम गाथा है। जानकार बताते हैं इस प्रेम गाथा का मंचन देश के आठ राज्यों में होता है ।इस प्रेम गाथा के नायक लोरिक का संबंध आरंग के रीवांगढ़ से माना जाता है। वहीं नायिका चंदा आरंग के राजा महर की बेटी थी ।इस गाथा के अनुसार आरंग पहले गौरागढ़ कहलाता था ।लोरिक एक चरवाहा गवाला था और राजा महर की बेटी चंदा एक राजकुमारी। चंदा का विवाह बाल्यावस्था में ही राजा बोडरसाय के पुत्र बावन के साथ हुआ था। किसी कारणों से बावन घर छोड़कर वन चला जाता है ।इसी बीच राजा महर का बोडरसाय के पास चंदा का गौना कराने का संदेश आता है।

तभी बावन के पिता बोड़रसाय ने गौना के लिए बावन के जगह लोरिक को गौना के लिए भेज देता है ।जो पहले से ही विवाहित रहता है ।गौना के दरम्यान लोरिक और चंदा को एक दूसरे को देखते ही प्रेम हो जाता है। और चंदा लोरिक को मन ही मन अपना पति मान लेती है। जब इस बात की जानकारी चंदा के पिता राजा महर को होती है तो वह क्रोधित होकर चंदा को वापस लाकर सैनिकों का पहरा लगा देता है ।तभी लोरिक के प्रेम के वियोग में व्याकुल चंदा किसी तरह गांव की एक मल्लिन दाई को लोरिक से मिलाने के बदले पांच मोहर देने को कहती है। लालच में आकर मल्लिन दाई लोरिक को बुलाने बारहपाली का बाजार जाती है। वहां बाजार में लोरिक नशे में धुत्त पड़ा रहता है। तभी गाय दूहने के बहाने मल्लिन दाई लोरिक को बुलाकर ले आती है जब लोरिक गौशाला में पहुंचते है तो राजकुमारी चंदा को देखकर आश्चर्य में पड़ जाता है। तभी लोरिक और चंदा पासा (चौपड़) खेलते हैं। पासा में यह शर्त होती है कि हारने वाले को जीतने वाले की बात माननी होगी। लोरिक पासे में हार जाता है। इसी बीच अचानक लोरिक की पत्नी दौना मांझर वहां पहुंच जाती है। चंदा और दौना मांझर के बीच झगड़ा होती है। तभी चंदा कसम खाती है कि यदि वह लोरिक को 12 साल के लिए भगाकर नहीं ले गई तो वह राजा महर की बेटी राजकुमारी चंदा नहीं। इसके बाद दोनों लोरिक और चंदा कौरव नगर (कलकत्ता) चले जाते हैं जहां लोरिक एक विशाल सेना खड़ा कर उत्तर भारत में अपना साम्राज्य स्थापित कर लेता ।आज भी लोरिक की शौर्य और वीरता के कई प्रमाण देखे जा सकते हैं ।इस प्रेम गाथा को अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग विधाओं में प्रस्तुत किया जाता है। छत्तीसगढ़ में चंदैनी और नाचा विधा में प्रस्तुत किया जाता है। वहीं नगर के चर्चित सामाजिक संगठन पीपला फाउंडेशन इस प्रेम गाथा लोरिक चंदा का विशेष रूप से अध्ययन व संग्रह कर रहे है ।आज भी आरंग क्षेत्र के ग्राम रीवा के नाचा कलाकार परमानंद साहू और निषदा के पुरानिक हिरवानी अनेक मंचो पर लोरिक चंदा प्रेम गाथा को प्रदर्शन कर रहे हैं ।वही बेमेतरा जिले के ग्राम देउरगांव के कलाकार गौतम चौबे देश भर के विभिन्न राज्यों में लोरिक चंदा प्रेम गाथा का मंचन कर रहे हैं।

लोरिक चंदा प्रेम गाथा का आठ राज्यों में होता है मंचन

रेड रिबन क्लब का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

बलौदाबाजार, 4 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत प्रथम वार्षिक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती प्रीति कौशिक आईसीटीसी परामर्शदाता जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स के संबंध में जानकारी प्रदान किया। इन्होने बताया कि एड्स असुरक्षित यौन संपर्क, एचआईवी पीड़ित व्यक्ति से संक्रमित रक्त से, संक्रमित सुईयों का साजा इस्तेमाल, मां से बच्चे तक एवं नशीली दवाओं का साजा इस्तेमाल से फैलता है। एचआईवी एड्स के लक्षणों में बुखार या ठंड लगना, मांसपेशियों में दर्द, रात को पसीना आना, नींद ना आना, अधिक थकान होना है।

श्री राजकुमार चौबे सुरक्षा क्लिनिक परामर्शदाता ने एड्स से बचने के उपाय बताएं। हमें एड्स पीड़ित व्यक्ति से सामान्य नागरिक की तरह व्यवहार करना चाहिए, उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव ना करें। आजकल समाज में फैल रही आम बीमारी हेपेटाइटिस बी एवं सी की भी जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स ने किया एवं संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन रेड रिबन क्लब अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।